कार्तिक कृष्ण पक्ष अष्टमी 01:58 उपरांत नवमी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 24 अक्टूबर 2024
वर्ष 3, अंक 64, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



कनाडा के आसमान में जलकर खाक हो गया क्षुद्रग्रह 16

सोनम बनीं डिओर की नई ब्रांड एम्बेसडर 15

# भारत युद्ध का नहीं, आपसी संवाद और कूटनीति का समर्थक : प्रधानमंत्री

**ब्रिक्स शिखर सम्मेलन**

## मोदी ने युद्ध, आर्थिक संकट, आतंकवाद, जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों पर जताई चिंता, कहा-आतंकवाद से निपटने के लिए दोहरा मापदंड नहीं होना चाहिए

कजान, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रूस-यूक्रेन विवाद का समाधान शांतिपूर्ण वार्ता के माध्यम से करने का स्पष्ट रूप से आह्वान करते हुए बुधवार को यहां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में कहा कि भारत युद्ध का नहीं बल्कि संवाद और कूटनीति का समर्थन करता है।

अपने संबोधन में मोदी ने युद्ध, आर्थिक अनिश्चितता, जलवायु परिवर्तन और आतंकवाद जैसी चुनौतियों पर चिंता जताई और कहा कि ब्रिक्स विश्व को सही रास्ते पर ले जाने में सकारात्मक भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा कि हम युद्ध का नहीं, बल्कि संवाद और कूटनीति का समर्थन करते हैं। और जिस तरह हम एक साथ मिलकर कोविड जैसी चुनौती से पार पाने में सक्षम हुए, उसी तरह हम भावी पीढ़ियों के वास्ते सुरक्षित, मजबूत और समृद्ध भविष्य सुनिश्चित करने के लिए नए अवसर पैदा करने में निश्चित रूप से सक्षम हैं। रूस के कजान शहर में 22 से 24 अक्टूबर तक 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। शिखर सम्मेलन में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और उनके चीनी समकक्ष शी जिनपिंग सहित ब्रिक्स देशों के शीर्ष नेता भाग ले रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने आतंकवाद से निपटने के लिए ठोस वैश्विक प्रयासों की भी वकालत की और कहा कि इस खतरे से लड़ने में कोई दोहरा मापदंड नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा आतंकवाद और इसके वित्तपोषण का मुकाबला करने के लिए, हमें सभी के एकनिष्ठ, दृढ़ समर्थन की आवश्यकता है। इस गंभीर मामले पर दोहरे मानदंडों के लिए कोई जगह नहीं है। समूह के देशों को युवाओं में कट्टरपंथ को रोकने के लिए सक्रिय कदम उठाने की आवश्यकता है।



कजान में 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रूसी राष्ट्रपति पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग। ● एजेंसी

### सुरक्षा परिषद और अन्य वैश्विक निकायों में भी हो सुधार

प्रधानमंत्री ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद और अन्य वैश्विक निकायों में सुधार की भी वकालत की। उन्होंने कहा कि हमें संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद, बहुपक्षीय विकास बैंकों और विश्व व्यापार संगठन जैसे वैश्विक संस्थानों में सुधारों पर समयबद्ध तरीके से आगे बढ़ना चाहिए। मोदी ने कहा कि जब हम ब्रिक्स में अपने प्रयासों को आगे बढ़ा रहे हैं, तो हमें यह सुनिश्चित करने के लिए सतर्क रहना चाहिए कि इस संगठन की छवि ऐसी न बने कि यह वैश्विक संस्थानों को बदलने की कोशिश कर रहा है, बल्कि यह समझा जाए कि यह संगठन उन्हें सुधारने की इच्छा रखता है। मोदी ने यह भी तर्क दिया कि ग्लोबल साउथ के देशों की आशाओं, आकांक्षाओं और अपेक्षाओं को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए।

### आपसी विश्वास भारत-चीन संबंधों का मार्गदर्शन करेंगे

कजान। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को यहां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से इतर चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ द्विपक्षीय वार्ता की और भारत-चीन संबंधों को क्षेत्रीय व वैश्विक शांति तथा स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण करार देते हुए कहा कि आपसी विश्वास, सम्मान और संवेदनशीलता दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों का मार्गदर्शन करेंगे। मई 2020 में पूर्वी लद्दाख सीमा विवाद उत्पन्न होने के बाद दोनों देशों के बीच शीर्ष स्तर पर यह पहली संरचित बैठक थी। बैठक की तस्वीरें एक्स पर साझा करते हुए मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। भारत-चीन संबंध हमारे देशों के लोगों के लिए और क्षेत्रीय और वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण हैं।

## एक नजर

### तमिलनाडु के पूर्व मंत्री के आवास पर ईडी का छापा

**तंजावुर।** तमिलनाडु में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों ने धनशोधन मामले में तंजावुर जिले के उरंथरायनकुडिकाडु गांव में अन्नाद्रमुक के पूर्व मंत्री एवं ओराथानाड विधायक आर .वैथिलिंगम के आवास पर बुधवार को छापेमारी की। 11 सदस्यीय ईडी की आधिकारिक टीम ने बुधवार की सुबह वैथिलिंगम के घर तलाशी शुरू की। चेन्नई में एमएलए हॉस्टल में उनके कमरे, दो घरों और उनके परिवार के सदस्यों के स्वामित्व वाले एक शैक्षणिक संस्थान की भी तलाशी ली गई।

### झूठी निकली जया बच्चन के मां के निधन की खबर

**नई दिल्ली।** फिल्मी सितारों के फैमिली को लेकर बुरी खबरों के आने का सिलसिला खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। हाल ही में कन्नड़ सुपरस्टार किच्चा सुदीप की मां ने इस दुनिया को अलविदा कहा था। इस बीच हिंदी सिनेमा की दिग्गज अभिनेत्री रहीं जया बच्चन की मां और अमिताभ बच्चन की सास इंदिरा भादुड़ी के निधन की खबर आई, जोकि पूरी तरह से झूठी है। इंदिरा जीवित हैं। बच्चन परिवार ने उनके निधन की खबर को गलत बताया है।

### पांच लाख रिश्वत लेने में इंजीनियर गिरफ्तार

**खरगोन।** मध्यप्रदेश के खरगोन जिले के कसरावद में एक सब इंजीनियर को लोकायुक्त पुलिस ने पांच लाख रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। उसने लंबित बिलों के भुगतान के लिए 15 लाख 50 हजार रुपये की मांग की थी। इंदौर लोकायुक्त डीएसपी दिनेश पटेल ने बताया कि ओमप्रकाश पाटीदार निवासी ग्राम साटकुर तहसील कसरावद जिला खरगोन ने लोकायुक्त को शिकायत की थी। इस मामले में बुधवार शाम संविदा उप यंत्री राहुल सिंह मण्डलोई को पांच लाख की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया है।

### यूरोपीय संघ फिल्म महोत्सव 7 नवंबर से

**नई दिल्ली।** यूरोपीय संघ फिल्म महोत्सव के 29वें संस्करण का आयोजन नई दिल्ली, कोलकाता और हैदराबाद में सात से 16 नवंबर के बीच किया जाएगा। यूरोपीय सिनेमा के इस वार्षिक महोत्सव में 31 भाषाओं में 26 पुरस्कार विजेता फिल्में प्रदर्शित की जाएंगी, जिनमें यूरोप महाद्वीप के समाज और संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी। यूरोपीय संघ का प्रतिनिधिमंडल यूरोपीय संघ के सदस्य देशों के दूतावासों और क्षेत्रीय साझेदारों के साथ मिलकर आयोजन कर रहा है।

# दिवाली से पहले राज्यकर्मियों को मिलेगा वेतन व बोनस का तोहफा

## वर्ष 2022-23 के लिए 30 दिन के तदर्थ बोनस भुगतान के आदेश जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- दैनिक वेतनभोगी भी होंगे लाभान्वित मुख्यमंत्री ने की एक्स पर घोषणा

**अमृत विचारः** राज्य कर्मचारियों को दिवाली से पहले वेतन दे देने की अच्छी खबर के बाद बोनस दिए जाने की खुशखबरी भी राज्य सरकार ने दी है। अधिकतम बोनस 7000 रुपये दिया जाना है। इससे लगभग 8 लाख अराजपत्रित कर्मचारी, शिक्षक और दैनिक वेतनभोगी लाभान्वित होंगे। बुधवार को अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने इसकी घोषणा की। ऐसे कर्मचारियों को वर्ष 2022-23 के लिए 30 दिन के तदर्थ बोनस भुगतान के आदेश जारी किए गए हैं।

हाल ही में दिवाली से एक दिन पहले 30 अक्टूबर को वेतन देने का आदेश राज्य सरकार ने जारी किया था। उस आदेश से 26 लाख कर्मचारियों और पेंशनरों को बड़ी राहत मिलेगी। ताजा शासनादेश के मुताबिक जिन कर्मचारियों का वेतन मैट्रिक्स लेवल-8 (47600-151100) तक है, उन्हें 30 दिन का तदर्थ बोनस दिया जाएगा। इसकी अधिकतम राशि 7000 रुपये तय की गई है। 31 मार्च 2024 को मासिक परिलब्धियां 7000 रुपये से ज्यादा होने पर निश्चित फार्मूले के आधार पर 6908 रुपये बोनस मिलेगा। बोनस की जद में आने वाले सभी कर्मचारियों का इस राशि का 75 प्रतिशत भविष्य निधि खाते में जमा किया जाएगा। जबकि 25 प्रतिशत का नगद भुगतान किया जाएगा। जो कर्मचारी भविष्य निधि खाते के सदस्य नहीं होंगे, उन्हें यह धनराशि नेशनल सेविंग सर्टिफिकेट (एनएससी) के रूप में दी जाएगी। 31 मार्च 2024 के बाद और 30 अप्रैल 2025 तक रिटायर होने वाले कर्मचारियों को पूरा बोनस नगद दिया जाएगा।

वहीं मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से भी इस बारे में सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर बुधवार को जानकारी साझा की गई है। इसके अनुसार मुख्यमंत्री ने राज्य के सभी पूर्णकालिक अराजपत्रित राज्य कर्मचारियों, राज्य निधि से सहायता प्राप्त शिक्षण और प्राविधिक शिक्षण संस्थाओं, स्थानीय निकायों, जिला पंचायतों और राजकीय विभागों के कार्य प्रभारित अधिष्ठान के कर्मचारियों के साथ ही दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को भी 2023-2024 के लिए बोनस देने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री ने इससे पहले पुलिस स्मृति दिवस पर पुलिसकर्मियों के वर्दी भत्ते में 70 प्रतिशत की वृद्धि के साथ-साथ बैरक में रहने वाले कॉन्स्टेबल और हेड कॉन्स्टेबल के एकोमोडेशन अलाउंस में 25 प्रतिशत की वृद्धि की घोषणा की थी।



### ऐसे दैनिक वेतनभोगियों को मिलेगा बोनस

ऐसे दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी, जिन्होंने सप्ताह में छह दिन कामकाज वाले कार्यालय में तीन वर्ष या उससे ज्यादा लगातार काम किया होगा और हर साल कम से कम 240 दिन कार्यरत रहे होंगे, उन्हें सुविधा मिलेगी। दैनिक वेतनभोगियों के बोनस की गणना 1184 रुपये महीना तय की गई है।

### ऐसे कर्मचारियों को बोनस का लाभ नहीं

वर्ष 2023-24 में जिन कर्मचारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई हुई हो या आपराधिक मुकदमे में दंडित हों, उन्हें बोनस नहीं मिलेगा। वहीं जिन कर्मचारियों के खिलाफ विभागीय जांच चल रही है या किसी अदालत में आपराधिक मुकदमा लंबित है, उन्हें दोषमुक्त होने पर ही बोनस मिलेगा। तब तक राशि स्थगित रहेगी।

## अफवाहों को न रोकना तो जुर्म को बढ़ावा देना हुआ

- विमान धमकियों के मामले में सरकार का एक्स-मेटा से सवाल

**नई दिल्ली।** विमानों को बम धमकियों के मामले में बुधवार को आईटी मिनिस्ट्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स, मेटा और एयरलाइन कंपनियों के साथ वर्चुअल मीटिंग की। सरकार ने पूछा कि आपने इन खतरनाक अफवाहों को फैलने से रोकने के लिए क्या किया। जो हालात हैं, उनसे जाहिर होता है कि आप जुर्म को बढ़ावा दे रहे थे।


मीडिया रिपोर्ट्स में सूत्रों के हवाले से इस मीटिंग के बारे में जानकारी दी गई है। पिछले 9 दिनों में ही 170 से ज्यादा विमानों को धमकियां दी गई हैं। देश में यात्री विमानों को मिल रही धमकी का सिलसिला लगातार जारी है। मंगलवार को भी 50 से ज्यादा फ्लाइट्स को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। इसमें एयर इंडिया और इंडिगो की 13-13 उड़ानों, अकासा एयर की 12 से अधिक उड़ानों और विस्तारा की 11 उड़ानों को धमकी मिली थी। मामले में सरकार ने सख्ती का फैसला लिया है। ऐसी धमकी देने वालों के नाम 'नो फ्लाई लिस्ट' में शामिल किए जा सकते हैं।

# राज्यों को हर तरह की शराब पर कर लगाने का अधिकार

नई दिल्ली, एजेंसी

- नौ सदस्यीय संविधान पीठ ने 8:1 के बहुमत से दिया फैसला
- सिर्फ केंद्र सरकार के नियंत्रण के अधिकार को किया खारिज

उच्चतम न्यायालय ने राज्यों के राजस्व की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण निर्णय देते हुए हर प्रकार की शराब पर कर लगाने के उनके अधिकार को बरकरार रखा है। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली नौ सदस्यीय संविधान पीठ ने इस मामले में बुधवार को 8:1 के बहुमत से यह फैसला सुनाया और सात न्यायाधीशों की पीठ के पहले के उस फैसले को पलट दिया, जिसमें व्यवस्था दी गई थी कि औद्योगिक अल्कोहल के उत्पादन के नियंत्रण का अधिकार केंद्र सरकार को है। इस मामले को नौ न्यायाधीशों की संविधान पीठ के समक्ष वर्ष 2010 में रखा गया था।



राज्यों के अधिकार के पक्ष में फैसला देने वाले न्यायमूर्ति चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति हृषिकेश रॉय, न्यायमूर्ति अभय एस ओका, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला, न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा, न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुईया, न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह ने कहा कि औद्योगिक कार्यों में इस्तेमाल होने वाली अल्कोहल राज्य सूची की प्रविष्टि 08 के तहत 'मादक स्प्रिट' के अर्थ में आती है, इसलिए राज्य इसे विनियमित कर सकते हैं और कर लगा सकते हैं।

पीठ ने बहुमत के फैसले में कहा कि औद्योगिक शराब और उसे तैयार करने वाले कच्चे माल सहित सभी प्रकार की शराब पर कर लगाने का अधिकार राज्यों को है। शीर्ष अदालत का यह फैसला राज्य सरकारों के राजस्व में बड़ी वृद्धि करने वाला है। दूसरी ओर, न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना ने पीठ के अन्य सदस्यों के फैसले से असहमतिपूर्ण निर्णय दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि प्रविष्टि 08 के तहत मादक स्प्रिट (लिकर) को पीने योग्य शराब तक सीमित नहीं किया जा सकता। संविधान की सातवीं अनुसूची की 52वीं प्रविष्टि में संसद को उन उद्योगों के सम्बन्ध में कानून बनाने का अधिकार दिया गया है जो लोक हित में उचित हो। पीठ ने कहा कि दोनों प्रविष्टियों के बीच कहीं-कहीं दोहराव (ओवरलैप) हो सकता है।

# जब कानून ही शक्तिहीन तो कोई पालन क्यों करेगा

नई दिल्ली, एजेंसी

- सुप्रीम कोर्ट ने पराली जलाने को लेकर की केंद्र सरकार की खिंचाई

उच्चतम न्यायालय ने पर्यावरण संबंधी कानून को शक्तिहीन बनाने के लिए बुधवार को केंद्र की खिंचाई की और कहा कि पराली जलाने पर जुर्माने से संबंधित वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) अधिनियम के प्रावधानों को लागू नहीं किया जा रहा है।

न्यायमूर्ति अभय एस. ओका, न्यायमूर्ति अहसनुद्दीन अमानुल्ला और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और निकटवर्ती क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग अधिनियम, 2021 (सीएक्यूएम अधिनियम) को वायु प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए कानून के क्रियान्वयन को लेकर आवश्यक व्यवस्था किए बिना ही लागू कर दिया गया। केंद्र की ओर पेश हुईं अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने कहा कि सीएक्यूएम अधिनियम की पराली जलाने के लिए जुर्माने से संबंधित निर्देश 10 दिन में जारी कर दिए जाएंगे। पीठ ने कहा कि आपके नोटिस को कौन गंभीरता से ले रहा है, क्योंकि कानून के तहत इसकी प्रक्रिया का प्रावधान नहीं है।

## 4.50 करोड़ की नकली दवाइयां पकड़ी गयीं

**आगरा।** आगरा में सिकंदरा थानाक्षेत्र के शास्त्रीपुरम में पुलिस और एंटी नारकोटिक्स टॉस्क फोर्स (एएनटीएफ) ने नकली दवा बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया। एएनटीएफ ने बताया कि उसे वहां साढ़े चार करोड़ रुपये की नकली और नशे की दवाएं एवं 3.50 करोड़ रुपये का कच्चा माल एवं मशीनरी मिली हैं। एएनटीएफ के अधिकारी इरफान नासिर खान ने बताया कि फैक्ट्री से दस लोगों को पकड़ा गया है तथा साढ़े चार करोड़ की दवाएं एवं साढ़े तीन करोड़ की मशीनें बरामद किया गया है। देश के अलावा बांग्लादेश, पाकिस्तान, नेपाल, वर्मा, भूटान तक इन दवाओं की तस्करी हो रही थी।

# होटल में थूक लगाकर बनाता था रोटी, गिरफ्तार

रामनगर/सूरतगंज (बाराबंकी)

- वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने दबोचा, सील किया होटल

**अमृत विचार :** कस्बा सुढ़ियामऊ के एक होटल पर थूक लगाकर रोटी तंदूर में सेंकने का वीडियो वायरल होने पर खाद्य सुरक्षा विभाग और पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं एफएसडीए की टीम ने होटल को सील करवा दिया है।

फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र के नवीगंज मजरे अल्लापुर रानीमऊ निवासी मो. इरशाद, मो. सैफ व मो. तनवीर रामनगर क्षेत्र के कस्बा सुढ़ियामऊ पूर्व माध्यमिक विद्यालय के सामने हाफिज जी के नाम से होटल चलाते हैं। सोमवार शाम को इरशाद का एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें इरशाद रोटी पर थूककर तंदूर में सेंकता दिख रहा है। मंगलवार शाम फतेहपुर क्षेत्र की खाद्य सुरक्षा निरीक्षक पल्लवी तिवारी टीम के साथ होटल पर पहुंची और होटल संचालन न किए जाने की नोटिस चस्पा कर दी। इस संबंध में रामनगर थाना प्रभारी निरीक्षक अजय त्रिपाठी ने बताया कि होटल सील है, होटल संचालक इरशाद को गिरफ्तार कर लिया गया है। एसपी उत्तरी चिरंजीव सिन्हा ने कहा कि आरोपी के खिलाफ सख्त कार्यवाही होगी।

# प्रियंका ने वायनाड से किया नामांकन

- राहुल गांधी, सोनिया और कांग्रेस अध्यक्ष खरगे रहे मौजूद
- रोड शो में उमड़ी भीड़, राहुल बोले-अब वायनाड से दो सांसद

वायनाड, एजेंसी

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने 13 नवंबर को होने वाले वायनाड लोकसभा उपचुनाव के लिए बुधवार को अपना नामांकन दाखिल किया।

कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे, राज्यसभा सदस्य एवं कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, विपक्ष के नेता राहुल गांधी और एआईसीसी के संगठन सचिव केसी वेणुगोपाल मौजूद रहे। बाद में रॉबर्ट वाड्रा और इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के प्रदेश अध्यक्ष पनक्कड़ शिहाबली थंगल भी कलेक्ट्रेट पहुंचे। नामांकन से पहले रोड शो किया जिसमें हजारों की भीड़ उमड़ी।



नामांकन के दौरान प्रियंका गांधी के साथ मौजूद राहुल, सोनिया और कांग्रेस अध्यक्ष खरगे।

प्रियंका ने नामांकन से पहले कलपेट्टा में एक जनसभा में कहा कि मैंने 1989 से लेकर पिछले 35 सालों तक पिता राजीव गांधी, मां सोनिया गांधी और भाई राहुल गांधी के लिए प्रचार किया है, लेकिन पहली बार अपने लिए प्रचार कर रही हूं। राहुल गांधी ने कहा कि वायनाड निर्वाचन क्षेत्र से दो सांसद हैं, एक आधिकारिक और दूसरा अनौपचारिक होगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि प्रियंका गांधी और वह दोनों मिलकर काम करेंगे और लोकसभा में वायनाड के लोगों के मुद्दों को उठाएंगे।

# एमआई बिल्डर के ठिकानों पर आयकर छापा

- राजधानी लखनऊ समेत ग्रुप के 16 ठिकानों पर छापेमारी
- आयकर की कार्रवाई से हड़कंप टैक्स चोरी को लेकर जांच जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** आयकर विभाग की टीम ने बुधवार को एमआई बिल्डर के 16 ठिकानों पर छापा मारा। प्रदेश के बड़े बिल्डरों में शामिल एमआई ग्रुप के कादिर अली के प्रदेश भर में स्थित करीब 16 ठिकानों पर आयकर विभाग का छापा देर शाम तक चलता रहा।

लखनऊ में एमआई ग्रुप के कई रियल एस्टेट प्रोजेक्ट चल रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, एमआई ग्रुप के मालिक कादिर अली के गोमतीनगर आवास, ऑफिस एमआई रशेल कोर्ट और विस्तार में छापे मारे जा रहे हैं। हजरतगंज के न्यू जनपथ बाजार के 5वें फ्लोर पर भी आईटी की छापेमारी जारी रही।









इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। सूत्रों का दावा है कि बिल्डर की ओर से ब्लैक मनी को सफेद करने और बोगस कंपनियों के नाम पर टैक्स चोरी की सूचना के बाद कार्रवाई हुई है। अधिकारियों के निर्देश पर आयकर विभाग ने विभिन्न टीमों का गठन किया और कई ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। इससे बिल्डर और प्रॉपर्टी कारोबारियों में अफरा-तफरी मची गई है। एमआई ग्रुप दिल्ली-एनसीआर और लखनऊ में होम टाउन एवं सोसाइटी बनाने से जुड़ा है।

**अखिल भारतीय कार्यकारिणी मंडल की बैठक के मुद्दों की प्रचार प्रमुख ने दी जानकारी, संघ के शताब्दी वर्ष में कार्य विस्तार सहित अभी तक हुए कार्यों की समीक्षा भी होगी**

# पंच परिवर्तनों के साथ शताब्दी वर्ष में कार्य विस्तार करेगा संघ

गजेंद्र चौहान, मथुरा

**अमृत विचारः** मथुरा स्थित गऊग्राम परखम के दीनदयाल उपाध्याय गोविज्ञान एवं अनुसंधान केंद्र पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की वार्षिक अखिल भारतीय कार्यकारी मण्डल की बैठक में सर संघचालक के पंच परिवर्तन विचारों, उनके संबोधन के महत्वपूर्ण विषयों के अनुपालन के लिए योजनाओं के अलावा अन्य विषयों पर चर्चा हो रही है। संघ के शताब्दी वर्ष में कार्य विस्तार की रूपरेखा भी बैठक में बनाई जाएगी। इसमें सर संघचालक डॉ. मोहन भागवत समेत संघ के सभी बड़े पदाधिकारी शामिल रहेंगे। यह जानकारी बुधवार को गऊ ग्राम परखम में संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने पत्रकारों को दी।



संघ के राष्ट्रीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर और पश्चिम उप्र के संघ चालक सूर्य प्रकाश।

उन्होंने बताया कि विजयादशमी पर सरसंघचालक ने अपने संबोधन में जिन विषयों को उठाया वे बहुत ही महत्वपूर्ण हैं। उनके अनुवर्तन के लिए योजनाओं के साथ-साथ देश में चल रहे सम सामयिक विषयों पर व्यापक चर्चा बैठक में की जा रही है। मार्च में अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा में निर्धारित वार्षिक योजना की समीक्षा और संघ कार्य के विस्तार का वृत्तांत भी इस बैठक में लिया जाएगा। विशेष कर संघ शताब्दी के लिए सुनिश्चित संगठनात्मक लक्ष्यों को विजयादशमी 2025 तक पूर्ण करने के संबंध में विचार-विमर्श किया जाएगा। सुनील आंबेकर ने बताया कि अगली विजयादशमी पर संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूरे हो जाएंगे। आगामी विजयादशमी स्वयंसेवकों के लिए महत्वपूर्ण है। इस दौरान देश भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बताया कि विजयादशमी पर अपने संबोधन में सर संघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कई विषयों की ओर ध्यान दिलाया। इंटरनेट के नकारात्मक प्रभाव ,समाज में शान्ति का भाव, परस्पर सौहार्द आदि विषयों पर बैठक में चर्चा होगी। आंबेकर ने बताया कि सरसंघचालक द्वारा दिए गए पंच परिवर्तन (सामाजिक समरसता, कुटुम्ब प्रबोधन, पर्यावरण, स्व आधारित जीवन शैली और नागरिक कर्तव्य) को शताब्दी वर्ष में समाज में ले जाने का कार्य किया जाएगा। प्रेस ब्रीफिंग में पश्चिमी उत्तर प्रदेश क्षेत्र संघचालक सूर्यप्रकाश टोंक, अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख नरेन्द्र ठाकुर एवं प्रदीप जोशी, क्षेत्र प्रचार प्रमुख पदम सिंह एवं सह प्रांत प्रचार प्रमुख कीर्ति कुमार उपस्थित रहे।

### मोहन भागवत, दत्तात्रेय होसबोले बैठक में रहेंगे

सुनील आंबेकर ने कहा कि बैठक में सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले, सह सरकार्यवाह डा. कृष्ण गोपाल, डा. सीए मुकुन्दा, अरुण कुमार, रामदत्त चक्रधर, आलोक कुमार और अतुल लिमये, कार्य विभाग प्रमुख एवं कार्यकारिणी के सदस्यों सहित 393 कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

## एक नजर

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**कानपुर।** महाराजपुर थानाक्षेत्र के काजीखेड़ा चकेरी निवासी 39 वर्षीय संदीप रविवार को सरसौल जा रहा था तभी उसे किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पुलिस ने उसे कांशीराम अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान मंगलवार को उसने दम तोड़ दिया। हादसे के बाद मां अनीता व छोटा भाई कुलदीप बेसुध हो गए।

### फांसी लगाने वाले छात्र ने दम तोड़ा

**कानपुर।** जूही थानाक्षेत्र के संत रविदास नगर में बीए की पढ़ाई करने वाले 25 वर्षीय अमरदीप ने रविवार को फांसी लगाकर आत्महत्या करने की कोशिश की थी। परिजनों की नजर उस पर पड़ी तो फंदे से उतारकर उसे अस्पताल पहुंचाया गया। जहां मंगलवार को उसने दम तोड़ दिया। भाई शुभम ने बताया कि उसकी शादी की बात चल रही थी। कुछ दिनों से मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी।

### ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**कानपुर।** नरवल थानाक्षेत्र के दलपतपुर में 30 वर्षीय रंजीत कुमार उर्फ भोपाली रेलवे ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ गया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। बड़े भाई रवि ने बताया कि वह चार भाइयों में तीसरे नंबर का था।



कार्यशाला में मौजूद उद्यमी और अधिकारी।



प्रो . बीवी फानी , राज कमल यादव, , आलोक कुमार, प्रमुख सचिव, प्रो . अर्क्स श्रीनिवास एवं प्रवीण सिंह। अमृत विचार

# उद्यमियों ने मांगा बड़ा निवेश और हेल्प लाइन

## प्रमुख सचिव आलोक कुमार ने कहा 'न्यू एज इंडस्ट्री' के लिए उद्योगों को भी 'न्यू एज डेवलेपमेंट' करना होगा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- शहर के औद्योगिक विकास के लिए अधिकारी और उद्यमी एक मंच पर आए

**अमृत विचार।** शहर के एमएसएमई सेक्टर को बढ़ाने के लिए बुधवार को उद्योग क्षेत्र से जुड़े अधिकारी और उद्यमी एक साथ मंच पर आए। एक दूसरे के साथ संवाद किया। उद्यमियों ने शहर में बड़ा निवेश लाने और उद्यमियों के लिए हेल्प लाइन नंबर जारी करने की मांग की। कार्यशाला में शामिल प्रमुख सचिव ने कहा कि 'न्यू एज इंडस्ट्री' के लिए उद्योग को भी 'न्यू एज डेवलपमेंट' करना होगा।

जीटी रोड स्थित एक होटल में कार्यशाला का आयोजन उत्तर प्रदेश लघु उद्योग निगम लिमिटेड (यूपीएसआईसी) की ओर से हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में प्रमुख सचिव डिपार्टमेंट ऑफ एमएसएमई एंड एक्सपोर्ट प्रमोशन आलोक कुमार मौजूद रहे। इस दौरान यूपीएसआईसी के प्रबंध निदेशक राज कमल यादव व विशेष अतिथि के रूप में आईआईटी कानपुर से प्रोफेसर बीवी फानी व प्रो अर्क्स श्रीनिवास ने भी विचार रखे। समारोह में यूपीकॉन के प्रबंध निदेशक प्रवीण सिंह भी मौजूद रहे। प्रमुख सचिव आलोक कुमार ने कहा कि 'न्यू ऐज इंडस्ट्री' के लिए उद्योगों को भी न्यू ऐज डेवलपमेंट करना होगा और जो इसे पहले कर लेगा, उसे इससे लाभ होगा। उद्योगों को अपने उत्पादों और उत्पादन प्रक्रिया में मार्केट लिंकेजेस की नयी आवश्यकताओं के अनुसार बदलाव लाने होंगे, तभी वे सफल हो सकेंगे। आईआईए के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील वैश्य ने कहा कि शहर में एमएसएमई सेक्टर को बढ़ाने के लिए बड़ा निवेश लाना होगा। दो सेक्टर पर जोर देने की जरूरत है, इनमें ई-व्हीकल प्रमुख है। उन्होंने डिजाइन स्टूडियो की भी मांग की। युवा उद्यमी मानस सेठ ने नए उद्यमियों को भटकाव से बचाने के लिए एक हेल्प लाइन नंबर जारी करने का सुझाव दिया। झांसी में प्लेज पार्क के डेवलपर अशोक आनंदनी ने प्लेज पार्क के डिजाइन यूपीसीडा या फिर उद्योग विभाग की ओर से बनाने का सुझाव दिया।

### उद्यमियों के सुझाव

- शहर में लगभग 400 करोड़ से बने टूल रूम को उपयोग में लाया जाए
- रैंप योजना के तहत उद्यमियों को विदेशी बाजार के भ्रमण पर सब्सिडी मिले
- शैक्षणिक संस्थानों को अबाध तकनीक सहूलियत दिए जाने को प्रेरित किया जाए
- उद्यमियों के लिए यूपीसीडा की भूमि को फ्री होल्ड करने से उद्योग को लाभ होगा
- सभी एमएसएमई योजनाओं का लाभ गैर आवासीय भूमि धारक को भी मिले

शहर में एमएसएमई सेक्टर तभी बेहतर हो सकेगा जब उसे आसानी से सहूलियत दी जाएगी। उद्यमियों को कारोबार करने में फिलहाल थोड़ी सहूलियत मिली है, लेकिन अभी काफी कुछ करना बाकी है।




**–उमंग अग्रवाल, महासचिव फीटा**

उद्योग से जुड़े अधिकारियों के साथ इस तरह के संवाद होना बहुत जरूरी हैं। इससे उद्यमी मुखर होकर सीधे अपनी बात कह सकता है। अधिकारियों को भी उद्यमियों के बीच आने की जरूरत है।



**–मनोज कुमार शुक्ला**

उद्यमी अपने सुझाव लगातार देते आ रहे हैं। वह सुझाव कभी माने जाते हैं कभी उनके पूरे होने पर देरी हो जाती है। शहर के औद्योगिक विकास के लिए तेजी से काम करने की जरूरत है।



**–संदीप अरोड़ा, उद्यमी**

सरकार उद्यमियों को जितनी सहूलियत देगी उतना ही तेज औद्योगिक विकास होगा। सरकार और अधिकारियों को अनावश्यक अड़चन को दूर करना जरूरी है। सरकार ने सहूलियतें दी हैं।



**–अमन घई, उद्यमी**

### 500 चैंपियन उद्योग स्थापित होंगे

समारोह में बताया गया कि प्रदेश सरकार का फोकस 5 सौ चैंपियन उद्योग स्थापित करना है। यह उद्योग वे उद्योग होंगे जो अपनी आज की स्थिति से अगले दो या तीन सालों में बेहतर स्थिति में होंगे। कहा गया कि इन संचालित उद्योग की बेहतरी के लिए त्वरित कदम उठाए जा रहे हैं। उधर कार्यक्रम के दौरान यह भी कहा गया कि सरकार ने पूरे प्रदेश में 150 एक्सलेंस सेंटर बनाए गए हैं। उद्यमी न तो इन सेंटर की सेवाएं ले रहे हैं न ही यहां पर स्किल सीख रहे बच्चों को अपने यहां पर रोजगार दे रहे हैं।

# किसान 110 स्टॉलों से लेंगे जानकारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



जानकारी देते सीएसए के कुलपति प्रो . एके सिंह। अमृत विचार

- सीएसए में दो दिवसीय किसान मेला होगा आयोजित
- संगाष्ठी और ड्रोन प्रदर्शन से किसान होंगे जागरूक

**अमृत विचार।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) की ओर से दो दिवसीय किसान मेला का आयोजन गुरुवार से होगा। मेले में इस बार दो दिन में लगभग 12 हजार किसानों के आने की संभावना जताई जा रही है। मेले में किसानों को 110 स्टॉलों पर उन्नत खेती और तकनीक के बारे में जानकारी हासिल हो सकेगी। इसके अलावा किसानों को खेती में उपयोग होने वाले ड्रोन का प्रदर्शन भी देखने को मिलेगा। मेले में 58 तरह के बीज भी किसान खरीद सकेंगे।

यह जानकारी बुधवार को सीएसए के वीसी एके सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि मेले की शुरुआत उपकार के महानिदेशक डॉ. संजय सिंह करेंगे। मेले में पहली बार गेहूं की नई नौ प्रजातियों के बीज बिक्री के लिए उपलब्ध रहेंगे। ये बीज अधिक पैदावार के साथ जलवायु परिवर्तन में भी कारगर हैं। मेले में गेहूं, मसूर, मटर, जो समेत सब्जियों के करीब 1 हजार कुंतल बीज बिक्री के लिए उपलब्ध रहेंगे। मेले में 12 हजार किसानों के आने की संभावना है। जिसमें प्रदेश के अलावा मध्य प्रदेश और बिहार के किसान भी शामिल हैं। मेले का समापन 25 अक्तूबर शुक्रवार को होगा। इस दिन नाबार्ड के सीजीएम पंकज कुमार भी मेले में शामिल रहेंगे। मेले में लगे स्टॉलों में सरकारी और निजी संस्थान कृषि संयंत्रों के साथ खेती से जुड़े विभिन्न बीज तकनीक या अन्य उपकरणों का प्रदर्शन भी होगा। मेले में गेहूं की 15, मटर की दो, मसूर की दो, सरसों की दो व सब्जियों की प्रजाति रखी जाएंगी। डॉ. आर के यादव ने बताया कि विवि से सबसे अधिक बिहार के किसान बीज की मांग कर रहे हैं। मांग इतनी है कि उसे विवि पूरा नहीं कर पा रहा है।

# अधिवेशन होगा कल इमामों से संपर्क किया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड का अधिवेशन होगा
- वक्फ बिल के खिलाफ एकजुटता की कवायद

**अमृत विचार।** वक्फ संशोधन बिल के विरोध में ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड का महत्वपूर्ण अधिवेशन जुमा की शाम को मदरसा जामे उलूम पटकापुर में होने जा रहा है। इस अधिवेशन में देशभर के बुद्धिजीवी, उलेमा, पर्सनल लॉ बोर्ड के राष्ट्रीय अध्यक्ष से लेकर महासचिव तक शामिल होंगे। इसके मद्देनजर शहर और आसपास की 180 मस्जिदों के इमामों से बोर्ड ने संपर्क साधा है ताकि भीड़ जुटाई जा सके।

मदरसा जामे उलूम के प्रमुख मोहिद्दीन खुसरु ने बताया कि तहफ्फुजे औकाफ कान्फ्रेंस में आल इण्डिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के अध्यक्ष मौलाना खालिद सैफुल्लाह रहमानी, महासचिव मौलाना फजलुर्रहीम मुजद्दी, मौलाना खालिद रशीद फिरंगीमहली, मौलाना सैयद जाफर मसूद नदवी, जामिया अरबिया हथौरा बांदा के मौलाना सैयद हबीब अहमद बांदवी आदि शिरकत करेंगे। शहरकाजी हाफिज मामूर अहमद ने बताया कि शहर व आसपास की मस्जिदों में पेशइमामों से संपर्क किया गया है ताकि वे नमाज के पूर्व लोगों को वक्फ के बारे में जानकारी दें और बोर्ड के अधिवेशन में बड़ी संख्या में लोग पटकापुर स्थित मदरसा जामे उलूम पहुंचें।

# दो तस्कर पकड़े, चंदन लकड़ी बरामद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



बरामद लकड़ी के साथ आरोपी जीशान व आकिब। अमृत विचार

- आरोपियों के पास से 113 किलो चंदन की लकड़ी बरामद
- आरोपी कन्नौज में करते हैं इत्र का कारोबार

**अमृत विचार।** सीसामऊ पुलिस ने हवन सामग्री के नाम पर चंदन की लकड़ी की तस्करी करने वाले दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 113 किलोग्राम चंदन लकड़ी बरामद हुई है। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया।

सीसामऊ थाना प्रभारी हिमांशु चौधरी ने बताया कि मंगलवार देर रात वाहन चेकिंग के दौरान टाटमिल की ओर से आ रही एक कार को रोका गया। तलाशी लेने में कार से पांच बोरियों में 113 किग्रा चंदन की लकड़ी बरामद हुई। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपने नाम जिला कन्नौज के अजयपाल कन्नौज रोड निवासी जीशान वारसी और आकिब बताया। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी कन्नौज में इत्र का कारोबार करते हैं। वह हवन सामग्री के नाम पर चंदन की लकड़ी की तस्करी करते थे। आरोपी ट्रांसपोर्ट नगर से चंदन की लकड़ी लेकर कन्नौज जाते थे। चंदन की लकड़ी ट्रांसपोर्ट नगर में कहां से आती है, इसके बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। आरोपियों के खिलाफ कन्नौज में आपराधिक मुकदमे और गैंगस्टर की कार्रवाई हो चुकी है। सीसामऊ विधानसभा में उपचुनाव की प्रक्रिया होने के कारण आरोपियों के पास से बरामद 1,18,760 रुपये एफएसटी टीम ने कब्जे में लिया है।

# स्टेशन से अपहृत बच्चे को जाजमऊ से बरामद किया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सेंट्रल स्टेशन से अपहृत बिहार के परिवार के दो साल के बच्चे को जीआरपी की टीम ने सकुशल जाजमऊ से बरामद करके उसके परिजनों को सौंप दिया है।

ईंट भट्ठे में काम करने वाले बिहार के गया खैरा खीजर सराय निवासी राम दयाल मांझी, उनके पिता कृष्ण मांझी, माता सुकरी देवी, बहनोई अनिल माझी, बहन राधा के अलावा राम दयाल मांझी का दो साल बच्चा विष्णु बिहार जाने के लिए सेंट्रल स्टेशन पहुंचे थे। गया के लिए कोई ट्रेन नहीं होने के कारण परिवार स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 5 पर ही रात में रुक गया। रात साढ़े 12 बजे जब राम दयाल की आंख खुली तो उनका बेटा विष्णु गायब था। पिता ने जीआरपी थाना में बच्चे के अपहरण की एफआईआर दर्ज कराई थी। सीसीटीवी में एक आदमी बच्चे को ले जाते कैद हुआ था। जीआरपी की क्षेत्राधिकारी सुनीता सिंह, जीआरपी प्रभारी ओम नारायण सिंह ने बताया कि बच्चे की बरामदगी के लिए पांच टीमों का गठन किया गया था और चाइल्ड लाइन का भी सहयोग किया गया।

मंगलवार की रात में ये बच्चा जाजमऊ में बरामद हुआ। चाइल्ड लाइन के प्रतीक धवन ने बताया कि जाजमऊ थाने में ये बच्चा किसी अज्ञात ने सौंपा था। जिसकी जानकारी होने पर बच्चे की फोटो लेकर जीआरपी पुलिस थाना जाजमऊ पहुंची और बच्चे को अपने कब्जे में लेकर किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया और बच्चे के परिजन को बुलाकर उन्हें सौप दिया गया।

# व्यापारी को कट्टे की बट मारकर किया घायल

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र में दुकान के विवाद में बाइक सवार युवकों ने बर्तन व्यापारी का कट्टे की बट मारकर लहुलूहान कर दिया। पिता ने बीच-बचाव करने का प्रयास किया तो उन्हें भी मारापीटा।

लाल बंगला एनटू रोड निवासी मनीष गुप्ता बर्तन व्यापारी हैं। काजीखेड़ा में उनकी दुकान है। वहीं के निवासी दीपक राजपूत और गेंदालाल से उनका दुकान को लेकर दुकान का विवाद चल रहा था। जिसको लेकर उन्होंने आरोपियों के खिलाफ पूर्व में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसी को लेकर आरोपी मनीष से रंजिश मानते हैं। बताया कि सोमवार रात को वह गल्लामंडी में एक व्यापारी को रुपये देने गये थे। जहां पर बाइक में सवार होकर दोनों आरोपी आए और उनसे मारपीट की।

# कांग्रेसियों की मांग-इंदिरा गांधी की मूर्ति को पुनः स्थापित कराया जाए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की बिरहाना रोड पर स्थापित मूर्ति फायर ब्रिगेड की गाड़ी से क्षतिग्रस्त हो गई है जिसे अविलंब पुनः स्थापित किया जाए। इस घटना से कांग्रेसियों की भावनाएं आहत हुई हैं। बुधवार को यह कहते हुए उ प्र कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधि मंडल ने अपर जिलाधिकारी नगर को ज्ञापन सौंपा।

कांग्रेसियों ने कहा कि इंदिरा गांधी प्रधानमंत्री के साथ स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भी थीं। नगर निगम उसी स्थान पर अविलंब उनकी मूर्ति को लगवाए अन्यथा कांग्रेसी आंदोलन करने को मजबूर होंगे। प्रदेश कांग्रेस महासचिव हरप्रकाश अग्निहोत्री ने कहा कि इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि 31 अक्टूबर को है, ऐसे में पुण्यतिथि के पहले उनकी मूर्ति का लगवाया जाए। शंकर दत्त मिश्रा, निजामुद्दीन खां, संदीप शुक्ला, इखलाक अहमद डेविड, शशी कांत दीक्षित, कृपेश त्रिपाठी, चंद्र मणि मिश्रा, सतीश दीक्षित, विजय त्रिवेदी बाबा, दीप पाण्डेय, अरुण मिश्रा गुड्डू, जफर शाकिर, ए के शुक्ला, मो रफीक, दिनेश त्रिवेदी, विजय गुप्ता आदि थे।




जिलाधिकारी को ज्ञापन देने पहुंचे कांग्रेसी नेता। अमृत विचार

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

## क्लासीफाइड

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम RAVENDRA KUMAR S/O GIRIJA DATTA MISHRA था। भविष्य में मुझे RAVENDRA KUMAR MISHRA S/O GIRIJA DUTTA MISHRA BHALUIYA BALRAMPUR PINCODE 271201 के नाम से जाना, पहचाना, लिखा, पढ़ा जाए।

### सूचना

सूचित हो कि मेरा हाई स्कूल वर्ष 2018 अनुक्रमांक 2265494 का मूल प्रमाणपत्र–सह–अंकपत्र वास्तव में खो गया है । **रामकृष्ण सिंह पुत्र अजय कुमार सिंह, निवासी– ग्राम– दंदवलिया पोस्ट–गंगवल जिला–बहराइच उ. प्र.**

### सूचना

सभी डेंटल डीलरों और डेंटल डाक्टरों को सूचित किया जाता है कि कोल्टीन व्हेलडेंट अपने सेल्सपर्सन या कर्मचारियों को किसी भी व्यक्ति से नकदी या कोई अन्य मूल्यवान वस्तु एकत्र करने से सख्ती से रोकता है। ऐसी गतिविधियों में शामिल कोई भी व्यक्ति अपने जोखिम पर ऐसा करता है। ऐसे कार्यों से उत्पन्न होने वाले किसी भी परिणाम के लिए कोल्टीन व्हेलडेंट जिम्मेदार या उत्तरदायी नहीं होगा।

### सूचना

सूचित हो कि मेरी हाईस्कूल की मार्कशीट जिसका अनुक्रमांक 1696616 वर्ष 2007 और इंटरमीडिएट की मार्कशीट जिसका अनुक्रमांक 1139725 वर्ष 2009 है वास्तव में कही खो गई है। **प्रदीप सिंह पुत्र धनराज सिंह निवासी चांदी पोस्ट बरद्वारा जिला चित्रकूट।**

### सूचना

सूचित हो कि मैं **विजय कुमार पुत्र स्व0 नकछेद, निवासी– ग्राम व पोस्ट टीकरमाफी, जनपद सुल्तानपुर वर्तमान जिला अमेठी** यह कि बैंक आफ बडौदा देवां रोड़, बाराबंकी में मेरे पिता स्व0नकछेद, जिनका अंग्रेजी में नाम मतदाता पहचान पत्र में Nakachheda पुत्र महाराजदीन Maharajadeen अंकित है। वर्तमान में पिता नकछेद की मृत्यु दिनांक 12.01.2010 को हो गयी है। जिसमें मेरे पिता का नाम नकछेद जो अंग्रेजी में Nakachheda अंकित है, कि नकछेद व अंग्रेजी में लिखा हुआ Nakachheda नकछेदा यह एक ही व्यक्ति है। इन्हें दूसरा न समझा जाये।

### सूचना

मैंने अपना नाम HASHIM से बदलकर HASHIM ALI रख लिया है। मुझे भविष्य मे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/O: ADALAT, R/O: VILL AND POST KUSUMBHA, BARABANKI

### सूचना

सूचित हो, कि मैं Mohd Ahad Jalal Ashraf पुत्र Mohd Jalal Ashraf , **निवासी:– 09, कोर्ट रोड, प्रीत विहार कालोनी, सिविल लाइन्स, नवाबगंज, बाराबंकी** का हूँ, मैंने अपना नाम Mohammad Ahad Ashraf से बदलकर Mohd Ahad Jalal Ashraf कर लिया हैं, आज से मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये

### सूचना

मैंने अपने पुत्र रविन्द्र कुमार के गलत आचरण एवं चाल चलन के चलते संबंध विच्छेद कर समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके किसी भी कृत्य या लेनदेन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता या सरोकार नहीं होगा वह स्वयं जिम्मेदार होगा। **रामवरन पुत्र तुलसीराम– निवासी– गौतला –थाना –अछल्दा –तहसील –बिधूना– जनपद– औरैया।**

### सूचना

मेरे पुत्र , शुभम पुत्र श्री सुरजीत सिंह, निवासी– बिजौली, तहसील– भरथना जिला इटावा के हाईस्कूल 2024 के अंकपत्र में त्रुटिवश जन्म तिथि 03.03.2008 दर्ज हो गई है। जबकि शुभम के आधार कार्ड और जन्म पंजीकरण प्रमाण पत्र में वास्तविक जन्म तिथि 03.03.2009 अंकित है। हाईस्कूल अंकपत्र में जन्म तिथि 03.03.2009 अंकित की जाए । **सुरजीत सिंह पुत्र बालक राम, निवासी– बिजौली ,तहसील– भर्थना , इटावा**

### सूचना

मै **सौरभ श्रीवास्तव (मो0न0–9619818758) मकान न0– 456, विराम खण्ड–1 गोमती नगर लखनऊ–226010** का निवासी हूँ। दिनांक 22.10.2024 लगभग 8 से 10 सुबह के बीच में घर वापस आते समय रास्ते में पेमेन्ट रशिद (ओमेक्श लिमेटेड) रसीद न0 1732769 राशि 2850000 पेमेन्ट दिनांक 21 नवम्बर 2019 और रसीद नं0– 1736028 राशि 156620.92 पेमेन्ट दिनांक 9 दिसम्बर 2019 रास्ते में खो गयी। निवेदन है जिस किसी को भी यह प्राप्त हो कृपया उपरोक्त पते पर सूचित करने का अथवा पहुचाने का कष्ट करें।

**समाज सुधार** मदरसा इशाअतुल उलूम कुलीबाजार में उलमा ने की बैठक

# दहेज वाली शादियों में निकाह नहीं पढ़ाएंगे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



मदरसा इशाअतुल उलूम कुलीबाजार में दुआ करते उलेमा। अमृत विचार

**अमृत विचार।** दहेज की नुमाइश करने और बारात व शादियों में गैर शरई काम करने वालों के यहां निकाह पढ़ाने के लिए काजी हजरात नहीं जाएंगे। दहेज लेने और दहेज देने वाले इन लालची परिवारों की वजह से मध्यम वर्ग की बेटियों का निकाह रोड़ा बना हुआ है।

बुधवार को मदरसा इशाअतुल उलूम कुलीबाजार में इस मुद्दे को लेकर उलेमा की बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता शहरकाजी मौलाना हाफिज अब्दुल कुद्दूस हादी ने की। शहरकाजी ने कहा कि मध्यम वर्ग का परिवार जब ऐसी चकाचौंध वाली शादी में जाते हैं तो उनकी बेटियां इतना दहेज और तामझाम देखकर टेंशन में आ जाती हैं और ये सोचती हैं कि उनका निकाह कैसे होगा।

उन्होंने कहा कि मस्जिद में सादगी से निकाह होना चाहिए, ये सबसे अच्छा इस्लामी तरीका है। दहेज की वजह से हजारों गरीब व मध्यम परिवार की बेटियों के हाथ पीले नहीं हो पा रहे हैं।

मौलाना अबू बकर हादी ने कहा कि हमारे मुआशरे में ज्यादातर बेटियां सिर्फ दहेज की वजह से घरों में बैठी हैं। दहेज की लानत के कारण हजारों परिवार परेशान हैं। इसके लिए पूरा मुस्लिम समाज जिम्मेदार है।

### उलमा चलाएंगे अभियान बहिष्कार की अपील

शहरकाजी मौलाना हाफिज अब्दुल कुद्दूस हादी ने बताया कि सर्वसम्मत से तय हुआ है कि दहेज के विरोध में उलमा पूरे प्रदेश में अभियान चलाएंगे और दहेज लोभियों का समाज से बायकाट करने की अपील करेंगे। तमाम लोग शादियों में गैर शरई काम करके गुनाहगार बन रहे हैं, जिन्हें ढर्रे पर लाना होगा।

# जाजमऊ में पड़ोसी दंपति ने ही की चोरी

**कानपुर।** जाजमऊ थानाक्षेत्र में बंद पड़े मकान से नकदी व जेवर समेत आठ लाख की चोरी के आरोपी पड़ोसी दंपति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी का माल भी बरामद किया है।

जाजमऊ थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्र ने बताया कि 21 अक्टूबर को वाजिदपुर निवासी वंदना ने मुकदमा लिखाया था कि 12 अक्टूबर को वह बेटे का जन्मदिन मनाने जेठानी के घर गई थीं। इसी बीच चोरों ने घर में घुसकर अलमारी से करीब आठ लाख की कीमत के गहने चुरा लिए थे। पुलिस की जांच में सामने आया कि वंदना के पड़ोसी फैसल आजाद खान और उसकी पत्नी शुभी ने ही चोरी की है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को चोरी के माल के साथ गिरफ्तार किया। इस मामले में थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### नौकरानी पर लगाया चोरी का आरोप

**कल्याणपुर।** पनकी बी ब्लॉक निवासी आलोक गुप्ता के अनुसार गत तीन अक्टूबर को वह पत्नी समेत काम से बाहर गए थे। आरोप है कि इस बीच उनकी नौकरानी पूजा ने अलमारी में रखे लगभग दो लाख कीमत के गहने पार कर दिए। मामले की जानकारी होने पर पीड़ित ने घटना की शिकायत पुलिस से की।

**आज का मौसम**

आसमान साफ रहने के कारण वर्षा की कोई संभावना नहीं है।

32.8° अधिकतम तापमान | 20.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06 : 13 | सूर्यास्त 05 : 32

# सपा प्रत्याशी नसीम सोलंकी ने दाखिल किया पर्चा

## उपचुनाव में पहला पर्चा भरा गया, समर्थक और पदाधिकारी बाहर ही रोके गए, सिर्फ चार लोगों को साथ में नामांकन कक्ष तक जाने की मिली अनुमति

**सीसामऊ उपचुनाव**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सीसामऊ विधानसभा उपचुनाव की नामांकन प्रक्रिया शुरू होने के छठे दिन बुधवार को एसीएम तृतीय रामशंकर की कोर्ट में पहला पर्चा सपा प्रत्याशी पूर्व विधायक इरफान सोलंकी की पत्नी नसीम सोलंकी ने जमा किया। वह पार्टी पदाधिकारियों और अधिवक्ता के साथ पहुंची थीं। उनके साथ आए समर्थकों को सुरक्षा कर्मियों ने गेट पर ही रोक लिया। प्रत्याशी के साथ सिर्फ चार लोगों को ही भीतर जाने की इजाजत दी गई थी।

सीसामऊ उपचुनाव के लिए 25 अक्टूबर तक नामांकन होना है। अभी तक किसी ने नामांकन नहीं कराया था। बुधवार को सपा प्रत्याशी नसीम सोलंकी नामांकन कराने पहुंची। सरसैया घाट व चेतना चौराहा पर बैरिकेडिंग होने से उनके साथ आए वाहनों को पुलिस ने रोक दिया। इसके बाद नसीम पैदल एसीएम तृतीय की कोर्ट पहुंचीं। उनके साथ सपा जिलाध्यक्ष फजल महमूद, आर्यनगर के विधायक अमिताभ बाजपेई, सपा नेता बंटी सेंगर, अधिवक्ता शिवाकांत दीक्षित नामांकन कक्ष तक गए, जहां एसीएम तृतीय के पास नसीम ने नामांकन पत्र का एक सेट जमा किया।



नामांकन करने जातीं सपा प्रत्याशी नसीम सोलंकी। साथ में विधायक अमिताभ बाजपेई, हसन रूमी, फजल महमूद। अमृत विचार

### नसीम के पास वाहन नहीं वार्षिक आय साढ़े 6 लाख

- कानपुर। सपा प्रत्याशी नसीम सोलंकी आयकर रिटर्न में वार्षिक आय 6,50,400 रुपये दिखाई है। उनके पास 150 ग्राम सोना, एक किलो चांदी और एक रिवाल्वर भी है। स्वर्ण जयंती एक्सटेंशन में 163 व 162 वर्गगज के दो प्लाट हैं, लेकिन दोनों प्लाट सीज हैं। नसीम के ऊपर कोई बकाया या ऋण नहीं है। कोई भी आपराधिक मुकदमा या कोर्ट में विचारधीन मामला नहीं है। उनके पास अपना कोई वाहन नहीं है।

### रोते हुए नसीम बोलीं, पहली बार पति के बिना अकेले घर से निकले...

- नामांकन से पूर्व सपा प्रत्याशी नसीम सोलंकी से मीडिया कर्मियों ने बात करने का प्रयास किया तो वह भावुक हो गईं। रोते हुए बोलीं, पहली बार अकेले घर से निकली हैं। इससे पहले कहीं भी आना-जाना होता था तो पति इरफान साथ होते थे। नसीम को उनकी सास ने हिम्मत बंधाई और आंसू पोछकर, गले लगाकर नामांकन के लिए रवाना किया।

### पुलिस ने शांत कराई नारेबाजी

- सड़क पर रोके गए समर्थकों ने सपा प्रत्याशी के समर्थन में नारेबाजी करनी शुरू कर दी तो पुलिस कर्मियों ने उन्हें शांत कराया। पुलिस ने कहा कि नामांकन स्थल के 200 मीटर दायरे में इस तरह की कोई गतिविधि नहीं की जाएगी।

## एक नजर

### नाले में मिला अज्ञात युवक का शव

**कानपुर।** सेन पश्चिमपारा थानाक्षेत्र में नाले में युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। पुलिस ने शव को बाहर निकलावकर आसपास के लोगों से शिनाख्त कराने का प्रयास किया। लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। सेन पश्चिम पारा पुलिस ने बताया कि बुधवार सुबह 9 बजे कंट्रोल रूम को सूचना मिली कि हनुमंत ट्रेडिंग कंपनी सैनिक चौराहा के पास एक व्यक्ति का शव नाले में मिला है।

### पुलिस पर लगाया मारपीट का आरोप

**कल्याणपुर।** सार्वजनिक स्थल पर शराब पी रहे नाबालिग समेत युवक को पकड़कर थाने ले गई पुलिस ने दोनों की पिटाई की। युवक का शांति भंग में चालान कर दिया। घटना से संबंधित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जिसमें नाबालिग व युवक पुलिस पर पिटाई का आरोप लगाते हुए नजर आ रहे हैं। हालांकि अमृत विचार अखबार इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। कल्याणपुर इंस्पेक्टर ने बताया कि मारपीट का आरोप निराधार है।

# भाजपा से राकेश सोनकर हो सकते प्रत्याशी

विशेष संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भाजपा ने सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव में सपा के मुस्लिम प्रत्याशी के मुकाबले दलित प्रत्याशी उतारने का मन बनाकर सीसामऊ से तीन बार विधायक रहे राकेश सोनकर का नाम लगभग फाइनल कर लिया है। सूत्रों के मुताबिक ऊपर से संकेत मिलने पर ही सोनकर ने बुधवार को नामांकन के तीन सेट ले लिए और देर शाम लखनऊ रवाना हो गए। वहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की।

सीसामऊ विधानसभा सीट से वर्ष 1991,93 और 1996 में भाजपा से राकेश सोनकर चुनाव जीत चुके हैं। लेकिन परिसीमन के बाद सीट मुस्लिम बहुल होने के कारण सपा से इरफान सोलंकी 2012 से 2022 तक तीन चुनाव जीते थे। इरफान को सजा होने पर सदस्यता रद किए जाने के कारण हो रहे उपचुनाव में सपा ने उनकी पत्नी नसीम को प्रत्याशी बनाया है।

भाजपा ने प्रतिष्ठा की लड़ाई में कमल खिलाने के लिए कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना के साथ संगठन की ओर से एमएलसी मानवेंद्र सिंह को आगे कर रखा है। सीसामऊ में करीब 2.70 लाख मतदाता हैं। इस सीट पर मुस्लिम, ब्राह्मण और दलित वोटर निर्णायक हैं। इसे देखते हुए ही बसपा ने वीरेंद्र शुक्ला को टिकट दिया है।



राकेश सोनकर ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की।

- तीन बार यहां से चुनाव जीत चुके हैं राकेश

### राकेश सोनकर ने फार्म के 3 सेट लिए

कानपुर। नामांकन प्रक्रिया के छठे दिन 7 और नामांकन फार्म लिए गए। इस तरह अब तक 38 फार्म लिए जा चुके हैं। बुधवार को भाजपा से पूर्व विधायक राकेश सोनकर ने 3 व रवि प्रताप सिंह चौहान ने नामांकन फार्म का एक सेट लिया। सपा से नसीम सोलंकी ने नामांकन का दूसरा सेट लिया। विकास इंसाफ पार्टी से राजकुमार व निर्दलीय रघुवीर प्रताप सिंह ने एक सेट नामांकन पत्र लिया।

### खातों से संदिग्ध लेन-देन पर बैंक रखें नजर

**कानपुर।** प्रत्याशियों का खाता खुलवाकर तत्काल चेकबुक उपलब्ध कराई जाए। खातों से संदिग्ध लेनदेन पर बैंक नजर रखे और जमा व निकासी प्रतिदिन पोर्टल पर अपडेट करें। जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने यह दिशा-निर्देश बुधवार को बैंक प्रतिनिधियों को दिए। सरसैयाघाट स्थित नवीन सभागार में उपचुनाव के संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी ने बैंक अधिकारियों के साथ बैठक में कहा कि प्रत्याशियों के नामांकन से पहले नया खाता खोलने के आदेश आयोग ने दिए हैं। प्रत्याशियों को बैंक खाता खोलते समय ही चेकबुक उपलब्ध कराई जाए। निर्वाचन क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता लागू है, इसलिए 10 लाख की जमा व निकासी के संबंध में तत्काल सक्षम अधिकारी को सूचना दी जाए।

# धारा 163 लागू, नियम तोड़ा तो कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- त्योहारों और उपचुनाव के चलते पुलिस ने लिया फैसला

**अमृत विचार।** पुलिस कमिश्नरेट ने त्योहारों व सीसामऊ विधानसभा उपचुनाव के मद्देनजर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 163 लागू कर दी है। यह आदेश 22 अक्टूबर से 29 नवंबर तक लागू रहेगा। अपर पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था हरीश चंदर ने निर्देश जारी किए हैं कि कोई व्यक्ति नियमों का उल्लंघन करते हुए पाया गया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

अपर पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था हरीश चंदर ने निर्देश दिए कि चुनाव नामांकन स्थल से 200 मीटर की परिधि में उम्मीदवारों व समर्थकों को बैरियर लगाकर रोक दिया जाएगा। सीमा के भीतर उम्मीदवार के निर्वाचन अभिकर्ता, प्रस्तावक, सहायतार्थ व एक व्यक्ति को अनुमति होगी। नामांकन स्थल के पास कोई भी जुलूस, रैली व भीड़ एकत्र नहीं करेगा।

कोई भी व्यक्ति धार्मिक स्थलों को प्रचार के लिए उपयोग नहीं करेगा। मतदान केंद्र से 200 मीटर के भीतर कोई चुनाव प्रचार कार्यालय नहीं खोलेगा। न ही मतदाताओं को सवारी से ढोया जाएगा। पोलिंग बूथ के 100 मीटर की परिधि में कोई मोबाइल लेकर नहीं जाएगा। कोई भी मीडिया का व्यक्ति, समाचार पत्र, चैनल, रेडियो चैनल या किसी भी प्रकार के ओपिनियल पोल व एग्जिट पोल नहीं करेगा व न हीं उनके परिणाम घोषित करेगा। शहर में रहने वाले लोगों के मिलने वाले को छोड़कर अन्य सभी को होटल, गेस्ट हाउस, लॉज, धर्मशाला में रुकने पर रोक लगाई गई है। साइबर कैफे संचालक किसी भी अंजान व्यक्ति जिसका परिचय पत्र, मतदाता पहचान पत्र, राशन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट, फोटो, क्रेडिट कार्ड, पैन कार्ड व ऐसे ही अन्य साक्ष्य से प्रमाणित न हो साइबर कैफे का उपयोग नहीं करने दिया जाएगा। वैवाहिक कार्यक्रम में कोई हर्ष फायरिंग नहीं करेगा। सोशल मीडिया पर कोई भ्रामक अथवा उत्तेजक पोस्ट और फोटो आदि न तो डालेगा और न ही उसे फॉरवर्ड करेगा।

# हाईवे पर पेट्रोल टैंकर दीवार से टकराया, जाम

**कानपुर।** गुजैनी में बुधवार को हाईवे पर पेट्रोल से भरा टैंकर अनियंत्रित होकर हाईवे की दीवार से टकरा गया। जिससे हाईवे पर जाम लग गया। पुलिस ने टैंकर को हटवाकर जाम खुलवाया।

हिसार जिला निवासी चालक जंग बहादुर और खलासी निलेश कुमार 34 हजार लीटर हवाई जहाज का पेट्रोल से भरा टैंकर लेकर रांची जा रहे थे। गुजैनी के पास हाईवे पर टैंकर अनियंत्रित हुआ और टेढ़ा होकर दीवार से टकरा गया। हादसे के बाद हाईवे पर लंबा जाम लग गया। चालक और खलासी नशे में मिले। बाद में पुलिस ने जाम खुलवाया।

# झोलाछाप ने नाबालिग नर्स से किया दुष्कर्म

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कर्नलगंज थानाक्षेत्र की घटना गर्भवती हो गई पीड़िता
- रिपोर्ट दर्ज, आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अमृत विचार।** कर्नलगंज थानाक्षेत्र में एक झोलाछाप ने नाबालिग नर्स के साथ दुष्कर्म किया जिससे वह गर्भवती हो गई। पीड़िता ने जब घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी तो वे थाने पहुंचे और रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी को क्लीनिक से गिरफ्तार कर लिया। कर्नलगंज पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल कराया है।



वसीम।

चमनगंज निवासी महिला ने दर्ज एफआईआर में बताया कि उनकी 17 वर्षीय नाबालिग नातिन वसीम (50) के छोटे मियां का हाता के पास स्थित क्लीनिक में नर्स का काम करती थी। वसीम खुद को डॉक्टर लिखता है और लोगों का इलाज करता है। नातिन ने बुधवार को बताया कि 20 दिन पहले वसीम ने उसके साथ गलत काम किया है। उसे धमकी दी कि अगर किसी को बताया तो बदनाम कर देंगे। नातिन गर्भवती हो गई है। पीड़िता के मामा का आरोप है कि मंगलवार रात आरोपी वसीम भांजी की हत्या की योजना बनाकर उसके घर पहुंचा और भांजी से कहा कि तुम्हारे लिए बिरयानी लाया हूं, खा लो। आरोप है कि वह जहर मिलाकर बिरयानी लाया था लेकिन किसी ने नहीं खाई। बाद में वह लोग आरोपी के घर गम्मू खां का हाता गए और वहां से उसे घसीटते हुए थाने ले जाकर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। इस संबंध में कर्नलगंज इंस्पेक्टर रविंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपी वसीम के खिलाफ दुष्कर्म, पॉक्सो, धमकी व अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके पास डॉक्टरी की डिग्री नहीं मिली है। स्वास्थ्य विभाग से जानकारी मांगी है।

### भाई बोला, रुपये लेकर मामला रफा-दफा कर दो

- पीड़िता के मामा ने थाने में बताया कि वसीम ने भांजी के साथ दरिंदगी की। घटना से आक्रोशित परिजन जब आरोपी के घर पहुंचे तो उसका भाई सामने आया और बोला जो होना था हो गया कुछ रुपये लेकर मामला रफा दफा कर लो। इस पर मामा ने कहा कि वह लोग गरीब हैं, लेकिन गिरे हुए नहीं हैं।

### पुलिस ने दर्ज कराए पीड़िता के बयान

- एडीसीपी कर्नलगंज महेश कुमार ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ संगीन धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पीड़िता का मेडिकल कराया गया है। मजिस्ट्रेट के सामने उसके बयान भी दर्ज कराए जाएंगे।



## रोटरी फ्यूजन इंडिया का रॉयल ग्रैंड

कानपुर। एनआरआई सिटी में बुधवार को रोटरी क्लब ऑफ कानपुर क्लासिक की ओर से रोटरी फ्यूजन इंडिया का रॉयल ग्रैंड आयोजित किया गया। जिसमें फ्यूजन थीम पर प्रतिभागियों ने भाग लिया। दिलों के लुटेरी, छैल छबीली छोकरी और रागियां रसीले व डांडिया डार्लिंग ग्रुप के नाम रखे गए। केसीआर के अध्यक्ष रोटेरियन पीयूष सेठ ने सभी मेहमानों का स्वागत किया। कार्यक्रम निदेशक रोटेरियन आलोक जैन, रोटेरियन सुनील रुपानी, अमित लाहोटी, योगेश गुप्ता ने कार्यक्रम संचालित किया। जज मास्टर विपिन रहे। संचालन अनिता ने किया। धन्यवाद सचिव देव ज्योति राय ने किया।

# कंपाउंडर ने हाथ की नस काटकर दी जान

- छात्रा ने जहरीला पदार्थ खाकर किया सुसाइड

**कानपुर।** छावनी थानाक्षेत्र में सत्तीचौरा निवासी 42 वर्षीय दिव्यांग रूपेश उर्फ सोनी कंपाउंडर ने कमरा बंद करके धारदार हथियार से हाथ की नसें काट कर जान दे दी। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव बाहर निकाला।

भाई आकाश ने बताया कि वह घर से लोगों को दवा देते थे। बताया कि दो दिन पहले उसने हाथ की नस काटी जिसके बाद उसका इलाज केपीएम में करवाया। मंगलवार को उन्होंने दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। जब वह रात तक बाहर नहीं आए तो पुलिस को सूचना दी गई। जहां दरवाजा तोड़ने पर उसका शव जमीन पर पड़ा मिला। दूसरी ओर बर्रा थानाक्षेत्र के विश्वबैंक बर्रा निवासी माधव प्रसाद की 16 वर्षीय पुत्री श्रेया मिश्रा सरदार पटेल में हाईस्कूल की छात्रा थी। पिता ने बताया कि मंगलवार रात उसने कोई जहरीला पदार्थ खा लिया। इस कारण उसकी हालत बिगड़ने लगी। वह लोग बर्रा के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां बुधवार भोर पहर चार बजे उसने दम तोड़ दिया। बेटी की मौत से मां निशा व छोटी बहन खुशी सदमे में है।

# एयरपोर्ट को धमकी भरा ई मेल भेजा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- एयरपोर्ट की सुरक्षा बढ़ाई, सीआईएसएफ की अतिरिक्त टुकड़ियां कर रहीं निगरानी
- थाना चकेरी में ई मेल भेजने वाले अज्ञात शख्स पर सीआईएसएफ ने रिपोर्ट दर्ज कराई

**अमृत विचार।** चकेरी एयरपोर्ट को धमकी भरा एक ई-मेल भेजा गया है। इससे हड़कंप मच गया है। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल इकाई (सीआईएसएफ) कानपुर के आधिकारिक मेल पर बुधवार दोपहर आई धमकी के बाद एयरपोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। धमकी में क्या लिखा है, अभी इसका खुलासा नहीं किया गया है। सीआईएसएफ की ओर से चकेरी थाना में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। सीआईएसएफ की विशेष टुकड़ियों को 24 घंटे एयरपोर्ट की सुरक्षा के लिए लगाया गया है।

कानपुर एयरपोर्ट के सहायक कमांडेंट सीआईएसएफ ने चकेरी थाना में एफआईआर दर्ज कराई है कि 4 अक्टूबर 2024 और 6 अक्टूबर 2024 को केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल इकाई कानपुर के आधिकारिक मेल पर ई मेल से चकेरी एयरपोर्ट कानपुर के संबंध में धमकी भरा संदेश प्राप्त हुआ है। चकेरी थाना में रिपोर्ट दर्ज कराने के साथ ही कानपुर एयरपोर्ट की सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की विशेष टुकड़ी को एयरपोर्ट के अलावा आसपास क्षेत्रों में भी तैनात किया गया है और संदिग्धों पर नजर रखी जा रही है। फ्लाइट के टेकआफ और लैंडिंग से पहले केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की टीम यात्रियों से पूछताछ कर रही है। पुलिस और साइबर सेल भी जांच कर रही हैं।

> 4 और 6 अक्टूबर को एयरपोर्ट को धमकी भरा ई मेल मिलने की जांच की जा रही है। कानपुर एयरपोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। एयरपोर्ट पर विशेष सुरक्षा दस्ता तैनात कर दिया गया है जो 24 घंटे एयरपोर्ट पर नजर रखे है।
>
> **संजय कुमार, निदेशक, कानपुर एयरपोर्ट**

# 63,500 सक्रिय सदस्य बनाने का लक्ष्य तय

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र में 30 तक अभियान, हर मंडल में 250 सक्रिय सदस्य बनेंगे

**अमृत विचार।** भाजपा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के सभी 254 मंडलों में 63,500 सक्रिय सदस्य बनाएगी। इस तरह 30 अक्टूबर तक प्रत्येक मंडल में 250 सक्रिय सदस्य बनाए जाएंगे। यह बात बुधवार को भाजपा कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र की सदस्यता मॉनिटरिंग टोली बैठक में क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कही। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने कहा कि जिन कार्यकर्ताओं ने अभी भी 50 प्राथमिक सदस्य नहीं बनाए हैं वो सभी कार्यकर्ता 27 अक्टूबर को मन की बात कार्यक्रम के बाद सक्रिय सदस्य बन सकते हैं। सक्रिय सदस्य को ही पार्टी में पद देने पर विचार किया जाएगा। सक्रिय सदस्यता अभियान को सभी जिलों में कोऑर्डिनेट करने के लिए 10 सदस्यीय कमेटी बनाई गई है। जो प्रत्येक जिले में प्रतिदिन कितने सदस्य बन रहे हैं। इसकी जानकारी प्रदेश नेतृत्व को देगी।

मन की बात के क्षेत्रीय संयोजक अनूप अवस्थी ने बताया कि मन की बात कार्यक्रम को सीसामऊ विधानसभा के सभी 275 बूथों पर बूथ समिति एवं पन्ना प्रमुखों के साथ सुनने की व्यापक व्यवस्था की गई है। बैठक में पूनम द्विवेदी, अनीता गुप्ता, पवन प्रताप सिंह, अनिल दीक्षित, पवन पाण्डेय, ऋषभ शुक्ला, संदीपन अवस्थी, अशोक मिश्रा, रीता शास्त्री, योगेन्द्र गुप्ता, शिव कुमार मिश्रा, केशव सिंह, आलोक शुक्ला मौजूद रहे।

# जुर्माना जमाकर तीन बंदियों को छुड़वाया

**कानपुर।** जुर्माना जमा न होने की वजह से जेल काट रहे तीन बंदियों का 'अपराध मुक्त सामाजिक चिकित्सा समिति' ने 8000 रुपये जुर्माना जमाकर जेल से रिहा कराया। जेल अधीक्षक डॉ बीडी पांडेय ने बताया कि संस्था ने पनकी के रतनपुर कॉलोनी निवासी विकेश का 5000 रुपये, इटावा निवासी अक्षय कुमार का 2000 रुपये और बर्रा निवासी जितेन्द्र गुप्ता का 1000 जमा किया। इस अवसर पर स्वयंसेवी संस्था के चैयरमैन आशुतोष बाजपेई, महासचिव योगेश बाजपेई, अंकुश अग्रवाल, डॉ शरद बाजपेई, डॉ हिमांशु बाजपेई, डॉ राहुल कपूर, रमेश भंडारी, प्रदीप पांडेय, विजय सेठ और जेलर अनिल कुमार पांडेय व मनीष कुमार, डिप्टी जेलर अरुण कुमार सिंह, प्रदीप कुमार सिंह, रंजीत यादव, श्रीकमल चन्द्र रहे।

**सुविधा** पुलिस कर्मी और आम लोग ऑनलाइन व ऑफलाइन ले सकते परामर्श, कोतवाली में स्मार्ट क्लीनिक का उद्घाटन

# आमजन को स्मार्ट क्लीनिक में 100 रुपये में इलाज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कोतवाली में स्मार्ट क्लीनिक का उद्घाटन पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने किया। इस क्लीनिक में पुलिस कर्मियों का इलाज फ्री और आम लोगों का इलाज मात्र 100 रुपये में होगा। साथ ही महत्वपूर्ण जांचें भी कम दाम में होंगी।

लगातार ड्यूटी करने की वजह से पुलिस कर्मियों में हाइपरटेंशन, बीपी, शुगर, स्ट्रेस, नींद न आना समेत कई बीमारियां देखने को मिलती हैं। जिसे देखते हुए पुलिस विभाग के कर्मियों और उनके परिवार के सदस्यों के स्वास्थ्य की देखभाल को और अधिक सुलभ और आधुनिक बनाने की दिशा में कमिश्नरेट पुलिस ने एक कदम उठाया है। पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने कोतवाली के प्रथम तल पर स्मार्ट क्लीनिक का उद्घाटन किया। इस मौके पर पुलिस कमिश्नर ने बताया कि यहां शहर के सभी पुलिस कर्मी डॉक्टरों से मुफ्त परामर्श लेकर रियायती दरों पर जांचें, इलाज करा सकते हैं। ये परामर्श सामान्यतः ऑनलाइन होगा। जरूरत पड़ने पर ऑफलाइन भी मेडिकल परामर्श ले सकते हैं।

कार्यक्रम में इसके संस्थापक रमारमन मिश्रा, हर्ष वर्धन पांडेय, अपर पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था हरीश चंदर, डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार, डीसीपी ट्रैफिक रवीन्द्र कुमार, डीसीपी हेडक्वार्टर आरती सिंह, एसीपी कोतवाली आशुतोष कुमार, इंस्पेक्टर कोतवाली संतोष शुक्ला समेत कई लोग मौजूद रहे। देश में पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल पर आधारित पुलिस ने पहली बार प्रयोगात्मक पहल की है। रिस्पांस और फीडबैक के आधार पर इसे कानपुर के अन्य जोन में भी विस्तार कर लागू किया जाएगा।



कोतवाली में क्लीनिक का उद्घाटन करते पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार व एडिशनल पुलिस कमिश्नर हरीश चंदर। अमृत विचार

### ये होंगी सुविधाएं

- पुलिस कर्मियों को 70 प्रतिशत की छूट पर दवाएं मिलेंगी।
- रियायती दरों पर जांच के लिए घर से सैंपल कलेक्शन, मेडिसिन की होम डिलीवरी होगी।
- पुलिस कर्मी और उनके परिवार के सदस्य क्यूआर कोड से घर बैठे ही डॉक्टर से नि:शुल्क परामर्श कर सकेंगे। सामान्य जनता के लिए 100 रुपये फीस होगी।
- टेलीमेडिसिन के जरिये पुलिसकर्मी जनरल फिजीशियन, चर्मरोग, स्त्रीरोग, न्यूरोसर्जन, हड्डी रोग, मनोचिकित्सक के विशेषज्ञों से परामर्श कर सकेंगे।

### क्लीनिक की विशेषताएं

- सीबीसी जांच यहां 60 रुपये में होगी
- विटामिन डी की जांच में 400 रुपये लगेंगे
- थायरॉयड की जांच 120 रुपये में होगी

### ये जांचें होंगी नि:शुल्क

- शुगर (आरबीसी) ब्लड प्रेशर, एसपीओटू, ऑडियोमेट्री टेस्ट, ईसीजी, पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट, बीएमआई (हाइट वेट), कलर ब्लाइंडनेस, आंखों की जांच (बेसिक टेस्ट) मुफ्त होंगी।

# बार चुनाव आज, 6516 अधिवक्ता करेंगे मतदान

## 21 सदस्यीय कार्यकारिणी के लिए 15 बूथों पर होगा मतदान, एल्डर्स कमेटी व पुलिस ने बूथों का लिया जायजा, तैयारियां देखीं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बार एसोसिएशन चुनाव में आज 21 सदस्यीय कार्यकारिणी गठन के लिए 6516 मतदाता डीएवी कॉलेज स्थित 15 बूथों पर मतदान करेंगे। सुबह 9 से शाम 5 बजे तक मतदान होगा। वोटों की गिनती 26 अक्टूबर से शुरू होगी।

अध्यक्ष व महामंत्री पद पर आठ-आठ दावेदारों के बीच मुकाबला है। इसके अलावा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कनिष्ठ उपाध्यक्ष, मंत्री, कोषाध्यक्ष, संयुक्त मंत्री प्रशासन, संयुक्त मंत्री प्रकाशन, संयुक्त मंत्री पुस्तकालय व वरिष्ठ व कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य चुनाव मैदान में हैं। चुनाव में 21 पदों के लिए 99 प्रत्याशी ताल ठोंक रहे हैं।

बार एसोसिएशन की 21 सदस्यीय कार्यकारिणी के लिए गुरुवार को मतदान होगा। एल्डर्स कमेटी ने बुधवार को 15 बूथों की तैयारियां देखीं। सबसे पहले प्रत्याशी वोट डालेंगे। सुबह आठ बजे प्रत्याशियों के सामने बैलेट बॉक्स सील किया जाएगा। मतदान के दौरान परिसर में मोबाइल फोन पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। डीएवी कालेज में मतदान के बाद मतपेटियों को बार एसोसिएशन हॉल के स्ट्रांग रूम में रखवाकर सील कराया जाएगा। एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन उमाशंकर ने बताया कि कुल मतदाता 6516 हैं। एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन ने बताया कि बार एसोसिएशन चुनाव में मतदान सीओपी नंबर और एसोसिएशन की ओर से जारी क्यूआर कोड से होगा। क्यूआर कोड स्लिप लाना अनिवार्य होगा। मतदान स्थल पर क्यूआर कोड की हार्ड कॉपी ही मान्य होगी। मतदान केंद्र में कोई भी शस्त्र लाना मना है। बैरिकेडिंग नंबर एक कोऑपरेटिव बैंक के पास प्रत्याशियों के बैठने की व्यवस्था की गई है। कोई भी प्रत्याशी व समर्थक इस बैरिकेडिंग के अंदर वोट नहीं मांगेगा। मतदान पर्ची पर अंकित क्यूआर कोड स्कैन के बाद ही मतदाताओं को बूथ के अंदर प्रवेश मिलेगा। मोबाइल फोन रखने के लिए मतदान केंद्र के बाहर बार का काउंटर बनेगा।




मतदान के लिए बनाए गए बूथ और मतदान स्थल पर की गई बेरीकेडिंग। अमृत विचार



सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करते डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह।

### दिनभर कचहरी में घूम-घूमकर किया जनसंपर्क

- बार एसोसिएशन में जनसंपर्क के आखिरी दिन अधिवक्ताओं ने पूरी ताकत झोंकी। बुधवार को दिनभर प्रत्याशी अपने समर्थकों के साथ कचहरी परिसर में घूम-घूमकर जनसंपर्क किया और समर्थन मांगा। चेंबरों पर पहुंचकर वोट मांगे और समर्थकों ने जमकर पर्चियां उड़ाईं। शाम को अधिवक्ताओं के घरों पर भी प्रत्याशियों ने दस्तक देकर समर्थन मांगा। दिनभर सभी प्रत्याशी मतदाताओं को अपने पक्ष में करने में जुटे रहे। वहीं सोशल मीडिया पर अपनी प्राथमिकताएं गिनाकर दावेदार अधिवक्ताओं को अपने पक्ष में लाने का प्रयास करते रहे। दिन में कई चेंबरों में बैठक कर चुनावी रणनीति तैयार की। देर शाम तक प्रत्याशियों व समर्थकों का कचहरी में जमावड़ा लगा रहा।

### 60 कैमरों से निगरानी होगी रिहर्सल हुआ

- बार एसोसिएशन चुनाव की निगरानी 60 कैमरों से होगी। इसके लिए पुलिस की टीम ने बुधवार को रिहर्सल किया। सीसीटीवी से लगातार चुनाव की निगरानी होगी। कंट्रोल रूम भी बनाया गया है। तीन क्षेत्र में चुनाव को बांटा गया है। डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि पूरी तैयारी कर ली गई है। सुरक्षा में 500 से ज्यादा पुलिस कर्मी तैनात रहेंगे।

### सुबह 9 से शाम 5 तक मतदान

**कानपुर।** गुरुवार को बार एसोसिएशन के चुनाव में 6516 अधिवक्ता मतदान करेंगे। सुबह नौ से पांच बजे तक मतदान होगा। सबसे पहले प्रत्याशी मतदान करेंगे। मतदान के दौरान मोबाइल फोन पर पूरी तरह से प्रतिबंध है। मतदान के बाद मतपेटिका बार एसोसिएशन हॉल के स्ट्रांग रूम में रखवाकर सील करायी जाएंगी।

### यहां रहेगा रेड जोन

डीएवी डिग्री कॉलेज से गोरा कब्रिस्तान तिराहे तक रेड जोन रहेगा। रेड जोन में किसी भी प्रत्याशी का होर्डिंग और बैनर नहीं लगेगा। मतदान स्थल और रेड जोन के अंदर कोई भी बूथ और टेंट नहीं लगेगा। मतदान स्थल पर मोबाइल फोन ले जाना पूरी तरह से प्रतिबंधित है। मोबाइल पर रोक लगाए जाने का अधिवक्ताओं ने विरोध दर्ज कराया है।

# 200 से ज्यादा बदमाशों पर पुलिस की है नजर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- अपराधियों की कई स्तर पर हो रही निगरानी
- त्योहारों और चुनाव के मद्देनजर पुलिस अलर्ट

**अमृत विचार।** आगामी त्योहारों और 13 नवंबर को सीसामऊ विधानसभा उपचुनाव को लेकर कमिश्नरेट पुलिस अलर्ट है। बीते चुनाव और आम दिनों में जिन शातिरों ने शहर का माहौल बिगाड़ने की कोशिश की थी, उनकी नाकेबंदी की जा रही है। 200 से ज्यादा अराजकतत्वों का 20 बिंदुओं पर डोजियर (पूरी रिपोर्ट) तैयार कर ली गई है। इनकी सक्रियता और मौजूदगी देखी जा रही है। इन सभी की ऑनलाइन और ऑफलाइन निगरानी के निर्देश दिए गए हैं। 43 आदतन अपराधियों को भी इस नाकेबंदी में शामिल किया गया है। जरा सी गड़बड़ी पर तुरंत कार्रवाई होगी।

पूर्वी जोन यानी जाजमऊ और चकेरी में 37 पुरुष अपराधी और 9 महिला अपराधी पुलिस के रडार पर हैं। पश्चिम जोन के 19 पुरुष और तीन महिला अपराधी, सेंट्रल जोन में 39 पुरुष और 13 महिला अपराधी पुलिस की नजर में हैं।

साउथ जोन में 22 पुरुष और दो महिलाओं पर नजर है। 144 अपराधियों के खिलाफ शांतिभंग कार्रवाई की गई है।

> त्योहारों और सीसामऊ उपचुनाव को लेकर पुलिस पूरी तरह से अलर्ट है। अपराधियों की ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीके से निगरानी की जा रही है। अगर किसी ने गड़बड़ी की तो बख्शा नहीं जाएगा।
> –हरीश चंदर, अपर पुलिस आयुक्त, कमिश्नरेट पुलिस

अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था हरीश चंदर ने बताया कि शांतिभंग करने वालों का मंसूबा रखने वालों को चिन्हित कर लिया है उनकी निगरानी की जा रही है। साइबर सेल की टीम भी निगरानी में लगी है।

जेल से छूटे अपराधियों पर नजर रखी जा रही है। सोशल मीडिया के तमाम प्लेटफार्म की निगरानी की जा रही है। उन्होंने अपील की है कि सोशल मीडिया की किसी भी पोस्ट को फॉरवर्ड करने से पहले उसकी सच्चाई जांच लें। मुख्य बाजारों व चौराहों पर सीसीटीवी की संख्या बढ़ाई गई है।

# नाबालिग ने 35 मिनट में की चोरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नाबालिग ने साथी के साथ की थी शिक्षक के चोरी
- दो आरोपी गिरफ्तार, चोरी का माल भी बरामद



**अमृत विचार।** हनुमंत विहार थानाक्षेत्र के तुलसी विहार में शिक्षिका के घर घुसकर 35 मिनट में दरवाजे व अलमारी का लॉक तोड़कर 19 लाख का माल पार करने वाला चोर नाबालिग था। सूखा नशा करने के बाद उसने चोरी की थी। हनुमंत विहार पुलिस ने बुधवार को आरोपी और उसके साथी को पकड़कर जेल भेज दिया।

बाबूपुरवा स्थित चालीस दुकान मार्केट के परिषदीय स्कूल की शिक्षिका पुष्पा वर्मा तुलसी विहार स्थित अपार्टमेंट के ग्राउंड फ्लोर पर बेटे प्रतीक और बहू नेहा के साथ रहती हैं। घटना के वक्त बेटा बहू और वो काम पर गईं थीं। दोपहर करीब तीन बजे एक चोर गेट फांदकर घर में घुसा और बेटे के कमरे के दरवाजे व अलमारी का लॉक तोड़कर अलमारी में रखे करीब 18 लाख रुपये से ज्यादा के जेवर और 50 हजार की नगदी गायब कर दी। घर के पास लगे सीसीटीवी में 3:35 बजे वह घर से बाहर निकलता दिखाई दिया था। घटना का खुलासा करते हुए डीसीपी साउथ अंकिता शर्मा ने बताया कि आरोपियों को मंगलवार सुबह हनुमंत विहार थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से हार, चेन और अन्य ज्वैलरी, 5200 रुपये, स्कूटी और चोरी में इस्तेमाल हुआ साबड़ बरामद हुआ है। पकड़े गए एक चोर अंशु पर गुजैनी और बिधनू थाने में मामले दर्ज हैं। वहीं, नाबालिग पर चोरी के चार मुकदमे अलग-अलग थानों में दर्ज हैं। अंशू चोरी के मामले में बिधून से जेल गया था और 21 सितंबर को जेल से छूटा था।

चोरी करने के बाद वह चार किमी पैदल चलकर बर्रा तिकुनिया पार्क तक गया। जहां कपड़े बदले। पहने हुए कपड़ों को पेड़ पर टांग दिया। वहां से बैग लेकर घर चला गया। पुलिस ने कपड़े बरामद कर लिए हैं। 19 लाख की चोरी में करीब 15.5 लाख रुपये के माल की बरामदगी की है।

# फर्जी आईडी बनाकर लगाई गंदी फोटो

**कानपुर।** साइबर शातिरों ने इंस्टाग्राम पर फर्जी आईडी बनाकर महिला की आपत्तिजनक फोटो लगा दी। इसका पता चलने पर महिला के पति ने चकेरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पीड़ित के अनुसार साइबर शातिर ने इंस्टाग्राम पर फर्जी आईडी बनाकर उसमें उनकी पत्नी की आपत्तिजनक प्रोफाइल फोटो लगा दी। पीड़ित के अनुसार आरोपी ने फोटो एडिट कर लगा दी है। जानकारी होने पर उन्होंने चकेरी थाने में मामले की शिकायत की। प्रभारी निरीक्षक अशोक दुबे ने बताया कि मामला दर्ज कर साइबर सेल की मदद से आरोपी की तलाश की जा रही है।

# अनियमितता व भ्रष्टाचार के विरोध में धरना

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** फील्ड गन फैक्ट्री कापरेटिव सोसायटी लिमिटेड के शेयरधारक कर्मचारियों ने बुधवार को अनियमितता व भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर सचिव व चेयरमैन को ज्ञापन दिया। इसके बाद धरना-प्रदर्शन कर कर्मचारियों के हित में विचार करने के लिए आगाह किया।

फील्ड गन फैक्ट्री श्रमिक संघ के बैनर तले करीब 600 शेयरधारक कर्मचारी बुधवार को एकत्र हुए। कर्मचारियों ने बताया कि फील्ड गन फैक्ट्री कापरेटिव सोसायटी लिमिटेड में फैक्ट्री के करीब 600 कर्मचारी शेयरधारक हैं। सोसायटी में कर्मचारियों की लाखों रुपये की एफडी व आरडी है। जिसका करोड़ों रुपये का वार्षिक टर्नओवर है। शेयरधारकों के लिए लोन की भी व्यवस्था है, इसके बावजूद सोसायटी ने 5 साल से लगातार समिति के शेयरधारकों को न तो समय पर लोन दिया और न ही एफडी, आरडी का भुगतान समय पर हो रहा है। एफडी व आरडी का भुगतान निर्धारित तिथि से 6 माह से लेकर 1 साल देरी से होता है। आवेदन करने पर सचिव व चेयरमैन उगाही करते हैं। 5 साल से सोसायटी का लाभांश भी समिति ने नहीं दिया। सोसायटी पर कालाबाजारी व भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। समिति के शेयरधारकों ने फील्ड गन फैक्ट्री कोआपरेटिव सोसायटी के सचिव व चेयरमैन को ज्ञापन दिया। संतोष मिश्रा, सत्येन्द्र भदौरिया, मोहित मिश्रा, विपिन कुमार, ध्यानेन्द्र, अजेन्द्र रावत, विमल पाण्डेय, पीयुष परिहार, मुरली पाठक, वरुण आदि थे।



अपनी मांगों को लेकर धरना–प्रदर्शन करते शेयरधारक। अमृत विचार

# दंगा अफसरों की लापरवाही सेः जमीयत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जमीअत उलमा के प्रदेश उपाध्यक्ष कानपुर के मौलाना अमीनुल हक अब्दुल्लाह कासमी ने उलेमा की टीम के साथ बहराइच स्थित दंगा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया और पीड़ितों का हाल-चाल लिया। उन्हें हर संभव मदद का भरोसा दिया। प्रदेश उपाध्यक्ष ने पत्रकार वार्ता में आरोप लगाया कि ये घटना स्थानीय अधिकारियों की लापरवाही के कारण हुई है।

बहराइच से वापस कानपुर आने के बाद जमीअत के प्रदेश उपाध्यक्ष मौलाना अमीनुल हक अब्दुल्लाह कासमी ने पत्रकार वार्ता में आरोप लगाया कि ये घटना बहराइच के स्थानीय अधिकारियों और प्रशासन की विफलता का ज्वलंत प्रमाण है। मौलाना ने कहा कि हमें युवक की मौत का दुःख है। पुलिस अपनी जिम्मेदारी निभाती तो न तो युवक की मौत होती और न ही कोई दुर्घटना होती। वहां एक विशेष वर्ग के मकानों, कारोबार, दुकानों को आग के हवाले किया गया, लूटपाट की गई लेकिन पुलिस चुप रही। मौलाना कासमी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग की कि इस मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। जो अधिकारी और लोग इस घटना में शामिल हैं, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। जमीअत कार्यसमिति के सदस्य मौलाना शब्बीर अहमद कासमी ने पीड़ितों को कुछ नकद और खाद्य सामग्री बतौर मदद दी। प्रतिनिधि मंडल में अब्दुल मुईद चौधरी, मुफ्ती इजहार मुर्करम कासमी, मौलाना अंसार अहमद जामई, मुफ्ती महफूजुर्रहमान कासमी और कारी कलीम आदि थे।



बहराइच में दंगा प्रभावित क्षेत्रों में पीड़ितों से मिलती जमीअत उलमा की टीम।

# पत्नी बोली–मेरा पति चरित्रहीन है

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मुंबई से युवती को बरामद करके कार में अश्लीलता करने के मामले में निलंबित किए गए फेथफुलगंज चौकी इंचार्ज गजेंद्र की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। बुधवार को दरोगा की पत्नी प्रियांशी चौधरी ने पुलिस कमिश्नर को प्रार्थनापत्र देकर पति पर चरित्रहीन होने का आरोप लगाकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस कमिश्नर ने जांच के आदेश दे दिए हैं।

पुलिस ऑफिस में प्रियांशी चौधरी ने बताया कि उनकी शादी 22 अप्रैल 2023 में गजेंद्र सिंह से हुई थी। शादी के बाद पता चला कि गजेंद्र के कई महिलाओं और युवतियों से संबंध हैं। उन्हें कई बार फोन पर बात करते हुए पकड़ा भी। पूछने पर कहते थे कि यह सब ऑफिशियल कामकाज हैं। एक महिला दरोगा से भी संबंध हैं। उन्होंने शिकायत अपने ससुरालियों से की तो उन्होंने मेरे खिलाफ ही आरोप लगा दिए। मेरा नंबर कानपुर में कई लोगों को बांट दिया। आरोप लगाया कि मैं लड़कों से बात करती हूं। जबकि मेरा नंबर उन्हीं लोगों ने वायरल किया था। इसके साक्ष्य मेरे पास मौजूद हैं। मेरे देवरों ने मोबाइल भी हैक कर रखा है। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि जांच में जो तथ्य सामने आएंगे, उसके अनुसार कार्रवाई होगी।

### युवती से अश्लीलता की रिपोर्ट डीजीपी ने मांगी

**कानपुर।** फेथफुलगंज चौकी इंचार्ज गजेंद्र सिंह के एक युवती से अश्लीलता करने के मामले की रिपोर्ट डीजीपी प्रशांत कुमार ने कमिश्नरेट के अफसरों से तलब की है। आरोपी दरोगा कब, कहां, किस तरह के विवाद में शामिल रहा है इसकी भी रिपोर्ट मांगी है। निलंबित किये जा चुके फेथफुलगंज चौकी प्रभारी गजेंद्र सिंह पर गंभीर आरोप लगा कि वह मुंबई से एक युवती को बरामद करके कानपुर ला रहे थे। इस दौरान रास्ते में युवती से अश्लीलता की। अधिकारियों ने गजेंद्र सिंह को निलंबित कर विभागीय जांच बैठा दी है। अब डीजीपी ने इस मामले में रिपोर्ट मांगी है।

### नासिक में चौकी इंचार्ज ने भाई को उतारा

पीड़ित युवती के भाई का आरोप है कि साजिश के तहत चौकी इंचार्ज ने उसे नासिक में कार से उतार दिया था। उससे कहा कि तुम ट्रेन से कानपुर पहुंचो, हम लोगों को झांसी से भी एक लड़की को बरामद करना है। कानपुर पहुंचने के बाद बहन ने बताया कि नासिक से लेकर कानपुर तक चौकी इंचार्ज ने उसके साथ अश्लीलता की।

## सार-संक्षेप

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**कानपुर।** युवती को नशीला पेय पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म करने के आरोपी युवक को नौबस्ता पुलिस ने गुप्ता चौराहा गोपाल नगर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस को सात माह से आरोपी युवक की तलाश थी। प्रभारी निरीक्षक संतोष सिंह ने बताया कि नौबस्ता निवासी युवती ने मार्च में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि परिचित के युवक ने उसे नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया था। इसके बाद से पुलिस आरोपी युवक की तलाश कर रही थी। आरोपी युवक का नाम सचिन यादव निवासी इटावा है।

### सात का शांति भंग में चालान

**कल्याणपुर।** रावतपुर पुलिस ने अलग–अलग दो गुटों के बीच हुई मारपीट के मामले में सात लोगों का शांति भंग मे चालान किया है। पहली घटना में मंगलवार को रोशन नगर निवासी ताज सिद्दीकी, अजहरुद्दीन व कमरुद्दीन का पारिवारिक विवाद मौजुद्दीन से हुआ, जबकि रावतपुर के केशव नगर निवासी सूरज सोनी व सौरभ राजपूत का बालकिशन से विवाद होने पर पुलिस ने कार्रवाई की है।

### झांसी से वाया गोविंदपुरी बांदा तक विशेष ट्रेन

**कानपुर।** रेलवे प्रशासन ने महाकुंभ 2025 में लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी स्टेशन से बांदा, चित्रकूट, मानिकपुर, प्रयागराज, फतेहपुर, गोविंदपुरी, उरई होते हुए झांसी तक ट्रेन चलाने की घोषणा की है। उत्तर मध्य जोन के जनसंपर्क अधिकारी अमित कुमार सिंह ने बताया कि ये ट्रेन 10 जनवरी 2025 से 28 फरवरी 2025 तक चलेगी। ये ट्रेन सेंट्रल स्टेशन नहीं जाएगी बल्कि पुराना स्टेशन के बाईपास से जाएगी। गाड़ी संख्या 01803 मध्याह्न 12 बजे वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी से रवाना होगी। चिरगांव दोपहर 12 .32, एट अपराह्न 1 .16 बजे, उरई 1 .50 बजे, कालपी 2 .20 बजे, पुखरायां 2 .40 बजे, भीमसेन सायं 4 .18 बजे, गोविंदपुरी 4 .40 बजे पहुंचेगी। बिंदकी रोड 5 .30 बजे, फतेहपुर 5 .58 बजे, खागा सायं 6 .25 बजे, सिराथू सायं 6 .45 बजे, भरवारी सायं 7 .05 बजे, प्रयागराज रात 8 .40 बजे, नैनी रात 9 .20 बजे, शंकरगढ़ रात 10 .35 बजे, मानिकपुर रात 1 .30 बजे, चित्रकूट रात 2 .40 बजे, बांदा भोर 4 .30 बजे पहुंचेगी। महोबा सुबह 5 .28 बजे, हरपालपुर सुबह 6 .20 बजे, निवाड़ी सुबह 7 .20 बजे, ओरछा सुबह 8 बजे, झांसी सुबह 9 बजे पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 01804 झांसी रात 8 .10 बजे, ओरछा रात 8 .25 बजे, महोबा रात 11 .08 बजे, अतर्रा रात 1 .50 बजे, मानिकपुर सुबह 5 .05 बजे, शंकरगढ़ सुबह 6 .03 बजे, नैनी सुबह 7 बजे, प्रयागराज सुबह 7 .40 बजे पहुंचेगी। खागा सुबह 9 .20 बजे, गोविंदपुरी स्टेशन दोपहर 12 .15 बजे, भीमसेन दोपहर 1 बजे, पुखरायां दोपहर 1.38 बजे, कालपी दोपहर 1 .44 बजे, उरई दोपहर 2 .10 बजे, एट दोपहर 2 .31 बजे, मोठ दोपहर 3 बजे, चिरगांव दोपहर 3 .20 बजे, झांसी सायं 4 .30 बजे पहुंचेगी।

### गोविंदपुरी से चित्रकूट-बांदा के लिए विशेष ट्रेन



**कानपुर।** रेलवे प्रशासन ने महाकुंभ 2025 में लाखों की भीड़ को देखते हुए कानपुर के गोविंदपुरी स्टेशन से प्रयागराज, मानिकपुर, चित्रकूट, बांदा के मध्य विशेष ट्रेन चलाने की घोषणा की है। ये ट्रेन कानपुर सेंट्रल स्टेशन नहीं जाएगी बल्कि पुराना स्टेशन से बाईपास होते हुए चलेगी। उत्तर मध्य जोन के मुख्य जनसपर्क अधिकारी शशिकांत त्रिपाठी ने बताया कि ट्रेन 1 जनवरी 2025 से 28 फरवरी 2025 तक चलेगी। गाड़ी संख्या 04109 गोविंदपुरी स्टेशन से दोपहर 3 .45 बजे रवाना होगी। बिंदकी रोड 4 .30 बजे, फतेहपुर 4 .58 बजे, खागा शाम 5 .28 बजे, सिराथू 5 .53 बजे, भरवारी शाम 6 .13 बजे, प्रयागराज सायं 7 .05 बजे, नैनी सायं 7 .33 बजे, शंकरगढ़ रात 8 .38 बजे, बरगढ़ रात 8 .58 बजे, डबरा रात 9 .45 बजे, मानिकपुर रात 11 .10 बजे पहुंचेगी। चित्रकूट रात 11 .48 बजे, अतर्रा रात 12 .40 बजे, बांदा रात 1 .45 बजे, रागौल रात 2 .21 बजे, भरवा सुमेरपुर रात 2 .38 बजे, हमीरपुर रोड रात 3 .10 बजे, घाटमपुर भोर 3 .38 बजे, भीमसेन सुबह 6 .13 बजे पहुंचेगी। गोविंदपुरी वापसी सुबह 7 बजे होगी। गाड़ी संख्या 04110 गोविंदपुरी स्टेशन से सुबह 7 .30 बजे चलेगी। घाटमपुर सुबह 8 .32 बजे, बांदा सुबह 10 .35 बजे, चित्रकूट पूर्वाह्न 11 .48 बजे, मानिकपुर दोपहर 1 .10 बजे, नैनी सायं 4 .20 बजे, प्रयागराज सायं 5 बजे पहुंचेगी। खागा सायं 6 .40 बजे, फतेहपुर सायं 7 .13 बजे, बिंदकी रोड सायं 7 .45 बजे और गोविंदपुरी स्टेशन रात 9 .30 बजे पहुंचेगी।

**कवायद** | शुक्रवार से रविवार तक विशेष कैंप लगेंगे, केडीए उपाध्यक्ष भी रहेंगे

# फ्लैट नहीं बिक रहे, अब केडीए लगाएगा मेगा कैंप

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- छुट्टियों में टीम दिखाएगी फ्लैट, हेल्पडेस्क एक्टिव रहने की व्यवस्था

**14** अलग–अलग नामों से योजनाएं

**07** हजार से ज्यादा फ्लैट खाली पड़े

**179** थ्री बीएचके फ्लैट खाली पड़े

**11,304** फ्लैट बनाए थे केडीए ने

**अमृत विचार।** दीपावली त्योहार को केडीए मौके की तरह भुनाना चाहता है। इसीलिये वर्षों से खाली पड़े हजारों फ्लैट्स को बेचने की रणनीति तैयार की गई है। शताब्दी नगर में विभिन्न योजनाओं के फ्लैट्स को बेचने के लिये शुक्रवार से मेगा कैंप लगेंगे। जिसमें केडीए उपाध्यक्ष समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहेंगे। विशेष कैंप में इच्छुक लोगों को ले जाने की भी व्यवस्था की जायेगी, छुट्टियों में भी केडीए की टीम फ्लैट्स दिखाने लोगों को ले जायेगी। केडीए हेल्पडेस्क को भी एक्टिव रहने के निर्देश दिये गये हैं।

केडीए की 14 अलग-अलग नामों से योजनाओं में अभी भी 7322 फ्लैट खाली पड़े हैं। इनको खरीदार नहीं मिल रहे हैं। इन खाली फ्लैट्स को बेचने के लिये केडीए ने कई प्लान बनाए, छूट ऑफर, कमीशन पर प्राइवेट एजेंट हायर किए। यहां तक कि लगातार रेट फ्रीज करने और चौथाई और आधी कीमत चुकाने पर कब्जा देने की रणनीति बनाई पर कोई सफलता नहीं मिली है। केडीए की ओर से बनाए गये कुल 11,304 फ्लैट्स में सिर्फ 3,982 फ्लैट ही बिक पाए हैं। 7,332 फ्लैटों को अभी भी खरीदारों का इंतजार है। वर्ष 2023-24 में इन खाली फ्लैट्स में सिर्फ 122 फ्लैट ही बिक सके थे। अभी भी 179 थ्री बीएचके फ्लैट खाली पड़े हैं। अन्य योजनाओं में बड़ी संख्या में टू और वन बीएचके फ्लैट्स खाली हैं। थ्री बीएचके फ्लैट सिग्नेचर ग्रींस विकास नगर, केडीए हाईट कल्याणपुर-बिठूर रोड और केडीए ग्रींस मैनावती मार्ग पर हैं।

### तीन साल में 700 फ्लैट भी नहीं बिके

- केडीए की रिपोर्ट के अनुसार साल 2020–21 में 252 और 2021–22 में 324 फ्लैट बिके थे। लेकिन 2022–23 में फ्लैट्स बिक्री का आंकड़ा 100 की संख्या भी नहीं छू सका। 2023–24 में सिर्फ 122 फ्लैट ही बिक सके थे। साल 2015 में केडीए ने फ्लैट्स बेचने के लिए पहले आओ पहले पाओ स्कीम लागू की थी। फ्लैट नहीं बिकने पर वर्ष 2019 में फ्लैटों के रेट फ्रीज कर दिए गए थे, तब से रेट नहीं बढ़ाए गए हैं। लगातार रेट फ्रीज ही रखे गए हैं, बावजूद इसके खरीदार नहीं मिल रहे हैं।

### 14 अरब से ज्यादा फंसे पड़े

- केडीए के बहुमंजिली इमारतों में फ्लैट्स बनाने की योजनाओं पर 14 अरब रुपये से ज्यादा फंसे हुए हैं। 8 वर्ष से केडीए लगातार लुभावने ऑफर निकाल रहा है पर लोग आकर्षित नहीं हो रहे हैं। ईडब्लूएस श्रेणी में 25 फीसदी और एलआईजी और एमआईजी में 50 फीसदी पैसा देकर कब्जा देने की घोषणा की है।

### फ्लैट न बिकने की ये वजह

- पर्याप्त सुविधाओं का अभाव, आबादी से दूर निर्माण
- सन्नाटा, सीवर भराव, मुख्य मार्गों से कनेक्टिविटी नहीं
- किसी भी योजना में शापिंग काम्पलेक्स या सोसायटी नहीं
- कूड़ा उठाने वाले नहीं पहुंचते, पेयजल, बिजली की भी समस्या
- 10 वर्षों से खड़े भवनों के शीशे टूट चुके, दीवारों में सीलन
- यातायात सुविधा का अभाव, अपने साधनों से ही पहुंच सकते

> शुक्रवार से कैंप लगेंगे। फ्लैट्स को देने से पहले हम उसको फुल रेनोवेट कराकर देंगे। जिस कीमत पर हम फ्लैट्स दे रहे हैं वह प्राइवेट से अच्छे हैं।
> – मदन सिंह गर्ब्याल, उपाध्यक्ष केडीए

# बंगाली मोहाल में दुकान में आग

**कानपुर।** घनी आबादी वाले बंगाली मोहाल में एक दुकान में लगी आग से हड़कंप मच गया। तंग गली होने के कारण दमकल को घटनास्थल तक पहुंचने में पसीने आ गए।

बुधवार को मकान नंबर 35/175 बंगाली मोहाल में मकान के ग्राउंड फ्लोर पर अशोक की दुकान में रात 9 बजे आग लगी। दुकान में परचून का सामान होने कारण देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। घटना की जानकारी मिलते ही लाटूश रोड फायर स्टेशन से अग्निशमन अधिकारी कैलाश चंद फायर की गाड़ियां लेकर मौके पर पहुंचे लेकिन तंग गलियों में फायर की गाड़ियां नहीं पहुंच सकीं। जहां गाड़ियां रुकी थीं, वहां से घटनास्थल 500 मीटर दूर था। अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि पानी के पाइप लाइन को जोड़कर घटनास्थल तक पहुंचे और किसी प्रकार आग पर काबू पाया।

# डीपीएस पैनोरमा में गीत, संगीत और खेलों का संगम



छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम पेश किए। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● तकनीकी इवेंट में बच्चों ने दिखाया भविष्य का सपना

**अमृत विचार।** दिल्ली पब्लिक स्कूल कल्याणपुर के वार्षिक समारोह पैनोरमा में गुरुवार को गीत-संगीत के बीच खेलों का तड़का रहा। तकनीक इवेंट में बच्चों ने भविष्य का सपना दिखाया।

वार्षिक समारोह के दौरान रिदम रैपसोडी इवेंट में प्रतिभागियों ने नौशाद मदन मोहन और आरडी बर्मन के गीत सुनाकर सभी को आकर्षित किया। इसी तरह पर्सीने ला पॉपुलेयर इवेंट में प्रतिभागी टीमें ज्वलंत राजनीतिक मुद्दों पर बहस करती नजर आईं। इनमें मूवी शूट की प्रतियोगिता का नाम था कैपचरिंग द एसेंस जिसमें विद्यार्थियों ने जातिवाद, घरेलू हिंसा, लिंग भेद, धर्मांतरण, चाइल्ड लेबर जैसे विभिन्न मुद्दों पर मर्मस्पर्शी मूवी शूट किया। दूसरी ओर विद्यालय का प्लेग्राउंड और स्विमिंग पूल ट्राएथलौन इवेंट के रंगों से सजा था जहां साइकलिंग रेसेज और तैराकी के प्रतिभागी एक दूसरे को मात देने के लिए जुटे थे। बैठक इवेंट में लोककथाओं की प्रस्तुति की गई। खेल प्रतियोगिता फुटबॉल मेनिया में प्रतिभागी टीमों ने फुटबॉल की स्पर्धा में एक दूसरे को कड़ी टक्कर दी। ऑनलाइन गेमिंग जोन में रेडिएंट नाम से इवेंट हुआ। प्रतिभागी टीमें में दिमागी कसरत करती दिखीं। दद्वैत द्वार में प्रतिभागियों ने रामायण व महाभारत के ऐतिहासिक पात्रों के संवाद प्रस्तुतिकरण द्वारा दशरथ, कैकयी, राम, कर्ण, कृष्ण, युधिष्ठिर, द्रौपदी, विभीषण व कुंभकर्ण के पात्र में स्कूली बच्चे नजर आए। शाम को वार्षिक समारोह एक्यूबरेंस के नाम रही। जिसका थीम था एक भारत श्रेष्ठ भारत। जिसमें कक्षा तीन से लेकर कक्षा आठवीं तक के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कक्षा एक और दो के विद्यार्थियों ने खेलो इंडिया खेलों के अंतर्गत खिलाड़ी भावना को प्रोत्साहित करते हुए नृत्य प्रस्तुति दी। कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों ने अनुकृति के अंतर्गत अनेकता में एकता के भारत के विविध रंग प्रस्तुत करते हुए अनोखा नृत्य प्रस्तुत किया। एडीसीपी सेंट्रल महेश कुमार मुख्य अतिथि थे। विधायक महेश त्रिवेदी, विशिष्ट अतिथि सुपर हाउस ग्रुप के सीएमडी मुख्तारूल अमीन, वाइस चेयरपर्सन शाहिना अभीन, प्रधानाचार्य डॉ रिचा प्रकाश सहित अन्य मौजूद रहे।



एक भारत- श्रेष्ठ भारत पर नृत्य नाटिका का मंचन किया गया। अमृत विचार

## एक नजर

### मोबाइल दुकान का ताला तोड़कर चोरी

**कानपुर।** गोविंद नगर थानाक्षेत्र के दबौली वेस्ट में मंगलवार रात चोरों ने मोबाइल और पंचर की दुकान का ताला तोड़कर हजारों का माल पार कर दिया। शातिरों ने पास की ज्वैलरी शॉप में भी चोरी करने की कोशिश की। दबौली वेस्ट निवासी रविंद्र यादव की मिश्रीलाल चौराहे पर मोबाइल की दुकान है। वह मंगलवार रात करीब नौ बजे दुकान बंद कर घर चले गए थे। सुबह दुकान पहुंचे तो दुकान का शटर टूटा और अंदर का सामान बिखरा था। दुकान में रखे हजारों रुपये के मोबाइल और एसेसरीज गायब थे। शातिरों ने पास में स्थित गणेश पाल की पंचर की दुकान से भी औजार चोरी कर लिए। गोविंदनगर थाना प्रभारी ने बताया कि कैमरे खंगाले जा रहे हैं।

### समय का सदुपयोग अनुशासन जरूरी

**कानपुर।** कल्यानपुर पुराना शिवली रोड स्थित डॉ. नरेंद्र सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कालेज में एक दिवसीय एनसीसी शिविर का आयोजन हुआ। जिसकी शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विशेष सलाहकार बासव राव पाटिल ने की। उन्होंने बताया कि सदैव अनुशासन में रहना चाहिए और समय का सही प्रबंधन कर जीवन में अपने निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करना चाहिए। इस दौरान विद्यालय के प्रबंधक संजय कुमार, विद्यालय प्रबंध समिति के अधिकारी व पदाधिकारी अशोक कुमार सिंह, मुरली राय, वीरेन्द्र सिंह चौहान व अनिल रहे।

### मेडिकल स्टोरों पर छापा गड़बड़ी मिलीं

**कानपुर।** जिला प्रशासन की टीम ने नकली दवाओं की धरपकड़ के लिए नर्वल स्थित मेडिकल स्टोर पर छापेमारी की। मेडिकल स्टोरों में जांच टीम को कई गड़बड़ियां मिलीं। जिला प्रशासन की टीम ने कुढ़नी गांव में स्थित मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण किया। टीम में नायब तहसीलदार शिखा शुक्ला एवं औषधि निरीक्षक ओमपाल सिंह ने सुरेंद्र मेडिकल स्टोर एवं श्री खाटू श्याम मेडिकल स्टोर का निरीक्षण किया। अनियमितताओं के चलते फर्म को नोटिस दिया गया। क्षेत्र के कई अन्य मेडिकल स्टोर वाले शटर बन्द कर भाग गए।

### पूर्व मंत्री के बंगले में घुसे दो चोर

**कानपुर।** पांडु नगर निवासी पूर्व मंत्री अमरजीत सिंह के बंगले में बुधवार दोपहर दो चोर घुस गए। बंगले में काम करने वाले युवक ने शोर मचाकर चोरों को पकड़ने का प्रयास किया तो एक चोर भाग निकला जबकि दूसरा छतों को फांदकर एक घर में कंबल ओढ़कर छिप गया। आरोपी को देखकर महिला शोर मचाते हुए घर से निकली तो पुलिस ने चोर को पकड़ लिया। उसने अपना नाम बाबा निवासी पुंखराया कानपुर देहात बताया है। आरोपित से साथी के बारे में जानकारी की जा रही है।

यूपीसीए में सीनियर चयन समिति के चेयरमैन पद की जिम्मेदारी सौंपी गई

# पूर्व तेज गेंदबाज प्रवीण की यूपीसीए में वापसी



बैठक में राजीव शुक्ल, यूपीसीए अध्यक्ष निधिपत सिंघानिया, निदेशक युद्धवीर सिंह, प्रदीप गुप्ता, रियासत अली, प्रेम मनोहर।

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- अपराजिता महिला सीनियर-जूनियर चयनसमिति चेयरमैन
- यूपीसीए की वार्षिक आम सभा में 22 कमेटियां गठित
- डॉ. संजय कपूर बने यूपीसीए की मीडिया कमेटी के चेयरमैन

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) वार्षिक आम सभा (एजीएम) में बुधवार को 22 कमेटियां गठित की गईं। टीम इंडिया के तेज गेंदबाज रहे मेरठ के प्रवीण कुमार यूपीसीए में सीनियर चयन समिति के चेयरमैन बने हैं। कमला क्लब में हुई 19वीं एजीएम में जूनियर चयन समिति की कमान पूर्व क्रिकेटर प्रशांत गुप्ता को सौंपी गई है। लखनऊ की अपराजिता बंसल को सीनियर-जूनियर महिला समिति का चेयरमैन नियुक्त किया गया। बीसीसीआई में यूपीसीए का प्रतिनिधित्व करने के लिए राजीव शुक्ल के नाम पर सहमति जताई गई। 22 सब कमेटियों की घोषणा भी की गई। डॉ. संजय कपूर को यूपीसीए मीडिया कमेटी का चेयरमैन नियुक्त किया गया।

छह साल से क्रिकेट से दूर प्रवीण कुमार की यूपीसीए में वापसी हुई। प्रवीण ने एक इंटरव्यू में खुद को नजरअंदाज करने की बात कहकर यूपीसीए को घेरा था। प्रवीण ने आखिरी अंतरराष्ट्रीय मुकाबला 2012 मं व घरेलू मैच 2018 में खेला था। यूपीसीए की एजीएम में गवर्निंग काउंसिल के लिए निर्विरोध चुने गए डीएस चौहान और अब्दुल वहाब के नाम की घोषणा हुई। एजीएम में ग्रीनपार्क स्टेडियम की हालत सुधारने व संवारने की योजना पर चर्चा के साथ वाराणसी, गाजियाबाद पर भी मंथन हुआ। बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ल ने कहा कि यूपीसीए के विस्तार के लिए कई योजनाएं बनाई जा रही हैं। ग्रीनपार्क में जल्द ड्रेनेज सिस्टम और दर्शक क्षमता पर काम किया जाएगा। यूपीसीए के सचिव अरविंद श्रीवास्तव ने कहा कि दो-तीन माह में ग्रीनपार्क के नए स्वरूप का डिजाइन तैयार होगा। जिसमें तीन मंजिला गैलरी और ड्रेनेज सिस्टम शामिल होगा।

उन्होंने कहा कि ग्रीनपार्क में लाल मिट्टी की पिच बनाकर सेंटर को पिच के मामले में भी संपूर्ण किया जाएगा। इस मौके पर यूपीसीए अध्यक्ष निधिपत सिंघानिया, निदेशक युद्धवीर सिंह, प्रदीप गुप्ता, संयुक्त सचिव रियासत अली, कोषाध्यक्ष प्रेम मनोहर गुप्ता, एपेक्स सदस्य संजीव मिश्रा, माधवपत सिंघानिया, सीईओ अंकित चटर्जी, पूर्व क्रिकेटर गोपाल शर्मा, राहुल सप्रू, रीता डे, अर्चना मिश्रा, सुजीत श्रीवास्तव आदि रहे।

### यूपीसीए की बनीं कमेटियां

- **क्रिकेट डेवलेपमेंट कमेटी:** राकेश मिश्रा चेयरमैन, रियासत अली, सचिन आनंद, उबैद कमाल, विकास कुमार शर्मा, प्रवीण कुमार, प्रशांत गुप्ता, अपराजिता बंसल, हमेलता काला सदस्य।
- **मीडिया कमेटी:** डॉ. संजय कपूर चेयरमैन, मो. फहीम, अहमद अली खान तालिब, सुनील जोशान, फसहत अली सदस्य।
- **ग्राउंड एंड पिच कमेटी:** कमल चावला चेयरमैन, रियासत अली, सैफ उदैन, शिवम त्रिपाठी।
- **सीनियर टूर्नामेंट कमेटी:** सीता राम सक्सेना चेयरमैन, नितिन गुप्ता, सचिन आनंद, सिद्धार्थ सिंह, सक्षम मिक्षा सदस्य।
- **सीनियर पुरुष चयन समिति:** प्रवीण कुमार चेयरमैन, आशीष विंस्टन जैदी, आरिश आलम, मृत्युंजय त्रिपाठी, शिवाधर बाजपेई।
- **जूनियर पुरुष चयन समिति:** प्रशांत गुप्ता चेयरमैन, कपिल पांडेय, सुरेंद्र चौहान, ब्रजेंद्र कुमार, नासिर अली।
- **महिला चयन समिति:** पराजिता बंसल चेयरमैन, कश्मीरा जैन, क्षमता श्रीवास्तव, शिखा झिंग्रन।
- **महिला क्रिकेट कमेटी:** प्रियंका शैली चेयरमैन, पूर्णिमा रिचडर्स, नीतू अग्रवाल, इति चतुर्वेदी, शाबिया आफताब सदस्य।

### कारतूस बरामदगी में युवक को तीन साल कैद

**कानपुर।** अपर सत्र न्यायाधीश 7 आजाद सिंह की कोर्ट ने कारतूस समेत पकड़े गए युवक को तीन साल कैद की सजा सुनाई है। पांच हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता विनोद त्रिपाठी ने बताया कि अभियुक्त सुभान खां को साढ़ रोड मझावन से पुलिस ने गिरफ्तार किया था। उसके कब्जे से एक कारतूस 315 बोर बरामद किया था। अभियुक्त ने मौखिक रूप से न्यायालय में अपना जुर्म कबूल कर लिया। कोर्ट ने अभियुक्त को तीन साल की सजा व पांच हजार रुपये जुर्माना लगाया है।

### वाद से संबंधित साक्ष्य चोरी, रिपोर्ट

**कानपुर।** कोतवाली थानाक्षेत्र के सिविल जज सीनियर डिवीजन न्यायालय में एक वाद से संबंधित साक्ष्य चोरी होने पर न्यायालय के रीडर ने रिपोर्ट दर्ज करायी है।

सिविल जज सीनियर डिवीजन न्यायालय के रीडर अभिषेक तिवारी की तहरीर के अनुसार न्यायालय में लंबित मूलवाद संख्या 325/1973 किदवई बालिका विद्यालय बनाम श्री किदवई जूनियर हाईस्कूल का साक्ष्य बक्सा चोरी हो गया है। 13 सितंबर 2014 को मामले की जानकारी होने पर उन्होंने शिकायत कोतवाली पुलिस से की।

# पूरी क्षमता से चलेंगी टेनरियां तो बढ़ेंगे विदेशी ऑर्डर भी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



- टेनरियों का 15 दिन का रोस्टर खत्म किया गया
- कुंभ पर आदेश आने पर 260 इकाई को सीधे लाभ
- लगभग 8 हजार करोड़ का होता है शहर से निर्यात

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड लखनऊ की ओर से अनुमति मिलने के बाद जिला प्रशासन से टेनरियों का 15 दिन का रोस्टर खत्म कर दिया है। रोस्टर खत्म होने से अब टेनरियां 30 दिन चल सकेंगी। पूरी क्षमता से 261 टेनरियों के चलने से चमड़ा कारोबारी मान रहे हैं कि इससे शहर में बड़े पैमाने पर विदेशी ऑर्डर आ सकेंगे। निर्यात को बढ़ावा मिल सकेगा। शहर से चमड़े के उत्पादों से जुड़ा निर्यात लगभग 8 हजार करोड़ रुपये के आस-पास है। कुंभ और माघ मेले में रोस्टर के अनुसार टेनरियां बंद और चालू की जाती थीं। अब इस व्यवस्था को खत्म कर दिया गया है। जाजमऊ क्षेत्र में मौजूद 261 टेनरियां चार साल बाद पूरी क्षमता के साथ चल सकेंगी।

चमड़ा कारोबारी मान रहे है कि इससे शहर के चमड़ा उद्योग की 'गुडविल' विदेशी खरीदारों में बेहतर हो सकेगी। उद्यमियों ने बताया कि टेनरियों के रोस्टर के अनुसार खुलने और बंद होने से विदेशी खरीदार शहर में ऑर्डर देने से बचते थे। रोस्टर खत्म होने के बाद शहर को बांग्लादेश और चीन जाने वाले ऑर्डर भी मिल सकेंगे। चर्म निर्यात परिषद के पूर्व रीजनल चेयरमैन जावेदन इकबाल ने बताया कि अबाध टेनरी संचालन से कारोबारियों को ऑर्डर मिलेंगे, स्किल लेबर भी जुड़ी रहेगी, कारोबारियों को लाभ होगा तो राजस्व के रूप में सरकार को भी मुनाफा होगा। पूरी क्षमता से टेनरियों का संचालन होने से समय पर प्रोडक्शन भी पूरा हो सकेगा।

### जटेटा की मांग हुई पूरी

- यूपीपीसीबी के क्षेत्रीय अधिकारी अमित मिश्रा ने बताया कि यूपीपीसीबी लखनऊ की ओर से 15 दिन का रोस्टर समाप्त कर 30 दिन टेनरी चलाने की अनुमति दी गई है। जटेटा इसकी लगातार मांग कर रहा था, जिसपर जिलाधिकारी ने पत्र भेजा था। कानपुर नगर के जाजमऊ क्षेत्र में स्थित टेनरी इकाइयों से अब पर्याप्त मात्रा में टेनरी औद्योगिक उत्प्रवाह 20 एमएलडी सीईटीपी को मिल पायेगा। इससे सीईटीपी पूर्ण क्षमता से चलेगा।



आरोग्यधाम अस्पताल को अल्ट्रासाउंड मशीन दी गई। अमृत विचार

## एलआईसी ने हॉस्पिटल को दी मशीन

**कानपुर।** केशव माधव सेवा न्यास द्वारा संचालित श्री रामलला आरोग्यधाम हॉस्पिटल को भारतीय जीवन बीमा निगम व उत्तर मध्य क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक पीएस नेगी अल्ट्रासाउंड मशीन प्रदान की। भारतीय जीवन बीमा निगम के कानपुर मण्डल के विपणन प्रबंधक विष्णु मिश्रा ने बताया कि एलआईसी सदैव सामाजिक दायित्वों की पूर्ति के लिए कार्यरत रही है। भारतीय जीवन बीमा निगम ने अपनें सामाजिक दायित्वों की पूर्ति के लिए वर्ष 2006 में एलआईसी गोल्डेन जुबली फॉउंडेशन की स्थापना की थी। इस दौरान, प्रादेशिक प्रबंधक उत्तर मध्य क्षेत्र बीडी रावत, कानपुर मंडल के प्रबंधक विक्रय सीएस खवाड़े, प्रबंधक विक्रय हरीश चंद्र द्विवेदी, सुनील कुमार, आरोग्यधाम हॉस्पिटल की समिति के अध्यक्ष डॉ. यूके पालीवाल आदि रहे।

### कत्था कारोबारियों के यहां छापा

**कानपुर।** सीजीएसटी की टीम ने बुधवार को दो कत्था कारोबारियों के छह ठिकानों पर छापा मारा। कर अपवंचना व खरीद-फरोख्त में गड़बड़ियों की सूचना मिली है। हालांकि अधिकारियों की ओर से कोई बयान जारी नहीं किया गया है। स्टॉक में अंतर सामने आया है। विभाग ने दोनों कारोबारियों के ठिकानों से कई दस्तावेजों को कब्जे में लिया है। सीजीएसटी की छह टीमों ने दो कारोबारियों के नयागंज, स्वरूप नगर, रतनलाल नगर, अजगैन, रनियां स्थित आवास, कार्यालय व फैक्टरी में एक साथ छापा मारा। इस दौरान दस्तावेजों के अलावा इलेक्ट्रानिक डिवाइस को भी कब्जे में ले लिया। करीब सात से आठ घंटे तक कार्रवाई चली।

# तकनीकी विकास ने बढ़ाई सुरक्षा की चुनौती

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



आईआईटी में कार्यशाला में मौजूद अतिथि। अमृत विचार

● आईआईटी के सीथ्री आईहब की 4 दिवसीय कॉन्फ्रेंस में साइबर सुरक्षा चुनौतियों पर मंथन

**अमृत विचार।** आईआईटी कानपुर में प्रौद्योगिकी नवाचार केंद्र सीथ्री आईहब के बैनर तले बुधवार से चार दिवसीय कॉन्फ्रेंस शुरू हुई। साइबर चुनौतियों से निपटने के लिए विशेषज्ञों ने कहा कि तकनीक के अत्याधुनिक व विकसित होने से सुरक्षा संबंधी चुनौतियां काफी बढ़ गई हैं। नवाचार से तकनीक का दुरुपयोग रोका जा सकता है।

मुख्य अतिथि साइबर सुरक्षा समन्वयक लेफ्टिनेंट जनरल एमयू नायर के अलावा पूर्व राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा समन्वयक और सीईआरटी-इन के पूर्व महानिदेशक डॉ. गुलशन राय और पूर्व रक्षा सचिव डॉ. अजय कुमार ने भी विचार रखे। सीथ्री आईहब के परियोजना निदेशक प्रो. संदीप शुक्ला ने कहा कि जैसे-जैसे तकनीक विकसित होती है, वैसे-वैसे खतरे भी बढ़ते हैं। ऐसे में यह महत्वपूर्ण है कि हम साइबर सुरक्षा में अत्याधुनिक नवाचारों को अपनाकर प्रतिद्वंद्वियों से आगे रहें। यह सम्मेलन विचारों के आदान-प्रदान के लिए एक मूल्यवान मंच प्रदान करता है जो हमें उस लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद करेगा। लेफ्टिनेंट जनरल एमयू नायर ने इस बात पर खुशी जताई कि सीथ्री आईहब ने राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता माह के दौरान सम्मेलन आयोजित करने की पहल की है। उन्होंने कहा कि हम विकसित प्रौद्योगिकी के साथ तालमेल बनाए रखें और डिजिटल युग की चुनौतियों का समाधान करें। सीईआरटी-इन के पूर्व महानिदेशक डॉ. गुलशन राय ने साइबर खतरों से निपटने के लिए एक सहयोगी और संरचनात्मक दृष्टिकोण की आवश्यकता पर बल देते हुएकहा कि यह दृष्टिकोण विभिन्न हितधारकों के बीच एकीकरण पर आधारित होना चाहिए।

सुधार — चुन्नीगंज से लेकर सेंट्रल स्टेशन तक फिनिशिंग कार्य तेजी से चल रहा

# मेट्रो बना रहा सड़कें, धूल रोकने को पानी का छिड़काव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** यूपीएमआरसी ने चुन्नीगंज से लेकर कानपुर सेंट्रल तक निर्माणाधीन अंडरग्राउंड स्टेशनों के पास फिनिशिंग कार्य तेज कर दिया है। बैरीकेडिंग को हटाकर सड़कों को मोटरेबल किया जा रहा है। प्रदूषण को रोकने के लिये सड़कों पर पानी का छिड़काव व एंटी स्मॉग गन, स्प्रिंकल चलाए जा रहे हैं। मेट्रो अधिकारियों के अनुसार पहले चरण में जहां कार्य खत्म हो गया है वहां दीपावली से पहले यातायात सुचारू किया जाएगा।

कानपुर मेट्रो के चुन्नीगंज से लेकर कानपुर सेंट्रल तक निर्माणाधीन अंडरग्राउंड स्टेशनों के फिनिशिंग का कार्य तेजी से चल रहा है। बड़ा चौराहा, नवीन मार्केट और नयागंज स्टेशन के निकट बैरिकेडिंग हटाने के बाद सड़क मार्ग के हिस्सों को रिस्टोर करने का कार्य किया जा रहा है। हमीरपुर रोड पर भी सड़क निर्माण और ग्रीन बेल्ट विकसित करने का कार्य जारी है। बारादेवी-नौबस्ता सेक्शन के साथ लगे हमीरपुर रोड पर भी बारादेवी स्टेशन से नौबस्ता चौराहे तक दोनों तरफ की सड़क का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है। नौबस्ता चौराहे से आगे बौद्ध नगर स्टेशन तक एक तरफ की सड़क भी लगभग पूरी बना दी गई है। धूल रोकने के लिए पानी का छिड़काव किया जा रहा है।



सड़क का निर्माण करता मेट्रो।





धूल रोकने के लिये पानी का छिड़काव किया जा रहा है। अमृत विचार

### दादानगर में जाम की समस्या विकराल

**कानपुर।** मेट्रो के काम की वजह से दादानगर पुल पर लगने वाली जाम की समस्या दिनोदिन विकराल होती जा रही है। दादानगर की ओर से आने और जाने वाला ट्रैफिक दिनभर फंस-फंसकर चलता है। सुबह और शाम आफिस और फैक्ट्री चलने और छूटने के समय रोज जाम लगता है जो विजय नगर तक पहुंच जाता है। यहां दोनों ओर बहुत संकरा रास्ता छोड़ा गया है जबकि दादानगर औद्योगिक क्षेत्रों में रात-दिन सैकड़ों बड़े वाहन आते-जाते हैं। इसके अलावा विजय नगर में मेट्रो के काम के आस-पास सड़क बहुत खराब है जिससे दिभर ट्रैफिक फंसता है।

# क्रीम कलर में नजर आएगी बिरहाना रोड

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बिरहाना रोड पर अधूरे कार्यों को पूरा करने के लिये बुधवार को मंडलायुक्त अमित गुप्ता और जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। अधिकारियों ने दीपावली से पहले बाजार के सुंदरीकरण के कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिये। बिरहाना रोड के दोनों पट्टी के मकान क्रीम रंग में नजर आयेंगे। रात में फसाड लाइट से बाजार चमचमाती नजर आयेगी।

बुधवार को निरीक्षण के दौरान केडीए उपाध्यक्ष मदन सिंह गर्ब्याल, नगर आयुक्त सुधीर कुमार, केस्को एमडी सैमुअल पॉल एन के साथ मौके पर पहुंचे मंडलायुक्त ने बाजार को सुव्यवस्थित करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान पार्षद विकास जायसवाल ने कई ज्वैलर्स की शिकायत की। उन्होंने मंडलायुक्त को बताया कि ज्वैलर्स तय सीमा से बाहर अपने विज्ञापन पट लगा रखते हैं। इसके अलावा अन्य कब्जे भी दिक्कत कर रहे हैं। इसी तरह एक ज्वैलर्स की और शिकायत मिलने पर खुद कमिश्नर ने उन्हें तय सीमा तक रहने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने कहा कि धनतेरस पर बिरहाना रोड की ज्वैलरी मार्केट से लेकर मिठाई, इलेक्ट्रॉनिक्स और खानपान की दुकानों में भारी भीड़ उमड़ती है, तब तक यह बाजार नए रंग-रूप में दिखने लगेगी।



बिरहाना रोड का निरीक्षण करते अधिकारी।

● मंडलायुक्त और जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

● क्षेत्रीय पार्षद ने कई ज्वैलर्स की शिकायत की

# बैसाखी से हमला कर दिव्यांग युवक की हत्या

## बिठूर थाना क्षेत्र के कुकुरादेव गांव में हुई वारदात, बगीचे में पड़ा मिला शव, भाई की तहरीर पर गैरइरादन हत्या की रिपोर्ट

संवाददाता, बिठूर

**अमृत विचारः** बिठूर थाना क्षेत्र के कुकुरादेव गांव में दिव्यांग युवक की बैसाखी से सिर पर हमला कर हत्या कर दी गई। उसका शव गांव के पास एक बगीचे में पड़ा मिलने से हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी होते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू की। सिर पर गंभीर चोट के घाव मिले, जिससे ताबड़तोड़ हमला किए जाने की आशंका है। भाई की तहरीर पर पुलिस ने गैरइरादतन हत्या की एफआईआर दर्ज की है।

ग्रामीणों के मुताबिक कुकुरादेव गांव का रहने वाला राजेश कश्यप (38) शराब का लती था और वह जुआ भी खेलता था। शव के पास ही शराब के पाउच और दो डिस्पोजल गिलास पड़े मिले हैं। इससे यह भी अंदेशा जताया जा रहा है कि शराब पीने के बाद दिव्यांग का किसी से विवाद हुआ और फिर उसी की

- सीधे सिर पर ही ताबड़तोड़ किया गया प्रहार
- पुलिस पूरे मामले की जांच-पड़ताल में जुटी

बैसाखी से हमला कर हत्या कर दी गई। बताते हैं कि राजेश ज्यादातर गांव से बाहर ही रहता था।


राजेश कश्यप।

राजेश कश्यप की मां रामकुमारी ने बताया कि उसके तीन बेटे हैं, जिनमें बड़ा बेटा मंजेश, फिर राजेश और छोटा बेटा दीपू है। राजेश दशहरा के समय घर आया था। वह अक्सर तीर्थ स्थलों पर रहता था। मंगलवार की सुबह वह बैंक से करीब 4000 रुपये निकालकर लाया था। इसके बाद शाम 7 बजे वह घर से निकला था।

जब वह देर रात तक घर नहीं लौटा तो मां रामकुमारी ने पड़ोस में जानकारी की, लेकिन कुछ पता नहीं चला।


घटनास्थल पर जांच-पड़ताल करतीं पुलिस की टीमें। अमृत विचार

मां ने सोचा कि शायद राजेश कहीं चला गया हो, लेकिन जब बुधवार की सुबह गांव के रहने वाले एक युवक ने राजेश का शव बगीचे में पड़ा होने की जानकारी दी तो वह बदहवास हो गई। मौके पर पहुंचे डीसीपी पश्चिम राजेश कुमार सिंह ने बताया कि बुधवार की सुबह बगीचे में रक्तरंजित शव पड़ा होने की जानकारी मिली थी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच- पड़ताल करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने हत्या की आशंका जाहिर की है, पुलिस की टीमें हत्या के बिंदु पर काम कर रही हैं। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

### 300 मीटर दूरी तक गया खोजी कुत्ता

मामले को गंभीरता से देखते हुए थाना प्रभारी ने जांच के लिए डॉग स्क्वायड टीम को बुलाया। टीम का खोजी कुत्ता घटनास्थल से 300 मीटर दूर स्थित एक खेत की मचान तक गया, जहां ताश के बिखरे हुए पत्ते पड़े थे। इसके बाद खोजी कुत्ता वापस घटनास्थल पर आकर रुक गया। इससे अंदेशा लगाया जा रहा है कि मचान के पास जुआ की फड़ लगी थी। वहीं कोई विवाद हुआ। फिर राजेश की हत्या कर दी गई।

### फोरेंसिट टीम ने भी संकलित किए साक्ष्य

घटना की जानकारी होते ही पहुंचे इंस्पेक्टर प्रेम नारायण विश्वकर्मा ने फॉरेन्सिक टीम को मौके पर जांच करने के लिए बुलाया। जांच करने पहुंची फोरेंसिक टीम ने शव से कुछ दूरी पर पड़ी राजेश की पैंट को कब्जे में लिया और शव के पास रखी बैसाखी को भी कब्जे में ले लिया। बैसाखी में खून लगा हुआ था। शव के पास से खून लगी एक अद्धा ईंट भी मिली, जिसे फोरेंसिक टीम ने जांच के लिए कब्जे में ली है।

### दर्जन भर संदिग्ध हिरासत में लिए गए

पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे करीब 20 सीसीटीवी कैमरों की जांच की है। कैमरों की फुटेज खंगालने के बाद पुलिस ने दर्जन भर से अधिक संदिग्ध लोगों को हिरासत में लिया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने ज्यादातर ऐसे लोगों को हिरासत में लिया है, जो शराब पीने के साथ ही जुआ खेलने के आदी हैं।

# प्लॉट के विवाद में महिला को लगाई आग, थमी सांस

संवाददाता, बिठूर

**अमृत विचारः** बिठूर थाना क्षेत्र के लक्ष्मीबाई नगर में मंगलवार शाम जमीन के विवाद में दो पारिवारिक पक्षों में विवाद हो गया। प्लॉट गिराने के दौरान 60 वर्षीया महिला के ऊपर ज्वलनशील पदार्थ डाल कर आग लगा दी गई। परिजनों ने महिला को उर्सला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान बुधवार सुबह मौत हो गई। बेटे की तहरीर पर पुलिस ने पिता-पुत्रों समेत तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

लक्ष्मीबाई नगर के रहने वाले विजय यादव ने बताया कि उनका उमाशंकर के घर के पास करीब 150 वर्गगज का पुश्तैनी प्लाट पड़ा है। आरोप है कि प्लॉट पर कब्जे की नीयत से मंगलवार की शाम करीब 5 बजे उनके परिवार के ही राधेश्याम यादव अपने दोनों बेटों उमाशंकर और दयाशंकर के साथ

### आरोपी गिरफ्तार

- बिठूर थाना क्षेत्र के लक्ष्मीबाई नगर में हुई वारदात
- पिता-पुत्रों के साथ तीन लोगों के खिलाफ एफआईआर

मिलकर प्लॉट की चहारदीवारी तोड़ रहे थे, तभी उनकी मां ऊषा देवी ने विरोध किया।

महिला के विरोध करने पर आरोपियों ने गालीगलौज करते हुए उनके ऊपर डीजल डालकर आग लगा दी। परिजनों ने फौरन ऊषा को पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से गंभीर हालत में उर्सला रेफर कर दिया गया, जहां इलाज के दौरान बुधवार सुबह ऊषा देवी की मौत हो गई। थाना प्रभारी प्रेमनारायण विश्वकर्मा ने बताया कि इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उनसे पूछताछ की जा रही है।

# वांछित अपराधी को साढ़ पुलिस ने किया गिरफ्तार

**घाटमपुर।** साढ़ थाना क्षेत्र के छतेरुआ गांव में बीते दिन हुई मारपीट में घायल युवक की तरफ से तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा लिखा गया है। पुलिस ने बुधवार को बिरहर चौराहे से आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

पुलिस के मुताबिक बीते दिनों अभियुक्त राकेश ने गांव निवासी एक युवक के साथ मारपीट की थी। पुलिस ने घायल युवक की तहरीर पर इसके खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया था और घायल को इलाज के लिए भीतरगांव सीएचसी भेजा था, जहां से उसे कानपुर के अस्पताल भेजा गया था। उसका इलाज जारी है। साढ़ थाना प्रभारी ने बताया कि अभियुक्त मुकदमे में वांछित चल रहा था, जिसे एसआई प्रदीप भाठी, आशुतोष दुबे व प्रदीप त्रिपाठी ने बिरहर चौराहे से पकड़कर न्यायालय भेजा है। पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है।

# छात्रा का अश्लील वीडियो बनाने वाला युवक हत्थे चढ़ा

संवाददाता, बिधनू

**अमृत विचारः** बिधनू थाना क्षेत्र के एक गांव में 11वीं की छात्रा का अश्लील वीडियो बनाकर इंटरनेट पर वायरल करने वाले गैर समुदाय के युवक को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपित ने 17 वर्षीय छात्रा से पहले नाम बदलकर दोस्ती की। फिर कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर अश्लील वीडियो बनाया था। आरोपित ने वीडियो दिखाकर छात्रा से धर्म परिवर्तन करने का दबाव भी बनाया था। 16 अक्टूबर को पिता ने आरोपित युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।

छात्रा के मुताबिक कुछ माह पहले मझावन गांव निवासी जब्बार का बेटा जफर ने अपना नाम राज बताकर उससे दोस्ती की। एक दिन जफर स्कूल से छुट्टी के बाद उसे घर छोड़ने के बहाने अंजान जगह ले गया। जहां कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर उसे पिला दिया। इसके बाद उसका अश्लील वीडियो बनाया।

- अश्लील वीडियो बना सोशल मीडिया पर किया था वायरल

होश आने पर उसने वीडियो दिखाकर धर्म परिवर्तित करने का दबाव बनाया। छात्रा के विरोध करने पर वीडियो को इंटरनेट मीडिया पर प्रचलित कर दिया। थाना प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज आरोपित की तलाश की जा रही थी। बुधवार सुबह रमईपुर के पास से आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

### दुष्कर्म का आरोपी भेजा गया जेल

**बिधनू।** बिधनू थाना क्षेत्र के एक गांव में एक माह पहले खेत गई 14 वर्षीय किशोरी के साथ गांव के ही युवक ने दुष्कर्म किया था। चीख-पुकार सुन ग्रामीणों के एकत्र होने पर आरोपित मौके पर मोबाइल छोड़कर भाग निकला था। बुधवार को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पीड़िता की मां के मुताबिक 24 सितंबर की दोपहर बेटी खेत गई हुई थी, जहां पहले से ताक लगाए गांव के ही 20 वर्षीय खुशीलाल बेटी को झाड़ियों में खींच ले गया। वहां बेटी के साथ दुष्कर्म किया। चीख-पुकार सुन पास के खेतों में काम कर रहे ग्रामीण दौड़े तो आरोपित मौके पर अपना मोबाइल छोड़कर भाग निकला था। थाना प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मां की तहरीर पर पॉक्सो व दुष्कर्म की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपित की तलाश की जा रही थी। बुधवार सुबह मुखबिर की सूचना पर उरियारा चौराहा नाला के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

# युवक ने लगाई फांसी पुलिस ने जान बचाई

**बिधनू।** सेन पश्चिम पारा द्विवेदी नगर में बुधवार दोपहर 30 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। मकान मालिक की सूचना पर पहुंची पीआरवी 4054 के पुलिस कर्मियों ने तुरंत युवक को फंदे से नीचे उतारकर सीपीआर देकर जान बचाई।

द्विवेदी नगर निवासी सोम गुप्ता के मकान में मनोज कुमार मां गुड्डी के साथ किराये पर रहते हैं। बुधवार दोपहर मनोज शराब के नशे में घर पहुंचा और मां से झगड़ने के बाद साड़ी के सहारे फांसी लगाने का प्रयास कर रहा था। मां की चीख सुन पुलिस को सूचना दी गई। पीआरवी की महिला सिपाही भूरी सिंह ने बताया कि वह पांच मिनट के अंदर चालक गार्ड कमल किशोर के साथ पहुंच गई। मनोज ने फंदे पर लटक गया था। उन्होंने फंदा काटकर उसे नीचे उतारा और सीपीआर देना शुरू किया, जिससे शरीर में हरकत शुरू हुई। इसके बाद उन्होंने उसे पास के नर्सिंगहोम में भर्ती कराया।

# आतिशबाजी का जखीरा पकड़ा

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचारः** दिवाली त्योहार से पहले अवैध रूप से स्टाक की जा रही आतिशबाजी का जखीरा बिल्हौर पुलिस की ओर से पकड़ लिया गया। मुखबिर की सूचना के आधार पर बिल्हौर कस्बे के त्रिवेणीगंज स्थित एक पार्टी लान में बड़ी मात्रा में अवैध पटाखों का जखीरा रखा गया था, जिसे पकड़ा गया है।

इससे पहले पुलिस ने खुफिया तंत्रों से मिली जानकारी के आधार पर सर्च ऑपरेशन चलाया जिसमें कुछ युवकों द्वारा एक पार्टी लान में बड़ी मात्रा में आतिशबाजी रखे होने की बात बताई गई जिसके बाद कस्बा इंचार्ज नरेंद्र कुमार की अगुवाई में टीम ने छापा मारकर एक लोडर भरकर आतिशबाजी बरामद कर ली थाना प्रभारी अशोक कुमार सरोज द्वारा बताया गया की युवकों के पास से ना ही आतिशबाजी बेचने का लाइसेंस प्राप्त हुआ है और ना ही इसके भंडारण करने का कोई पत्र प्राप्त हुआ है तमाम पूछताछ से


आतिशबाजी के साथ पकड़े गए भंडारण करने वाले। अमृत विचार

ज्ञात हुआ की अवैध रूप से दिवाली के दिन महंगे दामों पर कस्बे में आतिशबाजी खपाने का खेल चल रहा था युवक बीते कई वर्षों से इस अवैध व्यापार में संलिप्त है और पूरे मामले में तीन युवकों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध विस्फोटक अधिनियम 1884 के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज की गई है जिसमें कृष्ण कुमार गुप्ता पुत्र श्यामलाल गुप्ता निवासी जयप्रकाश नगर, गोविंद नारायण शुक्ला पुत्र प्रेमचंद शुक्ला निवासी वैष्णव नगर ,और आकाश पुत्र संजीव कुमार निवासी नसीरपुर थाना आरौल को आतिशबाजी के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है बता दें की बड़ी मात्रा में आतिशबाजी के भंडारण में फुलझड़ी चकरी, गोला ,क्लासिक ,अनार ,फुलझड़ी ईगल रॉकेट के अतिरिक्त बड़ी मात्रा में विस्फोटक वाले गोली भी बरामद हुए हैं पुलिस की दिवाली से पहले अवैध आतिशबाजी के मामले में यह अब तक की बड़ी कार्रवाई है इससे पहले कस्बा इंचार्ज ने बाइक चोरों के गिरोह का भंडा फोड़ा था।

# आरोग्य मेला में पशुओं का इलाज

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचारः** भीतरगांव विकास खंड के साढ़ कस्बा में पशु पालन विभाग की ओर से पं दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर 613 पंजीकरण कर पशुओं की जांच कर दवाइयां वितरित की गईं।

पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओम प्रकाश वर्मा ने पशु आरोग्य शिविर का उद्घाटन किया। गो पूजन करने के बाद उन्होंने कहा कि पशुपालकों को वर्गीकृत सीमेन द्वारा गायों का कृत्रिम गर्भाधान कराकर अधिक से अधिक बछिया उत्पादन का लाभ उठाने औक पशु पालन विभाग द्वारा चलाई जा रही पशुधन बीमा योजना,मुख्यमंत्री सहभागिता योजना आदि की भी जानकारी दी।

शिविर में डॉ देवेंद्र ने पशुओं के रोग की पहचान व उनसे बचाव की जानकारी देते हुए पशुओं का


शिविर का उद्घाटन करते भीतरगांव पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ ओपी वर्मा।

- निःशुल्क दवा वितरण के साथ पशुपालकों को दी गईं विभिन्न योजनाओं की जानकारियां

निरीक्षण कर दवाइयां वितरित कीं। कार्यक्रम के दौरान प्रधान जगदीश यादव, सचिव केके पाल, पैरावेट्स लाल प्रताप, सुप्रिया आदि लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन करते हुए पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ वर्मा ने बताया कि गुरुवार को कुड़नी में निःशुल्क आरोग्य शिविर का आयोजन किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक पशुपालकों को योजनाओं से लाभान्वित किया जा सके।

# किसान ने फंदा लगा कर ली आत्महत्या

**सरसौल।** महाराजपुर थाना क्षेत्र के सुनहला गांव में एक किसान ने बुधवार सुबह फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

सुनहला निवासी 35 वर्षीय सूरज सिंह उर्फ मोना का शव बुधवार सुबह गांव के बाहर खेत पर पेड़ से रस्सी के फंदे पर लटकता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव को पोस्टमार्ट के लिए भेजा। सुबह ग्रामीण जब खेतों की तरफ गए तब घटना की जानकारी हुई। सूरज मंगलवार देर रात घर से बिना बताए निकला था। परिजनों ने बताया कि धान व मिर्च की फसल बेमौसम बारिश से खराब हो गई थी। उसी के चलते वह परेशान था। इसके बाद उसने आत्महत्या कर ली। महाराजपुर थानाध्यक्ष संजय पांडेय ने बताया कि आत्महत्या के कारण की कोई जानकारी नहीं हुई है। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की जांच की जा रही है।

# फीस बकाया पर मेडिकल छात्रा को परीक्षा में बैठने से रोका गया

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचार।** क्षेत्र स्थित साईं कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंस एंड टेक्नोलॉजी में पूरी फीस जमा न करने पर छात्रा को परीक्षा में बैठने नहीं दिया गया। भविष्य चौपट होने की आशंका से परेशान पीड़िता ने मामले की शिकायत पुलिस में कर न्याय की गुहार लगाई है।

बिल्हौर कोतवाली क्षेत्र के डुड़वा जमौली गांव की निवासी आरोही पुत्री नीरज कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि वह क्षेत्र के भिंडुरी गांव स्थित साईं कालेज ऑफ मेडिकल साइंस एंड टेक्नोलॉजी में जीएनएम द्वितीय वर्ष की छात्रा है। संस्थान की 80 हजार रुपये की फीस में उसने 60 हजार रुपये जमा कर दिए थे, जबकि 20 हजार रुपये जमा करना शेष रह गया था। इसके लिए उसने रजिस्टार से कुछ दिनों की मोहलत मांगी थी।


छात्रा आरोही।

इधर, 21 अक्टूबर से शुरू हुई फाइनल परीक्षा में फीस का हवाला देकर उसे परीक्षा में बैठने नहीं दिया गया, जबकि उससे ज्यादा बकाया फीस वाले छात्र-छात्राओं को परीक्षा में बैठने दिया गया। परीक्षा में बैठने के लिए वह दो दिन से रजिस्टार से गुहार लगा रही है, लेकिन उसे परीक्षा देने से वंचित रखा गया।

- पीड़िता ने पुलिस से शिकायत कर लगाई न्याय की गुहार
- 80 हजार रुपये फीस में 60 हजार जमा, फिर भी रोका

पीड़ित छात्रा आरोही ने आरोप लगाया कि किसी निजी खुन्नस के चलते रजिस्टार जानबूझ कर उसका भविष्य बर्बाद करना चाहते हैं। वहीं रजिस्टार अरविंद कुमार द्विवेदी का कहना है कि छात्रा से फीस जमा करने की बात कही गई थी। बताया गया था कि छूटे हुए पेपर दोबारा दिलवा दिए जाएंगे। प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र कांत शुक्ला ने बताया कि छात्रा की तहरीर पर मामले की पड़ताल कराई जा रही है। पूरे मामले की जांच के बाद जरूरी कार्रवाई की जाएगी।

# किशोर गायब, पिता ने थाने में दी तहरीर

**शिवराजपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बेहटा के मजरा सांवल पुरवा में घर से अचानक एक किशोर के गायब होने पर अनहोनी की आशंका के भय से पीड़ित पिता ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

सांवल पुरवा गांव निवासी कमल किशोर ने थाने में दी गई तहरीर में बताया है कि सोमवार की शाम 17 वर्षीय पुत्र अनुराग बिना बताए घर से अचानक चला गया। तीसरे दिन भी घर वापस नहीं आया और न ही किसी प्रकार का संपर्क हुआ। उन्होंने अनहोनी की आशंका पर थाने में तहरीर दी है। किशोर के लापता होने के बाद परिवार में कोहराम मचा है। परिवार के लोग ठीक से खाना भी नहीं खा रहे हैं। थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिसोदिया ने बताया कि तहरीर मिली है, जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी। मामले की जांच की जा रही है।

**तैयारी** कंपनी की ओर से 72 घंटे चलाकर किया गया पावर प्लांट का सफल परीक्षण

# नवेली में जल्द होगा बिजली का उत्पादन

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचारः** पावर प्लांट से अगले कुछ दिनों में बिजली का उत्पादन शुरू हो जाएगा। तहसील क्षेत्र के यमुना तटवर्ती गांव में बने 1980 मेगावाट क्षमता के कोल आधारित पावर प्लांट के निर्माणकारी संस्था नवेली उत्तर प्रदेश पावर प्लांट लिमिटेड ने बिजली उत्पादन के लिए कोल फायरिंग टेस्ट शुरू कर दिया गया है। सोमवार से शुरुआत टेस्ट कोल 72 घंटे यानी बुधवार तक चला। इसका बुधवार को सफल परीक्षण किया गया।

सफल परीक्षण के बाद जल्द ही प्लान्ट से बिजली उत्पादन शुरू होने की घोषणा होगी। इस पावर प्लांट में


नवेली पावर प्लांट। अमृत विचार

660 मेगावाट की सुपर क्रिटिकल तीन इकाई लगाई गई हैं। कंपनी के बचे कामों को तेजी से पूरा किया जा रहा है। पहली यूनिट से बिजली

- जल्द होगी बिजली उत्पादन शुरू करने की घोषणा

उत्पादन के लिए कुछ माह पहले डीजल से प्लांट चलाकर बिजली उत्पादन किया जा चुका है। फाइनल परीक्षण कोयला से होना था। सोमवार से कंपनी ने कोल फायरिंग शुरू कर दी। कंपनी के लोग बताते हैं कि 24 घंटे से ज्यादा चलने के बाद सफल माना गया है। 72 घंटे की अवधि में सफल माना जाएगा। फिर कंपनी इसे बिजली उत्पादन की घोषणा करेगी। पहली यूनिट चालू होने के अगले 6 के अंदर दूसरी यूनिट और फिर उसके अगले 6 माह के अंदर तीसरी यूनिट चालू हो जाएगी। 2025 तक पूरा पावर प्लांट बिजली उत्पादन करने लगेगा।

# नाले पर पड़ा मिला अधेड़ का शव

**बिधनू।** सेन पश्चिम पारा थाना क्षेत्र के न्यू आजाद नगर सैनिक चौराहे के पास रामसिंह के मकान के सामने बुधवार सुबह करीब 50 वर्षीय अधेड़ का शव औंधे मुंह पड़ा मिला। स्थानीय लोगों ने शव नाले से निकालकर पुलिस को जानकारी दी।

नाले में शव मिलने की सूचना पर पुलिस ने फारेंसिक टीम बुलाकर साक्ष्य एकत्र करने के साथ आसपास शिनाख्त के प्रयास शुरू किए, लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी। युवक ने सफेद शर्ट, काली पैंट और नीले रंग के हवाई चप्पल पहन रखी थी। चौकी प्रभारी अखिलेश कुमार ने बताया कि शराब के नशे में युवक के नाले में गिरने की आशंका जताई जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। शिनाख्त के भी प्रयास किए जा रहे हैं।

### पापी पेट का सवाल...


चौबेपुर। पापी पेट के लिए क्या-क्या नहीं करना पड़ता। इस बात का अंदाजा छत्तीसगढ़ प्रांत की 6 वर्षीय पायल को देखकर आसानी से लगाया जा सकता है। पढ़ने-लिखने की उम्र में हाथों में कलम की जगह बड़ा सा डंडा और करीब 10 फीट की ऊंचाई पर बंधी रस्सी पर चलकर तरह-तरह के करतब दिखाती इस नन्हीं सी जान को देखकर दर्शक तालियां तो खूब बजाते हैं, लेकिन बदले में मिल पाते हैं तो मात्र 50 से 100 रुपये। जानकारी करने पर पायल के भाई करन ने बताया कि यह उनका पैतृक कार्य है। करीब 2 वर्ष की उम्र से ही पायल नें करतब सीखना शुरू कर दिया था। उसका कहना है कि इस कार्य में जोखिम बहुत है, लेकिन पेट पालने के लिए यह सब करना उनकी मजबूरी है। जीवकोपार्जन के लिए के लिए बहन व मां-बाप को लेकर एक प्रांत से दूसरे प्रांत भ्रमण करते रहते हैं। ● अमृत विचार

## एक नजर

### कार की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर

संदलपुर। क्षेत्र में बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार राहुल निवासी मझपटिया थाना रूरा घायल हो गया। राहगीरों ने उसे सीएचसी हवासपुर में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर गौरव पाल ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल अकबरपुर रेफर कर दिया।

### किशोर ने खाया जहर

रूरा। किशोर ने जहरीला पदार्थ निगल लिया। निजामतपुर गांव निवासी रूप सिंह के ग्यारह वर्षीय पुत्र सत्यम ने बुधवार की दोपहर पिता के डांटने से नाराज होकरघर में रखा जहरीला पदार्थ निगल लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे जिला अस्पताल ले गए। जहां उसका इलाज किया जा रहा है।

### समस्याओं का प्राथमिकता के साथ होगा निपटारा



शिवली। मैथा के नए तहसीलदार सुनील कुमार ने बुधवार चार्ज ग्रहण कर लिया। मंगलवार को भोगनीपुर से मैथा भेजा गया था। उन्होंने कहा कि आम लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाएगा। अधिवक्ताओं के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

# डीएपी खाद का टोंटा, पिछड़ रही बोआई

## राजपुर क्षेत्र की सहकारी समितियों में डीएपी खाद नहीं होने से किसान परेशान, महंगे दाम पर खरीद रहे

संवाददाता, राजपुर

**अमृत विचार।** क्षेत्र की सहकारी समितियों पर डीएपी के न आने से हर रोज बड़ी संख्या में किसान चक्कर लगा रहे हैं। ऐसे में गेहूं बुआई के लिए परेशानी हो रही है। इधर बाजार में निजी दुकानदार महंगे दामों पर खाद खरीदने के लिए किसानों के पास बजट नहीं है। जिससे किसानों को बुआई पिछड़ने की आशंका है।

राजपुर ब्लॉक के पैलावर, दमनपुर, भाल व अमरौधा ब्लॉक के शेखपुर समितियों में पिछले कई दिनों से डीएपी की किल्लत होने से क्षेत्रीय किसानों को खाद नहीं मिल पा रही ह। जिससे फसलों की बुआई नहीं हो पा रही है। किसानों का कहना है कि समय रहते खाद न मिली तो फसल पर संकट बन जाएगा। भाल गांव के किसान अरविंद सिंह ने बताया कि कई दिनों से समिति के लगातार चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन डीएपी न होने से मायूस होकर वापस लौटना पड़ रहा है। बाजार में निजी दुकानदार डीएपी के मनमाने दाम वसूल रहे हैं। किसान रमेश सिंह ने कहा कि बुआई का उचित समय होने के बावजूद खाद न मिलने से क्षेत्रीय किसान सकते में हैं। जल्द ही खाद की व्यवस्था न हुई तो किसानों को फसल उगाना मुश्किल हो जाएगा। किसान मान सिंह व अशोक कुमार ने बताया कि सहकारी समिति पर डीएपी की उपलब्धता नहीं हो पा रही है। बाजार में निजी विक्रेता मनमाने दाम वसूल रहे हैं। इन पर लगाम भी नहीं कसी जा ही है। भाल सहकारी समिति के सचिव देव सिंह ने बताया कि 3-4 दिन में डीएपी आने की संभावना संभावना है।



डीएपी न होने से दमनपुर भाल साधन सहकारी समिति में लटकता ताला। अमृत विचार

### डीएपी की जगह इस्तेमाल करें नैनो डीएपी

जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि किसान आधार, खतौनी एवं फसल के अनुसार उर्वरक प्राप्त कर सकते हैं। संतुलित उर्वरक प्रयोग करने के लिए राज्य सरकार द्वारा पीएम प्रणाम योजना संचालित की जा रही है। जिसमें डीएपी के स्थान पर एनपीके, नैनो डीएपी एवं सिंगल सुपर फास्फेट तथा तिलहनी एवं दलहनी फसलों में डीएपी के स्थान पर एनपीके एवं सिंगल सुपर फास्फेट का प्रयोग करें। यह तिलहनी फसलों में तेल की मात्रा एवं दलहनी फसलों में प्रोटीन की मात्रा को बढ़ाता है। उन्होंने सभी उर्वरक विक्रेताओं को निर्देशित किया है कि निर्धारित दर पर आधार, खतौनी के अनुसार फसल संस्तुति के आधार पर उर्वरकों का वितरण किया जाए। बिना पीओएस मशीन के किसी भी प्रकार का कोई उर्वरक वितरण न किया जाए।

### बाजार में 1500 रुपये तक बिक रही डीएपी

- जहां समितियों में खाद नदारद होने से किसानों के सामने बुआई का संकट है। वहीं खुले बाजार मे निजी दुकानदार मनमाने दामों में खाद की कालाबाजारी कर रहे हैं। सिलहरा के किसान उम्मेद सिंह ने बताया कि पिछले 20 दिनों से भाल व पैलावर समिति में खाद लेने के लिए चक्कर काट रहे हैं, लेकिन नहीं मिल पा रही है। उन्होंने बताया कि खुले बाजार में 1500 रुपये तक खुलेआम डीएपी की बिक्री की जा रही है। वहीं पैलावर के कुंवर सिंह ने बताया कि राजपुर कस्बे में फुटकर दुकानदार ऊंचे दामों में उर्वरकों की बिक्री कर रहे हैं। ऐसे में किसानों का बजट बिगड़ने की संभावना है।

### अफसरों का दावा उर्वरकों का पर्याप्त स्टॉक

- **कानपुर देहात।** जिला कृषि अधिकारी डॉ. उमेश कुमार गुप्ता ने बताया कि बुधवार को इफ्को एनपीके की कानपुर में रैक लगी है। जिसमें जनपद को 1065 मीट्रिक टन (21300 बैग) प्राप्त हुई। इसे समितियों के माध्यम से किसानों में वितरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि उक्त प्राप्त एनपीके में साधन सहकारी समिति किशोरा में 440 बोरी, बरौली घाट 260, डिलवल 480, लक्ष्मणपुर पिलाख 500, संदलपुर 440, भंदेमऊ 440, जल्लापुर 240, पहाड़ीपुर 440, रतनपुर कस्तूरी 440, रायरामापुर 480, कैलई 480, अरहरिया मऊ 480, बरौली घाट 500, गौरी हसनपुर 400, बनीपारा 500, सराय 260, अमरौधा 240, रसूलाबाद 400, बिरिया रसूलाबाद 500, रूरा 500, सलेमपुर महेरा 400, जैतपुर शिवली 400, जलपुरा 240, बदौली 260, सीएमएस पुखरायां 500, इफ्को ई-बाजार शिवली 1000, आईएफएफडीसी शिखदेव कहिंजरी 500 एवं सीएससी बिलहा को 400 बोरी भेजी जा रही है। फिलहाल जनपद में उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है।

# पुखरायां में दंपति ने ट्रेन से कटकर खुदकुशी की

संवाददाता, पुखरायां

- पिंडारथू गांव में झगड़े के बाद उठाया आत्मघाती कदम
- साथ काम करने वाले ने मौके पर पहुंचकर की शिनाख्त

**अमृत विचार:** कानपुर से झांसी जाने वाली इंटरसिटी ट्रेन से बुधवार रात लगभग 8:45 बजे रेलवे स्टेशन के समीप पति-पत्नी ने कटकर आत्महत्या कर ली। दंपति सिकंदरा तहसील क्षेत्र के पिंडारथू गांव के रहने वाले थे। पति भोगनीपुर में एक कार शोरूम में सेल्समेन था।

बताते हैं कि सोम शुक्ला अपने गांव पिंडारथू से रोज भोगनीपुर आता-जाता था। बुधवार को भी वह गांव गया था। गांव में पति-पत्नी का किसी से झगड़ा हो गया। इसके बाद सोम के भाई भोलू शुक्ला ने साथ में कार शोरूम में काम करने वाले अवधेश कुमार त्रिपाठी को मोबाइल पर बताया कि झगड़ा के बाद सोम शुक्ला पत्नी के साथ पुखरायां चले गए हैं और गुस्से में ट्रेन से कटकर मर जाने की धमकी भी दे गए हैं।

सूचना मिलते ही सोम शुक्ला से वरिष्ठ पद पर कार्यरत अवधेश कुमार त्रिपाठी तत्काल पुखरायां के लिए रवाना हो गए। गांव से जाते समय उन्हें क्रॉसिंग बंद मिला और स्टेशन पर इंटरसिटी गाड़ी खड़ी दिखी। लोग यह चर्चा करते मिले कि एक दंपति ने ट्रेन से कटकर जान दे दी है। अवधेश त्रिपाठी को समझते देर नहीं लगी। मौके पर पहुंचने के बाद अवधेश ने सोम शुक्ला व उसकी पत्नी की शिनाख्त की।

दंपति की शिनाख्त हो जाने के बाद पुलिस ने पिंडारथू गांव फोन करके उसके भाई चोला और भोलू शुक्ला को मामले की सूचना दी। पुलिस भोलू शुक्ला के मौके पर आने का इंतजार कर रही थी और दोनों शवो के पंचनामा करने की तैयारी की जा रही थी। पुलिस ने पूरे मामले की प्रारंभिक जांच-पड़ताल करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। हादसे के बाद इंटरसिटी ट्रेन काफी देर तक खड़ी रही। बाद में उसे झांसी के लिए रवाना किया गया। हादसे के बाद परिवार में चीख-पुकार मची है।

# पीएम सूर्यघर से मिलेगी मुफ्त बिजली

संवाददाता, राजपुर

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ़्त बिजली योजना के तहत नगर पंचायत कार्यालय में बैठक हुई। जिममे अधिकारियों ने योजना का प्रचार प्रसार समेत अन्य जानकारी दी।

बुधवार को बैठक में पीओ नेडा राकेश पांडेय व जेई सिविल गजेंद्र सिंह ने बताया कि पीएम सूर्य घर मुफ़्त बिजली योजना का उद्देश्य भारत में घरों को मुफ़्त बिजली उपलब्ध कराना है। इसकी शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीती 15 फरवरी को की है। योजना के तहत घरों की छतों पर सोलर पैनल लगाने के लिए सब्सिडी दी जाएगी। सोलर प्लांट लगवाने के लिए 1 किलो वाट में 70 हजार रुपए जमा करें। जिसमें 45 हजार रुपये सब्सिडी मिलेगी।

इसी तरह 2 किलो वाट में 1 लाख 30 हजार रुपये जमा होंगे। जिसमें 90 हजार रुपये सब्सिडी वापस आएगी। 3 किलोवाट में 1 लाख 85 हजार रुपये जमा करना पड़ेगा। इसमें 1 लाख 8 हजार रुपये सब्सिडी वापस आएगी। 4 किलो वाट से 10 किलो वाट तक 2 लाख 45 हजार रुपये जमा होगा। जिसमें 1 लाख 8 हजार रुपये सब्सिडी वापस आएगी। इस योजना का लाभ विद्युत कनेक्शन उपभोक्ताओं को ही मिलेगा। जितने किलोवाट का विद्युत कनेक्शन होगा। उतने ही किलोवाट का सोलर पैनल का कनेक्शन मिलेगा।

सोलर प्लांट का कनेक्शन लेने के लिए नजदीकी जन सेवा केंद्र पर जाकर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। जिसमें आधार कार्ड, बैंक पासबुक व बिजली कनेक्शन आदि दस्तावेज अनिवार्य हैं। बैठक में अवर अभियंता सौरभ त्रिपाठी, ईओ निति त्रिपाठी, वेंडर आदि मौजूद रहे।



बैठक में योजना की जानकारी देते अधिकारी। अमृत विचार

- योजना को लेकर नगर पंचायत कार्यालय में हुई बैठक

# किसान की हत्या में दो आरोपी गए जेल

संवाददाता, शिवली

**अमृत विचार।** जुगराजपुर बिठूर गांव से लापता किसान ओमप्रकाश की हत्या में नामजद आरोपी ट्रैक्टर मालिक कन्हैया मिश्रा व चालक नन्हा यादव को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। इधर किसान का बुधवार को अंतिम संस्कार कर दिया गया। गांव में भारी पुलिस बल तैनात रहा।

शिवली कोतवाली की बाघपुर चौकी के गांव जुगराजपुर बिठूर की रहने वाली मालती दिवाकर ने पुलिस को बताया था कि पति ओमप्रकाश दिवाकर उर्फ गुड्डू 16 अक्टूबर को पांडव नदी के पास खेत में लाही की बुआई कराने की बात कहकर निकले थे। 17 अक्टूबर को गुमशुदगी दर्ज कराई गई। इसके बाद 19 अक्टूबर को पत्नी मालती ने ट्रैक्टर मालिक कन्हैया मिश्रा व चालक नन्हा यादव के खिलाफ अपहरण करने की रिपोर्ट दर्ज कराई कि किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। तब से उनका कोई पता नहीं चल पाया। कुछ कपड़े के टुकड़े के खेत के पास पड़े मिले। उक्त लोगों ने पति को गायब कर दिया है। सोमवार को लापता किसान का शव थाना बकेवर जिला फतेहपुर की नहर में मिला था।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी। अमृत विचार

- शव देर रात गांव आने पर भारी पुलिस बल रहा तैनात

# शिक्षामित्रों के लिए खुशखबरी जल्द

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** 2005 से पूर्व विज्ञापन के आधार पर पुरानी पेंशन से आच्छादित शिक्षकों ने अकबरपुर डिग्री कॉलेज सभागार में शिक्षक उन्नयन गोष्ठी का आयोजन किया, जिसमें जनपद के प्राथमिक व जूनियर संवर्ग के शिक्षक शिक्षिकाओं ने सहभागिता की। इस दौरान स्नातक एमएलसी का स्वागत कर मुख्यमंत्री को संबोधित आभार पत्र व बैनर दिया गया।

बुधवार गोष्ठी में पुरानी पेंशन से लाभांवित हुए शिक्षकों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताया। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे स्नातक एमएलसी अरुण पाठक को मुख्यमंत्री को संबोधित हस्ताक्षर युक्त आभार पत्र एवं बैनर सौंपा गया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे एसआरजी अनंत त्रिवेदी ने कहा कि विधायक द्वारा विशिष्ट बीटीसी 2004, बीटीसी 2004 एवं उर्दू बीटीसी 2004 बैच को पुरानी पेंशन दिलाने के लिए शासन स्तर पर अथक प्रयास किया गया है। इसके लिए हम सभी आभारी हैं।

एमएलसी अरुण पाठक ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों के गलत निर्णयों के चलते शिक्षा व्यवस्था बिल्कुल चरमरा गई थी। प्रदेश में जब से भाजपा सरकार बनी है। तभी से शिक्षा व्यवस्था सुधार के लिए सकारात्मक कदम उठाए गए हैं। आने वाले समय में सरकार के द्वारा शिक्षा में गुणात्मक सुधार देखने को मिलेंगे। जल्द ही सरकार शिक्षामित्रों के विषय में भी कुछ अच्छी खुशखबरी लेकर आ सकती है। कार्यक्रम में बीईओ अकबरपुर मनोज कुमार सिंह, विधायक प्रतिनिधि बालजी शुक्ला, प्रतिनिधि अरुण दुबे, पुनीता पालीवाल, कल्पना सोनी, राहुल, सुमन, धीरेंद्र कुशवाहा, अरुण कटियार, मदन मोहन पाठक, विनीत मिश्रा, बीईओ अजीत प्रताप सिंह, अजब सिंह, एआरपी नवजोत सिंह, नौशाद अहमद, ज्योत्सना आदि मौजूद रहे।





शिक्षकों को संबोधित करते एमएलसी अरुण पाठक। अमृत विचार

- पुरानी पेंशन से आच्छादित शिक्षकों ने एमएलसी अरुण पाठक का किया स्वागत

# गोवंशों को पकड़कर गौशाला भेजा गया

संवाददाता, राजपुर

**अमृत विचार।** सरकार ने छुट्टा पशुओं के लिए गो आश्रय केंद्रों की स्थापना की है। इसके बाद भी छुट्टा पशु फसलों को बर्बाद कर रहे हैं। जिन्हें पकड़ने के लिए नगर पंचायत की टीम ने अभियान चलाया।

बुणवार को नगर पंचायत ने राजपुर कस्बे की सड़कों पर घूम रहे छुटटा गोवंशां को पकड़ने का अभियान चलाया। नगर पंचायत कर्मचारियों ने चार छुटटा गोवंशों को पकड़कर गोसंरक्षण केंद्र पर भिजवाया। ईओ नीति त्रिपाठी ने बताया कि छुटटा गोवंश को पकड़ने का अभियान दो दिनों के लिए चलाया जा रहा है।



राजपुर में छुट्टा गोवंश पकड़ते नगर पंचायत कर्मी। अमृत विचार

मंगलवार व बुधवार को टीम ने चार गोवंशों को पकड़कर गो संरक्षण केंद्र राजपुर में भिजवा दिया है। उन्होंने बताया कि नगर वासियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए तथा किसानों की शिकायत पर दो दिनों तक आवारा गोवंश पकड़ने का कार्य चलेगा। क्षेत्र में कहीं आवारा गोवंश नहीं दिखेंगे।

# खानपुर डिलवल ओवरऑल विजेता बना

संवाददाता, संदलपुर

**अमृत विचार।** बुधवार को ब्लाक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख राहुल तिवारी उर्फ मीनू तिवारी, ग्राम प्रधान सम्मीउद्दीन व बीईओ अशोक कुमार ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया। बच्चों ने मां सरस्वती की वंदना प्रस्तुति दी। बाद में प्रतियोगिता को हरी झंडी दिखाई गई।

प्राथमिक स्तर पर 50 मीटर बालक वर्ग में प्रथम स्थान हसनैन रजा सुरासी, 100 मीटर बालक वर्ग में हसनैन रजा सुरासी, 200 मीटर में प्राथमिक विद्यालय जैतापुर से जीतू प्रथम रहे। जूनियर वर्ग 100 मीटर में प्रांशू कंपोजिट खानपुर प्रथम, बालिका वर्ग 100 मीटर में पूर्व माध्यमिक विद्यालय फरीदपुर निटर्रा से नीशू प्रथम, 200 मीटर बालिका वर्ग में पूर्व माध्यमिक विद्यालय डिलवल से आदिति प्रथम, 200 मीटर बालक वर्ग में पूर्व माध्यमिक विद्यालय बहबलापुर अंकित प्रथम, पूर्व माध्यमिक विद्यालय बहबलापुर से अमन प्रथम, 400 मीटर बालिका वर्ग में पूर्व माध्यमिक विद्यालय चकही से प्रिया देवी प्रथम, बालिका जूनियर कबड्डी में खानपुर डिलवल प्रथम रहे।

बालक कबड्डी में बहबलपुर प्रथम व खो-खो में उच्च प्राथमिक विद्यालय बालिका वर्ग में जूनियर विद्यालय ककलापुर व बालक वर्ग में अभिषेक पलहनापुर विद्यालय प्रथम स्थान पर रहा। लंबी कूद में काजल व बालक वर्ग में उच्च प्राथमिक विद्यालय डिलवल रिहान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

इस मौके पर व्ययाम शिक्षक उपेंद्र कटियार, विकास कुमार, बीरेंद्र कुमार, नरेंद्र सिंह, राहुल कटियार, अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ दीपक कटियार, रजत सचान, सोनू कुशवाहा, कैफ, गौरव राजपूत, मो.शामी, शीलता प्रसाद यादव, नवीन, अंकित यादव, विजय बहादुर आदि लोग मौजूद रहे।



पुरस्कार के साथ प्रतियोगिता के विजेता छात्र। अमृत विचार

- ब्लाक स्तरीय खेलकूद में बच्चों ने दमखम
- 50 मीटर दौड़ में हसनैन रजा ने प्रथम स्थान पाया

## सार-संक्षेप



प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे। अमृत विचार

### 100 मीटर दौड़ में राजशिखा प्रथम

**शिवली।** एनपीआरसी लालपुर शिवराजपुर की न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन मॉडल जूनियर हाईस्कूल सरैया लालपुर में किया गया। 100 मीटर दौड़ प्राथमिक में राज शिखा अलियापुर ने बालिका वर्ग में और 200 मीटर दौड़ उच्च प्राथमिक में श्रेयांश अलियापुर और बालिका वर्ग में विक्रमपुर की श्रेया ने बाजी मारी। उच्च प्राथमिक स्तर पर बालक वर्ग गोला फेंक और चक्का फेक दोनों में राज सरैया लालपुर ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। बालिका वर्ग में शिवानी सरैया लालपुर ने भी गोला और चक्का दोनों में बाजी मारी। लंबी कूद में बालक वर्ग में अलियापुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। खो खो बालक तथा बालिका दोनों वर्ग में सरैयालालपुर में ,योगासन में सरैया लालपुर ने पी टी एवं विशेष प्रदर्शन में सरैया लालपुर गोल्ड मेडल जीता। कबड्डी बालिका वर्ग में अलियापुर में बाजी मारी जबकि बालक वर्ग कबड्डी में सरैया लालपुर के बच्चे प्रथम रहे। विजेता बच्चों को पुरस्कार वितरण मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि के द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि सपना सिंह खंड शिक्षा अधिकारी रही। प्रतियोगिता में मॉडल जूनियर हाई स्कूल सरैया लालपुर प्रधानाध्यापक राजनाथ द्विवेदी ,सहायक अध्यापक कृष्ण बिहारी अग्निहोत्री , निशा सिंह, राहुल त्रिपाठी के साथ-साथ श्रीपाल बघेल, नमीता निगम, संजय वर्मा, सुरेंद्र सिंह चंदेल, विजय यादव, सुषमा सिंह, सुनीता मग्गो, अपेक्षा बाजपेई शिखा, शोभानी, आकांक्षा देवी आदि उपस्थित रहे।

### सवालों के जवाब देकर छात्र हुए सम्मानित

**मंगलपुर।** क्षेत्र के अंतापुरी इंटर कॉलेज में झींझक सीएचसी के चिकित्सकों की टीम ने किशोर स्वास्थ्य मंच आयोजन के तहत एनीमिया व माहवारी के विषय में जानकारी दी। छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। बुधवार को अंतापुरी इंटर कॉलेज में झींझक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों ने जानकारी देकर जागरूक किया। इसके बाद विद्यालय परिसर में मौजूद करीब 300 छात्र-छात्राओं के बीच अल्पता व महावारी से ही जुड़े हुए सवालों को पूछ कर प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें छात्रों ने अपनी समझ के अनुसार जवाब दिए। प्रतियोगिता में कक्षा 10 की छात्रा सृष्टि सिंह ने प्रथम स्थान, कक्षा 10 के छात्र कन्हैया ने द्वितीय व कक्षा 9 के छात्र अभिषेक ने तृतीय स्थान पाया। अन्य छात्रों ने भी स्थान हासिल किए। चिकित्सक डॉ. पीडी चतुर्वेदी, नेत्र परीक्षण अधिकारी विमलेंद्र गोस्वामी, एएनएम सरोज व विद्यालय के प्रधानाचार्य फूलचंद गौतम आदि ने छात्रों को पुरस्कृत कर उत्साह वर्धन किया।

### बुलंदशहर में मजदूर की मौत, अकबरपुर में पोस्टमार्टम

**रूरा।** थाना क्षेत्र के कमालपुर गांव के रहने वाले एक मजदूर की बुलंदशहर के सिकंदराबाद में मौत हो गई। परिजन शव लेकर गांव पहुंचे। जहां सूचना के बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कमानपुर गांव निवासी छुन्ना (45) करीब दो माह पूर्व घर से मजदूरी करने के लिए बुलंदशहर के सिकंदराबाद गया था। वहां पर एक मकान में मजदूरी कर रहा था। मंगलवार को मजदूरी करते समय वह घायल हो गया था। ठेकेदार ने उसे वहीं के निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। ठेकेदार ने परिजनों को सूचना दी थी। जिसपर मृतक की पत्नी रिंकी व पिता चंदिका सिकंदराबाद से देर रात शव को घर ले आए। बाद में मृतक के पिता ने अपने पुत्र की मृत्यु का कारण जानने के लिए पुलिस को तहरीर दी। मौके पर पहुंचे दरोगा रामवीर सिंह ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

**सत्यापन होगा** मुख्य विकास अधिकारी ने विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देश

# चारागाह समतल कर उगाएं नेपियर घास

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** जनपद में संचालित स्थाई व अस्थायी गोवंश आश्रय स्थलों की व्यवस्थाओं को शीघ्र पूर्ण कर लें। साथ ही गोवंश आश्रय की प्रगति एवं ग्राम पंचायत से आवारा पशुओं की मुक्ति कार्य जल्द पूरा किया जाए। यह निर्देश सीडीओ लक्ष्मी एन. ने विकास भवन सभागार में बैठक के दौरान दिए।

उन्होंने सभी बीडीओ व पशु चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया कि उनके द्वारा जिन हॉट स्पॉट जगहों का चिंहांकन किया गया है। उन जगहों पर प्राथमिकता के आधार पर गोवंश संरक्षित कराए जाएं। इसमें किसी भी प्रकार कि लापरवाही न बरती जाए। साथ ही गोवंश आश्रय स्थलों में कार्यरत केयर टेकरों का भुगतान समय पर किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी गोआश्रय स्थलों पर पशुओं के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी, चारा, शेड व चिकित्सा की व्यवस्था हर समय उपलब्ध रहे।

उन्होंने कहा कि जिन गोआश्रय स्थलों पर चारागाह की भूमि उपलब्ध नहीं है। उनका जल्द से जल्द चिंहांकन करा लिया जाए। साथ ही चारागाह भूमि का समतलीकरण कर सिंचाई की व्यवस्था करते हुए हरे चारे व नेपियर ग्रास का रोपण प्राथमिकता पर करें। सीडीओ ने एक परिवार एक पहचान फैमिली आईडी बनाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कहा कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में आईडी जारी करने के लिए बीडीओ को अधिकृत किया है। राशन कार्ड को आधार मानकर उसी नंबर को आईडी की पहचान दी जाएगी। जिनके पास राशन कार्ड नहीं है। उन्हें नए सिरे से ऑनलाइन आवेदन करना होगा।

इसके बाद उन्होंने ब्लॉक मिशन मैनजेर एवं बीडीओ को निर्देशित किया कि राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत ब्लाकों से महिलाओं का चयन कर ज्यादा से ज्यादा समूहों का गठन किया जाए। जिससे वह आत्मनिर्भर व सशक्त बन सकें। वहीं मनरेगा अंतर्गत मानव दिवस सृजन, मास्टर रोल, महिला मेटों का नियोजन, जॉब कार्ड सत्यापन आदि कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस मौके पर जिला पंचायत राज अधिकारी विकास पटेल, सभी बीडीओ समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



विकास भवन में बैठक करतीं सीडीओ लक्ष्मी एन.। अमृत विचार

# बकाये के लिए अनशन करेंगे रोजगार सेवक

संवाददाता, राजपुर

- ग्राम रोजगार सेवकों ने सीएम को संबोधित ज्ञापन एडीओ को सौंपा

**अमृत विचार।** ग्राम रोजगार सेवक एकता संघर्ष समिति ने मांगों को लेकर ब्लॉक कार्यालय पर प्रदर्शन किया। साथ ही वहीं मुख्यमंत्री को संबोधित आठ सूत्रीय मांगों का ज्ञापन अधिकारियों को दिया।

ग्राम रोजगार सेवकों के साथ ब्लॉक पहुंचे ब्लॉक अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार पाल ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा रोजगार सेवकों व मनरेगा कर्मियों के संबंध की गई घोषणाओं पर अमल किया जाए। अन्य प्रदेशों की तरह यहां के रोजगार सेवकों का मानदेय बढ़ाया जाए। जिन ग्राम रोजगार सेवकों का मानदेय रुका है, उसे शीघ्र दिलाया जाए। मूल ग्राम पंचायत के साथ-साथ रिक्त पंचायतों में भी कार्य लिया जाए।

ग्राम विकास अधिकारी भर्ती में 50 प्रतिशत का कोटा ग्राम रोजगार सेवकों के लिए आरक्षित रखा जाए। साथ ही ग्राम रोजगार सेवकों को मनरेगा की यूजर आईडी व पासवर्ड दिया जाए। दुर्घटना में मृत्यु होने पर उनके आश्रित को सेवा में समायोजित किया जाए। ईपीएफ कटौती की धनराशि मनरेगा कर्मचारियों के खातों में भेजी जाएं। उन्होंने कहा कि रोजगार सेवकों को नियमित कर राज्य कर्मचारी का दर्जा दिया जाए। साथ ही विभागीय कर्मी घोषित कर पृथक बजट दिया जाए। वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं वर्तमान वित्तीय वर्ष का बकाया दीपावली से पहले किया जाए।

## एक नजर

### घरेलू कलह के चलते युवक ने निगला जहरीला पदार्थ

**बांगरमऊ।** कोतवाली क्षेत्र के गांव चहलहा के मजरा मुझैया निवासी राजू (31) पुत्र कृष्णपाल ने घरेलू कलह के चलते बुधवार दोपहर घर में रखा जहरीला पदार्थ निगल लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। यह देख परिजन आनन-फानन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### डंपर ने आटो में मारी टक्कर, 5 लोग घायल

**पुरवा।** कोतवाली क्षेत्र के गांव जोरावर निवासी अल्ताफ पुत्र शाहनवाज ऑटो चलाता है। उसी से बुधवार शाम 5 बजे वह दही चौकी से पुरवा आ रहा था। तभी कोतवाली क्षेत्र के तारनखेड़ा गांव के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने ऑटो में कट मार दिया। जिससे ऑटो सड़क किनारे पलट गया। जिसमें बैठी शमशुन निशा, महक, सानिया व इरफान निवासी जोरावरगंज व चालक गंभीर घायल हो गए। जिन्हें लोगों ने एम्बुलेंस से पुरवा स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां उनका इलाज किया गया।

### युवक की संदिग्ध हालात में मौत

**उन्नाव।** सदर कोतवाली अंतर्गत मगरवारा चौकी क्षेत्र के खटई गांव निवासी लकी पुत्र मेवालाल की अचानक हालत बिगड़ गई। परिजन उसे इलाज के लिए कानपुर ले गए। जहां उसकी मौत हो गई। चर्चा है कि युवक का पत्नी से विवाद हुआ था। इसके बाद उसने जहरीला पदार्थ निगल लिया। हालांकि परिजनों ने पुलिस को इसकी जानकारी नहीं दी है। उसकी मौत से पत्नी प्रीति व मां रानी रो-रोकर बेहाल हैं।

### आनलाइन गेम में लाखों गंवाने वाला सिपाही लाइन हाजिर

**अमृत विचार।** आनलाइन गेम में लाखों रुपये गंवाने की बात कह उच्चाधिकारियों से मदद की गुहार लगाने व आत्महत्या की धमकी देने वाले डायल-112 में तैनात सिपाही सूर्य प्रकाश को एसपी दीपक भूकर ने लाइन हाजिर किया है। बता दें कि सिपाही ने इसका वीडियो वायल किया था। जिसके बाद एसपी ने सीओ सिटी को मामले की जांच के आदेश दिए थे। काउंसलिंग करने के साथ उसका फोन भी जांच के लिए लिया गया था।

### तमंचे के साथ पकड़ा गया आरोपी

अमृत विचार। सदर कोतवाली अंतर्गत दोस्ती नगर चौकी इंचार्ज इंद्रदेव उपाध्याय ने बताया कि चेकिंग के दौरान बुधवार को फारुख पुत्र कमाल खां निवासी झंडा चौराहा कांच वाली बिल्डिंग गंगाघाट कोतवाली को पकड़ा गया है। फारुख शातिर अपराधी है और वह जालौन जिले का मूल निवासी है। उसके पास तमंचा व कारतूस बरामद हुए हैं। कार्रवाई के बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेजा गया है।

# गड्ढे में उतराता मिला लापता बच्ची का शव

## परिजनों की आशंका पर डॉक्टरों के पैनल ने किया पोस्टमार्टम, अजगैन के दांदूपुर गांव का मामला

संवाददाता नवाबगंज, उन्नाव


मानवी।


जांच करती पुलिस व फारेंसिक टीम। अमृत विचार


बिलखते परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के दांदूपुर गांव में मंगलवार को लापता हुई ढाई वर्षीय बच्ची का शव पड़ोसी के घर के सामने पानी भरे गड्ढे में पड़ा मिला। परिजनों द्वारा मौखिक आशंका जताने पर फील्ड यूनिट व फोरेंसिक टीम ने जांच के बाद शव का डॉक्टरों के पैनल से वीडियोग्राफी के बीच पोस्टमार्टम कराया। जिसमें डूबने से उसकी मौत होने की पुष्टि हुई है।

बता दें कि जनसार गांव के मजरा दांदूपुर निवासी जेसीबी चालक मनोज की ढाई वर्षीय बेटी मानवी बीते मंगलवार पांच रुपये लेकर पड़ोसी कमलेश की दुकान से टॉफी लेने गई थी। काफी देर बाद भी वह वापस नहीं लौटी तो मां ने बड़ी बेटी जाह्नवी को उसे बुलाने भेजा। लेकिन दुकानदार ने उसके वहां न आने की बात कही। इस पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। पिता घर पर नहीं था तो मां पिंकी ने इसकी जानकारी दही थानाक्षेत्र के गजौली गांव निवासी अपनी मां गोमती को दी। नानी की सूचना पर अजगैन पुलिस गांव पहुंची और जांच की। लेकिन मानवी का कुछ पता नहीं लगा। बुधवार सुबह सीओ संतोष सिंह अजगैन पुलिस के साथ गांव पहुंचे और बच्ची की तलाश शुरू की। स्निफर डॉग भी बुलाया गया। तभी तलाश के दौरान बच्ची का शव पड़ोसी बबलू के घर के सामने बने पानी भरे गड्ढे से बरामद हुआ। शव देख परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों की आशंका पर फील्ड यूनिट टीम बुलाकर जांच कराई गई। बेटी की मौत से माता-पिता बेहाल रहे। वहीं परिजनों के मौखिक आरोप पर पड़ोसी घर की महिलाओं व बच्चों से पुलिस ने पूछताछ की। मानवी तीन भाई-बहनों में छोटी थी।

भाई दिव्यांशु मानसिक दिव्यांग है। मामला संदिग्ध देख पुलिस के पत्र पर सीएमओ ने दो डॉक्टरों का पैनल गठित कर वीडियोग्राफी के बीच पोस्टमार्टम कराने के निर्देश दिए। इस पर डॉ. फरीद अहमद व डा. अमन रिजवी ने वीडियोग्राफी के बीच पोस्टमार्टम किया। जिसमें बच्ची के डूबने से मौत होने की पुष्टि हुई।

सीओ संतोष सिंह ने बताया कि डॉग स्क्वायड व फोरेंसिक टीम बुलाकर जांच कराई गई है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

### तंत्रमंत्र की भी जताई आशंका

**नवाबगंज।** मां पिंकी व नानी ने तंत्र मंत्र के चक्कर में बच्ची की हत्या करने का आरोप पड़ोसी महिलाओं पर लगाया है। इस पर पुलिस ने उनसे पूछताछ भी की। हालांकि पिता ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कोई कार्रवाई करने की बात कही है।

# हैंडपंप मरम्मत व रिबोरिंग के नाम पर लाखों का गबन

भ्रष्टाचार

संवाददाता हसनगंज, उन्नाव

**अमृत विचार।** विकासखंड क्षेत्र के गांव खैराबाद में प्रधान व सचिव पर हैंडपंप मरम्मत व रिबोरिंग के नाम पर लाखों रुपये का बंदरबांट करने का आरोप लगा ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायतकर प्रधान व सचिव के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

ग्रामीणों ने बताया कि गांव में सिर्फ दो हैंडपंपों की रिबोरिंग हुई है। जबकि खराब हुए हैण्डपंप की मरम्मत का कार्य लोग अपने पैसे से करवाते हैं। इसके बावजूद वित्तीय वर्ष 2023-24 व 2024-25 में 15वें वित्त व पंचम वित्त से करीब 3 लाख 85 हजार रुपये हैंडपंप रिबोर व मरम्मत के नाम पर निकाल लिए गए। वहीं क्षेत्र के गांव खैराबाद निवासी विजय शंकर द्विवेदी ने आरोप लगाया कि गांव में अभी तक किसी भी हैंडपंप की मरम्मत व रिबोर नहीं कराया गया है। जबकि एक नल की मरम्मत उन्होंने अपने खर्चे पर करवाई है। गांव में गंदगी का अंबार है। नालियों का पानी सड़कों पर बह रहा है। सफाई करने भी कोई नहीं आता है। वहीं ग्रामीण रमेश ने बताया कि किसी भी हैंडपंप की मरम्मत या रिबोर का काम नहीं हुआ है।

सिर्फ खाते से पैसे निकालने की जानकारी मिल रही है। इसी गांव के रहने वाले शिवराज ने बताया कि नालियों में गंदगी की भरमार है। जिसकी सीलन से पूरे घर में बनी रहती है। कोई सफाई कर्मी गांव में सफाई करने नहीं आता है। सिर्फ खानापूर्ति कर पैसों का बंदरबाट हो रहा है। एडीओ आईएसबी मुनेंद्र कौशिक ने कहा कि मामले की जानकारी नहीं है। ऐसा है तो जांच कराई जाएगी।

### बोले अधिकारी...

सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा ने बताया कि मामला जानकारी में आया है। अगर हैंडपंप मरम्मत व रिबोर के नाम पर फर्जी तरीके से भुगतान हुआ है। तो इसकी जांच करवाकर कार्रवाई की जाएगी।

# दो महिला डाक्टरों पर की सीएमओ ने कार्रवाई

संवाददाता हसनगंज उन्नाव

**अमृत विचार।** कस्बा मोहान स्थित पीएचसी के हालात सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं। मंगलवार के अंक में प्रकाशित अमृत विचार की खबर पर संज्ञान लेते हुए सीएमओ डा. सत्य प्रकाश ने महिला डॉक्टरों की मनमानी को देखते हुए एक महिला डॉक्टर का एक माह का व दूसरी का एक दिन का वेतन काटने का निर्देश दिया है।

कस्बा मोहान की पीएचसी में दो महिला डॉक्टर यामिनी व मंजू गौतम सहित डॉ. शोएब निसार की तैनाती है। जिसमें डॉ. शोएब निसार की ड्यूटी जिला अस्पताल में लगी हुई है। वहीं, डॉ. मंजू गौतम ने बीमारी के चलते मेडिकल लीव की एप्लिकेशन डाली थी। जो विभाग द्वारा स्वीकार नहीं की गई। मरीजों व क्षेत्रीय लोगों की इस समस्या को देखते हुए अमृत विचार के संवाददाता लोकेंद्र सिंह ने बीते सोमवार को पीएचसी की हकीकत जानी तो उसमें पीएचसी में कोई भी डॉक्टर मौजूद नहीं मिला था। इसके बाद अमृत विचार ने इससे संबंधित खबर मंगलवार के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित की। सीएमओ डा. सत्य प्रकाश ने डॉ. यामिनी का एक दिन का वेतन काटने व डॉ. मंजू का एक माह का वेतन रोकने का निर्देश दिया। हसनगंज सीएचसी प्रभारी डॉ. प्रमोद ने बताया कि जांच में महिला डॉक्टरों की लापरवाही सामने आई है।


तीन डॉक्टर तैनात, दो चले गए अवकाश पर

मंगलवार को अमृत विचार में प्रकाशित खबर।

- सीएमओ ने एक का एक माह का वेतन रोकने और दूसरी का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिये
- मरीजों व आसपास के क्षेत्र के निवासियों की समस्या को लेकर मंगलवार को प्रकाशित की थी खबर

# डाक्टर पर बाहर से दवा लिखने का आरोप

**औरास।** ब्लाक क्षेत्र के नन्दौली गांव निवासी अजय पुत्र कुंवर बहादुर सिंह को बुधवार तेज बुखार आ गया। जिसकी दवा लेने वह सीएचसी औरास पहुंचा। जहां मौजूद डाक्टर ने मुफ्त दवा देने के बजाय बाहर संचालित मेडिकल स्टोर से दवाइयां लाने का पर्चा थमा दिया। उसने निशुल्क दवा देने के लिए डाक्टर से आग्रह किया। इस पर डाक्टर ने पर्चा फाड़कर फेंक दिया और सीएचसी से भगा दिया।

इसके बाद उसने मुख्यमंत्री पोर्टल पर इसकी आनलाइन शिकायत दर्ज करा दी। साथ ही उसने सीएमओ डा. सत्य प्रकाश को फोन कर समस्या बताई। उसके अनुसार सीएमओ ने कहा कि आप इसकी शिकायत कीजिए। टीम गठित कर इसकी जांच कराई जाएगी और संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। आरोप है कि सीएचसी औरास में मरीजों के साथ आएदिन ऐसी घटनाएं हो रही हैं। मेडिकल स्टोर संचालक सुबह से रात तक सीएचसी के अंदर ही मौजूद रहते हैं।

# निर्धारित स्थान से नहीं संचालित हो रहे वाहन

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

- तीन फर्मों के पास पहले था सात पड़ाव अड्डों की वसूली का ठेका
- फर्मों के विरुद्ध जबरन वसूली की दर्ज हुई रिपोर्ट

**अमृत विचार।** नगर पालिका द्वारा निर्धारित पड़ाव अड्डों के संचालक मनचाही जगह से जबरन वसूली कर वाहन चालकों का उत्पीड़न करने से बाज नहीं आ रहे हैं। लगातार मिल रहीं शिकायतों पर एसएचओ सदर कोतवाली को निरीक्षण के दौरान तय स्थानों पर पड़ाव अड्डों का संचालन नहीं मिला। इस पर उन्होंने तीन फर्मों के विरुद्ध जबरन वसूली की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

एसएचओ प्रमोद कुमार मिश्रा ने सदर कोतवाली में पड़ाव अड्डा वसूली के लिए अधिकृत रह चुकी तीन फार्मों पर अवैध वसूली की रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने दी तहरीर में बताया कि वे फोर्स के साथ गश्त पर थे। तभी उन्हें लोगों ने बताया कि शहर के सात पड़ाव अड्डे पालिका द्वारा तय स्थानों से संचालित नहीं हो रहे हैं। वहीं से वाहनों से वसूली भी की जा रही है। इससे नागरिकों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। वहीं नगर पालिका ईओ संजय गौतम ने 31 अगस्त को एक पत्र जारी कर जानकारी दी थी कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए ई-निविदा की प्रक्रिया पूरी होने तक पड़ाव अड्डों की वसूली का कार्य पालिका के कर्मियों द्वारा एक सितंबर-31 अक्तूबर तक निर्धारित नियम व शर्तों के साथ किया जाएगा। बताया कि उन्होंने निर्धारित स्थानों दशमेश गेस्ट हाउस के पास व शेखपुर राजकीय शीतगृह, चांदमारी, कब्बा खेड़ा, रामा गेस्ट हाउस, गदन खेड़ा व छतुरिया कुंआ का निरीक्षण किया। जहां उन्हें वाहन व कर्मी मौजूद नहीं मिले। इस पर उन्होंने पुष्पा कंस्ट्रक्शन कंपनी, अवनी कंस्ट्रक्शन कंपनी और बालाजी कंस्ट्रक्शन कंपनी के विरुद्ध कोतवाली में बीएनएस की धारा 308 (2) अवैध वसूली का केस दर्ज कराया है। वहीं मामले की जांच अपराध निरीक्षक राजेश यादव को सौंपी गई है।

## सार-संक्षेप


एक लाख का कूपन प्राप्त करते किसान मनोज कुमार। अमृत विचार

### लकी ड्रा में किसान को मिला 1 लाख का इनाम

**बांगरमऊ उन्नाव।** नगर के उन्नाव मार्ग स्थित लक्ष्मी इंटरप्राइजेस हाल में बुधवार को नवीन आयशर ट्रैक्टर द्वारा ग्राहकों व किसानों के मध्य लकी ड्रा निकाला गया। इसमें किसान मनोज कुमार ने एक लाख का इनाम हासिल किया। आयशर ट्रैक्टर कंपनी के उप महाप्रबंधक संजय उपाध्याय के नेतृत्व में बुधवार को लक्ष्मी इंटरप्राइजेस हाल में कंपनी के क्षेत्रीय प्रभारी गौरव पांडेय ने एक दर्जन ग्राहकों के मध्य लकी ड्रा निकाला। इसमें एक लाख का प्रथम पुरस्कार मनोज कुमार निवासी गांव मुचुआपुर हरदोई ने पाया। जबकि एक दर्जन किसानों ने भी 50 हजार व 10 हजार के इनाम जीते। फर्म के निदेशक रामचंद्र कन्नौजिया व नरेश चंद्र कन्नौजिया ने विजयी ग्राहकों का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया।


प्रभु शिव का अभिषेक करते ग्रामीण व विमल द्विवेदी। अमृत विचार

### जलाभिषेक के साथ शुरू हुआ शिव मंदिर का निर्माण

**उन्नाव।** बीघापुर क्षेत्र के रानीपुर गांव में शिव मंदिर के जीर्णोद्धार विवाद का पटाक्षेप होने के बाद भोलेनाथ का अभिषेक करने पहुंचे हिन्दू नेता विमल द्विवेदी ने मंदिर निर्माण कार्य शुरू होने पर हिंदू समाज को बधाई दी। साथ ही मंदिर जीर्णोद्धार में 5100 रुपये का सहयोग भी समिति को दिया। उन्होंने जिला प्रशासन को उनके द्वारा दिये ज्ञापन पर सभी बिंदुओं पर त्वरित व प्रभावी कार्रवाई करने और अमृत विचार को अपने अखबार में खबर प्रकाशित करने पर धन्यवाद दिया। विमल द्विवेदी ने कहा कि हिन्दू समाज को चुनौतियों से निपटने के लिए एकजुट रहना होगा और धर्म पर हो रहे आक्रमण पर एक ही मंत्र 'जात पात की करो विदाई, हिन्दू-हिन्दू भाई भाई' को अपनाकर खड़ा होना होगा। उन्होंने कहा कि भारत का करोड़ों हिन्दू यदि संगठित हो जाये तो विधर्मी भी राम-राम करने लगेंगे। इस दौरान जिला संयोजक अजय त्रिवेदी, शिव देवी, विनोद कुमार, धर्मेंद्र शुक्ला, आलोक शुक्ला, अभी तिवारी, निर्मल अवस्थी आदि मौजूद रहे।



जागरूकता अभियान के दौरान मौजूद शिक्षक व छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

### ग्रामीणों को लैंगिक असमानता दूर करने को किया जागरूक

**बांगरमऊ, उन्नाव।** स्थानीय इंदिरा गांधी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य प्रो. सदानंद राय के संरक्षण व मिशन शक्ति फेज-5 की संयोजिका डॉ. सविता राजन के नेतृत्व में लैंगिक असमानता दूर करने के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया। इसमें मलिन बस्तियों में रहने वाले लोगों से अपनी बेटियों को प्राथमिक विद्यालय भेजने को प्रेरित किया गया। प्राचार्य ने छात्र-छात्राओं को शिक्षा के महत्व के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि जब बच्चियां शिक्षित होंगी तभी समाज की वास्तविक उन्नति होगी। इस दौरान महाविद्यालय की प्राध्यापिकाओं ने छात्र-छात्राओं को प्रेरणा दी कि स्वस्थ रहने के लिए दैनिक जीवन में स्वच्छता जरूरी है। अभियान में छात्राएं स्नेहा, रागिनी, शिल्पी, पारुल, निवेदिता, शुभी, नैंसी, पूर्णिमा, रिमझिम, हर्षिता, सुनैना, छात्र शिवप्रकाश, आयुष, गोविंद, सौरव व सूरज आदि रहे। इस दौरान डॉ. धर्मेंद्र कुमार द्विवेदी, डॉ. किरन, डॉ. अभय राजपूत, डॉ. अभिषेक कुमार, डॉ. रविराज वर्मा, डॉ. सुनीता निरंकारी व कर्मचारियों में प्रेम कुमार गौतम, विनोद मौर्य, संदीप अवस्थी, बलराम, बसंत लाल व जितेंद्र मौजूद रहे।

# औरास अस्पताल का पियर असेसमेंट टीम ने किया निरीक्षण, दिए निर्देश

संवाददाता औरास, उन्नाव


गिफ्ट देकर सम्मानित करते डॉ. अनूप तिवारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सीएचसी के कायाकल्प कार्य की जांच करने व उसे बेहतर बनाने के लिए पियर असेसमेंट टीम ने अधीक्षक की मौजूदगी में विभिन्न डिपार्टमेंटों का निरीक्षण कर दिशा-निर्देश दिए।

बता दें कि कस्बा औरास स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का प्रदेश में 28वां व जिले में पहला स्थान आया था। कायाकल्प हुए इस केंद्र का बुधवार को पियर असिसमेंट टीम के डॉ. केके त्रिपाठी व डॉ. अविनाश यादव द्वारा सीएचसी प्रभारी डॉ. अनूप तिवारी की मौजूदगी में निरीक्षण किया गया। इस दौरान सीएचसी में विभिन्न विभागों ओपीडी, आईपीडी, जननी सुरक्षा, आकस्मिक विभाग, दवा वितरण स्टोर व पैथोलॉजी चेक कर साफ सफाई संबंधित दिशा निर्देश दिए गए। इसके अलावा हर डिपार्ट के स्टाफ को और बेहतर करने के सुझाव व निर्देश भी दिए गए। पियर असिसमेंट ने जननी सुरक्षा वार्ड की सुषमा अग्रवाल, अतीक अहमद व सुशील तिवारी के कार्य की सराहना की और आगे भी अच्छा करने के लिए शुभकामनाएं दीं। इस दौरान मुख्य रूप से डॉ. सुमित कुमार, डॉ. आदित्य कुमार, फार्मासिस्ट संजेस गुप्ता, विपिन चौधरी, प्रेमचंद, एएनएम मीता आदि मौजूद रहे।

# सिर के बल छत से नीचे गिरा युवक, मौत

संवाददाता गंजमुरादाबाद, उन्नाव


रामखेलावन।


बिलखते परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** परिवार के साथ छत में सो रहे युवक का लघुशंका जाते समय संतुलन बिगड़ गया। इससे वह छत से नीचे गिरकर घायल हो गया। काफी समय बाद बड़े बेटे की नजर पड़ी तो उसने शोर मचाया। परिजन उसे लेकर अस्पताल पहुंचे। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

बांगरमऊ कोतवाली अंतर्गत गंजमुरादाबाद कस्बा के मोहल्ला आनंदीटोला निवासी रामखेलावन (45) पुत्र स्व. जुग्गीलाल खेती के साथ मजदूरी कर परिवार की जीविका चलाता था। मंगलवार रात वह परिवार के साथ खाना खाकर छत पर सोया था। देररात 11 बजे वह लघुशंका के लिए उठा तभी उसका पैर फिसल गया और वह छत से नीचे चबूतरे में जा गिरा। सिर में आई गंभीर चोट से वह अचेत हो गया। करीब साढ़े 11 बजे बड़े बेटे हिमांशु की नींद खुली। पिता को बिस्तर पर न देख उसने छत से नीचे झांका तो रामखेलावन को लहूलुहान पड़ा देख उसकी चीख निकल गई। पड़ोसियों की मदद से परिजन उसे सरकारी अस्पताल लाए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। रामखेलावन चार भाइयों में छोटा था। दो माह पहले पति व अब बेटे की मौत से वृद्ध मां रामश्री बेहाल है।

रामलीला | नगर के भगवती चरण वर्मा पार्क में हो रहा आयोजन

# प्रभु श्रीराम की बरात में ढोल-नगाड़ों पर झूमे अयोध्यावासी

संवाददाता सफीपुर, उन्नाव


सफीपुर कस्बे में श्रीराम बारात के दौरान निकाली गई शोभायात्रा। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नगर के भगवती चरण वर्मा पार्क में चल रही रासलीला व रामलीला के छठे दिन राम व सीता विवाह की लीला का भावपूर्ण मंचन किया गया। लीला मंचन से पूर्व नगर में भव्य श्रीराम की शोभायात्रा भी निकाली गई। वहीं सुबह की पाली में गोपाल लीला का सजीव मंचन देख दर्शक भावविभोर हो गए।

भव्य रथ पर विराजमान प्रभु श्रीराम, भरत, लक्ष्मण व शत्रुघ्न के आकर्षक स्वरूप वाली झांकी के साथ साथ चल रहे ढोल नगाड़े पर थिरकते युवा, पुरुष व महिलाओं में उत्साह था। प्रभु श्री राम के जयकारों व स्वामी त्रिलोक चंद्र शर्मा के मार्गदर्शन में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सौरभ बाजपेई, सुरेश गुप्ता, ओम प्रकाश गुप्ता, मुख्य संयोजक संजीव गुप्ता, राजेश गुप्ता, नागेंद्र सिंह सेंगर, वीरेंद्र अग्निहोत्री, अमरनाथ पांडेय, प्रेम नारायण तिवारी, शिव बिहारी गुप्ता, अशोक गुप्ता, सकट गुप्ता, राजीव गुप्ता, विजय गुप्ता, संजीव अग्निहोत्री, सोनू श्रीवास्तव, पवन सोनी, गिरीश शुक्ला, शिव बालक सिंह, राकेश तिवारी, राजू चौहान, राजेश तिवारी, विकास सिंह, मंजू सिंह व रामखेलावन गुप्ता आदि ने बरातियों के रूप में शामिल थे।

बारात का जगह-जगह पुष्प वर्षा व आरती कर लोगों ने स्वागत किया। वहीं शोभायात्रा क्षेत्र के मोटेश्वर महादेव मंदिर होते हुए नाना राव पेशवा मार्ग से ब्लाक रोड हरदोई-उन्नाव मार्ग और गुलाब बिल्डिंग रोड से मिथिला नगरी की तरह सजे भगवती चरण वर्मा पार्क में समाप्त हुई। इसके बाद राम विवाह की लीला का मंचन हुआ।

इस दौरान समिति के कार्यकर्ताओं, सौरभ बाजपेई व कोतवाली प्रभारी श्याम नारायण सिंह ने सपरिवार भगवान की आरती उतारकर लोक कल्याण की कामना की। सुबह की पाली में कलाकारों ने गोपाल की बाल लीलाओं का मंचन किया। लीला के जरिए कलाकारों ने भक्ति की मंदाकिनी प्रवाहित की।

# सड़क हादसों में तीन लोग घायल

**बांगरमऊ उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के दो अलग-अलग मार्गों पर हुए सड़क हादसों में एक किशोर सहित तीन लोग गंभीर घायल हो गए।

नगर के मोहल्ला महा ब्रम्हनान टोला निवासी अंजुम (40) पुत्र गरीबुल्ला बुधवार शाम पैदल बाजार जा रहा था। अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां चिकित्सक ने उसे गंभीर देख जिला अस्पताल भेज दिया। इसके अलावा एक अन्य हादसे में नगर के मोहल्ला पन्नी टोला निवासी सूरज (17) पुत्र रज्जन लाल व आर्यन (18) पुत्र राजकुमार गंभीर घायल हो गए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## एक नजर

### पहले बने लेखपाल, अब वीडीओ वन दरोगा पद पर चयन

**औरास।** विकासखंड औरास के बछौली गांव निवासी पूर्व ब्लाक समन्वयक स्व. लल्लू राम के पुत्र नरेंद्र प्रताप लखनऊ की मलिहाबाद तहसील में लेखपाल पद पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। वे नौकरी के साथ-साथ अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की भी पूरी निष्ठा व लगन के साथ तैयारी कर रहे हैं। इसके चलते 12 सितंबर को उनका ग्राम विकास अधिकारी के पद पर और 10 अक्टूबर को वन दरोगा के पद पर चयन हो गया है। उनका दो पदों पर चयन होने की बात सुन लोगों में खुशी का ठिकाना नहीं रहा। नरेंद्र का मानना है कि अभी उनकी यह आखिरी मंजिल नहीं है। उनका सपना है कि वे राज्य प्रशासनिक सेवा में चयनित हों। वह अपनी इस सफलता के पीछे माता-पिता, बड़े भाई पूर्णेन्द प्रताप का हाथ बताते हैं।


नरेंद्र प्रताप।

### अभियान चलाकर पश्चिमी गंगाघाट में की सफाई

**शुक्लागंज उन्नाव।** शासन के निर्देश पर चलाये जा रहे संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान को लेकर बुधवार को वार्ड 23 पश्चिमी गंगाघाट में साफ सफाई कराई गई। जहां पालिका कर्मियों ने एंटी लार्वा का छिड़काव कराया। पालिका की ओर से नगर के वार्डों में संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान को लेकर साफ सफाई वार्ड के अनुसार कराई जा रही है। अभियान के 23वें दिन पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे और ईओ मुकेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर पालिका के सफाई कर्मी वार्ड 23 पश्चिमी गंगाघाट में पहुंचे। जहां सफाई कर्मियों ने वार्डों की सभी गलियों में झाडू लगाने के साथ ही नाला-नालियों की साफ सफाई करते हुये सिल्ट हटाई। वहीं मच्छरों को देखते हुए एंटी लार्वा का छिड़काव भी कराया गया। वहीं शाम के समय वार्ड 24 और 28 में पालिका की ओर से फागिंग कराई गई।

### सफल छात्रों का हुआ सम्मान

**शुक्लागंज।** राजधानी मार्ग स्थित स्पेक्ट्रम अकादमी में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अकादमी के निदेशक डॉ. मनीष द्विवेदी ने दीप प्रज्ज्वलित कर की। इस अवसर पर इंडियन नेवी में सफल होने वाली नगर की पहली छात्रा अपर्णा शर्मा, ग्राम विकास अधिकारी में चयनित शिवम शुक्ला, तथा रेलवे ग्रुप डी एवं सी में चयनित सार्थक और ऋषभ को सम्मानित किया गया। पंजाब नेशनल बैंक के स्केल 2 ऑफिसर संदीप पाण्डेय और एयरफोर्स के ऑफिसर पंकज ने छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिए महत्वपूर्ण जानकारियाँ और टिप्स दिए। उन्होंने छात्रों को समय सीमा में प्रश्न हल करने का निरंतर अभ्यास करने की आवश्यकता पर जोर दिया। यह कार्यक्रम छात्रों के लिए प्रेरणादायक सिद्ध हुआ।

### बाल श्रम से मुक्त कराए गए 9 किशोर

**उन्नाव।** सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा के निर्देश पर जिला स्तरीय बाल एवं किशोर श्रम उन्मूलन को लेकर डिस्ट्रिक्ट टास्क फोर्स की टीम ने जिले भर के प्रतिष्ठानों में चिन्हीकरण अभियान चलाया गया। इस दौरान 9 बाल श्रमिकों को मुक्त भी कराया गया। इसमें विकासखंड पुरवा क्षेत्र में मुक्त कराए गए 9 किशोर श्रमिक पांच प्रतिष्ठित दुकानों में कार्यरत पाए गए। जिस पर सेवायोजक के विरुद्ध कार्रवाई की गई। सहायक श्रमायुक्त एसएन नागर ने बताया कि आगे भी इस तरह के अभियान चलाए जाते रहेंगे। टीम ने सेवायोजक से अपने प्रतिष्ठानों में बाल व किशोर श्रमिक न रखने की अपील की है। टीम में श्रम परिवर्तन अधिकारी राधेश्याम सिंह, वी इंद्रीवर जोशी, एएचटीयू थानाध्यक्ष उमा गुप्ता, दरोगा शैलेंद्र यादव व बाल श्रम विभाग की टीम मौजूद रही।

# बालूघाट मोड़ पर फंसी हार्वेस्टर 4 घंटे जाम, परेशान हुए यात्री

## यातायात सुगम कराने के लिए गंगाघाट पुलिस को करनी पड़ी मशक्कत

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

**अमृत विचार।** बालूघाट मोड़ पर बुधवार सुबह हार्वेस्टर मशीन के मुड़ने के दौरान पीक ऑवर में भीषण जाम लग गया। जाम लगभग चार घंटे तक जारी रहा, जिससे सैकड़ों लोग, जिनमें छात्र और ड्यूटी जाने वाले कर्मचारी शामिल थे, फंस गए।

सुबह करीब साढ़े आठ बजे उन्नाव की ओर से आ रही हार्वेस्टर मशीन जब बालूघाट मोड़ पर मुड़ने लगी, तो उसकी लंबाई के कारण शुक्लागंज से कानपुर की दिशा में जाने वाले वाहनों को निकलने में दिक्कत होने लगी। इसके तुरंत बाद जाम लगना शुरू हो गया। कुछ ही समय में कानपुर से लेकर शुक्लागंज फोरलेन सब्जी मंडी तक वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। इस दौरान पुलिस की अनुपस्थिति के कारण लोग इधर-उधर से वाहन निकालने लगे, जिससे स्थिति और भी बिगड़ गई। जाम की सूचना पर गंगाघाट पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन जाम को सुलझाने में उन्हें घंटों मेहनत करनी पड़ी। यातायात पुलिस भी मौके पर पहुंची, लेकिन संकरा रास्ता होने के कारण स्थिति नियंत्रण में नहीं आ सकी।

जाम के कारण कानपुर जाने वाले सैकड़ों छात्र और ड्यूटी पर जा रहे लोग फंसे रहे। इसके अलावा, नवीन पुल और बालूघाट मोड़ के बीच का संकरा रास्ता ई-बसों के लिए भी समस्या बन गया। दोपहर करीब साढ़े बारह बजे के बाद अंततः जाम सामान्य हुआ, जिससे राहगीरों ने राहत की सांस ली।


नवीन पुल के रास्ते पर जाम में फंसे वाहन। अमृत विचार

### नवीन पुल के फुटपाथ पर भी समस्या

जाम इतना भीषण था कि कानपुर कैंट आरओबी से लेकर शुक्लागंज तक वाहन कतारों में खड़े रहे। जिस कारण साइकिल और दोपहिया वाहन सवारों ने पुल के फुटपॉथ पर वाहन चढ़ा दिये। जिससे वहां भी जाम लग गया और पैदल आने जाने वाले लोग भी नहीं निकल सके।

### मनोहर नगर रास्ते में भी फंसे लोग

फोरलेन पर जाम लगने के कारण दोपहिया वाहन सवार मनोहर नगर मार्ग से होकर निकलने लगे। जिससे वाहनों की अधिकतता के चलते वहां भी भीषण जाम लगा रहा।

# सरैयां आरओबी निर्माण में राज्यसेतु ने पकड़ी गति

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

**अमृत विचार।** राज्यसेतु निगम ने सरैयां आरओबी निर्माण में तेजी लाना शुरू कर दिया है, जिसके लिए हाल ही में शासन से 150 करोड़ रुपये आवंटित किये गये हैं। लगभग सवा साल के ठहराव के बाद, अब क्रॉसिंग की दिशा में बने पिलर्स के ऊपरी हिस्से का निर्माण अधिकारियों की निगरानी में प्रारंभ हो गया है।

सरैयां आरओबी, जो वैराज मार्ग से सरैयां गांव के सामने से नयाखेड़ा तक विस्तारित किया जाना है, का पहला चरण 814 मीटर लंबाई का था। हालांकि, चौराहे से पहले उतराई होने के कारण जाम की समस्या को देखते हुए इस पुल की लंबाई लगभग 300 मीटर और बढ़ाई गई है। इस संशोधित कार्य का अनुमान भेजा गया, लेकिन धन स्वीकृति में देरी के कारण लगभग सवा साल तक निर्माण ठप रहा। हाल ही में, शासन ने 150 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत किया, जिसके बाद राज्यसेतु निगम के अधिकारी अधूरे निर्माण को पूरा करने के लिए सक्रिय हो गए हैं। बुधवार को, पिलरों के ऊपरी हिस्से के निर्माण के लिए शटरिंग का काम तेज किया गया। तीन पिलरों पर पियरकैप बनाने का कार्य चल रहा है। हालांकि, निर्माण कार्य के दौरान सड़क पर डायवर्जन संकेतांक लगाए जाने से मार्ग संकरा हो गया है, जिससे वाहनों को निकलने में कठिनाई हो रही है। इस स्थिति के कारण क्रॉसिंग बंद होने के समय जाम की समस्या भी बढ़ गई है।


बैराज मार्ग पर सरैयां आरओबी का होता कार्य। अमृत विचार

# गैंगलीडर को तीन साल की सजा

कार्यालय संवाददाता उन्नाव



**अमृत विचार।** गैंग बनाकर क्षेत्र में भय और आतंक कायम करने वाले गैंगलीडर को कोर्ट ने तीन साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही उस पर 5 हजार का जुर्माना भी लगाया है।

बता दें कि हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के जोधाखेड़ा गांव निवासी लखन सिंह पुत्र रमेश पर गैंग बनाकर लोगों को डरा धमका कर धन अर्जित करने आरोप था। 29 दिसंबर-2004 को हसनगंज कोतवाली के तत्कालीन एसओ हफीर्जुरहमान की तहरीर पर लखन पर गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई हुई थी। आईओ सुशील कुमार ने जांच कर साक्ष्य एकत्र कर 11 मार्च-2005 को कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी थी। तभी से केस एडीजे- 5 की कोर्ट में विचाराधीन था। बुधवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई पूरी होने के बाद एडीजे शिप्रा आर्य ने शासकीय अधिवक्ता विश्वास त्रिपाठी व अलंकार द्विवेदी की दलील व साक्ष्य के आधार पर लखन को दोषी ठहराते हुए सात साल की सजा सुनाई है।

## सार-संक्षेप


मुख्य सचिव के निरीक्षण को लेकर व्यवस्थाएं देखते अधिकारी।

### आज मुख्य सचिव पोल्ट्री फार्म का करेंगे निरीक्षण, तैयारियां तेज

**सोहरामऊ।** बीते दिनों विभिन्न अखबारों की सुर्खियां बने रहे रुदवारा गांव स्थित अमन पोल्ट्री फार्म का गुरुवार को मुख्य सचिव मनोज सिंह निरीक्षक करने आ रहे हैं। फार्म की मालिक मीना भास्कर ने शासन में शिकायत कर आरोप लगाया था कि प्रशासनिक अधिकारी उनके प्रोजेक्ट में अवरोध कर रहे हैं। जिससे उनका फार्म सुचारू रूप से संचालित नहीं हो पा रहा है। जबकि उन्होंने मुख्यमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट में एमओयू साइन किया है। मक्खियों के प्रकोप से पीड़ित गांव वालों ने वोट का बहिष्कार किया था। जिससे मामला चर्चा में आया था। गुरुवार को मुख्य सचिव मनोज सिंह के दौरे को लेकर बुधवार को रुदवारा में प्रशासनिक अफसरों की घमाचौकड़ी रहेगी। इसे लेकर एसडीएम हसनगंज रामदेव निषाद, सीओ संतोष सिंह फोर्स के साथ मौके का निरीक्षण करते रहे। गांव की सड़कें काफी खराब थीं जहां अधिकारियों के निर्देश पर ठेकेदार उनके गड्ढे भरते नजर आए। मुख्य सचिव के निरीक्षण को लेकर मखियों की समस्या से निपटारे को लेकर गांव वालों को आस जगी है।

### शंकरपुर रामलीला में भरत मिलाप देख छलक उठे आंसू

**शुक्लागंज, उन्नाव।** शंकरपुर गांव में पंचायती श्री अशोक वाटिका रामलीला समिति द्वारा शंकरपुर रामलीला के दौरान बुधवार को नगर आगमन और भरत मिलाप की लीला का आयोजन किया गया। जहां भरत मिलाप देख मौजूद दर्शकों की आंखे भर आई। शंकरपुर रामलीला में बुधवार को राम और भरत के गले मिलते ही सबकी आंखें छलक उठीं। मनमोहक चौकियों की छटा भी देखने लायक रही। भरत मिलाप में राम दल, भरत दल, हनुमान दल, की झांकिया सबके आकर्षण का केंद्र रहीं। राम, भरत, लक्ष्मण व सीता की आरती उतारी। जिसके बाद भरत मिलाप हुआ। जहां भरत ने कहा कि भ्राता राम आपने आने में इतनी देर क्यों लगा दी। आपके जाने के बाद से अयोध्या सूनी थी। सीताहरण व रावण के साथ हुए युद्ध की जानकारी हनुमान जी ने दी थी। लक्ष्मण भईया आप ठीक तो हो ना, शक्ति लगने की बात सुनकर तो मेरा हृदय विदीर्ण हो गया था। लेकिन भ्राता के वचनों से बंधा होने के कारण मैं सहायता के लिए नहीं पहुंच सका। पूरी बात मुझे हनुमान जी ने बताई थी। आपके जाने के बाद अयोध्या सूनी पड़ी हुई थी। अब आप महल चलकर अयोध्या का सिंहासन संभालिए। इसके बाद सभी लोग अयोध्या की ओर चल पड़े। इस मौके पर नरेंद्र नरायण, दीपनरायण त्रिवेदी, आनंद मिश्रा, सतीश शुक्ला, अनुराग बाजपेयी एडवोकेट, आयुष बाजपेयी, लक्ष्मी शंकर अवस्थी, हरी शंकर अवस्थी, प्यारे लाल, अयोध्या प्रसाद आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

### झब्बू पुरवा में मारपीट के मामले में 5 आरोपी गिरफ्तार

**शुक्लागंज, उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के झब्बू पुरवा गांव में पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों के बीच भयंकर मारपीट हुई। इस घटना में एक युवक, अरविंद, गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसके बाद उसकी पत्नी गुड्डन ने पुलिस को तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने 17 लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया। घटना रविवार रात करीब साढ़े नौ बजे हुई, जब गांव के शिवकुमार निषाद, राम सिंह, कैलाश बाबू, मनोज, शुभम, सुनील, विनोद, राकेश, छोटू, राजकुमार और करीब सात अन्य व्यक्तियों ने अरविंद के घर पर हमला किया। पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए बुधवार को कैलाश बाबू, मनोज, सुनील, राजेश और छोटू को गिरफ्तार कर लिया। इंस्पेक्टर अनुराग सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया है और मामले की आगे की जांच जारी है।

### डेंगू की चपेट में आए युवक की मौत, बेटा भर्ती

**बांगरमऊ उन्नाव।** नगर निवासी एक सेवानिवृत्त सिपाही के जवान बेटे की डेंगू से मौत हो गई। जबकि उसके पौत्र की हालत नाज़ुक बनी हुई है। जिसका इलाज निजी चिकित्सक के यहां चल रहा है। बता दें कि नगर के मोहल्ला शुक्लाना निवासी रिटायर्ड पुलिस कांस्टेबल गोविंद राजपूत का 40 वर्षीय बेटा सुनील लोडर चलाकर परिवार का भरण-पोषण करता था। एक हफ्ता पूर्व अचानक उसे बुखार आया तो उसे बेहद कमजोरी महसूस होने लगी। तब उसने एक निजी पैथोलॉजी में जांच कराई। रिपोर्ट में पता चला कि उसे डेंगू हो गया है। इसी दौरान पूर्व आरक्षी का पौत्र ओम भी बुखार की चपेट में आ गया। जांच के बाद सुनील व उसके बेटे ओम का निजी चिकित्सकों से इलाज कराया जाता रहा। बीते मंगलवार अचानक सुनील की हालत बिगड़ गई। इस पर उसके पिता शाम को सुनील को लेकर कानपुर जा रहे थे। लेकिन रास्ते में ही सुनील ने दम तोड़ दिया। जबकि, ओम की हालत अभी भी नाज़ुक बनी हुई है। सुनील का शव घर पहुंचते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई।

### अवैध लोडर स्टैंड से अराजकता, पुलिस से की शिकायत

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के गोपीनाथपुरम फोरलेन पर संचालित अवैध लोडर स्टैंड राहगीरों के लिए मुसीबत बन गया है। सड़क पर अतिक्रमण कर इस स्टैंड से अवैध वसूली करने वाले तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर स्थानीय गैस एजेंसी के संचालक ने पुलिस को तहरीर दी है। शिवशक्ति गैस सर्विस के संचालक प्रमोद त्रिवेदी ने बुधवार को गंगाघाट कोतवाली में अपनी शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि फोरलेन पर विशाल मेगा मार्ट के पास लंबे समय से अवैध स्टैंड संचालित हो रहा है, जहां अराजकतत्व न केवल अवैध वसूली करते हैं, बल्कि नशे की हालत में आने जाने वाली युवतियों और महिलाओं से छीटाकशी भी करते हैं।

# मिले 33 ग्राम पंचायत अधिकारी विकास कार्यों को मिलेगी रफ्तार

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** ब्लाकों में ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों की चल रही कमी अब दूर होगी। जिले को 33 नए ग्राम पंचायत विकास अधिकारी मिले हैं। इससे ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों को गति मिलेगी। 24 अक्टूबर को लखनऊ स्थित लोक भवन में जिले के लिए चयन होने वाले 33 में 25 ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों को मुख्यमंत्री नियुक्ति पत्र बांटेंगे। वे मंगलवार शाम लखनऊ के लिए बस से रवाना किए गए।

बता दें कि जिले में ग्राम पंचायत अधिकारियों की काफी कमी थी। जिससे पंचायतों के बेहतर विकास के साथ लोगों के कार्यों को समय से करना मुश्किल हो रहा था। जिले में 252 क्लस्टर के सापेक्ष अभी तक 217 सचिवों की तैनाती है। जिसमें 102 पंचायत और 115 ग्राम विकास अधिकारी जिले में मौजूद है। इसमें कई सचिवों का अटैचमेंट होने से ग्राम पंचायतों के कार्यों में समस्याएं बनी रहती थीं। अब 33 नए ग्राम पंचायत विकास अधिकारी मिलने से गावों के विकास कार्यों में जो समस्याएं आ रही थीं उसमें काफी हद तक राहत मिलने के दावे किए जा रहे हैं।

### आज मिलेंगे नियुक्ति पत्र

डीपीआरओ शाश्वत आनंद सिंह ने बताया कि 24 को नियुक्ति पत्र का वितरण होने के बाद सबकी ज्वाइनिंग करा दी जाएगी। इसके बाद एक दो सप्ताह के भीतर क्लस्टर का वितरण भी कर दिया जाएगा।

# राम जी की निकली सवारी...

संवाददाता गंजमुरादाबाद उन्नाव

**अमृत विचार।** नगर के रामलीला मैदान में आयोजित लीला महोत्सव में बीते मंगलवार विशाल शिव धनुष तोड़ने और सीता द्वारा भगवान राम को वरमाला पहनाने के बाद बुधवार दोपहर आयोजन स्थल से श्रीराम की भव्य बारात निकाली गई। बारात में विधायक श्रीकांत कटियार के साथ सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए।

श्रीराम लीला समिति के तत्वावधान में आयोजित श्रीराम लीला महोत्सव में मंगलवार सुबह तक लक्ष्मण परशुराम संवाद का भावपूर्ण मंचन चलता रहा। मंगलवार रात श्रवण कुमार चरित्र का भावपूर्ण मंचन हुआ। बुधवार दोपहर बाद आयोजन स्थल से भगवान श्रीराम की बारात निकली। जिसमें श्रीराम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न, दशरथ और गुरु विश्वामित्र की झांकियां सजाई गई थीं। श्रीराम बारात नगर के अहिराना, खत्रियाना, गंभीर गिरि, बड़ी बाजार, गढ़ी, मिश्राना, हरदोई-उन्नाव मार्ग, बल्लापुर मार्ग, सदर बाजार मार्ग व ब्लाक रोड व मोहल्लों में भ्रमण करती हुई शाम को आयोजन स्थल पर समाप्त हुई। बारात में क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार, समिति अध्यक्ष रामनरेश कुशवाहा, पीयूष शुक्ला, राघव मिश्रा, मुकेश कुशवाहा, मिथिलेश पटेल, लाखन सिंह यादव, नीरज यादव व पंकज शुक्ला आदि श्रद्धालु शामिल हुए।


भक्तों द्वारा निकाली गई राम बारात। अमृत विचार

# नशे की आदत परिवार के लिए भी घातक

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** नेहरू युवा केन्द्र के तत्वाधान में 57 यूपी बीएनएनसीसी के सहयोग से नगर के डीएसएन महाविद्यालय में नशीली दवाओं की लत और मादक द्रवों के सेवन पर जागरूकता और शिक्षा कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ युव कल्याण अधिकारी शिव राम सिंह ने माँ सरस्वती व युवाओं के प्रेणास्रोत के चित्रण पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने ने कहा कि देश में बढ़ते नशे के मामलों के खिलाफ एक नई मुहिम शुरू की गई है, जिसका उद्देश्य युवा पीढ़ी को नशे की लत से मुक्त करना है। प्रो. ममता चतुर्वेदी डीएसएन कालेज ने बताया कि स्थानीय सरकारी और गैर सरकारी संगठनों के सहयोग से आयोजित इस अभियान का नाम नशा मुक्ति, नया जीवन रखा गया है। डॉ. राजेश वर्मा स्वास्थ्य विभाग से नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूकता फैलाना, नशे की लत से प्रभावित लोगों का पुनर्वास करना और स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना है। विशेषज्ञों द्वारा नशे के प्रभाव और उससे उबरने के तरीके पर चर्चा। आशीष वर्मा ने बताया कि नशा मुक्ति के लिए विशेष सहायता केंद्रों का निर्माण युवाओं के लिए गतिविधियाँः खेल, कला और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन। डॉ. विपिन सिंह ने युवाओं को नशा मुक्त जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। कहा कि नशा मुक्ति हमारे समाज के लिए एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। हमें युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए काम करना होगा। वही विनीत गहलावत जिला युवा अधिकारी नेहरू युवा केन्द्र ने कहा कि युवा पीढ़ी नशे की लत की ओर बढ़ रहे। नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया जाये। इस मौके पर पूर्व स्वयंसेवक धर्मेन्द्र शर्मा, मण्डल अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह, तरन्नुम खान, दीक्षा अवस्थी, अरुण आदि सहित ने युवाओं मौजूद रहे।


शहर के डीएसएन विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में बैठे युवा। अमृत विचार

# कृष्ण की बाल लीला सुन मंत्रमुग्ध हुए श्रोता

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

**अमृत विचार।** आदर्श नगर स्थित नागेश्वर मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन कथा व्यास ने मौजूद श्रोताओं को ध्रुव चरित्र, ज्ञान वैराग्य, धुंधकारी आदि के प्रसंग सुनाए।

पं. राम करन अवस्थी ने कहा कि मनु और शतरूपा के दो पुत्र प्रियवत और उत्तानपाद थे। उत्तानपाद की सुनीति और सुरुचि नामक दो पत्नियां थीं। राजा उत्तानपाद को सुनीति से ध्रुव और सुरुचि से उत्तम नामक पुत्र उत्पन्न हुए। सुनीति बड़ी रानी थी परन्तु उत्तानपाद का प्रेम सुरुचि के प्रति अधिक था। सुनीति का पुत्र ध्रुव अपने पिता की गोद में बैठा खेल रहा था। सुरुचि ने ध्रुव को उत्तानपाद की गोद से झपटकर राजा की गोद से खींच लिया और अपने पुत्र उत्तम को उसकी गोद में बैठा दिया। ध्रुव से बोली, अरे मूर्ख राजा की गोद में वही बालक बैठ सकता है जो मेरी कोख से उत्पन्न हुआ हो। जिसके बाद नारद ने उसके दृढ़ संकल्प को देखते हुए धुरव को मंत्र की दीक्षा दी। इस दौरान कमल किशोर तिवारी, सत्यभामा तिवारी, रमाकांत, उमाकांत, राजकिशोर, शशांक, शोभित मौजूद रहे।


पं. रामकरन अवस्थी।

**व्यवस्था** घरों के सामने सीवर का पानी भरने से दुर्गंध, जीना हुआ मुहाल

# ठेकेदार की लापरवाही, जलभराव से परेशान क्षेत्रवासी

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

- क्षेत्रीय लोगों ने अध्यक्ष और ईओ से की शिकायत
- संक्रामक बीमारियां फैलने की बढ़ी आशंका

**अमृत विचार।** गंगाघाट नगर पालिका स्थित आदर्श नगर के दो वार्डों में चल रहे सड़क और नाली निर्माण कार्य में ठेकेदार की लापरवाही के चलते दर्जनों गलियों में जलभराव की समस्या है। एक माह से चल रहे इस कार्य के कारण घरों के सामने सीवर का पानी भरने से क्षेत्र के लोगों को दुर्गंध का सामना करना पड़ रहा है, जिससे जीना मुहाल हो गया है। इसके साथ ही, संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा भी बढ़ गया है।

क्षेत्र के निवासियों वीरेन्द्र शर्मा, संतोष तिवारी, रामशंकर शर्मा, प्यारेलाल, महेश कनौजिया और राजकुमार ने बताया कि वार्ड 2 और वार्ड 12 की सड़क और नाली निर्माण का कार्य एक माह पहले शुरू हुआ था।

लेकिन ठेकेदार की लापरवाही के कारण कई बार काम बंद किया गया। नाली तोड़ने से घरों का निकलने वाला पानी गलियों में भरने लगा है, और सीवर का गंदा पानी भी एकत्र हो रहा है, जिससे दुर्गंध फैल रही है।


आदर्श नगर की गली में भरा सीवर का पानी। अमृत विचार

### तत्काल समाधान की मांग

स्थानीय निवासियों ने इस समस्या को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष कौमुदी पांडे और ईओ मुकेश मिश्रा से शिकायत की है। अध्यक्ष और ईओ ने बताया कि ठेकेदार को जल्द से जल्द कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं गंदा पानी एक माह से घरों के सामने भरा हुआ है, जिससे जल जमाव के कारण संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका बढ़ गई है। क्षेत्र के लोग प्रशासन से तत्काल समाधान की उम्मीद कर रहे हैं। जिससे उन लोगों को जलजमाव से निजात मिल सके।

# निरीक्षण से एआरटीओ कार्यालय में हड़कंप

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- एसडीएम की गाड़ी देख भागे कार्यालय में मौजूद बाहरी

**अमृत विचार।** उप संभागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय में बीते काफी समय से चल रहे भ्रष्टाचार की खबरों का संज्ञान लेते हुए बुधवार को एसडीएम सदर प्रज्ञा पांडेय अचानक वहां पहुंच गईं। एसडीएम की गाड़ी को आता देख कार्यालय में मौजूद बाहरी लोग भाग खड़े हुए। कोई दीवार फांदकर भागा तो कोई छत से कूद गया। यह देख कार्यालय परिसर में हड़कंप की स्थिति बन गई। एसडीएम ने कार्यालय में मौजूद अधिकारियों से पूरे मामले की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। हालांकि, संबंधित अधिकारी इसे रूटीन निरीक्षण ही बताते रहे।

बता दें कि बुधवार दोपहर एसडीएम एआरटीओ कार्यालय पहुंच गईं। जिससे बाहरियों में भगदड़ मच गई। कार्यालय के बाहर स्थित दुकानों में बैठे बाहरी लोग भाग खड़े हुए। साथ ही दुकानों के शटर धड़ाधड़ गिरने लगे। एसडीएम ने कार्यालय पहुंचकर बारीकि से एक-एक पटल के बारे में जानकारी की। सूत्र बताते हैं कि एआरटीओ कार्यालय में बाहरी लोग हावी हैं। अफसरों के लाख प्रयास के बाद भी वसूली खत्म नहीं हो रही है। एआरटीओ कार्यालय के बाहर बैठे बाहरी लोग सब काम कराने का ठेका ले लेते हैं। कार्यालय से जुड़ी शिकायतों के क्रम में जिलाधिकारी के निर्देश पर बुधवार को एसडीएम सदर प्रज्ञा पांडेय दोपहर बाद एआरटीओ कार्यालय पहुंची थीं। पुलिस व अधिकारी को देख कार्यालय में भगदड़ मच गई। एसडीएम ने कार्यालय का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने खिड़की पर काम कर रहे कर्मचारियों से बातचीत की और कार्यालय की स्थिति की जानकारी ली।

### बोले जिम्मेदार

एआरटीओ प्रशासन श्वेता वर्मा ने बताया कि सदर एसडीएम ने कार्यालय का निरीक्षण किया था। यह रूटीन निरीक्षण था। उन्होंने जो भी जानकारी चाही थी उन्हें उपलब्ध करा दी गई है।

आत्मज्ञानं समारम्भ: तितिक्षा धर्मनित्यता।
यमर्थान्नापकर्षन्ति स वै पण्डित उच्यते॥

जो अपने योग्यता से भली-भांति परिचित हो और उसी के अनुसार कल्याणकारी कार्य करता हो, जिसमें दु:ख सहने की शक्ति हो, जो विपरीत स्थिति में भी धर्म-पथ से विमुख नहीं होता, ऐसा व्यक्ति ही सच्चा ज्ञानी कहलाता है।


## संपादकीय

# सहयोग के क्षेत्र

वैश्विक चुनौतियां एक के बाद एक उभर रही हैं। इन चुनौतियों से निपटने के लिए वैश्विक कार्यों के बीच समन्वय की आवश्यकता है। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन को यूक्रेन में संघर्ष और पश्चिम एशिया में बिगड़ती स्थिति के बीच गैर-पश्चिमी शक्तियों द्वारा अपनी ताकत दिखाने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। भारत ब्रिक्स के भीतर करीबी सहयोग को महत्व देता है जो वैश्विक विकासात्मक एजेंडा, बहुपक्षवाद, जलवायु परिवर्तन, आर्थिक सहयोग, लचीली आपूर्ति श्रृंखलाओं का निर्माण, सांस्कृतिक और लोगों से लोगों को जोड़ने आदि से जुड़े मुद्दों पर बातचीत और चर्चा के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में उभरा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में कहा कि विश्व युद्धों, संघर्षों, आर्थिक अनिश्चितता, जलवायु परिवर्तन, आतंकवाद जैसी अनेक चुनौतियों से घिरा हुआ है। उन्होंने चीन, रूस समेत पूरी दुनिया को नसीहत दी कि जंग किसी भी समस्या का समाधान नहीं है। गौरतलब है कि ब्रिक्स सदस्य देशों की विविध सुरक्षा चिंताएं हैं, जिनमें आतंकवाद और क्षेत्रीय संघर्ष से लेकर साइबर खतरे तक शामिल हैं। भारत ने इन चिंताओं को एक साथ लाने और संयुक्त सुरक्षा पहलों का समन्वय करने के लिए सावधानीपूर्वक बातचीत की आवश्यकता पर जोर दिया। भारत ब्रिक्स के भीतर घनिष्ठ सहयोग को महत्व देता है। विश्व में उत्तर दक्षिण और पूर्व-पश्चिम विभाजन की बात हो रही है। महत्वपूर्ण है कि भारत ने स्पष्टता के साथ सारी बातें रखीं। आतंकवाद और आतंकवाद के वित्त पोषण से निपटने के लिए सभी को एक मत होकर दृढ़ता से सहयोग देना होगा। ऐसे गंभीर विषय पर दोहरे मापदंड के लिए कोई स्थान नहीं है।

युवाओं में कट्टरपन को रोकने के लिए सक्रिय रूप से कदम उठाने चाहिए। संयुक्त राष्ट्र में अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद पर समग्र संधि के लंबित मुद्दे पर मिलकर काम करना होगा। उसी तरह साइबर सुरक्षा, सुरक्षित एआई के लिए वैश्विक नियमन के लिए काम करना चाहिए। प्रत्येक देश की सुरक्षा का सम्मान करना और उसकी गारंटी देना, टकराव के स्थान पर वार्ता और साझेदारी को बढ़ावा देना तथा संतुलित, प्रभावी और टिकाऊ क्षेत्रीय सुरक्षा ढांचे के निर्माण को बढ़ावा देना महत्वपूर्ण है। ब्रिक्स देशों को साझा विकास में योगदानकर्ता बनना चाहिए। अगले दशकों में ब्रिक्स को प्रासंगिक बने रहने के लिए, इसके प्रत्येक सदस्य को अवसरों और अंतर्निहित सीमाओं का यथार्थवादी आकलन करना होगा। इसके अलावा, राजनीतिक आपसी विश्वास और सुरक्षा सहयोग को मजबूत करना, प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर संचार और समन्वय बनाए रखना और एक-दूसरे के मूल हितों और प्रमुख चिंताओं को समायोजित करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

# रामायण और पुरातत्व



भगवान सिंह
वरिष्ठ लेखक

यह क्रीतदासों का इतिहास था, जो चीजों को सही संदर्भ देना भी नहीं जानते थे, परंतु शिक्षा और अनुसंधान के प्रतिष्ठानों पर एकाधिकार करके विभिन्न प्रयोजनों के नाम पर करोड़ों का कारोबार चला रहे थे।

पश्चिम एशिया में पहले अविश्वसनीय मानी जाने वाली कथाओं की ऐतिहासिकता की खोज करते हुए पुरातत्वविदों ने उनमें से अनेक का ऐतिहासिक आधार खोज निकाला। अब हम उनको सही देश-काल में रख सकते हैं। क्या ऐसा महाभारत और रामायण के विषय में भी किया जा सकता है? प्रो. नूरुल हसन के मंत्रित्व काल में यह प्रस्ताव प्रो. बी.बी. लाल ने प्रस्तुत किया और इसका कार्यभार संभाला, परंतु न जाने किस समझ से भारतीय पुरातत्व के अनन्य व्याख्याता प्रो. लाल ने पुरातत्व के साक्ष्यों की तलाश करते हुए इसके पुरातत्व को दूसरी शताब्दी ख्रिस्ताब्द पूर्व तक सीमित कर दिया, जिसे मानने को कोई तैयार न होगा। स्वयं वह भी नहीं (देखें उनका बाद का खनन और काल निर्धारण)। फिर पुरातत्व से मिली इस सूचना का क्या होगा?

हम प्रो. लाल को आंकड़ों में छेड़-छाड़ का दोषी मान सकते हैं, जिसका साहस मुझमें नहीं है। पुरातत्व की विश्वसनीयता पर संदेह कर सकते हैं, जो उससे भी अधिक दुर्भाग्यपूर्ण है। दो ही विकल्प बच रहते हैं: 1. उत्खनन के लिए स्थल/स्थलों के चुनाव में उत्खननकर्ता से चूक हुई, जिसकी पर्याप्त संभावना है। दूसरा यह कि रामकथा से संबंधित जिन स्थलों के नाम पर दूसरी शताब्दी ईसापूर्व में जिन स्थलों की पहचान बची रह गई थी, उनका वर्णन वाल्मीकिय रामायण में है, न कि प्राचीन अयोध्या और श्रृंगवेरपुर का। इसका अर्थ हुआ, वाल्मीकिय का वर्तमान पाठ दूसरी शताब्दी ईसापूर्व में या उसके बाद तैयार किया गया और संस्कृत भाषा पर अधिकार रखने वाले ब्राह्मणों द्वारा तैयार किया गया, न कि दस्यु से ऋषि बने और उल्टा नाम जपने वाले, अशिक्षित दस्यु द्वारा। वह उल्टा-नाम-जप से अपना हृदय-परिवर्तन कर सकता था, पर संस्कृत का उतना प्रकांड विद्वान नहीं बन सकता था, जितना रामायणम् का रचनाकार है।

कथा अवश्य पुरानी थी, जिसका उपयोग नई अपरिहार्यता के चलते वैचारिक द्वन्द्व के लिए किया गया और मूल कथावस्तु से छेड़छाड़ करते हुए किया गया। पहले हम खुदाई के गलत स्थल के चुनाव को लें। इसके लिए हम विंसेंट स्मिथ के मंतव्य पर ध्यान दें। उसने प्रमाण देते हुए यह दिखाया था कि तटीय स्थल जिन नदियों के तट पर बसे हुए थे वे उनसे बहुत दूर चली गई है। यहां तक कि समुद्रतटीय स्थल भी इसके अपवाद नहीं हैं। उदाहरण के लिए ताम्रलिपि कभी बंदरगाह हुआ करता था, परंतु उस नाम का स्थल "समुद्र से कम से कम साठ मील (100 किलोमीटर) दूर है।" यह तो उस स्थिति की बात है जब नदी या समुद्र पीछे की ओर हटा हो, यदि स्थल उसकी चपेट में आ गया हो तो पहचान ही लुप्त हो जाती है। पुरानी मदुरा कहते हैं समुद्र में चला गया। खंबात की खाड़ी में एक प्राचीन नागर बस्ती के अवशेष पाए गए हैं।

> उत्तर भारत में नदियों ने धारा बदलते हुए पूर मैदानी भाग को इस तरह उलटा पलटा है जैसे किसान खेत जोतते हुए उसकी मिट्टी को उलटता-पलटता रहता है। यदि स्थल का धार्मिक महत्व हुआ तो पंडे-पुजारी नई बस्ती को भी पुराना नाम देकर अपना कारोबार चलाते रहते हैं।


उत्तर भारत में नदियों ने धारा बदलते हुए पूर मैदानी भाग को इस तरह उलटा पलटा है जैसे किसान खेत जोतते हुए उसकी मिट्टी को उलटता-पलटता रहता है। यदि स्थल का धार्मिक महत्व हुआ तो पंडे-पुजारी नई बस्ती को भी पुराना नाम देकर अपना कारोबार चलाते रहते हैं। अयोध्या का हाल यह है कि इसका ऊंचाई वाला भाग सरयू के कगार पर पड़ता है जबकि जिस स्थल पर कभी राममंदिर बना था या जहां बाबरी मस्जिद बनी थी, वहां बची हुई अयोध्या के भी सबसे प्राचीन स्तर का पता नहीं चलेगा। विश्वामित्र राम और लक्ष्मण को लेकर चले तो अयोध्या सरयू का दक्षिण तट आधे योजन से कुछ अधिक दूरी पर पड़ा था (अध्यर्धयोजनं गत्वा सरव्या दक्षिणे तटे, रा.1.12.11)। यह माप कुछ बढ़ाकर भी दी गई हो सकती है, परंतु इतना तो तय है कि नदी का कटाव विनष्ट अयोध्या की ओर रहा है और उसके पुराने नगर का बहुत छोटा सा हिस्सा ही ध्वंस के बाद बचा रह पाया है। अतः पुरातत्व रामकथा की उस कड़ी का जिसका संबंध दशरथ के पुत्र राम से है, निर्णय नहीं कर सकता। पश्चिम एशियाई पुरावस्तुः रामकथा की ऐतिहासिकता का एक अन्य बहुत क्षीण सूत्र है मिस्र के प्रतापी राजा रामसेस द्वितीय, जिसने 127-1213 ख्रिस्ताब्द पूर्व में 66 साल तक राज्य किया था और जिसे मिस्र में रामसेस महान के रूप में याद किया जाता रहा, उसके नाम में आए राम को एक ठोस आधार मानते हुए यह सिद्ध करने का प्रयत्न किया गया कि राम की ऐतिहासिकता मिस्र के रामसेस से जुड़ी है और उसकी पौराणिकता भारतीय राम की अवधारणा से। इसके साथ ही एक हुरी राजा का नाम तुशरत्त था, जिसका भाई शत्तिवाज था। इसका हुर्री भाषा में नाम किलि-तेसुप था। सरस्वती से मिलता जुलता नाम अफगानिस्तान की नदी हरह्वती या हरौती का था, जिसे यूनानी हेराक्वैती कहते थे, इन तिनकों को जोड़कर भारतीय इतिहास लेखन के धर्मनिरपेक्षता की आड़ में चलने वाले 'माले गनीमत' वाले दौर में जब प्राचीन भारतीय इतिहास को नष्ट करने का अभियान चल रहा था, यह सिद्ध करने के प्रयास किए जाते रहे कि ये सभी 'आर्यों' के पश्चिम से भारत में आने के प्रमाण हैं और मूल सरस्वती नदी अफगानिस्तान में बहती थी और उसी के नाम पर भारतीय सरस्वती का नामकरण किया गया।

यह क्रीतदासों का इतिहास था, जो चीजों को सही संदर्भ देना भी नहीं जानते थे, परंतु शिक्षा और अनुसंधान के प्रतिष्ठानों पर एकाधिकार करके विभिन्न प्रयोजनों के नाम पर करोड़ों का कारोबार चला रहे थे। यदि इतिहास का विवेक होता तो वे समझते कि हरह्वती नाम संस्कृत में किसी तरह की कठिनाई नहीं पैदा करता, सरस्वती ईरानी में हरह्वती हो जाता है, अतः मूल नाम सरस्वती था और उन लोगों के प्रसार या प्रभावविस्तार के साथ यह नाम पश्चिम की नदी को दिया गया कि शत्तिवाज या सत्यवाज/शक्तिवाज नाम हुर्री का नहीं है, उसमें इसे किलि तेसुप कहा जाता था। इस भाषाई पर्यावरण में दशरथ और सत्यवाज का प्रवेश भारतीय भूभाग से गए हुए प्रभावशाली समुदाय में ही रखा जा सकता था। मिस्री में रा का अर्थ सूर्य है। सूर्योपासना मिस्र में भारतीय प्रभाव में आरंभ हुई थी और यह लंबे ससय तक नहीं चल पाई थी। ठीक यही बात रामसेस के मामले में भी देखी जा सकती है, यह नाम फराऊनों की नाम परंपरा से हटकर है और उस प्रभाव से उत्पन्न है, जिसमें तेल-एल-अमर्ना के संस्थापक अखनातेन ने सूर्योपासना का एक नया धर्म आरंभ किया था, जो उसके जीवन काल तक ही चला। नई राजखानी राजधानी अमर्ना भी जो उसके द्वारा स्थापित की गई और उसकी मृत्यु के बाद उपेक्षित और फिर विस्मृत हो गई। मितन्नी राजा तुशरत्त से हित्तियों के बढ़ते प्रभाव को रोकने के लिए अखनातेन के कूटनीतिक संबंध थे, जो तुशरत्त की पुत्री के अखनातेन के पुत्र से वैवाहिक संबंध में भी प्रतिफलित हुआ था।

दशरथ और दूसरे भारतीय नाम उस भिन्न भाषा-परिवेश में भारतीय प्रभाव के सूचक तो हैं, पर इन नामकरणों के पीछे भारतीय 'इतिहास' के दशरथ और राम से यदि कोई संबंध है या हो सकता है तो मात्र इस अर्थ में ही कि दशरथ और राम का काल चौदहवीं शताब्दी से पीछे जाता है कि मितन्नियों की राजधानी वसुकन्नि, जिसका अर्थ धन की खान होता है, जिस खाबुर नदी के तट पर था, उसे संभवतः वसु भी कहा जाता था और इसका एक क्षीण हवाला गोपथ ब्राह्मण में आया है, जिसमें कहा गया है कि इन्द्र का नगर वसु की धारा पर बसा था और इसे असुरों ने घेर लिया था - वसोर्धाराणां ऐन्द्र नगरम्। तं असुराः पर्युपेयुः। इसमें किसी युक्ति से इन्द्र का बचाव हो गया था। ये इन्द्रलोक भारोपीय प्रसार क्षेत्र में फैली व्यापारिक बस्तियां या उपनिवेश थे और वहां किसी तरह के संकट की सूचना मिलने के बाद सहायता के लिए जाने वाले और वहां से मालामाल होकर लौटने वाले भारतीय राजाओं के जो हवाले दुष्यंत से लेकर दशरथ तक के मिलते हैं वे सभी रघुवंशी हैं इनमें ऐतिहासिक सच्चाई हो सकती है, परंतु इसके बाद भी तुशरत्त का भारतीय दशरथ से केवल नाम का संबंध है, जो उनकी ख्याति का सूचक है न कि वंशधरता का। पुरातत्व में प्रमाणों का अभाव नहीं है, अभाव उस समझ का है जो इन्हें सही संदर्भ में रख सके।

## प्रसंगवश

# फसलों की सांस्कृतिक वैज्ञानिकता



डॉ. चन्द्रविजय चतुर्वेदी
प्रयागराज

भारत में खेती किसानी हजारों वर्ष से जीवन पद्धति के अभिन्न अंग के रूप में, तमाम ज्ञान-विज्ञान समेटे उत्तम कर्म रहा है। आरण्यक संस्कृति से उद्भूत खेती किसानी ने प्रकृति के तमाम रहस्यों को उद्घाटित किया।

इस धरती पर फसल की श्रेणी में आने वाले लगभग तीन लाख पौधे हैं, जिनमें से अब तक कुल तीन हजार पौधों को ही खाद्यान्न पौधों के रूप में ही चिह्नित किया जा सका है। कृषि का इतिहास लगभग दस हजार साल का इतिहास है। आज के वैज्ञानिक युग के पूर्व ही खेती- किसानी करने वाले किसानों ने एक एक फसल की हजारों लाखों किस्मों की खोज की थी। उनको अपने खेतों में पाला पोसा। अनुभव और परिक्षण से उनका वर्गीकरण किया कौन फसल किस मौसम में होगा? किस किस्म को कम पानी चाहिए किस किस्म को ज्यादा पानी चाहिए? इन वैज्ञानिक ऋषि किसानों ने खाद्यान्नों के बीजों को संरक्षित किया। एक शताब्दी पूर्व भारत में धान की लगभग एक लाख किस्में बोई जाती थी। एक-एक गांव में बीसों किस्म के अलग-अलग धान के खेत लहलहाते थे। पानी और बोली की तरह चार कोस पर धान की किस्में बदल जाती थी। दुर्भाग्यपूर्ण गाथा है कि दस हजार साल की किसानों की सृजनशीलता जो सांस्कृतिक वैज्ञानिकता थी उसे पिछले पचास साल के व्यापारिक वैज्ञानिकता ने नष्ट कर दिया। आज का वैज्ञानिक जैविक विविधता को परिभाषित करते हुए कहता है कि कोई भी दो प्रजातियां अपने पर्यावरण का उपभोग सामान रूप से नहीं करती तथा किन्हीं दो प्रजातियों के अनुवांशिक सूत्र भी एक समान नहीं होते।

हजार साल पहले के किसान को जैविक विविधता के संबंध में निश्चित रूप से यह व्यावहारिक रूप से ज्ञात था कि पर्यावरण के संतुलन के लिए आवश्यक है। फसल की सांस्कृतिक वैज्ञानिकता का एक मजेदार तथ्य है कि हमारे पुरखे लगभग दो हजार खाद्यान्न पौधों में से अपना भोजन चुनते थे। आज पूरे देश में खाद्यान्न लगभग दो सौ फसलों में ही सिमट कर रह गया है, उसमें भी हमारी थाली के भोजन के अन्न अंगुलियों पर गिने जा सकते हैं। फसलों की विशाल संपदा व्यापारिक विज्ञानवाद की भेट चढ़ता चला गया।

# आखिर सड़क हादसों में अव्वल क्यों है यूपी



संजय सिंह
वरिष्ठ पत्रकार

> प्रदेश के ज्यादातर बड़े शहरों में अब ड्राइविंग के टेस्ट ट्रैक काम करने लगे हैं, लेकिन वहां की नई व्यवस्थाओं को आम जनता अभी आत्मसात नहीं कर पा रही है।

एक बार फिर उत्तर प्रदेश सड़क दुर्घनाओं में होने वाली मौतों में अव्वल आया है। खासकर इसलिए कि प्रदेश में आधुनिकतम सड़कों का जाल बिछा है और एक्सप्रेसवे के मामले में भी यह अग्रणी प्रदेश है। पिछले कुछ वर्षों में प्रदेश में ट्रैफिक पुलिस व्यवस्था भी बेहतर हुई है और ट्रैफिक अमले का विस्तार भी हुआ है। फिर आखिर क्या वजह है कि हादसे कम होने का नाम नहीं ले रहे। तमिलनाडु, कर्नाटक, महाराष्ट्र और राजस्थान के साथ उत्तर प्रदेश का मुकाबला पिछले कई सालों से चल रहा है। अनेक मामलों में प्रदेश ने इनसे बेहतर प्रदर्शन किया है, लेकिन सड़क दुर्घटनाओं के मामले में हमेशा पहले तीन स्थानों पर रहना प्रदेश की नियति बन गई है।

नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों के मुताबिक उत्तर प्रदेश में हर साल औसतन 22 हजार लोगों की मौत सड़क दुर्घटनाओं के कारण होती है। वर्ष 2023 के दौरान उत्तर प्रदेश में सड़क हादसों की वजह से 23,652 लोगों की जान गई। ये आंकड़े पिछले साल के आंकड़ों से ज्यादा हैं और सोचने को मजबूर करते हैं कि या तो नीति-निर्माताओं और प्रशासनिक अमले से कहीं न कहीं कोई चूक हो रही है। एनसीआरबी के अलावा सड़क परिवहन मंत्रालय की ओर से हर साल जारी किए जाने वाले आंकड़ों में भी यूपी की लगभग यही तस्वीर सामने आती है। सड़क मंत्रालय की ओर से जारी किए गए 2018 से 2022 तक के आंकड़ों से पता चलता है कि 2018 से 2020 के बीच भारत में सड़क हादसों में कुछ गिरावट का रुख रहा, लेकिन 2020 के बाद पुनः सड़क हादसे बढ़ने लगे और यह क्रम जारी है, जहां तक उत्तर प्रदेश का प्रश्न है यहां 2018 में 42568 सड़क हादसे हुए थे, जो 2019 में बढ़कर 42572 हो गए। कोविड के कारण 2020 में हादसे अचानक घटकर 34242 पर आ गए थे, लेकिन 2021 में पुनः बढ़कर 37729 और 2022 में 41746 पर पहुंच गए। जहां तक यूपी में सड़क हादसों में मौतों का सवाल है तो 2018 में 22256 और 2019 में 22655 मौतें हुई थीं। वर्ष 2020 में मौतें घटकर 19149 पर आ गईं, लेकिन 2021 में पुनः बढ़कर 21227 और 2022 में 22595 पर पहुंच गईं। एनसीआरबी के 2023 के आंकड़े इससे काफी ज्यादा मौतों की ओर इंगित करते हैं।

वैसे तो यह समस्या पूरे देश में है, लेकिन यूपी में कुछ ज्यादा है। शायद एक्सप्रेस-वे व बढ़िया सड़कें ही समस्या की वजह बन गई हैं। यूपी में होने वाले 75 फीसद से ज्यादा सड़क हादसों की वजह ओवरस्पीडिंग को पाया गया है। इस कारण होने वाले हादसों में मौतों और घायलों का आंकड़ा भी ज्यादा होता है। जबकि दूसरी बड़ी वजह यातायात संबंधी अड़चने हैं, जिनमें सड़कों पर गड्ढे, पानी, तेल, धूल, रेत या कंकड़-पत्थर का मौजूद होना, उचित यातायात संकेतकों का अभाव, सड़क के डिजाइन में खामी, प्रकाश की कमी, अंडरपास या ओवरब्रिज तक पहुंचने और निकलने वाले अप्रोच मार्ग का संकरा या गलत कोण या घुमाव, फुटपाथ के अभाव में पैदल यात्रियों का मुख्य मार्ग पर चलना, बिना हेलमेट के दुपहिया और बिना सीटबेल्ट के चौपहिया वाहन चलाने में चालकों की लापरवाही, वाहनों की फिटनेस और मेंटिनेंस की अनदेखी, ट्रैफिक पुलिस द्वारा नियमों के अनुपालन के नाम पर व्यस्त सड़क पर अचानक चेकिंग के कारण यातायात बाधित होना, मोटर ड्राइविंग की समुचित ट्रेनिंग और टेस्ट के बगैर ड्राइविंग लाइसेंस जारी किया जाना, शराब पीकर गाड़ी चलाना, उल्टी दिशा या रांग साइड पर वाहन चलाना जैसी तमाम वजहें शामिल हैं। चूंकि सबसे ज्यादा गड़बड़ ड्राइविंग 18 से 25 तथा 25 से 35 आयु वर्ग के युवाओं द्वारा की पाई गई है।

प्रदेश के ज्यादातर बड़े शहरों में अब ड्राइविंग के टेस्ट ट्रैक काम करने लगे हैं, लेकिन वहां की नई व्यवस्थाओं को आम जनता अभी आत्मसात नहीं कर पा रही है। लोगों को टेस्ट देते वक्त अनेक दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। मामूली गलती से टेस्ट में फेल होने के बावजूद लोग बिना लाइसेंस गाड़ी चलाते रहते हैं। इसे रोकने का कोई उपाय नहीं है। इस खामी को दूर करने की जरूरत है। उत्तर प्रदेश के जिन शहरों में सबसे ज्यादा मौतें सड़क हादसों के कारण होती हैं, उनमें कानपुर, आगरा, प्रयागराज, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, लखनऊ, उन्नाव, हरदोई और बरेली प्रमुख हैं। इन शहरों में क्या समस्या है और क्या किए जाने की जरूरत है इसकी समीक्षा के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वयं पहल करते हुए एक उच्चस्तरीय समिति बनाई है। उम्मीद है कि समिति उचित विश्लेषण करते हुए सुधारात्मक उपाय सुझाएगी और उन सुझावों पर अमल होगा।

## सोशल फोरम

# क्या कुछ भी हिंसा के बाहर नहीं है



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

92 वर्षीय अमेरिकी चिंतक नोम चोम्स्की बदले विश्व में परमाणु युद्ध और पर्यावरण विनाश के अलावा एक अन्य संकट की ओर संकेत करते हैं-'जागरण को मिटा देने के प्रयास'। वर्तमान विश्व में लोगों की सैकड़ों साल के संघर्ष से अर्जित बौद्धिक उपलब्धियों और लोकतांत्रिक संस्थाओं को मिटाया जा रहा है। इस दौर में जो कई आदर्श तेजी से अलोकप्रिय हो रहे हैं, उनमें अहिंसा और सह-अस्तित्व भी है।

किसी प्रत्यक्ष सरकारी रोक के बिना भी असुविधाजनक तथ्यों को अंधेरे में रखा जाता है, ताकि जो 'पूरी तरह से तर्कहीन' है उसकी प्रतिष्ठा हो सके। हर तरफ विकसित संसाधनों से 'अज्ञानता-निर्माण' का एक बड़ा घेरा पड़ा है। इस पर गंभीरता से सोचने की जरूरत है कि जिस दुनिया में प्रेम, न्याय और शांति के आंदोलन सदियों तक चले, उसमें अहिंसा की जगह हिंसा राजनीतिक सार के रूप में फिर कैसे प्रतिष्ठित हो रही है? क्या सभ्यता पीछे लौट रही है, जिसे 'मध्यकालीनता' कहते थे, उस तरफ? इन दिनों आंख मूंदकर 'सबकी जरूरतों' की जगह सामुदायिक हित प्रधान बना दिए गए हैं, संकीर्णता बनाम संकीर्णता का खेल है। कांटा को कांटा से निकालो! लोग अतीत के तालाब में नहा रहे हैं और अपने नदियों-समुद्रों को भूलते जा रहे हैं। यह एक विडंबना है कि अब साझा मुद्दों पर लोगों को इकट्ठा करना कठिन है, 'मनुष्य' तथा 'नागरिक' की धारणाओं का क्षय हुआ है। समाज यहां आ खड़ा हुआ है कि केवल संकीर्ण नारों पर ही जनता को कुछ जोश आता है। लोग इन दिनों हमेशा सामुदायिक कोण से बहस करते हैं।

यदि किसी स्त्री का बलात्कार हुआ हो तो पहले देखते हैं कि वह किस धर्म या जाति की है। कोई अपराधी यदि अपनी जाति या पार्टी का आदमी है तो उसे बचाते हैं। इन दिनों अपराधी विजेता की तरह देखे जाते हैं। अगर कोई अपराधी राजनीतिक नेता हो गया तो वह हजारों लोगों के दिल पर राज करता है। कहना न होगा कि हमारे देश में अपराध को बड़े पैमाने पर सांस्कृतिक वैधता मिली है।

**-फेसबुक वॉल से**

# चयन और प्रोन्नति में एसीआर की महत्वपूर्ण भूमिका



राम कृष्ण चतुर्वेदी
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

एसीआर यानी कि वार्षिक गोपनीय मंतव्य किसी भी सेवारत कर्मी की वर्ष भर के क्रियाकलापों के संबंध में उसके कार्यालयाध्यक्ष द्वारा अपने वरिष्ठ अधिकारियों को भेजी जानी वाली वह गोपनीय आख्या होती है, जिसमें वह संबधित कर्मी की कार्यप्रणाली के संबंध में अपना मंतव्य प्रकट करता है। हम लोगों की सेवा के काफी समय बाद तक यह मंतव्य परम गोपनीय होता था और संबंधित अधिकारी को यह भनक तक नहीं लग पाती थी कि उसके बास ने उसके बारे में क्या-क्या लिख मारा है। यदि प्रतिकूल प्रविष्टी होती थी तो उस प्रविष्टि का संबंधित भाग उस अधिकारी को सूचित किया जाता था कि वह उस प्रविष्टि के विरुद्ध अपील कर सके। यह बहुत कुछ रिपोर्टिंग अधिकारी के सोच, स्वभाव और मानसिकता पर भी निर्भर करता था।

आज की स्थितियां भिन्न हैं, शासन और व्यवस्था में आई पारदर्शिता के फलस्वरूप हर अधिकारी को उसके वार्षिक मंतव्य की प्रति उपलब्ध कराना संबधित विभाग की अनिवार्य जिम्मेदारी है, जिसके कारण कतिपय अधिकारियों की अकारण अपनी व्यक्तिगत कुंठाओं व नाराजगी के कारण ऊलजलूल लिखने की प्रवृत्ति पर रोक भी लगी है, पर हमेशा ऐसा नहीं होता और खासकर हम लोगों की पीढ़ी में वरिष्ठ अधिकारियों और अधीनस्थ अधिकारियों के बीच परस्पर भरोसा, विश्वास, निष्ठा सहयोग और एक दूसरे के प्रति सम्मान का ऐसा भाव होता था, जो आज की ब्यूरोक्रेसी में दुर्लभतम श्रेणी में आता है। यहां कुछ ऐसे ही अधिकारियों का उल्लेख करना है। बात 1994-95 की है मैं आतंकवाद ग्रस्त लखीमपुर जनपद में चार सफल वर्ष की सेवा पूर्ण कर वहां से स्थानांतरित होकर तत्कालीन जनपद गाजियाबाद में क्षेत्राधिकारी नोएडा के पद पर कार्यरत था तब पूरे नोएडा में केवल एक ही क्षेत्राधिकारी होता था। एक दिन अचानक वायरलेस संदेश आया कि पड़ोस के जनपद के एसएसपी ओपी सिंह जो बाद में डीजीपी यूपी के पद तक पहुंचे उन्होंने आज ही बुलंदशहर बुलाया है। ओपी सिंह लगभग डेढ़ वर्ष तक खीरी में मेरे एसपी रहे थे व उनके साथ आतंकवाद के विरूद्ध काम करने का पूरा मौका मिला था। खैर आदेश था देर शाम मैं बुलंदशहर एसएसपी निवास पर पहुंच गया। हाल-चाल, चाय-पानी के बाद कप्तान साहब ने अपने स्टेनों के बुलाया और कहा कि वह जो ड्राफ्ट लिखवाया था उसकी कापी ले आओ। दो मिनट में टाइपशुदा दो पृष्ठ लेकर स्टेनो बाबू हाजिर हुए। सर ने कागज लेकर उन्हें जाने को कह दिया। मैं असमंजस में क्या मामला है? अब तो मैं इनके अधीन भी नहीं हूं फिर सर ने चुप्पी तोड़ी और बोले कि ये तुम्हारा पलिया सीओ पीरियड का एसीआर है पढ़ लो कुछ छूटा हो तो बता दो। एक क्षण तो मुझे कुछ समझ में ही नहीं आया पर छूटते ही मैंने कहा कि नहीं सर मुझे नहीं देखना आपने जो भी लिखा होगा अच्छा लिखा होगा और वैसे भी आपने अंग्रेजी में लिखा होगा मैं तो हिंदी मीडियम का आदमी मेरी समझ में भी नहीं आएगा। सर आग्रह करते रहे मुझे नहीं देखना था तो नहीं देखा। हार मानकर उन्होंने अपना कागज वापस रख लिया। थोड़ी देर बाद जब मैं वापस आने के लिए निकला तो सर प्रोटोकॉल के विपरीत गाड़ी तक मुझे छोड़ने आए और जाते-जाते बोले कि अब मैं एक पैराग्राफ और लिखूंगा।

दूसरा उदाहरण गाजियाबाद का है, मैं एसपी सिटी गाजियाबाद था और मेरे एसएसपी थे डीएस चौहान पूर्व डीजीपी। गाजियाबाद के पहले वे एसएसपी गौतमबुद्ध नगर और मैं उनके अधीन एसपी नोएडा के पद पर लगभग डेढ़ वर्षों तक कार्यरत रहा था। फिर सर का स्थानांतरण गाजियाबाद हुआ और पीछे-पीछे मुझे एसपी सिटी गाजियाबाद बना दिया गया। यहां भी एक दिन शाम को कमांड हाउस पर तलबी हुई और सामान्य बातचीत के बाद सर ने एक कागज दराज से निकालते हुए कहा कि ये एसपी सिटी नोएडा पीरियड की एसीआर है पढ़कर देख लो। मैंने तुरंत मनाकर दिया कि सर ये मेरा काम नहीं है आपका है, जो किया होगा अच्छा ही होगा और मुझे इसे नहीं पढ़ना वापस रख लीजिए। सर ने ज्यादा जिद नहीं की। चाय मंगाई पिलाई और मीटिंग समाप्त हुई। जैसे ही मैं उठने को हुआ सर ने कहा तुम्हें पता है मैंने पहले ही सोच रखा था कि अगर तुमने इसे पढ़ा होता तो तुम्हारी यही एसीआर फाइनल होती पर तुमने आंख मूंद कर भरोसा किया, अब मैं इसे दुबारा लिखूंगा। तीसरा उदाहरण मेरे इंडियन आयल के विजिलेंस में डेपुटेशन का है, जहां मेरे बॉस विलक्षण व्यक्तित्व के सीबी सत्पथी एडीजी ईडी विजिलेंस के पद पर थे। मैं इंडियन आयल के उत्तरी रीजन का विजिलेंस हेड था और दिल्ली हरियाणा छोड़कर पूरे उत्तरी भारत का क्षेत्राधिकार रखता था। मेरा ऑफिस ग्रीन पार्क में जबकि सर स्कोप बिल्डिंग में बैठते थे। अचानक एक दिन स्टाफ ऑफिसर का मैसेज आया कि सर बुला रहे हैं, सामान्य तौर पर किसी फाइल पर विचार के लिए यदा-कदा बुलाहट होती थी सो मैंने पूछा कौन सा मामला है कोई फाइल तो नहीं लानी। बताया कि ऐसा कुछ नहीं कहा है बस आप आ जाओ। मैं पहुंचा तुरंत चैंबर में बुलाया गया। बैठते ही सर ने बिना किसी भूमिका के कहा तेरी एसीआर लिखनी है बता क्या लिखूं? मैं हतप्रभ क्योंकि अभी तक एसपीएस एसपी से पाला पड़ा था, पर यहां तो बहुत बड़ा गैप था। एडिशनल एसपी और एडीजी और वो भी सत्पथी सर जैसे। बस मुंह से इतना ही निकला कि सर आप जो भी लिख देंगे वह आपका आशीर्वाद ही होगा। सर ने कहा जा तुझे जल्दी ही आईपीएस मिलेगा। जिन लोगों को सत्पथी सर के विषय में नहीं पता वे जान लें कि सर साईं बाबा के अनन्य भक्त और साधक हैं और अनुयायियों में पूजे जाते हैं, उनके बाहर जाने पर दर्शन हेतु लाइन लगती है।

कुल मिलाकर उक्त तीनों प्रकरण सीनियर-जूनियर के बीच परस्पर भरोसा, विश्वास, निष्ठा और एक दूसरे के प्रति सम्मान की भावना के ज्वलंत उदाहरण हैं, जिसका दिनों दिन क्षरण होता जा रहा है। अब तो सुनने में यह भी आया है कि कुछ सीधी भर्ती के आईपीएस कप्तान अपने सीओ से बात भी नहीं करते जो गंभीर चिंता का विषय है।

## आपका पत्र

# पर्यावरण का नुकसान

भारत विकासशील देश की श्रेणी में आता है। यहां वर्ष प्रतिवर्ष विभिन्न स्कूलों में शिक्षा ग्रहण कर रहे बालक और बालिकाओं को नई कक्षा में प्रवेश करने पर नए सिरे से कॉपी-किताबें खरीदनी पड़ती है। कॉपियां खरीदना तो समझ में आता है, किंतु नई-नई किताबें हर वर्ष खरीदना समझ से बाहर है। तमाम प्राइवेट स्कूल अगली कक्षा में चल रही पिछली किताबों के दो या तीन चैप्टर बदल देते हैं, मजबूरन नई क्लास में आने वाले बच्चों को नई किताबें खरीदनी होती हैं। यदि ऐसा नहीं होता तो ऐसे विद्यार्थी अपने जूनियर अथवा सीनियर साथियों से किताबें खरीदकर अथवा उपहार में लेकर शिक्षा ग्रहण कर सकते हैं, लेकिन वर्ष प्रतिवर्ष नई पुस्तकों की आड़ में करोड़ों रुपये का कारोबार किताब विक्रेताओं को दिया जाता है।

नए सत्र में तमाम स्कूल निश्चित दुकान से कॉपी किताबें खरीदने के लिए दबाव बनाते रहे हैं। बार-बार नई किताबें खरीदने से करोड़ों रुपए का पर्यावरण का नुकसान होता है और दूसरी ओर करोड़ पेड़ों की कटाई होती है। फिर सरकार आम जनता में पर्यावरण की सुरक्षा के लिए पेड़ लगाओ, पर्यावरण बचाओ अभियान के तहत विद्यालयों में, पार्कों में, स्कूलों में अलग-अलग जगह पर वृक्ष लगवाने का कागजी अभियान भी जारी करती है। वहीं दूसरी ओर दुनिया का सबसे अमीर और विकसित एवं शक्तिशाली राष्ट्र अमेरिका में पुराने सत्र के समापन पर विद्यार्थियों से किताब लेकर स्कूलों द्वारा जमा कर ली जाती है और उसके बाद नए सत्र के नए विद्यार्थियों को वह किताबें पढ़ने के लिए दी जाती हैं। इससे जहां एक ओर अनावश्यक रूप से पर्यावरण के नुकसान को बचाया जाता है। उम्मीद है कि आने वाले नए सत्र में सरकार और प्रशासन मिलकर पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिकोण से उचित कदम उठाने का प्रयास करेंगे।

- **डॉक्टर प्रमोद अग्रवाल गोल्डी,** 101 बड़ा बाजार, नैनीताल

# गोबर गबन पर बोर्ड बैठक का बहिष्कार

## सभासदों ने नगर पंचायत के चेयरमैन पर लगाया मनमानी करने का आरोप

संवाददाता, नवाबगंज (फर्रुखाबाद)

- गौशाला का गोबर अपने खेतों पर डलवाने का आरोप
- 16 में से 13 सभासदों ने बैठक का किया बहिष्कार


नगर पंचायत की बैठक का बहिष्कार करते सभासद। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नगर पर पंचायत बोर्ड की बुधवार को बुलाई गई बैठक का सभासदों ने बहिष्कार कर दिया और नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल राजपूत पर मनमानी करने का आरोप लगाया। सभासदों की ओर से अधिशासी अधिकारी को दिए गए ज्ञापन में गौशाला के गोबर का गबन करने की आरोप लगाया गया है।

बोर्ड की बैठक का बहिष्कार करने के बाद सभासदों की ओर से अधिशासी अधिकारी को दिए गए ज्ञापन में आय-व्यय का ब्यौरा नहीं देने और सभासदों के प्रस्ताव पर कोई कार्य नहीं करने जैसे मुद्दे उठाए गए हैं। सभासदों ने नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल राजपूत पर मनमानी करने का आरोप लगाया है। सभासद अनिल शाक्य, ब्रजमोहन, पवन कुमार, ललित कुमार, रंजीता बानो, भूपेन्द्र कुमार, सुजाता, रजनी यादव आदि सभासदों ने ज्ञापन में हस्ताक्षर किए।

सभासद के प्रतिनिधि लिटिल ने कहा कि चेयरमैन के निजी गाड़ी के चालक भी नगर पंचायत में तैनात हैं। उनके साथ में भी जो लोग चलते हैं, उनकी भी नगर पंचायत में ही तैनाती है। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष ने नगर पंचायत में बनी गौशाला का गोबर अपने खेतों में डाल लिया। जब सभासदों ने विरोध किया तो बाद में उसकी नीलामी 500 रुपये प्रति ट्रॉली दिखा दी गई। सभासदों ने 800 रुपये प्रति ट्रॉली के हिसाब से देने की मांग की तो उन्हें नहीं दिया गया।

सभासद पवन कुमार ने पांच दिन पहले अपने आवास पर बुलाकर मारपीट कराने का आरोप लगाया। सभासदों ने कहा कि उनके कहने पर वार्ड में कोई कार्य नहीं किया जाता है। सारे काम अपने चहेते लोगों के कहने पर करते हैं। सभासदों ने बताया कि 16 सभासदों में से 13 सभासदों ने बैठक का बहिष्कार किया है। इस संबंध में नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल राजपूत से बात करने की कोशिश की गई, लेकिन उनका फोन रिसीव नहीं हुआ। नगर पंचायत के लिपिक विकास कुमार ने कहा कि अभी न ही कोई बैठक स्थगित हुई है और न ही कोई तिथि निर्धारित है। उन्होंने गोलमोल जवाब दिया।

## शिक्षिका की मौत पर भाजपा नेता आरोपी

**छिबरामऊ।** प्राइवेट स्कूल की एक शिक्षिका की मौत के पीछे एक भाजपा नेता पर अवैध संबंध बनाने के लिए परेशान करने के आरोप लगे। मां ने बेटी को प्रताड़ित करने के साथ हत्या कर शव को फंदे पर लटकाने की तहरीर दी।

बुधवार को आरोपी पर मामला दर्ज करने के बाद ही परिजन शव का पोस्टमार्टम कराने को राजी हुए। आरोपी को पुलिस ने हिरासत में लिया है। शहर के एक प्राइवेट स्कूल की शिक्षिका परिवार के साथ एक गांव में रहती थी। मंगलवार को घर में ही उसका शव फंदे पर लटकता मिला। मां ने क्षेत्र के गांव खोजीपुर के रहने वाले एक अधिवक्ता व कथित भाजपा नेता अनुराग त्रिपाठी पर बेटी से अवैध संबंध बनाने के दबाव के आरोप लगाये थे। पुलिस को दी तहरीर में कहा कि बेटी के विरोध करने पर उसे मार कर फंदे से लटका कर आत्महत्या दर्शाने का षड़यंत्र रचा गया।

# मूक बधिर मां और बच्ची से रेप का आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा

संवाददाता, भरतकूप (चित्रकूट)

- भरतकूप थाना क्षेत्र में हुई शर्मसार करने वाली घटना
- घटना के दौरान घर पर अकेली थी मूकबधिर और बच्ची

**अमृत विचार।** सभ्य समाज को शर्मसार करने वाली घटना के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। हैवानियत की हदें पार कर इसने मूक बधिर मां से दुराचार किया और आठ माह की बच्ची के साथ भी गलत हरकत की। इस संबंध में बच्ची के बाबा ने आरोपी और उसके भाई के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। भरतकूप थाना प्रभारी प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपी पर बीएनएस की धारा 64 के तहत अन्य धाराओं में कार्रवाई की है।

भरतकूप थानांतर्गत एक गांव निवासी व्यक्ति ने बताया कि 22 अक्टूबर की शाम लगभग चार बजे वह खेत पर था। घर पर उसकी मूक बधिर बहू और आठ माह की नातिन थी। इसी दौरान गांव के ही राजनारायण ने घर में घुसकर उसकी बहू से दुराचार किया और नातिन के साथ भी गलत हरकत की। नातिन लहूलुहान हो गई। बताया कि बहू ने इशारे से सारी बात बताई। जब वह आरोपी के घर उलाहना देने गया तो आरोपी ने गालीगलौज की। उसके भाई ने भी गालियां दीं और लाठी लेकर मारने को दौड़ा। उसका पुत्र घर पर नहीं था।

थाना प्रभारी प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि ग्रामीण की तहरीर पर दोनों आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली। एसपी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी ने पहले मूकबधिर महिला से दुराचार किया और फिर उसकी दुधमुंही बच्ची के गुप्तांग में छेड़छाड़ की।

### खानदान का ही है आरोपी

एसपी ने बताया कि आरोपी महिला का पड़ोसी है। इसके साथ ही वह उसका सजातीय और खानदानी है। आरोपी के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### बच्ची के हो रही थी ब्लीडिंग

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक डा. उमेश ने बताया कि महिला कांस्टेबिल पीड़ित मां और उसकी बच्ची को लेकर आई थी। दोनों का वाह्य परीक्षण किया गया। बच्ची के खून बह रहा था। इंटरनल इंजरी की जांच लेडी डॉक्टर करेंगी। दोनों को जिला अस्पताल रिफर किया गया है।

# उरई में शराब पार्टी के बाद दोस्त की पीटकर हत्या

## नदीगांव थाना क्षेत्र के मऊ का मामला, जांच में जुटी पुलिस

कार्यालय संवाददाता, उरई


हत्या की घटना के बाद जांच करती पुलिस टीम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नदीगांव थाना क्षेत्र के ग्राम मऊ में शराब पार्टी के बाद बेरहम दोस्त ने लाठियां से पीट-पीटकर दोस्त को मौत के घाट उतार दिया। सूचना पर पहुंचे पुलिस के आलाधिकारियों ने घटना का निरीक्षण कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

नदीगांव थाना क्षेत्र के ग्राम पुरानी मऊ निवासी लालिया उर्फ कैलाश पुत्र भूरे व जय सिंह में गहरी मित्रता थी। इतना ही नहीं दोनों मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करने में लगे हुए थे। मंगलवार देर रात दोनों ने गांव में ही बैठकर शराब पी। इसी दौरान उनके बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। देखते ही देखते मामला इतना बढ़ गया कि जय सिंह ने शराब के नशे में अपने दोस्त ललिया उर्फ कैलाश के सिर पर लाठी डंडे से हमला बोल दिया। जिससे सिर में चोट लगने के कारण उसकी मौत हो गई। घटना जानकारी सुबह हुई जब कैलाश का शव सड़क पर पड़ा हुआ मिला। जिससे गांव में हड़कंप मच गया। मौजूद ग्रामीणों ने तत्काल मामले की सूचना पुलिस को दी। जानकारी मिलते ही नदीगांव थाना प्रभारी दिव्य प्रकाश तिवारी फॉरेंसिक टीम सहित पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने फॉरेंसिक टीम की मदद से मामले की जांच शुरू कर दी। वहीं घटना की सूचना पर एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार, सीओ अर्चना सिंह भी मौके पर पहुंचीं और मामले की हर पहलू पर जमीनी स्तर से जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले में एसपी ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है, जल्द ही आरोपी की गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

## खड़े कंटेनर से आरोपियों ने पार किए 208 गत्ते

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** खड़े कंटेनर से 208 गत्ते निकालने का मामला सामने आया है। कंपनी के लीगल मैनेजर ने कोतवाली पुलिस को बताया कि दिल्ली के जिला नार्थ बेस्ट थाना भलसवा पार्टवन मुकुन्दपुर निवासी तपानाथ धर दुबे पुत्र कुबेर धर दुबे ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह ब्रह्मपुत्र कारगो कैरियर प्राइवेट लिमिटेड में लीगल मैनेजर के पद पर कार्यरत है।

ग्राम मखदूमपुर निवासी अनूप कुमार कंपनी की गाड़ी को 18 अक्टूबर को मोगा पंजाब से भरकर कलकत्ता जा रहा था। 19 अक्टूबर की रात लगभग 09 बजे उसे नींद आ गई और उसने गाड़ी को सराय प्रयाग स्थित स्टेट बैंक के पास खड़ा कर दिया। रात लगभग दो बजे के आसपास उसकी नींद खुली तो देखा कि गाड़ी के पीछे डीसीएम लगी हुई है। कुछ अज्ञात लोग गाड़ी से माल उतार रहे है। जब ड्राइवर ने चोरों को रोकने का प्रयास किया तो चोर धक्का देकर फरार होने में सफल हो गए। कोतवाली पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# छात्रा के साथ दुष्कर्म का प्रयास

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** खेत पर चारा काटने गई कक्षा नौ की छात्रा के साथ एक युवक ने दुष्कर्म करने का प्रयास किया। दहशत में छात्रा ने स्कूल जाना छोड़ा है। शिकायत पर युवक के पिता ने किशोरी को मां को गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी भी दी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। मां ने बेटी का एक पेपर छूट जाना बताया है।

ललौली थानाक्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने बताया कि उसकी 15 वर्षीय पुत्री एक विद्यालय में कक्षा नौ की छात्रा है। काफी दिनों से गांव का ही एक युवक पुत्री का विद्यालय आते-जाते पीछा कर छींटाकशी करता है। उसकी पुत्री 19 अक्तूबर को खेत पर चारा काटने गई थी। बेटी का पीछा करते युवक भी खेत पहुंचा। उसने पुत्री को दबोच लिया और उसके साथ दुष्कर्म की कोशिश की। शोर मचाने पर गांव के लोग पहुंचे। बेटी को गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देकर भाग निकला।

खेत से लौटने पर पुत्री ने आपबीती बताई। वह युवक के घर शिकायत लेकर पहुंचे। जहां युवक के पिता ने उसे गाली गलौज और जान से मारने धमकी दी। घटना से परिवार में दहशत है। बेटी का दूसरे दिन सामाजिक विज्ञान का पेपर था। वह पेपर नहीं देने गई। उसी दिन से विद्यालय भी जाना बंद कर रखा है। थाना प्रभारी रमेश कुमार यादव ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### दुष्कर्म के मामले में सुलह पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

**कन्नौज।** ठठिया थाना क्षेत्र में दुष्कर्म के मामले में किशोरी मुकर गई। जिला अस्पताल में परीक्षण कराने से इंकार कर दिया। आरोपी झोलाछाप का जिला अस्पताल में डीएनए जांच के लिये सैंपल लिया। मामले में आरोपी के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तार किया। ठठिया थाना क्षेत्र के गांव निवासी किशोरी ने झोला छाप के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप लगाया कि उसके पेट में दर्द होने लगा। इस पर वह लक्ष्मणपुर तिराहा पर स्थित कानपुर नगर के ककवन थाना क्षेत्र के गांव विलारीपुर निवासी अजय कुमार झोलाछाप के क्लीनिक पर गई थी। वहां पर झोलाछाप उसे अंदर ले गया। इलाज के बहाने से दुष्कर्म किया। किशोरी ने घर आकर परिजनों को घटना की जानकारी दी और आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी। बताया जाता है कि पहले किशोरी ने झोलाछाप के खिलाफ तहरीर दी थी पर बाद में उसने थाने में ही सुलह करली थी। मामले का पता चला तो एसपी ने ठठिया थानाध्यक्ष से जानकारी ली।

### दुष्कर्म के आरोपी को 10 वर्ष का कठोर कारावास

**हमीरपुर।** नलकूप में सो रही महिला के साथ जबरन दुष्कर्म करने के साढ़े चार पुराने मामले में अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी प्रथम मनोज कुमार शासन की अदालत ने दोषी को 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। 30 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। मुस्करा थाना क्षेत्र के एक गांव में बीते 16 जनवरी की रात करीब 11 बजे एक महिला अपने नलकूप में सो रही थी। उस समय वह अकेले थी। तभी दोषी भवानीदीन लोधी अपने हाथ में कुल्हाड़ी लिए उसकी झोपड़ी में घुस आया और उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़ित ने घटना की जानकारी एसओ को दी तो उन्होंने बेटे से छेड़खानी का मामला दर्ज कराने को कहकर तहरीर लिखवा ली थी। बाद में विवेचना के आधार पर दुष्कर्म की धारा बढ़ाई गई थी। अदालत ने मामले की सुनवाई करते हुए दोषी भवानीदीन को 10 वर्ष की सजा सुनाई है। साथ ही 30 हजार अर्थदंड की धनराशि से 20 हजार की क्षतिपूर्ति पीड़िता को दिलाए जाने का आदेश दिया है।

## एक्सईएन, चकबंदी अधिकारी पर रिपोर्ट

**महोबा।** खरेला थाना क्षेत्र के ग्राम बरदा में अभिलेखों में जालसाजी करने पर अधिशासी अभियन्ता, चकबन्दी अधिकारी सहित सात लोगों के खिलाफ अदालत के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

खरेला थाना क्षेत्र के ग्राम बरदा निवासी सिम्मा उर्फ श्यामलाल ने पहली पत्नी के निधन हो जाने के उपरान्त दूसरी पत्नी जगरानी से शादी की थी। जिनसे दो पुत्र मदन व सुखलाल हैं। जबकि पहली पत्नी का एक पुत्र लल्लू है जो कि जीवित हैं। लेकिन दूसरी पत्नी ने अपने पुत्रों के साथ मिलकर क्षेत्रीय लेखपाल ग्राम विकास अधिकारी, सहायक चकबन्दी अधिकारी, व अधिशाषी अभियन्ता नहर प्रखण्ड प्रथम उरई से सांठगांठ कर कूटरचित दस्तावेज व धोखाधड़ी कर छलकपट से 6 जनवरी 2021 को जरिए वरासत पहली पत्नी के पुत्र लल्लू का नाम खारिज कराते हुए सम्पूर्ण भूमि पर वरासत दर्ज करा ली। आनन फानन में जमीन का दाखिल खारिज भी करा लिया और जब इसकी भनक पहली पत्नी के पुत्र लल्लू को लगी तो उसने स्थानीय प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई ,लेकिन न्याय न मिलने पर लल्लू ने अदालत का दरवाजा खटखटाया।

# अब परिवारों की पहचान बनेगी फैमिली आईडी

कार्यालय संवाददाता,औरैया

**अमृत विचार।** अब हर हाल में फैमिली आईडी बनवाना होगा ताकि विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल सके । इस आईडी से पता चलेगा कि परिवार में कितने सदस्य हैं। जिलाधिकारी डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने फैमिली आईडी बनाने का आदेश संबंधित विभाग को दिया है। उन्होंने कहा है कि पहचान पत्र बनाने का काम तेज किया जाए और लोग इसे बनवाने के लिए आगे आएं।

जिलाधिकारी ने कहा है कि विभागीय योजनाओं से जुड़े पात्रों की फैमिली आईडी बनवाना सुनिश्चित किया जाए। शत-प्रतिशत लोगों को फैमिली आईडी बननी चाहिए। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनांतर्गत राशन की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए बने राशन कार्ड एक तरह से पहचान पत्र का भी काम करते हैं। राशन कार्ड की पात्रता सूची से बाहर आयकरदाता व सुविधा संपन्न तमाम परिवार ऐसे हैं जिनके राशन कार्ड नहीं हैं। फेमिली आईडी उनकी पहचान बनेगी। फेमिली आईडी बनाने के लिए पोर्टल पर आनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू करा दी गई है। जिनके पास राशन कार्ड है उनकी फैमिली आईडी राशन कार्ड की संख्या को माना जायेगा। प्रदेश सरकार की ओर से प्रदेश में निवास करने वाले सभी परिवारों की जिनके पास राशन कार्ड नहीं है, फैमिली आईडी बनाने की योजना शुरू की है। भविष्य में शासन की संचालित योजनाओं का ऐसे परिवार लाभ हासिल कर सकेंगे। ऐसे में जो परिवार सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त नहीं कर पा रहे हैं वह फैमिली आईडी प्राप्त कर सकते हैं।



### कैसे करें आईडी के लिए आवेदन

आवेदक को अपना पंजीकरण फेमिली आईडी पोर्टल https:\\ familyid.up.gov.in पर दिए गए रजिस्ट्रेशन लिंक के माध्यम से करना होगा। आवेदक अपने नाम व मोबाइल नम्बर के माध्यम से मोबाइल ओटीपी व कैप्चा का उपयोग कर पोर्टल पर पंजीकरण पूर्ण करेगा। यदि परिवार के पास पूर्व से राशन कार्ड उपलब्ध है तो फैमिली आईडी पोर्टल पर आधार नंबर के साथ लागिंग करने पर यह मैसेज प्रदर्शित होगा कि आपके परिवार की फैमिली आईडी उपलब्ध है।

# डेंगू का कहर, पांच लोगों में हुई पुष्टि

कार्यालय संवाददाता,औरैया


मरीजों को डेंगू से बचाव के तरीके बताते सीएमओ डाक्टर सुनील कुमार वर्मा।

**अमृत विचार।** जिले में डेंगू ने दस्तक दे दी है। अब तक डेंगू से संक्रमित कई मरीज मिल चुके हैं। इससे डेंगू के डंक से लोग भयभीत हैं। दो संक्रमित शहर और तीन ग्रामीण क्षेत्र के हैं।

बारिश के बाद से मच्छरों का प्रकोप बढ़ है। औरैया नगर पालिका के ब्रह्मगन मोहल्ले में एक डेंगू मरीज मिलने से हड़कंप मच गया। साफ सफाई और फॉगिंग की व्यवस्था शहर में ठीक नहीं है। एंटी लारवा का छिड़काव नहीं हो रहा है। गंदगी के बीच लोग जीवन यापन कर रहे हैं। जहां डेंगू का खतरा अधिक है उनमें औरैया का ब्रह्मनगर, बनारसी दास, गोविंद नगर, नारायणपुर आदि मोहल्ले शामिल हैं। इसके बावजूद जिम्मेदार बेपरवाह बने हुए हैं। पिछले साल इन सभी जगह पर डेंगू के मरीज भी मिल चुके हैं। हालांकि इस बार डेंगू की स्पीड कम बताई जा रही है। क्योंकि पिछले साल जिले में 204 डेंगू के मरीज पाए गए थे। इस वर्ष 20 सितंबर को औरैया के ब्रह्म नगर मोहल्ले में एक डेंगू का मरीज पाया गया है। इसके बाद से स्वास्थ्य महकमा अलर्ट हो गया है।

स्वास्थ्य विभाग की टीम जाकर जांच पड़ताल के साथ लोगों को जागरूक भी कर रही है। सीएमओ डॉक्टर सुनील कुमार ने बताया कि इस बार डेंगू के मरीज कम मिल रहे हैं। क्योंकि तापमान अधिक होने से डेंगू के मच्छर जीवित नहीं रह पा रहे हैं। उन्होंने लोगों से साफ सफाई रखने और घर में कहीं भी पानी एकत्र न करने की अपील की है। इपिडर्मियोलाजिस्ट डा. सरफराज अंसारी ने बताया कि डेंगू से बचाव के लिए साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देना जरूरी है।

# सर्राफ के घर लूट, हत्या में 6 लोगों को उम्रकैद

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- 18 साल पहले सुमेरपुर कस्बे में हुई थी सनसनीखेज घटना

**अमृत विचार।** सुमेरपुर कस्बे में 18 साल पूर्व सराफा के घर डकैती डालने के दौरान गृहस्वामी की हत्या मामले में विशेष न्यायाधीश (दप्रक्षे)/ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार खरवार की अदालत ने छह अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक पर 10- 10 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता अशोक शुक्ला व मणि कर्ण शुक्ला ने बताया कि 15 अक्तूबर 2006 की रात 10-12 बदमाशों ने शिवलाल सोनी के घर धावा बोल पत्नी संध्या देवी, बेटी संध्या, पूजा, बृजेश व आशीष को घायल कर दिया। शिवलाल सोनी की मौत हो गई। बदमाश घर में बक्सों में रखा सोना चांदी ले गए। बेटे आशीष ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

इस मामले में पुलिस ने हनीफ उर्फ गनी, पीरअली, कमरुद्दीन उर्फ कमालू (मृतक) लाला, मुस्लिम (मृतक), मोहम्मद अली उर्फ लज्जन (मृतक), दद्दू उर्फ शफी मोहम्मद, नत्थू व रमजानी के विरुद्ध मामला दर्ज कर लूटे गए जेवरात व 45300 रुपये बरामद किए। अदालत ने हनीफ उर्फ गनी, लाला, पीर अली एवं नत्थू दद्दू उर्फ शफी मोहम्मद एवं रमजानी को आजीवन कारावास की सजा व प्रत्येक को 10 -10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

विपक्ष पर निशाना | पंचायती राजमंत्री बोले, अखिलेश यादव दंगे पर हिंदू-मुस्लिम की राजनीति करते हैं

# मदरसों में छापे जा रहे नकली नोट : राजभर

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद


डाकबंगला में पत्रकारों से बात करते पंचायती राजमंत्री ओमप्रकाश राजभर।

**अमृत विचार।** प्रदेश के पंचायती राज मंत्री ओपी राजभर ने कहा कि मदरसों में नकली नोट छापे जा रहे हैं। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव दंगे के दम पर हिंदू-मुस्लिम की राजनीति करते हैं। उन्होंने सपा, बसपा और कांग्रेस पर निशाना साधा।

फर्रुखाबाद पहुंचे पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने डाकबंगला में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि पंचायती राज और अल्पसंख्यक कल्याण एवं बक्फ बोर्ड के विभाग की समीक्षा बैठक करेंगे। राजनीति में उथल-पुथल के सवाल पर उन्होंने कहा कि चुनाव हमेशा हुए हैं और होते रहेंगे। उपचुनाव से न सरकार को गिरना है और न किसी को सरकार बनाना है। उपचुनाव में सीटें न मिलने के सवाल पर कहा कि हमको चुनाव नहीं लड़ना है। हम गठबंधन से संतुष्ट हैं।

वायनाड में प्रियंका गांधी के चुनाव पर कहा कि जनता हमेशा सत्ता को वोट देना चाहती है। बहराइच में भाजपा विधायक द्वारा एफआईआर के सवाल पर ओपी राजभर ने कहा कि बीजेपी विधायक के बेटे के साथ हुई घटना पर रिपोर्ट दर्ज हुई है। बहराइच की घटना को लेकर पंचायती राज मंत्री ने कहा कि वहां के प्रशासन और एडीजी अमिताभ यश ने सूझबूझ से माहौल बिगाड़ने वालों को ठीक रखा।

उन्होंने कहा कि जब उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार थी, तब 815 दंगे हुए और लगभग 1300 लोगों की जान गई थी। संपत्ति का कितना नुकसान हुआ? उसका कोई आंकड़ा नहीं है। बसपा की सरकार में 600 दंगे हुए और लगभग 1200 जन हानि हुई। कांग्रेस तो रिकॉर्ड बनाने वाली पार्टी है। साढ़े सात साल के कार्यकाल में एनडीए गठबंधन में प्रदेश में पहली घटना है, जिसमें एक जनहानि हुई है।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि इलाहाबाद में नेपाल बॉर्डर के तराई इलाके के मदरसों में आकर लोग ठहरते हैं। नेपाल बॉर्डर के मदरसे अवैध लोगो के पनाहगार बन गये थे। मदरसों में अवैध कारोबार की जांच कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 513 मदरसों ने शपथ पत्र दिया है कि मान्यता रद कर दी जाए।

## कन्नौज में डेंगू से महिला की मौत

**कन्नौज।** इनायतपुर गांव में डेंगू का प्रकोप है। चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई जबकि एक सैकड़ा से अधिक लोग बुखार व डेंगू की चपेट में हैं। निजी व सरकारी अस्पतालों में उपचार ले रहे हैं। गांव में गंदगी व जल भराव से गांव में समस्या है। इनायतपुर में डेंगू की चपेट में आने से जरीना बेगम की कानपुर में उपचार के दौरान मौत हो गई। गांव में करीब 100 लोग इसकी चपेट में हैं। स्वास्थ्य विभाग को जानकारी दी गई पर कैंप लगाने की बात कह कर टीम नहीं पहुंची। इससे गांव में डेंगू रोगी लगातार बढ़ रहे हैं। गांव के प्रत्येक घर में एक न एक रोगी इस डेंगू का उपचार ले रहा है। कोई निजी चिकित्सक से तो कोई सरकारी अस्पताल में भर्ती है।

# डिप्टी सीएमओ की पत्नी की मौत

संवाददाता अजीतमल,औरैया


जांच पड़ताल करती पुलिस, फोरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कस्बे स्थित सीओ कालौनी में बने चिकित्सकों के आवास में रहने वाले औरैया में तैनात डिप्टी सीएमओ विक्रम स्वरूप की पत्नी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उनका शव अजीतमल अस्पताल कॉलोनी में स्थित दूसरी मंजिल स्थित कमरे में पड़ा था। कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की है।

औरैया जिला अस्पताल में तैनात डिप्टी सीएमओ डा. विक्रम स्वरूप पुत्र राम स्वरूप पहले अजीतमल सीएचसी में तैनात थे। वह अभी भी डाक्टरों के लिए बने आवास में ही रह रहे हैं। दो कमरो के आवास में उनकी दूसरी पत्नी सृष्टि 46 वर्ष भी रह रहीं थीं। उनकी पत्नी की तबियत काफी दिनों से खराब थी। इससे वह चलने फिरने में भी लाचार थीं। बुधवार को डा. विक्रम स्वरूप ने 112 पर सूचना दी कि उनकी पत्नी ने आत्महत्या कर ली है।

जब मौके पर पुलिस पहुंची तो उनकी पत्नी का शव जमीन पर पड़ा था। सिर पर चोट के निशान थे। जमीन पर खून फैला हुआ था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं डा. विक्रम स्वरूप ने बताया कि मंगलवार को उनके पिता की तबियत खराब थी। जिन्हे दिखाने जाना था। तभी उसकी पत्नी सृष्टि वेड से गिर गयीं थीं। भारी वजन होने के चलते उनको वह उठा नहीं सके जिसके चलते उन्होंने यह कहते हुये कि जब सही हो जाओ तो उठ जाना। इसके बाद वे बाहर से ताला लगा कर अपने पिता को दिखाने चले गये। जब वह आज वापस आये तो उनका शव देखा। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक राजकुमार एवं फारेंसिक टीम ने मौके के साक्ष्य जुटाये। इस सम्बन्ध में क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि 112 पर डाक्टर द्वारा पत्नी के सुसाइड करने की सूचना दी गयी थी।

# छह देशों के कलाकार प्रस्तुत करेंगे रामलीला

## सरयू में राम की पैड़ी पर जलधारा के बीच स्टेज पर प्रस्तुति देंगे कलाकार, 28 से होंगे विविध सांस्कृतिक व आध्यात्मिक कार्यक्रम

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में 28 से 30 अक्टूबर तक रामनगरी में दीपोत्सव का आयोजन होगा। आठवें दीपोत्सव पर 25 लाख दीप प्रज्ज्वलित होंगे। दीपोत्सव का शुभारंभ साकेत से चार किमी. तक शोभायात्रा में कलाकारों के विभिन्न दलों द्वारा रामायण के विविध प्रसंगों पर आधारित आयोजन व मंचन किया जाएगा। इस बार दीपोत्सव में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ ही केंद्रीय पर्यटन व संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत भी रहेंगे।

पर्यटन व संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बुधवार को बताया कि मुख्यमंत्री व अतिथियों की मौजूदगी में इस बार लक्ष्मण किला घाट से नया घाट तक 1100 वेदाचार्यों के साथ सरयू आरती कर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया जाएगा। वहीं लाखों दीपों के मध्य अवरिल सरयू धारा, राम की पैड़ी पर पानी के बीच भव्य स्टेज पर कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम व लेजर शो होगा।

आठवें दीपोत्सव में छह देशों के कलाकार रामलीलाओं का मंचन करेंगे। इसमें थाईलैंड, कंबोडिया, इंडोनेशिया, म्यांमार, मलेशिया व नेपाल के कलाकार हिस्सा लेंगे। इसमें आईसीसीआर का सहयोग लिया जाएगा। इसकी तैयारियां तेजी से शुरू हो गई हैं।

- केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत होंगे कार्यक्रम के विशेष अतिथि

### 16 राज्यों के कलाकार अपनी संस्कृति से कराएंगे अवगत

दीपोत्सव के दौरान रामनगरी में मेजबान उत्तर प्रदेश सहित 16 राज्यों कश्मीर, उत्तराखंड, हरियाणा, मध्य प्रदेश, पंजाब, महाराष्ट्र, असम, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, राजस्थान, बिहार, चंडीगढ़, सिक्किम, छत्तीसगढ़ के कलाकार भी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। वहीं दीपोत्सव-2024 में गुप्तार घाट, बड़ी देवकाली, तुलसी उद्यान, हनुमानगढ़ी, रामपथ, रामकथा पार्क, सरयू तट, राम की पैड़ी आदि स्थानों पर देश-विदेश के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। साथ ही भव्य ड्रोन शो, म्यूजिकल लेजर-शो आदि भी होंगे।



अयोध्या आने के लिए तैयार झारखंड के रामभक्त। अमृत विचार

### दीपोत्सव के लिए 26 को झारखंड से आएंगे 150 भक्त

**अयोध्या :** झारखंड के श्रीराम जानकी धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट विगत कई वर्षों से दीपोत्सव कार्यक्रम में अपनी भागीदारी निभाता रहा है। ट्रस्ट के अध्यक्ष समाजसेवी सुनील कुमार सिंह व प्रवक्ता शशि रावत के नेतृत्व में आदिम पहाड़िया जनजाति के 150 राम भक्त झारखंड के पाकुड़ गोड्डा दुमका से 26अक्टूबर को अयोध्या आएंगे। प्रवक्ता शशि रावत ने बताया कि सभी रामभक्तों के रहने खाने की निशुल्क व्यवस्था राम जानकी धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट द्वारा की जा रही है।

### स्वयं सेवकों को आज मिलेगा आईकार्ड

अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल ने रामनगरी के दीपोत्सव-2024 की भव्यता के लिए तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मंशानुरूप दीपोत्सव को अलौकिक एवं भव्य बनाने के लिए राम की पैड़ी के 55 घाटों पर 30 हजार स्वयं सेवकों के सहयोग से 28 लाख दीपों को सजाने के साथ 25 लाख से अधिक दीए प्रज्ज्वलित कर एक नया विश्व रिकॉर्ड बनायेंगे। सभी स्वयं सेवक दीपोत्सव के लोगो में सफेद टी-शर्ट व कैप में नजर आयेंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन आज गुरूवार से परिसर, सम्बद्ध महाविद्यालयों, इंटर कॉलेज व स्वयंसेवी के स्वयंसेवकों को आईकार्ड का वितरण प्रारम्भ कर देगा।

# 60 वार्डों के मंदिर भी होंगे जगमग, जलेंगे 1500 दीप

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** नगर निगम अयोध्या आठवें दीपोत्सव को भव्य बनाने की तैयारियों में जुट गया है। पहली बार 60 वार्डों के मंदिरों को दीपों से जगमग करने की तैयारी है। इसके लिए नगर निगम पार्षदों को 1500-1500 दीप, बाती व तेल का इंतजाम कराएगा। बैसिंह गोशाला में गाय के गोबरों से बने 1100 दीये गुप्तारघाट पर प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। पर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए नगर निगम प्रशासन ने मेला क्षेत्र को 5 जोन व 20 सेक्टर में बांटा है। सफाई व्यवस्था के लिए 2247 कर्मचारी उतारे गए हैं।

महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने बुधवार को सर्किट हाउस में पत्रकारों से बात करते हुए उक्त जानकारी दी। बताया कि प्राण प्रतिष्ठा के बाद यह पहला दीपोत्सव है। इसकी चर्चा पूरे विश्व में है। उन्होंने बताया कि इस बार 29 लाख दीपक प्रज्जवलित होंगे। अंडर पास को फूल व झालरों के माध्यम से सजाने की तैयारी है। रामपथ पर विशेष तौर पर सफाई अभियान चलेगा। यहां फुटपाथ की धुलाई के साथ मीडियन की पोताई की जाएगी। दीपोत्सव में बड़ी संख्या में स्वंयसेवक व श्रद्धालु आते हैं।

### सफाई के लिए उतारी जाएंगी उत्कृष्ट मशीनें

नगर निगम सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में सफाई व्यवस्था के लिए पांच मैकेनिकल स्वीपर, चार लिटर पिकर, घाटों की बेहतर साफ-सफाई के लिए प्रेशर वाशर और डिश प्रेशर वाशर आदि संसाधनों को सम्मिलित किया गया है। रात्रि में कार्यक्रम के उपरान्त घाटों से दीये हटवाने व बालू छिड़काव की व्यवस्था की जायेगी।

# घूस के मामले में अब कैंट बोर्ड का जेई भी गिरफ्तार

अयोध्या कार्यालय

- सीबीआई एन्टी करप्शन टीम ने की कार्रवाई, मेट को पहले दबोचा गया था

**अमृत विचार:** घूस लेते रंगे हाथ मंगलवार देर शाम पकड़े गये छावनी परिषद अयोध्या के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी मेट विजय कुमार के बाद सीबीआई की एन्टी करप्शन टीम ने बुधवार को इसमें शामिल अवर अभियन्ता(जेई) अमित द्विवेदी को भी गिरफ्तार कर लिया। टीम उसे अपने साथ लेकर लखनऊ चली गई। छावनी परिषद कार्यालय में दो माह के भीतर दूसरी बार सीबीआई का छापा पड़ने से हड़कम्प का माहौल रहा।

छावनी परिषद की मुख्य अधिशासी अधिकारी जिज्ञासा राज ने बुधवार को बताया कि सीबीआई एन्टी करप्शन टीम ने शिकायत पर जेई को गिरफ्तार अपने साथ ले गई।छावनी क्षेत्र में कार्यालय के बाहर छावनी परिषद के स्थाई कर्मचारी मेट विजय ने सूखे पेड़ की लकड़ी नीलामी के आदेश करवाने के एवज में 10 हजार रुपये की घूस मांगी थी। इसकी शिकायत पर सीबीआई एन्टी करप्शन टीम ने मंगलवार को कार्रवाई की। तय योजना के तहत घूस लेते ही टीम ने मेट विजय को मंगलवार शाम रंगे हाथों दबोच लिया और उसे लेकर छावनी परिषद कार्यालय पहुंची। रात करीब आठ बजे कार्यालय कर्मचारियों व सीईओ को बुलाया गया। मुख्यद्वार बंद कर घंटों जांच चली। सीईओ जिज्ञासा व कार्यालय कर्मियों से भी टीम ने पूछताछ की। इस बीच सीबीआई टीम ने मेट विजय से संविदा कर्मी जेई अमित को फोन करवाया। फोन पर पैसा मिलने की बात व उसके संलिप्तता की पुष्टि होने के बाद टीम ने जेई अमित द्विवेदी को भी देर रात उनके आवास से धर दबोचा। छावनी क्षेत्र में सूखे पेड़ों की कटाई के बाद 1, 37,500 रुपये की लकड़ी की नीलामी होनी है। इसके लिए नीलामी आदेश कराने के नाम पर घूस मांगी गई थी। सीईओ जिज्ञासा ने बताया कि सीबीआई टीम में छह लोग शामिल थे। गिरफ्तारी के बाद टीम ने जेई अमित के आवास पर भी छानबीन की और कागजात अपने साथ ले गई। सीईओ ने कहा कि सीबीआई टीम का आना किसी अन्य मामले को लेकर नहीं था।

## एक नजर

### दिवाली से पहले सिपाही भर्ती परीक्षा के परिणाम संभव

**लखनऊ।** उप्र. सिपाही भर्ती परीक्षा के परिणाम दिवाली से पहले जारी होने की उम्मीद है। 60 हजार से अधिक पदों के लिए हुई इस भर्ती परीक्षा की उत्तर कुंजी पहले ही जारी की जा चुकी हैं। हालांकि सिपाही भर्ती परीक्षा का परिणाम जारी होने की तारीख की आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है, लेकिन मुख्यमंत्री के सोशल मीडिया अकाऊंट की एक पोस्ट में जल्द से जल्द नतीजे तैयारी करने के सख्त निर्देश दिए गए थे। पोस्ट में बोर्ड को निर्देश था कि इस माह के अंत तक नतीजे जारी करने की तैयारी करें। ऐसे में उम्मीद लगाई जा रही है कि परिणाम इसी सप्ताह जारी किए जा सकते हैं।

### आउटसोर्सिंग नर्सेज का नियमितीकरण किया जाए

**लखनऊ।** विभिन्न राज्यों में जिला अस्पतालों, मेडिकल कॉलेजों और अन्य सरकारी संस्थानों में कार्यरत आउटसोर्सिंग नर्सेज का नियमितीकरण किया जाए और समान कार्य के लिए समान वेतन दिया जाए। इसके लिए ऑल इण्डिया रजिस्टर्ड नर्सेज फेडरेशन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र भेजकर मांग की है। फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष अनुराग वर्मा ने बुधवार को बताया कि आउटसोर्सिंग नर्सेज स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं, लेकिन उन्हें स्थायी रोजगार और उचित वेतन की कमी का सामना करना पड़ रहा है। फेडरेशन के राष्ट्रीय महासचिव राघवेन्द्र कुमार ने 14 अक्टूबर को पत्र के माध्यम से प्रधानमंत्री से मांग की है कि इस मुद्दे पर ध्यान दें।

### मिर्जापुर में व्यक्ति की हत्या के दोषियों पर हो कार्रवाई

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने कहा कि मिर्जापुर जिले के ग्राम धवहा में दबंगों के जरिये की गई हत्या में दोषी लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाय। उन्होंने सोशल मीडिया 'एक्स' के जरिये कहा कि व्यक्ति अनुसूचित वर्ग से जुड़ा है। परिवार के साथ की गई मारपीट में एक व्यक्ति की मौत व कई लोगों के गंभीर रूप से घायल होने की घटना अतिदुखद व निन्दनीय है। सरकार दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे व पीड़ित परिवार की पूरी मदद भी करे।

# कौशल केंद्र भी बनेंगे विद्यालय, प्रशिक्षण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** विद्यालयों को कौशल केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में राज्य की योगी सरकार की कोशिशें तेज हो गईं हैं। प्रदेश के उच्च प्राथमिक, कम्पोजिट और पीएमश्री विद्यालयों में पायलट प्रोजेक्ट के माध्यम से चयनित विज्ञान और गणित के 2402 शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जाने लगा है। यह कार्यक्रम लर्निंग बाई डूइंग के सिद्धांत पर आधारित है और इसमें विज्ञान आश्रम एवं यूनिसेफ का सहयोग मिल रहा है, जो 25 अक्टूबर तक चलता रहेगा।

लखनऊ स्थित दीन दयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान में चल रहे इस प्रशिक्षण में 1772 उच्च प्राथमिक व कम्पोजिट, 570 पीएमश्री विद्यालयों और 60 पायलट प्रोजेक्ट से चयनित विज्ञान और गणित शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। यहां प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले शिक्षक, विद्यार्थियों को व्यावसायिक कौशल और व्यवहारिक अनुभव के माध्यम से सिखाने का प्रयास करेंगे। इस पहल से विद्यार्थियों के शैक्षिक और व्यक्तिगत विकास में सहायता मिलने की उम्मीद है।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को विज्ञान और गणित जैसे जटिल विषयों को समझाने के साथ-साथ उन्हें व्यावसायिक कौशलों से भी परिचित कराना है। विद्यार्थियों के समग्र विकास को बढ़ावा देना भी इसके उद्देश्यों में शामिल है। इस प्रयास का मकसद उन्हें सिर्फ शिक्षाविद बनाना नहीं है, बल्कि व्यावहारिक जीवन में उनके कौशल विकसित करना है। प्रशिक्षण की शुरुआत करते हुए एसीएस परिवहन एल. वेंकटेश्वर लू और एकता सिंह ने कहा कि यह पहल मील का पत्थर साबित होगी।

# बाराबंकी में 60 लाख रुपये की चरस मिली

**बाराबंकी:** यूपी एसटीएफ ने तौसीफ नाम के एक तस्कर को पकड़ा है। जिसके कब्जे से साठ लाख रुपये कीमत की ग्यारह किलो से ज्यादा चरस बरामद की। आरोपी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मादक पदार्थों की तस्करी करता है।

तस्कर बिहार के सीतामढ़ी का तौसीफ पुत्र मोहम्मद जमालहै। जिसे जैदपुर थाना क्षेत्र के अहमदपुर टोल प्लाजा के पास से एसटीएफ ने देर रात पकड़ा है। एसटीएफ को काफी समय से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मादक पदार्थों के तस्करों की तलाश थी। एसटीएफ को जानकारी मिली एक व्यक्ति नेपाल से भारी मात्रा में मादक पदार्थ लेकर सड़क के रास्ते से दिल्ली जा रहा है। इस सूचना के आधार पर एसटीएफ ने लखनऊ-अयोध्या नेशनल हाईवे पर घेराबंदी कर अहमदपुर टोल प्लाजा के पास तौसीफ को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त तौसीफ रजा ने पूछताछ में बताया कि उसका एक संगठित गिरोह है।

# बुजुर्ग की शिकायत पर कार्रवाई न होने पर लखनऊ पुलिस तलब

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पिछड़ा वर्ग आयोग ने दिया डीसीपी उत्तरी को उपस्थित होकर जवाब देने का निर्देश
- पुत्र पर परवरिश नहीं करने और प्रताड़ित जाने का लगाया गया है आरोप

**अमृत विचार।** राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने 80 वर्षीय बुजुर्ग पिता की परवरिश न करने व प्रताड़ित करने के प्रकरण में पुलिस के कार्रवाई न करने पर लखनऊ पुलिस को तलब किया है। आयोग ने पुलिस को नोटिस जारी करने व उपायुक्त उत्तरी को व्यक्तिगत तौर पर आयोग में उपस्थित होकर जवाब देने का निर्देश दिया। बुधवार को सुनवाई के दौरान आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा ने आदेश पारित किया।

यह मामला राजधानी के खदरा क्षेत्र का है। पिता राम स्वरूप कश्यप की ओर से आयोग में की गई शिकायत में आरोप लगाया कि उनका पुत्र उनकी परवरिश नहीं कर रहा है। साथ ही, उन्हें प्रताड़ित भी किया जा रहा है। उन्होंने इसकी शिकायत स्थानीय पुलिस के साथ ही उच्चाधिकारी से भी, पर इस पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। सुनवाई के दौरान लखनऊ पुलिस की ओर से कोई अधिकारी उपस्थित नहीं हुआ। इस पर नाराजगी जताते हुए आयोग ने अगली सुनवाई में पुलिस उपायुक्त को उपस्थित होने का निर्देश दिया। आयोग के अध्यक्ष ने कई अन्य मामलों में सुनवाई की, इस दौरान संबंधित अधिकारियों के उपस्थित न होने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि सुनवाई के दौरान अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

### शामली पुलिस की भूमिका पर उठाए सवाल

पिछड़ा वर्ग आयोग ने शामली पुलिस की ओर से एक व्यक्ति को फर्जी तौर पर हत्या प्रकरण में फंसाने के प्रकरण में पुलिस की भूमिका पर सवाल उठाये। आयोग ने इस प्रकरण में मामले की जांच दूसरे जिले के अधिकारी से कराने के लिए गृह विभाग को निर्देश दिया। शामली निवासी कंवरपाल सिंह ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया था कि उन्हे पुलिस फर्जी मामले में फंसा रही है। आयोग के निर्देश पर मुजफ्फरनगर पुलिस की ओर से उपाधीक्षक ने आयोग में प्रस्तुत होकर शामली पुलिस की जांच में खामियां बताई। इस पर आयोग ने दूसरे जिले के पुलिस अधिकारी से जांच कराने का निर्देश दिया। आयोग ने कहा कि किसी भी व्यक्ति के कतई अन्याय नहीं होना चाहिए।

# नीट यूजी की काउंसिलिंग शुरू 29 को आवंटन

**लखनऊ।** मेडिकल व डेंटल कॉलेजों में एमबीबीएस और बीडीएस की रिक्त सीटों पर दाखिले के लिए अंतिम मौके के साथ तीसरी काउंसिलिंग बुधवार 23 अक्टूबर से शुरू हो गयी है। इस स्ट्रे वैकेंसी राउंड की ऑन लाइन काउंसिलिंग में केवल वो अभ्यर्थी ही प्रतिभाग कर सकते हैं, जिन्हें पूर्व में संपन्न हो चुकी काउसिलिंग में सीट आवंटित न हुई हो। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह ने निर्देश जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि काउंसिलिंग में अभ्यर्थी स्वयं के बैंक खाते से ही धरोहर राशि जमा करें, ताकि सीट आवंटित न होने की दशा में धरोहर राशि उसी बैंक खाते में वापस हो सके। उन्होंने बताया कि धरोहर राशि जमा करने वालों के प्रपत्रों की जांच के बाद 25 अक्टूबर को मेरिट सूची जारी की जाएगी और 29 अक्टूबर को सीट आवंटन पश्चात दाखिले शुरू होंगे।

# गर्लफ्रेंड से शादी को रची साजिश

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

> बीबीए छात्र ने अपने ही अपहरण की कहानी फिरौती की रकम वसूलने के लिए रची थी। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।
>
> -अमित चौरसिया, सीओ तिलहर।

**अमृत विचार:** बीबीए के छात्र ने गर्लफ्रेंड से शादी करने के लिए दो दोस्तों संग मिलकर अपने ही अपहरण की कहानी रच डाली। छात्र ने भाई को फोन करा दो लाख की फिरौती मांगी और 40 हजार रुपये वसूल भी लिए। इसी बीच पुलिस और स्वाट टीम ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया। खुलासा हुआ तो परिवार वाले भी दंग रह गए।

मीरानपुर कटरा के मोहल्ला मुगलान निवासी संजीव कुमार त्यागी उर्फ संजू (22) बरेली के भोजीपुरा स्थित सिद्धि विनायक कॉलेज में बीबीए का छात्र है। संजीव 21 अक्टूबर को पूर्वाह्न 11 बजे कॉलेज जाने की कहकर घर से निकला, लेकिन वापस नहीं आया। पुलिस को सूचना दी तो तलाश शुरू की गई। मंगलवार को एक अज्ञात व्यक्ति ने संजीव के बड़े भाई अखिल त्यागी को फोन किया कि संजीव का अपहरण कर लिया है, दो लाख रुपये चाहिए। अपहरणकर्ता ने पहली किस्त 40 हजार रुपये लेकर बुलाया। अखिल बताये गए स्थान पर रुपये लेकर पहुंचे जहां दो युवकों गुरशान सिंह निवासी गांव कथौला बेनीराम थाना भोजीपुरा और मंगेश यादव उर्फ छोटू निवासी गांव नवदिया कल्याणपुर थाना फरीदपुर ने रुपये ले लिए और दूसरी किस्त लेकर बुधवार सुबह बुलाया। इसके बाद पुलिस ने जाल बिछा दिया। बुधवार सुबह 9: 45 बजे छात्र संजीव और उसके दोनों साथी कटरा क्षेत्र में बहगुल नदी के पुराने पुल के नीचे पहुंचे। पुलिस ने तीनों को दबोच लिया। संजीव ने बताया कि वह गर्लफ्रेंड से शादी करना चाहता है।

नौकरी नहीं मिली तो व्यापार करने की सोची और पैसों के लिए अपने अपहरण की साजिश रच डाली। वह चाहता था कि अच्छा व्यापार करे ताकि गर्लफ्रेंड के परिवार वालों की नजर में खुद को लायक दिखा सके। पुलिस ने तीनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर चालान कर दिया।

# ठग ने झांसा देकर रिटायर्ड आईएएस से ठगे 1 करोड़

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** अंग्रेजी शराब की तीन दुकानों का लाइसेंस दिलाने का झांसा देकर जालसाज दंपति ने सेवानिवृत्त आईएएस से 1 करोड़ रुपये ठग लिए। रुपये मांगने पर रिपोर्ट दर्ज कराने की धमकी दी। उसने खुद को पुलिस का पूर्व अधिकारी बताया था। सेवानिवृत्त आईएएस की तहरीर पर गोमतीनगर पुलिस ने बुधवार को रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर राजेश त्रिपाठी ने बताया कि जांच की जा रही है।

विशेष सचिव पद से सेवानिवृत्त आईएएस हरि प्रसाद सिंह परिवार के साथ विपुलखंड-2 में रहते हैं। उन्होंने बताया कि 2 मई में चिनहट के गणेशपुर रहमानपुर के राकेश शर्मा से मुलाकात हुई थी। बातचीत में उसने स्वयं को पूर्व पुलिस अधिकारी बताया। नौकरी के समय से जानने की बात कहकर फोन नंबर लिया और घर आकर मिलने की बात कही। अगले दिन फोन किया और पत्नी शकुंतला को लेकर घर आ गया। उसने आबकारी विभाग में गहरी पैठ होने और शराब की 84 दुकानें होने की जानकादी दी। बताया कि अंग्रेजी शराब की दुकान पर सप्लाई के लिए शकुंतला के नाम एफएल-2 का भी लाइसेंस है।

## सार-संक्षेप

### फूड एंड न्यूट्रिशन सिक्योरिटी के लिए 16.45 करोड़ मंजूर

**लखनऊ :** प्रदेश सरकार ने कृषोन्नति योजना के तहत संचालित उपयोजना फूड एण्ड न्यूट्रिशन सिक्योरिटी के लिए अनुदान का राज्यांश 16 .45 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। पिछले दिनों केन्द्र सरकार ने नई कृषोन्नोति योजना बनाकर प्रदेश में संचालित करीब दर्जन भर योजनाओं को इस योजना के अन्तर्गत कर दिया था ताकि किसी योजना में वित्तीय संकट की दशा में दूसरी योजना की बची राशि का उपयोग हो सके। इसके लिए योजना की नियमावली में संशोधन भी किया गया है। फूड एण्ड न्यूट्रिशन सिक्योरिटी के लिए किसानों को अनुदान दिया जाता है।

### अभियान में एक माह में मिले 11,695 टीबी रोगी

**लखनऊ।** राष्ट्रीय क्षय (टीबी) उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) के तहत प्रदेश में 9 से 20 सितम्बर तक चले टीबी रोगी खोजी अभियान ( एसीएफ) चलाया गया था। अभियान में कुल 11,695 रोगियों की पहचान हुई, जिनमे से 11,571 टीबी मरीजों का इलाज शुरू कर दिया गया है। इन मरीजों में जिनमें 5381 पल्मोनरी और 6314 एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबी से ग्रसित हैं | राज्य क्षय रोग अधिकारी डॉ .शैलेन्द्र भटनागर ने बुधवार को बताया कि एसीएफ के दौरान राज्य में 20 फीसद आबादी के घर-घर जाकर स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने टीबी के संभावित लक्षण वाले लोगों की स्क्रीनिंग की, जिसमें से टीबी से मिलते जुलते लक्षण वाले 4 .50 लाख लोग मिले। उन्होंने बताया कि इन मरीजों में 4 .38 लाख लोगों में टीबी की पुष्टि के लिए बलगम की जांच और एक्स-रे करवाया गया और कुल 11,695 लोगों में टीबी रोग की पुष्टि हुई। जिनमें 5381 पल्मोनरी और 6314 एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबी से ग्रसित हैं।

**नंदीग्राम महोत्सव** | सांस्कृतिक संध्या में लोक गायक धीरज कांत ने अपने गीतों से लगाए चार चांद

# जवने नगरिया में सरयू बहत हैं...पर झूमे लोग

संवाददाता, मसौधा (अयोध्या)

**अमृत विचार :** जवने नगरिया में सरयू बहत हय, वही हमरे प्रभु के रामनगरी, कोई आया सखी फुलवरिया में, चलो देखन चली जैसे अनेकों गीतों की बेजोड़ प्रस्तुतियों ने नंदीग्राम महोत्सव के रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम में चार चांद लगा दिये।

विख्यात बिहारी लोक गायक धीरज कांत ने अपने गीतों से दर्शक दीर्घा में बैठे लोगों को झूमने के लिए विवश किया। गणेश वंदना के साथ शुरू हुआ गीत संगीत का सांस्कृतिक कार्यक्रम आधी रात तक चलता रहा। श्रोताओं से खचाखच भरा पंडाल जहां तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता दिखा।




सांस्कृतिक संध्या में कार्यक्रम पेश करते कलाकार। अमृत विचार

वहीं लोक गायिका आरू मिश्रा और बिहारी गीतों की सरताज कहीं जाने वाली गायिका प्रियंका यादव के भजनों पर महिलाएं घंटों झूमती रहीं। इसके पूर्व मंचासीन नंदीग्राम महोत्सव के अध्यक्ष महंत भागवत दास महाराज की अगुवाई में भरत चित्र पर माल्यार्पण के साथ दीप प्रज्वलित कर धार्मिक अनुष्ठानों का शुभारंभ हुआ। इसके बाद बिहारी लोक गायक धीरज कांत द्वारा गणेश और सरस्वती वंदना के गीतों पर दर्शक दीर्घा में बैठे लोग भी भक्ति भावना में गोते लगाते नजर आए। सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व जिला अध्यक्ष कमला शंकर पांडे द्वारा दीप प्रचलन से शुरू हुआ जो देर रात तक अनवरत जारी रहा।

इस बीच बिहार से आए अनेकों कलाकारों ने नाटक का मंचन किया और अपनी कला कौशल का प्रदर्शन करते हुए लोगों को लुभाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। सांस्कृतिक कार्यक्रम के शुभारंभ में लोक गायिका आरू मिश्रा ने अपने गीतों की प्रस्तुति में गाया की 'जवने नगरिया में सरयू बहत है... मर्यादा पुरुषोत्तम राम जी की वही नगरी' तत्पश्चात बिहारी लोक गायिका प्रियंका यादव द्वारा प्रस्तुत किया गया कि 'कोई आया सखी फुलवरिया में' के गीतों पर दर्शक दीर्घा में बैठे लोगों ने खूब सराहा।

# लाभ के लिए दंगा करा रही है भाजपा

**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा राजनीतिक लाभ के लिए दंगा करा रही है। धिक्कार है ऐसी भाजपाई राजनीति और सत्ता की भाजपाई भूख पर जो सियासत के लिए देश के भाईचारे के बीच दंगा कराने की साज़िश करती है।

सपा प्रमुख ने बुधवार को बयान में कहा कि बहराइच हिंसा में हर दिन नए खुलासे हो रहे हैं, जिनसे भाजपा मुंह दिखाने लायक नहीं है। भाजपा के विधायक ही भाजपाइयों पर साज़िश करने की एफ़आइआर करा रहे हैं और दंगाई छुपे कैमरे के सामने सच उगल रहे हैं।उन्होंने कहा कि भाजपाई साजिश और षडयंत्र करके प्रदेश का माहौल खराब कर रहे हैं। सत्ता के अहंकार और संरक्षण में गरीबों, पिछड़ों, दलितों, अल्पसंख्यकों पर जुल्म ढा रहे हैं।

# अखिलेश के होर्डिंग चर्चा में छाए

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- होर्डिंग में अखिलेश यादव को बताया 27 का सत्ताधीश

**अमृत विचार ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव का जन्मदिन नहीं है, बावजूद सपा मुख्यालय के सामने और उनके घर के बाहर शुभकामनाओं के होर्डिंग लगे हैं, जो कि बुधवार को चर्चा का विषय बने हैं। क्योंकि पार्टी कार्यालय के सामने लगे होर्डिंग में अखिलेश यादव की तस्वीर के साथ ''सत्ताईस का सत्ताधीश'' लिखा हुआ है। जिस पर भाजपा ने सपा के सपने को शेख चिल्ली से तुलना की, 2027 तो दूर सपा का सपना अभी उपचुनाव में भी टूट जायेगा। संतकबीर नगर के सपा नेता जयराम पाण्डेय द्वारा लगाए गए इस होर्डिंग के जरिए प्रदेश में सपा का माहौल बनाने के साथ ही 2027 के विधानसभा चुनाव में सपा की वापसी और अखिलेश को सत्ताधीश के रूप में दिखाया गया है। साथ ही होर्डिंग पर संस्कृत भाषा में अखिलेश को दीर्घायु व जीवन सार्थक होने की शुभकामनाएं दी गई हैं। इसके अलावा लिखा है कि 2024 मे बरसा जनता का आशीष, दीवारों पर लिखा है सत्ताईस का सत्ताधीश कौन होगा।

हालांकि इस होर्डिंग को लेकर सपा द्वारा किसी प्रकार की प्रतिक्रिया नहीं दी गयी है। इससे स्पष्ट होता है, उपचुनाव के मद्देनजर सपा के पक्ष में चर्चा शुरू करने के लिए होर्डिंग लगाए गए हैं। मालूम हो कि इससे पूर्व भी सपा नेताओं ने कई बार पोस्टर व होर्डिंग लगाए हैं। जोकि चर्चा बनकर रह गए।

**सपा सरकार आने पर चुनिंदा :** अधिकारियों से होगा हिसाब-किताब। भाजपा एजेंट के रूप में कार्य करने आरोप लगाते हुए सपा के महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने अधिकारियों को आगाह किया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि वो ऐसे अधिकारियों का नाम लाल रंग की स्याही से लिखकर रख लें। जब हमारी सरकारी आएगी तो सबका हिसाब-किताब हो जाएगा।

### सपा ने मीरापुर के आरओ बदलने की मांग उठाई

**लखनऊ।** सपा ने भारत निर्वाचन आयोग से मुजफ्फरनगर सीट से मीरापुर सीट के रिटर्निंग अफसर सुबोध कुमार को तत्काल हटाने की मांग की है। बुधवार को सपा ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा को ज्ञापन सौंपा। प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल की ओर से दिये गये ज्ञापन में रिटर्निंग अफसर को मुजफ्फरनगर में भाजपा के प्रभारी मंत्री सोमेन्द्र तोमर का करीबी रिश्तेदार बताया है।

## एक नजर

### कटने लगी खरीफ की फसल ई-खसरा पड़ताल है अधूरा

अमृत विचार, लखनऊ : एग्रीस्टैक योजना के अंतर्गत जिलों पर ई-खसरा पड़ताल का लक्ष्य पूरा नहीं हो पाया है। जबकि खरीफ की फसलें कटने लगी हैं। संयुक्त कृषि निदेशक लखनऊ मंडल अनिल कुमार पाठक ने समीक्षा की तो लखनऊ में 12361, उन्नाव 62682, रायबरेली 20619, सीतापुर 47962, हरदोई 38703 व लखीमपुर खीरी में 80224 प्लाट का सर्वेक्षण करना अवशेष पाया। जबकि सर्वेक्षण हो चुके प्लाटों के सापेक्ष सुपरवाइजर स्तर से लखनऊ में 15, उन्नाव 8019, रायबरेली 16035, सीतापुर 23, हरदोई चार व लखीमपुर खीरी में 41,663 प्लाट स्वीकृति के लिए अवशेष हैं। कृषि विभाग द्वारा राजस्व से समन्वयक न बनाने के कारण प्रगति खराब है। संबंधित उप कृषि निदेशक को राजस्व विभाग से समन्वयक बनाकर 100 फीसद लक्ष्य की पूर्ति के निर्देश दिए हैं।

### कुंरदकी से बसपा व फूलपुर से सपा प्रत्याशी ने किया नामांकन

अमृत विचार, लखनऊ : विधानसभा की नौ सीटों पर हो रहे उप चुनाव में बुधवार को मुरादाबाद की कुंरदकी सीट से बसपा प्रत्याशी रफतुल्ला, फूलपुर सीट से सपा प्रत्याशी मोहम्मद मुज्तबा सिद्दीकी व कानपुर नगर की सीसामऊ सीट से सपा प्रत्याशी नसीम सोलंकी ने नामांकन पत्र दाखिल किया। इसके साथ ही, मैनपुरी की करहल सीट से बसपा से अवनीश कुमार ने नामांकन किया। खैर सीट को छोड़कर सभी सीटों पर कुल 19 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। प्रत्याशी 25 अक्टूबर तक नामांकन कर सकेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि बुधवार को आठ विधानसभा क्षेत्रों में 19 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किए। अब तक कुल 34 प्रत्याशी नामांकन पत्र दाखिल कर चुके हैं। कुंदरकी सीट पर अब तक कुल दो प्रत्याशियों की ओर से नामांकन पत्र दाखिल किया गया है। मुजफ्फरनगर की मीरापुर सीट से पांच प्रत्याशियों ने नामांकन किया।

# 1100 वेदाचार्यों के साथ सरयू आरती करने का बनेगा रिकॉर्ड

## 28 से 30 तक अयोध्या में मनेगा दीपोत्सव, मुख्यमंत्री योगी मुख्य अतिथि व केंद्रीय संस्कृति मंत्री होंगे विशेष अतिथि

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : पर्यटन व संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इस बार अयोध्या में मनाया जाने वाला तीन दिवसीय दीपोत्सव भव्य होगा और पूर्व के कई रिकॉर्ड टूटेंगे। दीपोत्सव में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ केंद्रीय पर्यटन व संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत भी उपस्थित रहेंगे।

दीपोत्सव में इस बार लक्ष्मण किला घाट से नया घाट तक 1100 वेदाचार्यों के साथ सरयू आरती कर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया जाएगा।



राजधानी स्थित पर्यटन भवन में पत्रकारों को जानकारी देते पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह।

गोमतीनगर स्थित पर्यटन भवन में बुधवार को पर्यटन मंत्री प्रेस कॉफ्रेंस संबोधित कर रहे थे, उन्होंने बताया कि रामनगरी में 28 से 30 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले आठवें दीपोत्सव पर 25 लाख दीप प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त, 10 लाख दीप संत महात्मा अन्य मंदिरों में जलाएंगे। साथ ही लाखों दीपों के मध्य सरयू धारा, राम की पैड़ी पर पानी के बीचोबीच भव्य स्टेज पर कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम व लेजर शो होगा।

### छह देशों के कलाकार करेंगे रामलीला का मंचन

आठवें दीपोत्सव की शुरुआत साकेत से चार किमी. तक चलने वाली शोभायात्रा से होगी, आईसीसीआर के सहयोग से आयोजित शोभायात्रा में छह देशों के कलाकार रामलीलाओं का मंचन करेंगे। इसमें थाईलैंड, कंबोडिया, इंडोनेशिया, म्यांमार, मलेशिया व नेपाल के कलाकार हिस्सा लेंगे।

### 13 जनवरी से 26 फरवरी तक चलेगा महाकुंभ-2025

जयवीर सिंह ने बताया कि प्रयागराज के पवित्र संगम तट 13 जनवरी से 26 फरवरी तक महाकुंभ-2025 चलेगा। मेले में देश ही नहीं, विश्व के बहुत से देशों के श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाने संगम तट पर आते हैं। इस बार 40 से 50 करोड़ के बीच श्रद्धालुओं के आने की संभावना है।

# एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में पर्यटन विभाग की अहम भूमिका

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने में पर्यटन विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने वर्ष 2023-24 की लंबित और विलंबित परियोजनाओं को समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि अयोध्या के विकास मॉडल को अपनाएं।

पर्यटन मंत्री बुधवार को पर्यटन भवन में विभागीय अधिकारियों के साथ संचालित परियोजनाओं की प्रगति समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थलों के निर्माण खासकर अयोध्या, मथुरा और वाराणसी में भव्यता का ख्याल रखा जाए। सनातन समेत अन्य धार्मिक स्थलों के निर्माण और विकास में धन की परवाह न करें। जयवीर सिंह ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया गया कि जमीन अधिग्रहण संबंधी समस्याओं या रुकावटों को जल्द से जल्द दूर करें।

इसके अलावा उन्होंने महाकुंभ-2025 के लिए बोट मैन, होम स्टे संचालकों, टूरिस्ट पुलिस, वेंडर्स, स्टोरी टेलिंग आदि के लिए अधिक से अधिक लोगों को प्रशिक्षित करने के निर्देश दिए।

# बहराइच ध्वस्तीकरण नोटिस पर जवाब न मिलने पर कोर्ट नाराज

## कहा- जिस सड़क पर कथित अतिक्रमण, उसका दो दिन में दें ब्यौरा

विधि संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने बहराइच के महाराजगंज में लोक निर्माण विभाग के सड़क पर कथित अतिक्रमण को हटाने के विरुद्ध दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान नाराजगी जतायी है। न्यायालय ने कहा कि हमने रविवार को पारित आदेश में स्पष्ट रूप से पूछा था कि जिस सड़क पर कथित अतिक्रमण की बात कही जा रही है, उसकी कैटेगरी क्या है, वहां कितने घर बने हुए हैं। न्यायालय ने कहा कि उक्त स्पष्ट आदेश के बावजूद उपरोक्त



बिंदुओं पर राज्य सरकार की ओर से कोई जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई। न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 4 नवंबर की तिथि नियत की है, साथ ही दो दिनों में विस्तृत जवाब दाखिल करने का आदेश भी दिया है।

यह आदेश न्यायमूर्ति एआर मसूदी व न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की खंडपीठ ने एसोसिएशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स की

**4 नवंबर को होगी मामले की अगली सुनवाई**

जनहित याचिका पर पारित किया। उल्लेखनीय है कि पिछली सुनवाई के दौरान न्यायालय ने ध्वस्तीकरण की नोटिस से प्रभावित लोगों को जवाब देने के लिए 15 दिन का समय देने का आदेश दिया था। साथ ही न्यायालय ने मुख्य स्थाई अधिवक्ता को आदेश दिया था कि वह मामले में सरकार से विस्तृत निर्देश प्राप्त करें कि जिस सड़क पर कथित अतिक्रमण का आरोप है, उस सड़क की कैटेगरी क्या है, क्या यह एक मेजर डिस्ट्रिक्ट रोड है या अन्य किसी प्रकार की सड़क है। न्यायालय ने इस संबंध में भी अवगत कराने को कहा था कि कुंडसार-महसी-नानपारा-महाराजगंज रोड के किलोमीटर 38 पर कितने घर बने हैं और इस सड़क के संबंध में कौन से नियम लागू होते हैं। न्यायालय ने कहा कि तथ्यों के संबंध में पूछे गए इन प्रश्नों का कोई जवाब नहीं दिया गया और मात्र पोषणीयता पर आपत्ति दाखिल की जा रही है। इन टिप्पणियों के साथ न्यायालय ने पोषणीयता पर आपत्ति के साथ-साथ विस्तृत जवाब कोर्ट की रजिस्ट्री में दाखिल करने का आदेश सरकारी वकील को दिया है।



पं. रामकिंकर उपाध्याय के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में राजधानी में आयोजित भावांजलि कार्यक्रम में उपस्थित मुख्यमंत्री योगी।

# पं. रामकिंकर की महिमा का योगी ने किया बखान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री ने जन्म शताब्दी वर्ष पर भावांजलि की अर्पित
- कहा- पं. रामकिंकर की स्मृतियों का ग्रंथ बनाना चाहिए

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित भावांजलि कार्यक्रम में भाग लिया। यह कार्यक्रम देश के प्रतिष्ठित मानस मर्मज्ञ और पद्मभूषण सम्मानित पं. रामकिंकर उपाध्याय के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पं. रामकिंकर उपाध्याय की महिमा का बखान करते हुए उनके योगदान और सनातन धर्म के प्रति उनके समर्पण को श्रद्धांजलि अर्पित की।

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि पं. रामकिंकर का जीवन सनातन धर्म और राम के आदर्शों पर आधारित था। युग तुलसी पं. रामकिंकर का संपूर्ण जीवन राम और तुलसी साहित्य के प्रति समर्पित था। उनकी व्याख्याएं और चिंतन अनूठी थीं, जो सनातन धर्म के अनुयायियों के लिए हमेशा प्रेरणास्रोत बनी रहेंगी। रामकिंकर जी का संपूर्ण जीवन विशिष्टता का प्रतीक रहा है। उनका कार्य और उसके परिणाम बताते हैं कि उन्होंने लीक से हटकर समाज को प्रेरणा दी है।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमें उनकी स्मृतियों को एक स्मृति ग्रंथ के रूप में संजोकर लोगों तक पहुंचाना चाहिए, ताकि उनका जीवन और कार्य आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणादायी बन सके।

# दिवाली व छठ पर चलेंगी अतिरिक्त बसें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने आगामी दिवाली व छठ पर्व पर यात्रियों की सुरक्षित, सुगम्य यात्रा के लिए अतिरिक्त परिवहन व्यवस्था उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। कहा कि परिवहन निगम 29 अक्टूबर से 10 नवंबर तक अधिक से अधिक बसें संचालित करें। पूर्वी उप्र. के यात्रियों के लिए अधिक संख्या में बसें चलायी जाएं। प्रोत्साहन अवधि में इमरजेंसी को छोड़कर रोडवेज के किसी भी अधिकारी-कार्मिक का अवकाश स्वीकृत नहीं किया जाए। अनुबन्धित बसों को भी अवकाश स्वीकृत न किया जाए।

परिवहन निगम के एमडी मासूम अली सरवर ने परिवहन मंत्री के निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए सभी क्षेत्रीय, सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धकों को इस संबंध में निर्देश दिए हैं। एमडी ने बताया कि प्रोत्साहन अवधि में चालकों-परिचालकों कार्मिकों को, जो न्यूनतम 12 दिवसों में उपस्थित होकर दैनिक रूप से निर्धारित औसत 300 किमी प्रतिदिन का संचालन करते हैं तो 350 रुपये प्रति दिवस की दर से एकमुश्त 4200 रुपये का विशेष प्रोत्साहन का भुगतान किया जायेगा।

### इन शहरों के लिए होगा अतिरिक्त बसों का संचालन

प्रोत्साहन अवधि में दिल्ली से लखनऊ, गोरखपुर, वाराणसी, अयोध्या, कानपुर के लिए लगभग 4,000 अतिरिक्त बसों का संचालन परिवहन निगम की ओर से किया जायेगा। इसके अतिरिक्त गाजियाबाद, मुरादाबाद, मेरठ, बरेली, सहारनपुर, आगरा, अलीगढ़ एवं इटावा क्षेत्रों के लिए अतिरिक्त बसों के संचालन के निर्देश दिए गए हैं। क्षेत्रीय प्रबंधक आवश्यकतानुसार बसों के संचालन को घटा-बढ़ा सकते हैं।

# 18-19 आयु वर्ग के मतदाता पंजीकरण पर दें विशेष ध्यान

अमृत विचार, लखनऊ : अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी चन्द्रशेखर ने कहा कि 18-19 आयु वर्ग के मतदाता पंजीकरण पर विशेष ध्यान दिया जाय। वह बुधवार को मुख्य निर्वाचन कार्यालय में मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम व मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर राज्य स्तरीय स्वीप कोर कमेटी की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी चन्द्रशेखर ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मतदाता सूची का प्रकाशन 29 अक्टूबर को किया जाएगा। दावे और आपत्तियां दर्ज करने की अवधि 29 अक्टूबर से 28 नवम्बर तक तय की गई है। पुनरीक्षण के दौरान 9, 10, 23 और 24 नवम्बर को विशेष अभियान दिवस आयोजित होंगे। अंतिम मतदाता सूची 6 जनवरी को प्रकाशित की जाएगी।

अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी विभागों के प्रतिनिधियों से अपेक्षा करते हुए कहा कि सभी अपने विभागीय वेबसाइट पर मतदाता जागरूकता बैनर के माध्यम से मतदाता पंजीकरण अभियान का प्रचार-प्रसार करें।

# भाजपा में सांगठनिक चुनाव की प्रक्रिया शुरू, कार्यशाला 28 को

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 5 नवंबर को होंगी जिलास्तरीय कार्यशालाएं, बूथ, मंडल व जिले की गठित होंगी समितियां
- भूपेन्द्र चौधरी, डॉ. महेन्द्रनाथ पाण्डेय व धर्मपाल सिंह की मौजूदगी में हुई पहली बैठक

अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश संगठन की बुधवार को हुई पहली बैठक के साथ सांगठनिक चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गई। प्रदेश स्तर की कार्यशाला 28 अक्टूबर को लखनऊ में आयोजित की जाएगी। जिला स्तर पर 5 नवम्बर को कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। कार्यशालाओं के माध्यम से संगठन के चुनाव की प्रक्रिया संबंधित पदाधिकारियों तक पहुंचेगी और बूथ, मंडल व जिले की समितियां गठित होंगी।

पार्टी के प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी हिमांशु दुबे ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह


बैठक में मौजूद प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, प्रदेश चुनाव अधिकारी डॉ. महेन्द्रनाथ पाण्डेय व प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह।

चौधरी की अध्यक्षता और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व प्रदेश चुनाव अधिकारी डॉ. महेन्द्रनाथ पाण्डेय, प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह की मौजूदगी में पार्टी के सांगठनिक चुनाव की बैठक बुधवार को प्रदेश भाजपा मुख्यालय में आयोजित हुई। यह बैठक चुनाव की प्रारंभिक तैयारियों को लेकर हुई। बैठक में प्रदेश महामंत्री व प्रदेश सदस्यता प्रभारी गोविन्द नारायण शुक्ला, प्रदेश के सह चुनाव अधिकारी हरीश कुमार सिंह, अनिल चौधरी, रंजना उपाध्याय, मुकुट बिहारी वर्मा, कमलेश कुमार और राजेन्द्र तिवारी मौजूद रहे।

> भाजपा संवैधानिक व्यवस्था से संचालित होने वाला देश का एक मात्र राजनीतिक दल है। सदस्यता अभियान के बाद संगठन की संवैधानिक व्यवस्था के अनुरूप संगठनात्मक दायित्वों के लिए चुनाव की प्रक्रिया प्रारम्भ हुई है। आगामी समय में संगठन में चुनाव के माध्यम से योग्य कार्यकर्ता विभिन्न दायित्वों पर पहुंचेंगे।
>
> – भूपेन्द्र चौधरी, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष

> केन्द्रीय चुनाव अधिकारी के. लक्ष्मण ने मुझे प्रदेश चुनाव अधिकारी तथा राज्य के 6 सहचुनाव अधिकारी घोषित किये हैं। संगठन के चुनाव कार्यक्रम में केन्द्रीय स्तर पर कार्यशाला हो चुकी है। अब प्रदेश व जिला स्तर पर भी कार्यशालाएं आयोजित कर चुनाव प्रशिक्षण दिया जाएगा। मंडल, जिला तथा प्रदेश के चुनाव कार्यक्रमों की घोषणा केन्द्रीय चुनाव अधिकारी करेंगे।
>
> – डॉ. महेन्द्रनाथ पाण्डेय, संगठन चुनाव अधिकारी


## वर्ग पहेली-231

**बाएं से दाएं**

4. मेंढक।
5. आरोपित, कथित, जिसपर अभियोग लगा हो।
6. 1. मनोभाव, मन 2. मन में उत्पन्न संकल्प 3. मन में सोचा या विचारा हुआ।, मन से, मन के द्वारा।
7. जीरा।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. बहादुरी, वीरता 2. रणकौशल।
2. 1. पहने हुए आभूषणों के परस्पर टकराने से उत्पन्न होने वाली ध्वनि 2. घुंघरू की आवाज़।
3. 1. पुराना धर्म या परंपरागत धर्म 2. वर्तमान हिंदू धर्म जिसके संबंध में उसके अनुयायियों का विश्वास है कि यह बहुत प्राचीन काल से चला आ रहा है तथा विभिन्न देवी-देवताओं की पूजा-उपासना; मूर्तिपूजा, पुराण, तंत्र, तीर्थ, श्राद्ध तथा तर्पण आदि इसके प्रमुख अंग हैं, पारंपरिक हिंदू धर्म।
6. 1. पीटना 2. जान लेना, हत्या करना, प्राण लेना 3. प्रहार करना, चोट पहुंचाना 4. पछाड़ना 5. पकड़ना, हराना 6. कूटना, ठोंकना 7. प्रभावहीन कर देना।




### वर्ग पहेली -230 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ह | ■ | ■ | 2 ख | ■ | 3 अ |
| र | ■ | ■ | ट | ■ | यो |
| 4 म | हा | वी | र | ■ | गि |
| ल | ■ | ■ | 5 प | 6 द | क |
| ■ | 7 माँ | नी | ट | र | ■ |
| 8 झा | ■ | ■ | र | ■ | 9 जी |
| 10 वा | इ | न | ■ | 11 खा | जा |

## सुडोकू -144

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 7 | | | | 8 | 2 |
| | 4 | | | | 6 | 9 | | 5 |
| | 1 | 2 | | 8 | | | | 6 |
| 3 | 6 | | | | | | 1 | 4 |
| | | | 4 | | 5 | | | |
| 1 | 9 | | | | | | 2 | 8 |
| 5 | | | | 6 | | 3 | 4 | |
| 9 | | 7 | 2 | | | | 6 | |
| 4 | 8 | | | | 1 | | | |

### सुडोकू - 143 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 7 | 3 | 5 | 4 | 1 | 2 | 9 |
| 1 | 2 | 4 | 9 | 8 | 7 | 6 | 5 | 3 |
| 9 | 5 | 3 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 8 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 9 | 8 | 3 | 7 | 2 |
| 7 | 9 | 2 | 4 | 6 | 3 | 8 | 1 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 7 | 1 | 2 | 9 | 6 | 4 |
| 2 | 7 | 6 | 8 | 3 | 5 | 4 | 9 | 1 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 4 | 6 | 2 | 8 | 7 |
| 4 | 1 | 8 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 6 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 24 अक्टूबर गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-कार्तिक, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-अष्टमी 25 अक्टूबर 01.58 तक तत्पश्चात नवमी।

**मेष** – आज आपको अभिमानी व्यवहार से बचना चाहिए। संपत्ति विवाद होने आशंका है। मैनेजमेंट छात्रों का प्रदर्शन पढ़ाई में बहुत ही अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन करने से आपको बचना चाहिए। आत्मविश्वास में कमी के कारण काम बिगड़ सकते हैं।

**वृष** – आज समाज में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। नए प्रकार के अनुसंधान में आप रुचि लेंगे। आपके जीवन पर जीवनसाथी का काफी प्रभाव रहेगा। पिता के स्वास्थ्य की कुछ चिंता हो सकती है। व्यापार में अभिनव प्रयोग कर सकते हैं।

**मिथुन** – आज ऐसे लोगों से दूर रहें, जो आपको अतिवादी प्रतिक्रिया के लिए उकसाते हों। अटकी हुई पेमेंट आपको मिल सकती है। व्यापार में आमदनी बढ़ने के योग बन रहे हैं। आपकी नेतृत्व क्षमता में वृद्धि होगी। लोग आपकी कार्यशैली की प्रशंसा करेंगे।

**कर्क** – आज दूसरों से आपको सम्मान मिलेगा। जीवनसाथी का भावनात्मक सहयोग मिलने से काफी प्रसन्न रहेंगे। पुराने अनुभवों की सीख काम आएगी। नई विधाओं को सीखने को लेकर प्रयत्नशील रहेंगे। प्रेम संबंधों के लिए दिन बहुत ही अच्छा रहेगा।

**सिंह** – आज आपको त्वरित निर्णय लेने से बचना चाहिए। अधिकारी वर्ग के प्रति मन में नकारात्मक विचार चलते रहेंगे। अपने धन का दुरुपयोग न करें। आपके मन में अजीबोगरीब विचार जन्म ले सकते हैं। कष्टकारक यात्रा हो सकती है।

**कन्या** – आज आपकी प्रतिभा में निखार आएगा। नवीन वस्त्र और आभूषण खरीदने का विचार कर सकते हैं। विवाह को लेकर आ रही बाधा दूर होगी। व्यस्तता के बावजूद आप परिवार को समय देंगे। अधिकारियों की कृपा दृष्टि आपके ऊपर रहेगी।

**तुला** – आज पूरा दिन काफी अच्छा रहेगा। नई नौकरी ढूंढ रहे हैं तो दिन अनुकूल है। आपकी सोच काफी सकारात्मक रहेगी। सामाजिक मुद्दों पर खुलकर आप अपनी राय रख सकते हैं। पैतृक संपत्ति प्राप्त हो सकती है।

**वृश्चिक** – आज मार्केटिंग संबंधी गतिविधियों से आपको लाभ होगा। परिजनों के यहां घूमने जा सकते हैं। महिलाएं घरेलू कार्यों से ऊब सकती हैं। कारोबार में आपको नया प्रयोग करने से बचना चाहिए। गुप्त शत्रुओं से आपको सावधान रहना चाहिए।


**धनु** – आज मन में अनचाहे विचारों की भरमार रहेगी। कड़वी जबान का प्रयोग करने से बचें। खानपान की गुणवत्ता का ध्यान रखें। कुछ गुप्त बातें खुलकर सामने आ सकती हैं। स्वास्थ्य बेहतर बनाये रखने के लिए व्यायाम अवश्य करें।

**मकर** – आज व्यर्थ के कार्यों से आपको बचना चाहिए। व्यापार में आपको उत्तम लाभ होगा। परिवार के साथ घूमने के लिए जा सकते हैं। आपकी स्मरणशक्ति काफी प्रखर रहेगी। भोग-विलास के साधनों पर आप काफी धन खर्च कर सकते हैं।

**कुंभ** – आज सब लोगों से विचार-विमर्श कर निर्णय लेंगे, इसीलिए सबके चहेते बने रहेंगे। लोग आपका मजाक उड़ाने की कोशिश करेंगे। चैरिटी से जुड़े कार्यों में भाग ले सकते हैं। आप योजनाबद्ध तरीके से सभी कार्य करेंगे।

**मीन** – आज एक साथ कई काम लेने के कारण मानसिक तनाव हो सकता है। दूसरों की मदद करने का प्रयास करेंगे। संतान के व्यवहार से आप नाराज हो सकते हैं। परिवार के लोग आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। प्रियजनों की समस्याओं का ध्यान रखें।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-हेमंत।
चन्द्रबल- वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुनर्वसु 06.15 तक तत्पश्चात पुष्य।

## आज की फिल्में

| चैनल | फिल्म | समय |
|---|---|---|
| B4U Movies | खेल | सुबह : 09.00 |
| B4U Movies | गुडबॉय | शाम : 06.00 |
| &pictures | खिलाड़ियों का खिलाड़ी | सुबह : 11.15 |
| &pictures | अखंडा | रात : 07.30 |
| Sony Pix | ब्राइटबर्न | सुबह : 11.07 |
| Sony Pix | स्पाइडर मैन | रात : 09.00 |
| Zee Cinema | सीटीमार | सुबह : 11.22 |
| Zee Cinema | वीरा द पॉवर | शाम : 04.40 |
| Zee Action | इंटरनेशनल खिलाड़ी | सुबह : 10.47 |
| Zee Action | जाल | रात : 07.30 |

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर शाम : 04.40 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी- तुम बहुत स्वार्थी हो।
पति- भगवान के वास्ते अब बताओ भी, हुआ क्या है?
पत्नी- वो जो तुम्हारे लैपटॉप में एक फोल्डर है, तुम उसका नाम तुम उसका नाम अवर डाक्यूमेंट भी तो रख सकते थे न।
अब पति ने माइक्रोसॉफ्ट को मोडिफिकेशन के लिए मेल किया है।

लड़की से लड़का बोला- डार्लिंग मुझे तुम्हारी आंखों में सारी दुनिया दिखाई देती है।
पीछे से एक बूढ़ा बोला- हमारी गाय नहीं मिल रही, दिखे तो बताना बेटा

# खिलाड़ियों ने की नियामक बोर्ड में अधिक प्रतिनिधित्व मांग की

नई दिल्ली, एजेंसी

- राष्ट्रीय खेल विधेयक के मसौदे पर खेल मंत्री ने अधिक प्रतिनिधित्व, सरकारी और निजी हितधारकों के बीच बेहतर समन्वय पर की बातचीत

देश के शीर्ष एथलीटों ने राष्ट्रीय खेल विधेयक के मसौदे पर खेल मंत्री मनसुख मांडविया से परामर्श के दौरान बुधवार को यहां खिलाड़ियों के लिए अधिक प्रतिनिधित्व, सरकारी और निजी हितधारकों के बीच बेहतर समन्वय और प्रस्तावित खेल नियामक संस्था के कार्यक्षेत्र के बारे में बातचीत की।

खेल नियामक बोर्ड की स्थापना मसौदा विधेयक की प्रमुख विशेषताओं में से एक है। इस निकाय के पास भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) और राष्ट्रीय खेल महासंघों को संबद्धता प्रदान करने, नवीनीकृत करने और निलंबित करने का अधिकार होगा। आईओए अध्यक्ष पीटी उषा पहले ही इसकी अत्यधिक शक्तियों पर सवाल उठा चुकी हैं। उन्होंने आगाह किया है कि इसके संविधान को अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति द्वारा सरकारी हस्तक्षेप माना जा सकता है, जिससे भारत को निलंबित किया जा सकता है। मसौदा विधेयक के अनुसार राष्ट्रीय ओलंपिक समिति, राष्ट्रीय खेल महासंघों, राष्ट्रीय पैरालंपिक समिति और उनकी सहयोगी इकाइयों को खेल नियामक बोर्ड द्वारा निर्धारित जानकारी को सार्वजनिक करना होगा। मांडविया के साथ बुधवार की बैठक में मौजूद एक सूत्र ने कहा कि कई खिलाड़ियों और कोचों ने इस कदम का स्वागत किया लेकिन उन्होंने नियामक संस्था में अधिक प्रतिनिधित्व की मांग की। मसौदा विधेयक में पांच सदस्यीय नियामक संस्था में सिर्फ एक खेल रत्न और एक द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता का प्रावधान है, जबकि सचिव (खेल) इसके अध्यक्ष होंगे और महानिदेशक (भारतीय खेल प्राधिकरण) इसके पदेन सदस्य होंगे।

पांचवां सदस्य राष्ट्रीय खेल विश्वविद्यालय का कुलपति होगा। इस सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर बताया इस बैठक में शारीरिक या ऑनलाइन तरीके से लगभग 130 खिलाड़ी और कोच ने हिस्सा लिया। इसमें से ज्यादातर ने नियामक संस्था का समर्थन किया। इसमें खिलाड़ियों और कोचों की अधिक भागीदारी की मांग की गई।



### गठन के बाद स्वायत्त करेगी काम : मांडविया

मांडविया से जब पूछा गया कि क्या प्रस्तावित नियामक संस्था को सरकार द्वारा नियंत्रित किया जाएगा, तो उन्होंने कहा कि यह स्वायत्त होगी। सरकार द्वारा निकाय का गठन हो जाने के बाद, यह स्वायत्त रूप से कार्य करेगी। निकाय की शक्तियों के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि यह सब विधेयक में परिभाषित है। बैठक में मौजूद एक अन्य सूत्र ने कहा कि निशानेबाजी के एक प्रमुख कोच ने राष्ट्रीय खेल महासंघों द्वारा अपना वोट बैंक बढ़ाने के लिए अस्तित्व में नहीं होने वाले राज्य संघों को मान्यता देने पर गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने मंत्री से कहा कि ऐसे राज्य हैं जो केवल चुनाव परिणाम अपने पक्ष में करने के लिए मतदान के अधिकार के लिए हैं।

# एनआईएस पटियाला में जल्द ही लगवाएं मोंडोट्रैक : नीरज चोपड़ा

नई दिल्ली, एजेंसी



- वल्केनाइज्ड रबर से बना यह ट्रैक खिलाड़ियों के चोटिल होने की संभावनाओं को करता है कम

खेल मंत्री मनसुख मांडविया के साथ राष्ट्रीय खेल विधेयक पर चर्चा के दौरान भारत के शीर्ष भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने सरकार से पटियाला स्थित राष्ट्रीय खेल संस्थान में मोंडोट्रैक को जल्दी लगाने की मांग की।

मोंडोट्रैक एक नई सतह है जिसका उपयोग ट्रैक स्पर्धाओं के लिए किया जा रहा है। ऐसा माना जाता है कि यह प्रदर्शन के स्तर को बढ़ाने के साथ चोट की संभावना को कम करता है। पेरिस ओलंपिक और ब्रसेल्स में आयोजित डायमंड लीग के फाइनल में ट्रैक स्पर्धाओं का आयोजन इसी पर किया गया था। दुनिया भर के शीर्ष खिलाड़ियों ने सराहना की थी। वल्केनाइज्ड रबर से बना यह ट्रैक खिलाड़ियों के चोटिल होने की संभावनाओं को कम करने के साथ उनकी गति को बढ़ता है। यह खिलाड़ियों के लिए लय बनाये रखने में मददगार होता है और उन्हें कम थकान महसूस होती है। बैठक में चोपड़ा ने मोंडोट्रैक की आवश्यकता के बारे में जोर दिया।

## खेल डायरी

### जोहोर कप: ऑस्ट्रेलिया से हारा भारत लेकिन शीर्ष पर

**जोहोर बाहरू (मलेशिया)।** ऑस्ट्रेलिया ने भारत की जूनियर पुरुष हॉकी टीम के अजेय अभियान पर विराम लगाते हुए बुधवार को यहां सुल्तान ऑफ जोहोर हॉकी टूर्नामेंट में 4-0 से जीत दर्ज की। भारत की अग्रिम पंक्ति को ऑस्ट्रेलिया के डिफेंस को भेदने के लिए जूझना पड़ा जबकि पैट्रिक एंड्रयू (29वें मिनट) ने विरोधी टीम का खाता खोला जिसके बाद डेकिन स्टेंगर (33वें, 39वें और 53वें मिनट) ने हैट्रिक बनाकर टीम की आसान जीत सुनिश्चित की। इस हार के बावजूद भारत नौ अंक के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर चल रहा है जबकि ऑस्ट्रेलिया सात अंक के साथ तीसरे स्थान पर है। न्यूजीलैंड आठ अंक के साथ दूसरे पायदान पर है। भारत ने अब तक तीन मुकाबले जीते हैं और राउंड रोबिन में उसे एक मैच और खेलना है।

### बांग्लादेश ने भारतीय महिला फुटबॉल टीम को हराया

**काठमांडू।** भारतीय फुटबॉल टीम को सैफ महिला चैम्पियनशिप 2024 के ग्रुप चरण के अपने आखिरी मैच में बुधवार को यहां बांग्लादेश से 1-3 से हार का सामना करना पड़ा। दोनों टीमें पहले ही सेमीफाइनल का टिकट पक्का कर चुकी थी। बांग्लादेश ने ग्रुप ए में शीर्ष स्थान पर रहते हुए सेमीफाइनल का टिकट कटाया किया जबकि भारतीय टीम दूसरे स्थान के साथ अंतिम चार में पहुंची। बांग्लादेश के लिए तोहुरा खातून (29वां और 42वां मिनट) ने दो गोल किये जबकि अफीदा खांडेकर (18 वां मिनट) ने एक गोल दागा। भारत के लिए मैच का इकलौता गोल कप्तान बाला देवी ने हेडर की मदद से किया। भारत को मिडफील्डर अंजू तमांग के चोटिल होने से भी झटका लगा। मैच के 27वें मिनट में उनके मैदान से बाहर जाने से टीम को परेशानी का सामना करना पड़ा। बांग्लादेश के खिलाफ यह भारत की लगातार दूसरी हार है।

### त्रिपुरा के खिलाफ रणजी मैच में नहीं खेलेंगे श्रेयस

**मुंबई।** मुंबई के सीनियर बल्लेबाज श्रेयस अय्यर निजी कारणों से त्रिपुरा के खिलाफ अगरतला में 26 अक्टूबर से शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी के तीसरे दौर के मैच में नहीं खेलेंगे। मुंबई क्रिकेट संघ ने बुधवार को पीटीआई को बताया कि अय्यर ने मुंबई की सीनियर चयन समिति से कुछ दिन का विश्राम देने की अपील की थी जिसे स्वीकार कर लिया गया है। मुंबई ने अभी तक वर्तमान सत्र में जो तीन घरेलू मैच खेले हैं उन सभी में यह 29 वर्षीय बल्लेबाज टीम का हिस्सा था। इनमें शेष भारत के खिलाफ खेला गया ईरानी कप का मैच भी शामिल है जिसमें अय्यर ने 57 और आठ रन बनाए थे। अय्यर ने पिछले सप्ताह महाराष्ट्र के खिलाफ रणजी ट्रॉफी के दूसरे दौर के मैच में 142 रन की पारी खेली थी जिससे मुंबई इस टूर्नामेंट में सत्र की पहली जीत दर्ज करने में सफल रहा था।

### डब्ल्यूटीटी चैंपियन्स के प्री क्वार्टर फाइनल में मनिका

**मोंटपेलियर (फ्रांस)।** भारत की स्टार टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा ने बुधवार को यहां एकतरफा मुकाबले में अमेरिका की लिली झेंग को 3-0 से हराकर डब्ल्यूटीटी चैंपियंस के महिला एकल प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। पेरिस ओलंपिक के एकल प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बनकर इतिहास रचने वाली मनिका ने 22 मिनट से भी कम समय में 11-4, 11-8, 12-10 से आसान जीत दर्ज की। पेरिस खेलों में प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने वाली चार बार की ओलंपियन झेंग ने तीसरे गेम में मनिका को कड़ी टक्कर दी लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने धैर्य बरकरार रखते हुए जीत दर्ज की। मनिका ने झेंग के 22 अंक की तुलना में कुल 34 अंक बनाए।

### बोवेस ने लिस्ट ए क्रिकेट में लगाया सबसे तेज दोहरा शतक

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज चाड बोवेस ने बुधवार को केवल 103 गेंद पर दोहरा शतक जड़कर लिस्ट ए क्रिकेट में नया रिकॉर्ड बनाया। बोवेस ने खेल के इस प्रारूप में सबसे तेज दोहरा शतक लगाने का रिकॉर्ड अपने नाम किया जो इससे पहले भारत के नारायण जगदीसन और ऑस्ट्रेलिया के ट्रैविस हेड के नाम दर्ज था। दक्षिण अफ्रीका में जन्मे न्यूजीलैंड के बल्लेबाज बोवेस ने फोर्ड ट्रॉफी में कैंटरबरी की तरफ से ओटागो के



खिलाफ खेलते हुए यह उपलब्धि हासिल की। वह आखिर में 110 गेंद पर 205 रन बनाकर आउट हुए जो लिस्ट ए क्रिकेट में उनका सर्वोच्च स्कोर भी है।

भारत को शृंखला में वापसी करने के लिए करना होगा टीम का सही चयन, आज से शुरू होगा मुकाबला

# दूसरे टेस्ट में जीत के लिए उतरेगी टीम इंडिया

पुणे, एजेंसी

पहले मैच में अप्रत्याशित हार से आहत भारत को अगर न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन टेस्ट मैच की शृंखला में वापसी करनी है तो उसे गुरुवार से यहां शुरू होने वाले दूसरे मैच में सही तरह से चयन करके संतुलित टीम मैदान पर उतारनी होगी। भारत बेंगलुरु में खेले गए पहले टेस्ट मैच की पहली पारी में केवल 46 रन पर आउट हो गया था। उसने दूसरी पारी में अच्छा खेल दिखाया लेकिन इसके बावजूद उसे आठ विकेट से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की तालिका में अभी शीर्ष पर है, पहले मैच में हार के कारण उसे कुछ अंक गंवाने पड़े।

अगले महीने पांच टेस्ट मैच की शृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर जाने से पहले रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम की प्राथमिकता न्यूजीलैंड के खिलाफ अगले दो मैच में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। यहां एमसीए स्टेडियम की पिच को भारत की स्थिति को देखकर तैयार किया गया है। इस पर घास नहीं है और इसे काली मिट्टी से तैयार किया गया है जिस पर न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाजों को बेंगलुरु जैसी उछाल नहीं मिलेगी। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाजों विलियम ओरूर्के, मैट हेनरी और टिम साउदी ने पहले मैच में भारतीय बल्लेबाजों को खासा परेशान किया था। ऐसे में भारत टर्निंग विकेट तैयार कर सकता है लेकिन अतीत में उसका यह दांव उल्टा भी पड़ चुका है। ऑस्ट्रेलिया ने आठ साल पहले यहां टर्निंग विकेट पर भारत को 333 रन से हराया था। इसी टीम ने पिछले साल इंदौर में खेले गए मैच में भारतीय टीम नौ विकेट से पराजित किया था। शुभमन वापसी करने के लिए तैयार है तथा राहुल और सरफराज में से किसी एक को उनके लिए जगह खाली करनी होगी।



दूसरे टेस्ट से पहले अभ्यास सत्र में रणनीति बनाती न्यूजीलैंड की टीम। ● एजेंसी

### विकेटकीपिंग करेंगे पंत, बुमराह के कार्यभार पर पुणे टेस्ट के बाद होगा फैसला : गंभीर

**पुणे।** भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा है कि ऋषभ पंत को फिटनेस की कोई समस्या नहीं है और वह विकेटकीपिंग करेंगे जबकि जसप्रीत बुमराह के कार्यभार पर न्यूजीलैंड के खिलाफ बृहस्पतिवार से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट के बाद फैसला लिया जाएगा। पंत को बेंगलुरू में पहले टेस्ट के दूसरे दिन चोट लगी थी और उनकी जगह ध्रुव जुरेल ने विकेटकीपिंग की थी। पंत ने वापसी करके 99 रन बनाए लेकिन विकेटकीपिंग नहीं की। गंभीर ने कहा वह कल विकेटकीपिंग करेगा। बुमराह ने इस सत्र में भारत में तीनों टेस्ट खेले और अब ऑस्ट्रेलिया दौरे में भी ज्यादा समय नहीं है तो भारतीय टीम दूसरे टेस्ट के बाद उन्हें आराम दे सकती है। गंभीर ने कहा एक बार शृंखला पूरी होने के बाद हमारे पास 10 या 12 दिन होंगे जिसके बाद ऑस्ट्रेलिया में पहला टेस्ट शुरू होगा। हमारे तेज गेंदबाजों को भी अच्छा ब्रेक मिल जाएगा लेकिन इस टेस्ट के बाद बुमराह के बारे में फैसला लेंगे। हमें पता है कि ऑस्ट्रेलिया का लंबा और महत्वपूर्ण दौरा होना है। कार्यभार प्रबंधन इस टेस्ट मैच के नतीजे और इस पर निर्भर करेगा कि उन्हें कितनी गेंदबाजी करनी पड़ रही है।



**मैच : सुबह 09:30 बजे**

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह (उप-कप्तान), यशस्वी जयसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, सरफराज खान, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, रविंद्र जड़ेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, वाशिंगटन सुंदर।

**न्यूजीलैंड :** टॉम लैथम (कप्तान), डेवोन कॉनवे, केन विलियमसन, मार्क चैपमैन, विल यंग, डेरिल मिशेल, ग्लेन फिलिप्स, माइकल ब्रेसवेल, मिशेल सेंटनर, रचिन रवींद्र, टॉम ब्लंडेल (विकेटकीपर), अजाज पटेल, मैट हेनरी, टिम साउदी,, विलियम ओरूर्के, जैकब डफी।

### हमें स्पिनरों का करना होगा बेहतर इस्तेमाल : लाथम

**पुणे।** न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लाथम ने बुधवार को यहां कहा कि भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट में स्पिन-अनुकूल पिच को लेकर न्यूजीलैंड को किसी भी पूर्व निर्धारित सोच से बचते हुए अपने गेंदबाजी विकल्पों का प्रभावी उपयोग करने पर ध्यान देना होगा। तीन मैचों की शृंखला में बेंगलुरु में खेले गये शुरुआती टेस्ट में आठ विकेट से जीत के बाद न्यूजीलैंड ने 1-0 की महत्वपूर्ण बढ़त बना ली है। न्यूजीलैंड ने बेंगलुरू टेस्ट में भारतीय टीम को पहली पारी में 46 रन पर आउट कर दिया। भारत ने दूसरी पारी में मजबूत जज्बा दिखाया लेकिन टीम न्यूजीलैंड को 36 साल बार भारतीय सरजमीं पर जीत दर्ज करने से रोकने में नाकाम रही। लाथम ने दूसरे टेस्ट मैच की पूर्व संध्या पर कहा हमें परिस्थितियों से जल्दी सामंजस्य बैठाना होगा। अगर पिच से गेंद को अधिक टर्न मिलती है तो हमारी टीम में चार स्पिनर हैं। हम हालांकि पहले से निर्धारित सोच के साथ मैच में उतरने से बचना चाहेंगे। लाथम ने स्वीकार किया कि उन्होंने इस बात पर विचार किया है कि स्पिनरों का उपयोग कैसे किया जाए।

### आईसीसी की टेस्ट रैंकिंग में विराट कोहली से आगे निकले ऋषभ पंत

**दुबई।** ऋषभ पंत बुधवार को जारी आईसीसी की बल्लेबाजों के लिए टेस्ट रैंकिंग में अपने सुपरस्टार भारतीय साथी विराट कोहली को पीछे छोड़कर छठे स्थान पर पहुंच गए। पंत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच की दूसरी पारी में 99 रन बनाए थे जिससे उन्हें रैंकिंग में तीन स्थान का फायदा हुआ। दूसरी तरफ कोहली 70 रन बनाने के बावजूद एक पायदान नीचे आठवें स्थान पर खिसक गए हैं। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल चौथे स्थान पर भारत के सर्वोच्च रैंकिंग वाले बल्लेबाज बने हुए हैं। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा दो पायदान नीचे गिरकर श्रीलंका के दिमुथ करुणारत्ने के साथ संयुक्त 15वें स्थान पर हैं। इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जो रूट बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं। न्यूजीलैंड के रचिन रवींद्र और डेवोन कॉनवे ने बल्लेबाजी रैंकिंग में लंबी छलांग लगाई जबकि उनके साथी मैट हेनरी गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष 10 में पहुंच गए हैं।

# न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे विश्व कप की तैयारी करने उतरेगीं महिलाएं

अहमदाबाद, एजेंसी

- महिला टी-20 विश्व कप के बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे शृंखला का पहला मैच आज

भारतीय महिला टीम टी-20 विश्व कप के निराशाजनक प्रदर्शन को भुलाकर न्यूजीलैंड के खिलाफ गुरुवार से यहां शुरू होने वाली तीन एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच की शृंखला से अगले साल होने वाले वनडे विश्व कप की तैयारी शुरू करेगी जिसमें हरमनप्रीत कौर की कप्तानी भी दांव पर लगी होगी।

हरमनप्रीत के लिए यह शृंखला काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि हाल में संयुक्त अरब अमीरात में खेले गए टी-20 विश्व कप में उनकी कप्तानी की काफी आलोचना हुई थी, भले ही उन्होंने भारत की तरफ से सर्वाधिक रन बनाए थे। भारत इस टूर्नामेंट में ग्रुप चरण से बाहर हो गया था। भारतीय टीम जहां टी-20 विश्व कप की निराशा को भुलाकर नए सिरे से शुरुआत करने की कोशिश करेगी वहीं न्यूजीलैंड की टीम उससे प्रेरित होकर अपना विजय अभियान जारी रखना चाहेगी। कीवी टीम ने पूरे टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करके खिताब जीता था। 35 वर्षीय हरमनप्रीत की कप्तानी की हाल में काफी आलोचना हुई थी लेकिन इसके बावजूद उन्हें इस पद पर बरकरार रखा गया है। भारतीय टीम में तेजल, साइमा और प्रिया के रूप में कुछ नए चेहरों को भी शामिल किया है।

# टी-20: जिम्बाब्वे के 344 रन सबसे बड़े स्कोर का रिकॉर्ड

**नैरोबी।** जिम्बाब्वे ने टी-20 विश्व कप के अफ्रीका क्वालीफायर में बुधवार को यहां गाम्बिया के खिलाफ चार विकेट पर 344 रन के साथ क्रिकेट के सबसे छोटे अंतर्राष्ट्रीय प्रारूप में सबसे बड़े स्कोर का विश्व रिकॉर्ड कायम किया। इंडियन प्रीमियर लीग में पंजाब किंग्स के लिए खेलने वाले टीम के कप्तान सिकंदर रजा ने ग्रुप बी के इस मैच में 43 गेंद में 15 छक्कों की मदद से नाबाद 133 रन बनाकर जिम्बाब्वे को विश्व रिकॉर्ड स्कोर तक पहुंचाने करने में अहम योगदान दिया।

जिम्बाब्वे ने नेपाल के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा जिसने पिछले साल एशियाई खेलों में मंगोलिया के खिलाफ 314 रन बनाए थे। जिम्बाब्वे ने इस मैच में 27 छक्के और 30 चौके लगाए। रजा के 15 छक्के हालांकि किसी टी-20 पारी में सर्वाधिक छक्कों का विश्व रिकॉर्ड नहीं है, यह रिकॉर्ड एस्टोनिया के साहिल चौहान के नाम है। साहिल ने साइप्रस के खिलाफ 18 छक्के लगाए थे। जिम्बाब्वे इसके साथ ही सबसे ज्यादा स्कोर बनाने वाली टीम बन गई। मूसा 4 ओवर में 93 रन लुटा कर सबसे महंगे गेंदबाज बने।



द्विपक्षीय शृंखला के पहले मैच में गेंद के लिए प्रयास करते दोनों टीमों के खिलाड़ी। ● एजेंसी

# जर्मनी ने भारत को 0-2 से हराया

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम को दो मैचों की द्विपक्षीय शृंखला के पहले मैच में बुधवार को यहां जर्मनी के खिलाफ 0-2 से शिकस्त का सामना करना पड़ा।

पेरिस ओलंपिक के रजत पदक विजेता जर्मनी की ओर से मेजर ध्यान चंद राष्ट्रीय स्टेडियम में हेनरिक मर्टगेन्स ने तीसरे मिनट में पहला गोल दागा जबकि लुकास विंडफेडर ने 30वें मिनट में मेहमान टीम की बढ़त को 2-0 कर दिया जो अंत में निर्णायक स्कोर साबित हुआ। पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता भारत ने कई मौके बनाए लेकिन टीम को गोल करने में सफलता नहीं मिली। शृंखला का दूसरा मैच गुरुवार को यहीं खेला जाएगा।

## बॉलीवुड हलचल



# सोनम बनीं डिओर की नई ब्रांड एम्बेसडर

**मुंबई।** फ्रांस की प्रतिष्ठित लक्जरी फैशन हाउस डिओर ने ग्लोबल फैशन आइकन, अभिनेत्री और निर्माता सोनम कपूर को अपना ब्रांड एम्बेसडर बनाया है। सोनम कपूर अब मारिया ग्राजिया चिउरी द्वारा तैयार की गई डिओर की कलेक्शंस का प्रतिनिधित्व करेंगी। अपने नए एम्बेसडर के रूप में डिओर के साथ अपनी साझेदारी पर बात करते हुए सोनम कपूर ने कहा यह मेरे लिए एक सम्मान की बात है कि मैं डिओर की कहानी का हिस्सा बन रही हूं, जो फैशन की दुनिया में रचनात्मकता और एलिगेंस को फिर से परिभाषित कर रहा है। उनकी प्रत्येक कलेक्शन बारीक कारीगरी और धरोहर का उत्सव है, जो मेरे स्टाइल के साथ गहरे स्तर पर मेल खाता है। यह साझेदारी डिओर और भारत के बीच सांस्कृतिक समन्वय का एक और महत्वपूर्ण कदम है, और मैं उत्साहित हूं कि हम इसे आगे कहाँ ले जाएंगे।

### प्रभास के जन्मदिन पर रिलीज हुआ द राजा साब का मोशन पोस्टर

मुंबई। दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार प्रभास के जन्मदिन पर उनकी आने वाली फिल्म द राजा साब का मोशन पोस्टर रिलीज किया गया है। मोशन पोस्टर में जंगल के बीच में पियानो पर बर्थडे की धुन बज रही है इसके बाद जंगल में घूमते हुए एक रहस्यमयी व्यक्ति को दिखाया गया है, जो दर्शकों को एक पुराने महल में ले जाता है, जहां प्रभास का भव्य रूप आखिरकार सामने आता है। प्रभास एक पुराने महल की भव्य पृष्ठभूमि के सामने काले रंग की पोशाक में सिंहासन पर बैठे हुए दिखाई दे रहे हैं। पोस्टर में टैगलाइन भी है, हॉरर इज द न्यू ह्यूमर, उसके बाद हैप्पी बर्थडे, रिबेल साब। प्रभास ने पोस्टर को इंस्टाग्राम पर भी शेयर करते हुए लिखा, यह कुछ रोमांच और रोमांच का समय है। 10 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों में मिलते हैं। मारुति द्वारा निर्देशित और पीपल मीडिया फैक्ट्री के बैनर तले विश्व प्रसाद द्वारा निर्मित, थमन एस द्वारा संगीत के साथ, फिल्म द राजा साब 10 अप्रैल, 2025 को पांच भाषाओं तेलुगु, हिंदी, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म में मालविका मोहनन, निधि अग्रवाल और रिद्धि कुमार भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

### इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिबल ऑफ साउथ एशिया में बोमन को द मेहता बॉयज के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार

**मुंबई।** बॉलीवुड के जानेमाने चरित्र अभिनेता बोमन ईरानी ने द मेहता बॉयज के लिए प्रतिष्ठित इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिबल ऑफ साउथ एशिया (इफ्सा) टोरंटो सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार जीता है। बोमन ईरानी ने अपने निर्देशन की पहली फिल्म द मेहता बॉयज के लिए लगातार दो पुरस्कार जीते हैं। उन्हें इस फिल्म में उनके बेहतरीन काम के लिए इफ्सा टोरंटो फिल्म फेस्टिवल में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता फीचर फिल्म का पुरस्कार दिया गया है। द मेहता बॉयज को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज किया जाएगा। कहानी एक पिता और बेटे के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक-दूसरे से 48 घंटे तक एक-दूसरे के साथ रहने को मजबूर हैं। द मेहता बॉयज में बोमन ईरानी, अविनाश तिवारी और श्रेया चौधरी मुख्य भूमिका में हैं और यह बोमन ईरानी और ऑस्कर विजेता लेखक एलेक्स दिनलेरिस द्वारा सह-लिखित है तथा ईरानी मूवीटोन के दानेश ईरानी और चकबोल्ड लिमिटेड की अनिकता बत्रा ने इसे निर्मित किया है।

# डोमिनिक ने हार के साथ टेनिस को कहा अलविदा

**वियना।** डोमिनिक थिएम ने अर्स्टे बैंक ओपन के पहले दौर में लुसियानो डार्डेरी से 7-6 (6), 6-2 से हार के साथ अपने पेशेवर टेनिस करियर को अलविदा कहा।

अमेरिकी ओपन में 2020 के चैंपियन थिएम ने पहले ही घोषणा कर दी थी कि इस टूर्नामेंट के बाद वह टेनिस से संन्यास ले लेंगे। वह पिछले कुछ समय से कलाई की चोट से जूझ रहे हैं। ऑस्ट्रिया के इस खिलाड़ी ने अपने घरेलू दर्शकों के सामने अच्छी शुरुआत की और पहले सेट में एक समय वह 4-2 से आगे चल रहे थे लेकिन इसका फायदा नहीं उठा पाए। जब वह सेंटर कोर्ट से बाहर निकल रहे थे तो दर्शकों ने तालियों के साथ उनको विदाई दी। थिएम तीन ग्रैंड स्लैम, 2018 और 2019 फ्रेंच ओपन और 2020 ऑस्ट्रेलियाई ओपन मे उपविजेता भी रहे थे।



# स्पिनरों के लिए मददगार पिच पर इंग्लैंड से शृंखला जीतने उतरेगा पाकिस्तान

- तीन मैच की टेस्ट शृंखला का आखिरी मुकाबला आज से

**रावलपिंडी।** स्पिनरों के कमाल से दूसरा टेस्ट मैच जीतकर उत्साह से भरी पाकिस्तान की टीम इंग्लैंड के खिलाफ गुरुवार से यहां शुरू होने वाले तीसरे और अंतिम टेस्ट मैच में धीमी गति के गेंदबाजों के लिए अनुकूल पिच पर जीत दर्ज करके तीन मैच की शृंखला अपने नाम करने की कोशिश करेगी। पाकिस्तान के कप्तान शान मसूद पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि इंग्लैंड के आक्रामक बल्लेबाजों पर लगाम कसने के लिए टीम को स्पिनरों की मददगार पिच की जरूरत पड़ेगी।

मैदानकर्मी इस बात को ध्यान में रखते हुए पिछले कुछ दिनों से विकेट को सुखाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। बाएं हाथ के स्पिनर नोमान अली और ऑफ स्पिनर साजिद खान ने मुल्तान में दूसरे टेस्ट में टर्न लेते विकेट पर इंग्लैंड के सभी 20 विकेट लिए, जिससे पाकिस्तान ने यह मैच जीतकर शृंखला 1-1 से बराबर की। हैरी ब्रूक के तिहरे शतक और जो रूट के करियर की सर्वश्रेष्ठ 262 रन की पारी की मदद से इंग्लैंड ने सात विकेट पर 823 रन का रिकॉर्ड स्कोर बनाकर शृंखला का पहला मैच पारी के अंतर से जीता था।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। संपादक-**शंभू दयाल वाजपेयी**, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह* 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## एक नजर

### सूडान में मस्जिद पर हवाई हमले में 31 की मौत

**खार्तूम।** मध्य सूडान के गेजिरा प्रांत की राजधानी वाड मदनी में एक मस्जिद पर हवाई हमले में 31 लोग मारे गए। एक स्थानीय गैर-सरकारी समूह ने यह जानकारी दी। वाड मदनी प्रतिरोध समिति ने मंगलवार को एक बयान में कहा रविवार को युद्धक विमानों ने शाम की नमाज के बाद शेख अल जेली मस्जिद और पड़ोसी इलाके अल-इम्तिदाद के आसपास के इलाकों में विस्फोटकों से बमबारी की। समिति ने बताया कि इस हमले में 31 लोगों की मौत हो गयी और कई अन्य घायल हो गये। इनमें से 15 शवों की पहचान कर ली गयी, जबकि अन्य अज्ञात शवों की पहचान अब भी की जा रही है। अभी तक इस घटना पर किसी भी पक्ष की ओर से कोई टिप्पणी नहीं की गई है।

### नेपाल में होटलों में प्लास्टिक की बोतलों पर लगा प्रतिबंध

**काठमांडु।** नेपाल सरकार ने चार सितारा और उससे अधिक सितारों वाले उच्च श्रेणी के होटलों में प्लास्टिक की बोतलों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया है। पर्यटन विभाग के महानिदेशक नारायण प्रसाद रेग्मी ने बुधवार को कहा, यह प्रतिबंध सभी चार सितारा, पांच सितारा, पांच सितारा डीलक्स और डीलक्स और लक्जरी होटलों और रिजॉर्ट पर लागू होता है। एजेंसी ने मंगलवार को एक निर्देश जारी किया, जिसमें उच्च श्रेणी के होटलों और रिसॉर्टों को प्लास्टिक की बोतलों में पानी देने की जगह कांच की बोतलों और धातु के बर्तनों में पानी देने का निर्देश दिया गया।

### इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी को जमानत दी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक अदालत ने सरकारी उपहारों की कथित अवैध बिक्री से जुड़े तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी को गिरफ्तारी के करीब नौ महीने बाद बुधवार को जमानत दे दी। जियो न्यूज' की खबर के अनुसार, इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति मियांगुल हसन औरंगजेब ने 10 लाख रुपये के मुचलके पर 50 वर्षीय बुशरा बीबी को जमानत प्रदान की। दालत के इस फैसले से बुशरा बीबी को राहत मिली है, जिन्हें 31 जनवरी को एक अदालत द्वारा भ्रष्टाचार के एक मामले में दोषी ठहराए जाने और दंपति को 14 वर्ष के कारावास की सजा सुनाए जाने के बाद गिरफ्तार किया गया था।

### त्यौहारों से पहले नकद राशि देगी सरकार

**लाहौर।** पाकिस्तान की पंजाब सरकार गुरु नानक जयंती व दीपावली के मौके पर प्रांत में प्रत्येक सिख और हिंदू परिवार को 10,000 पाकिस्तानी रुपये देगी। कुल 2200 परिवारों को यह राशि दी जाएगी। पाकिस्तान की पंजाब सरकार प्रांत में प्रत्येक सिख व हिंदू परिवार को एक 'त्यौहार कार्ड' जारी करेगी, जिसके तहत गुरु नानक जंयती और दीपावली के मौके पर उन्हें 10,000 पाकिस्तानी रुपये दिये जाएंगे। अधिकारियों ने बताया कि गुरु नानक देव की 555वीं जयंती मनाने के लिए अगले महीने आने वाले विदेशी तीर्थयात्रियों के वास्ते विशेष व्यवस्था की गई है। पंजाब सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री मरियम नवाज ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे 'हमारे हिंदू और सिख भाइयों' को त्यौहार कार्ड जारी करने की प्रक्रिया तुरंत शुरू करें।

### तुर्की ने पीकेके के तीन सदस्यों को हिरासत में लिया

**अंकारा।** तुर्की के राष्ट्रीय खुफिया संगठन ने प्रतिबंधित कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी (पीकेके) के तीन सदस्यों को हिरासत में लिया है। अर्ध-आधिकारिक अनादोलु एजेंसी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया कि समूह के यूरोपीय ढांचे के प्रमुख सदस्य ज़ेनेप तस्कीरन और ज़ुबेदे तस्कीरन को इस्तांबुल में हिरासत में लिया गया, जबकि पीकेके के तीसरे सदस्य हतिन सहबाज को उत्तर-पश्चिमी बालिकेसिर प्रांत में गिरफ्तार किया गया। इसमें अभियान की समय सीमा बिना बताए हुए कहा गया कि तीन लोग, जो भाई-बहन थे, को तुर्की खुफिया और पुलिस द्वारा किए गए संयुक्त अभियान में हिरासत में लिया गया।

# चक्रवात : 14 जिलों के 10 लाख लोगों को पहुंचाया जाएगा सुरक्षित स्थानों पर

## कल 70 किलोमीटर दूर भितरकनिका राष्ट्रीय उद्यान और धामरा बंदरगाह के बीच पहुंचने का अनुमान, आईएमडी ने कहा- राज्य में भारी वर्षा होगी


**भुवनेश्वर, एजेंसी**

चक्रवात दाना ओडिशा तट की ओर बढ़ रहा है, जिससे राज्य की लगभग आधी आबादी प्रभावित होने का खतरा है। सरकार 14 जिलों के लगभग 10 लाख लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के लिए बड़े पैमाने पर योजना को अंजाम देने की तैयारी कर रही है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बुधवार को कहा कि चक्रवात के शुक्रवार तड़के लगभग 70 किलोमीटर दूर भितरकनिका राष्ट्रीय उद्यान और धामरा बंदरगाह के बीच पहुंचने का अनुमान है।

आईएमडी ने कहा कि चक्रवात के दस्तक देने की प्रक्रिया 24 अक्टूबर की रात से शुरू होगी और 25 अक्टूबर की सुबह तक जारी रहेगी। आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने कहा कि चक्रवात के दस्तक देने के दौरान अधिकतम गति लगभग 120 किलोमीटर प्रति घंटा रहने की संभावना है। उन्होंने कहा कि चक्रवात की दस्तक प्रक्रिया धीमी होती है, जिसमें आमतौर पर 5-6 घंटे लगते हैं। उन्होंने कहा, इसलिए, 24 अक्टूबर की रात से 25 अक्टूबर की सुबह के बीच चक्रवात के दस्तक देते समय भारी बारिश, हवा और तूफानी लहरें चरम पर होंगी। आईएमडी के नवीनतम बुलेटिन के अनुसार, चक्रवात 13 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ रहा है और पारादीप (ओडिशा) से लगभग 490 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व, धामरा (ओडिशा) से 520 किमी दक्षिण-दक्षिणपूर्व और सागर द्वीप (पश्चिम बंगाल) से 570 किमी दक्षिण-दक्षिणपूर्व में केंद्रित है। भुवनेश्वर में स्थित क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक उमाशंकर दास ने बताया कि चक्रवात के तट पर पहुंचने के दौरान दो मीटर ऊंची लहरें उठने का अनुमान है तथा चक्रवात 120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तट से टकराएगा। दास ने चेतावनी दी कि केंद्रपाड़ा, भद्रक और बालासोर जिलों के निचले इलाकों में पानी भर जाने की आशंका है। उन्होंने सरकार से इन क्षेत्रों से निवासियों को हटाने तथा सुरक्षित जगहों पर पहुंचाने का अनुरोध किया। चक्रवात की आमद के मद्देनजर राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ), ओडिशा आपदा त्वरित कार्रवाई बल (ओडीआरएएफ) और अग्निशमन सेवाओं की 288 बचाव टीमें तैनात की गई हैं, तथा एनडीआरएफ से अतिरिक्त कर्मियों की मांग की गई है। सरकार ने 14 जिलों को जोखिमग्रस्त घोषित किया है।

### आईएमडी ने किया आगाह

आईएमडी ने आगाह किया है कि चक्रवात के कारण राज्य में भारी वर्षा होगी। 23 अक्टूबर की शाम से अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा, तथा बालासोर, भद्रक, केंद्रपाड़ा, जगतसिंहपुर, पुरी और खोरधा के कुछ स्थानों पर भारी वर्षा (7-11 सेंटीमीटर) होने का अनुमान है। मौसम विभाग ने कहा कि 24 और 25 अक्टूबर को कई स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा होने का अनुमान है।



### पूर्वी रेलवे के सियालदह डिवीजन में 190 लोकल ट्रेन रद

**कोलकाता।** चक्रवाती तूफान दाना के मद्देनजर पूर्वी रेलवे अपने सियालदह मंडल में गुरुवार को रात आठ बजे से शुक्रवार सुबह 10 बजे तक 190 लोकल ट्रेन का परिचालन नहीं करेगा। यह कदम रेल यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एहतियाती उपाय के रूप में उठाया गया। पूर्वी रेलवे के अधिकारी ने बताया कि सियालदह दक्षिण और हसनाबाद खंड में 190 ट्रेन रद्द रहेंगी। मौसम कार्यालय ने कहा कि चक्रवात के शुक्रवार तड़के ओडिशा के भितरकनिका राष्ट्रीय उद्यान और धामरा बंदरगाह के बीच तट से टकराने की आशंका है जिस दौरान 120 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। चक्रवात के आने पर 24 और 25 अक्टूबर को दक्षिण बंगाल के कई जिलों में भारी बारिश होगी। पूर्वी रेलवे के अधिकारी ने कहा, 24 अक्टूबर को रात आठ बजे से सियालदह स्टेशन से कोई भी लोकल ट्रेन नहीं चलाई जाएगी।

# मोदी व शी का गश्त समझौते को समर्थन

## पांच वर्ष बाद भारत-चीन के बीच द्विपक्षीय वार्ता, विशेष प्रतिनिधि स्तर की वार्ता के लिए दिए निर्देश

**कजान, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने करीब पांच वर्षों में अपनी पहली द्विपक्षीय वार्ता में बुधवार को सहमति जताई कि समझदारी एवं परस्पर सम्मान प्रदर्शित कर भारत और चीन के शांतिपूर्ण एवं स्थिर संबंध हो सकते हैं तथा दोनों नेताओं ने पूर्वी लद्दाख विवाद के समाधान के लिए हुए समझौते का समर्थन किया। बैठक में, मोदी ने मतभेदों और विवादों को उपयुक्त रूप से निपटाने तथा इन्हें शांति एवं स्थिरता को प्रभावित नहीं करने देने के महत्व को रेखांकित किया।

विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने प्रेस वार्ता में कहा कि दोनों नेताओं ने उल्लेख किया कि भारत-चीन सीमा विवाद मुद्दे का हल करने और सीमावर्ती इलाकों में शांति व स्थिरता बरकरार रखने के लिए विशेष प्रतिनिधियों को एक अहम भूमिका निभानी होगी। मोदी और शी ने विशेष प्रतिनिधियों को शीघ्र बैठक करने और अपने प्रयास जारी रखने के निर्देश दिए। मिस्री ने कहा, हम विशेष प्रतिनिधियों की अगली बैठक एक उपयुक्त समय पर होने की उम्मीद कर रहे हैं। विदेश सचिव ने कहा कि मोदी और शी ने द्विपक्षीय संबंधों की रणनीतिक एवं दीर्घकालिक दृष्टिकोण से समीक्षा की तथा उनका मानना है कि दोनों देशों के बीच स्थिर संबंध का क्षेत्रीय एवं वैश्विक शांति और समृद्धि पर सकारात्मक असर पड़ेगा। मिस्री ने कहा कि मोदी और शी, दोनों ने इस बात पर जोर दिया कि परिपक्वता और समझदारी के साथ तथा एक-दूसरे का सम्मान कर भारत और चीन के बीच शांतिपूर्ण और स्थिर संबंध हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और सौहार्द की बहाली से संबंधों को सामान्य बनाने की दिशा में आगे बढ़ने की गुंजाइश बनेगी। उन्होंने कहा कि अधिकारी अब आधिकारिक वार्ता तंत्र का उपयोग करके रणनीतिक संवाद बढ़ाने और द्विपक्षीय संबंधों को स्थिर करने पर चर्चा करने के लिए अगले कदम उठाएंगे। भारत-चीन सीमा क्षेत्रों में 2020 में उत्पन्न हुए मुद्दों के पूर्ण समाधान और सैनिकों को पूरी तरह से पीछे हटाने के लिए हाल में हुए समझौते का स्वागत करते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने मतभेदों और विवादों से उपयुक्त रूप से निपटने और इन्हें शांति व स्थिरता भंग करने की अनुमति नहीं देने के महत्व को रेखांकित किया।



कजान में ब्रिक्स सम्मेलन में उपस्थित प्रधानमंत्री मोदी, चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग व रूस के राष्ट्रपति पुतिन व अन्य।

### ब्रिक्स देश वैश्विक स्थिरता के क्षेत्र में सकारात्मक प्रभाव डाल रहे हैं : पुतिन

कजान। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बुधवार को कहा कि ब्रिक्स देश वैश्विक स्थिरता और सुरक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक प्रभाव डाल रहे हैं और क्षेत्रीय समस्याओं का समाधान करने में महत्वपूर्ण योगदान कर रहे हैं। पुतिन ने शिखर की बैठक के दौरान कहा कि बहुध्रुवीय विश्व में मूल रूप से बदलाव आया है। यह ब्रिक्स की अंतरराष्ट्रीय मंच में रणनीति का मूल है, जो अंतरराष्ट्रीय समुदाय के अधिकांश हिस्से की आकांक्षाओं को पूरा करता है।

### शी ने ब्रिक्स का सदस्य बनने के इच्छुक देशों के अनुरोध पर शीघ्रता से विचार करने की अपील की

**कजान।** चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने बुधवार को कहा कि यहां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में, कई राष्ट्रों को साझेदार देश बनने के लिए आमंत्रित किया गया और समूह से 'ग्लोबल साउथ' के देशों के अनुरोध पर शीघ्रता से विचार करने की भी अपील की। ब्रिक्स मूल रूप से ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका का समूह था, बाद में पांच और देशों- मिस्र, इथोयोपिया, ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को शामिल कर इसे विस्तारित किया गया। चीन की सरकारी समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' की खबर के अनुसार, शी ने 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि इसने साझेदार देश बनने के लिए कई देशों को आमंत्रित करने का निर्णय किया है।

## उत्तर गाजा में हमला : 18 फिलिस्तीनियों की मौत



गाजा में हवाई हमले में ध्वस्त इमारतें।

**गाजा, एजेंसी**

उत्तरी गाजा पट्टी में इजराइली हमलों में मंगलवार को कम से कम 18 लोग मारे गए। यह जानकारी फिलिस्तीनी सूत्रों ने दी। फिलिस्तीनी चिकित्सकों ने सिन्हुआ से कहा कि उत्तरी गाजा पट्टी में बेत हनौन में एक इजराइली युद्धक विमान ने एक आश्रय स्थल को निशाना बनाया, जिससे तीन फ़िलिस्तीनी मारे गए और दर्जनों घायल हो गए।

चिकित्सा सूत्रों ने कहा कि बेत लाहिया क्षेत्र में दो इजराइली बम विस्फोटों में 15 और लोग मारे गए। स्थानीय सुरक्षा सूत्रों और प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि इजराइली सेना ने बेत लाहिया में कई घरों को नष्ट कर दिया है, जबकि वह जबालिया और बेत लाहिया में सैकड़ों फिलिस्तीनी परिवारों को घेर रही है और तोपखाने और विमानों से बेत लाहिया पर गोलाबारी कर रही है। गाजा पट्टी में रेड क्रिसेंट सोसाइटी के कार्यकारी निदेशक बशर मुराद ने कहा कि घायलों को रक्त की आवश्यकता होती है, जो उपलब्ध नहीं है क्योंकि इजराइली सेना नागरिकों को उनकी खराब स्वास्थ्य स्थिति के अलावा अस्पतालों तक पहुंचने और रक्तदान करने से रोकती है। अस्पताल के निदेशक ने बताया कि ईंधन की कमी और ड्रोन और तोपखाने के माध्यम से इजराइली बलों द्वारा अस्पताल को सीधे निशाना बनाने के कारण आने वाले कुछ घंटों में अस्पताल सामूहिक कब्र बन सकता है।

### हिजबुल्ला के एक और प्रमुख को मार गिराया

बेरूत, 23 अक्टूबर (एपी) इजराइल ने दावा किया है कि उसने इस महीने की शुरुआत में बेरूत में हुए हवाई हमले में हिजबुल्ला के एक नेता हाशिम सैफीद्दीन को मार गिराया था, जो पिछले महीने इजराइली हवाई हमले में मारे गए संगठन के प्रमुख हसन नसरल्ला की जगह ले सकता था।

## अभिनेता दारासिंग को महात्मा गांधी नेतृत्व पुरस्कार से नवाजा

**लंदन।** भारतीय अभिनेता दारासिंग खुराना को 'राष्ट्रमंडल वर्ष के युवा चैंपियन' के रूप में मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाने की दिशा में किए गए कामों के लिए महात्मा गांधी नेतृत्व पुरस्कार से नवाजा गया है। खुराना (32) राष्ट्रमंडल देशों के शासनाध्यक्षों की बैठक (सीएचओजीएम) के लिए समोआ रवाना होने से पहले ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित ऑक्सफोर्ड यूनियन में आयोजित वैश्विक मानसिक स्वास्थ्य शिखर सम्मेलन-24 में मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए थे।उन्होंने कहा मैं कई वर्षों से मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों के बारे में जागरूकता फैलाने की दिशा में काम कर रहा हूं। इस समस्या को विश्व मानचित्र पर रखने और सत्ताधारी एवं प्रभावशाली लोगों के साथ सार्थक चर्चा करने का मौका पाकर बेहद खुश हूं।

## रूस और यूक्रेन की बात सुनने को भारत बेहतर स्थिति में : फिलिप

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत में जर्मनी के राजदूत फिलिप एकरमैन ने कहा है कि उनके देश का हमेशा से यह कहना रहा है कि रूस-यूक्रेन विवाद के मामले में भारत दोनों पक्षों की बात सुनने के लिए बहुत अच्छी स्थिति में है। एकरमैन ने कहा, उन्हें हालांकि नहीं पता कि नई दिल्ली का क्या करने का इरादा है, लेकिन बर्लिन किसी भी तरह की बातचीत का स्वागत करेगा।

जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज की भारत यात्रा से पहले जर्मनी के राजदूत एकरमैन ने यहां अपने आवास पर मीडिया से बातचीत की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चांसलर शोल्ज 25 अक्टूबर को सातवें अंतर-सरकारी परामर्श (आईजीसी) की सह-अध्यक्षता करेंगे। आईजीसी एक संपूर्ण सरकारी ढांचा है, जिसके तहत दोनों पक्षों के मंत्री अपने-अपने जिम्मेदारी वाले क्षेत्रों में चर्चा करते हैं और अपने विचार-विमर्श के परिणामों की रिपोर्ट प्रधानमंत्री और चांसलर को देते हैं। दो साल से अधिक समय से जारी संघर्ष का समाधान निकालने में भारत की संभावित भूमिका के बारे में पूछे गए एक सवाल पर एकरमैन ने कहा, हम सभी जानते हैं कि प्रधानमंत्री (मोदी) कजान में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से वापस आ रहे हैं। वह रूसी राष्ट्रपति सहित कई नेताओं से बातचीत कर रहे हैं।



## पन्नू मामले में जांच के नतीजों पर जवाबदेही चाहता है अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने कहा कि वह अपनी सरजमीं पर सिख अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की कथित नाकाम साजिश की भारत द्वारा की जा रही जांच के नतीजों पर सार्थक जवाबदेही के बिना पूरी तरह संतुष्ट नहीं होगा। भारत सरकार ने अमेरिकी सरजमीं पर किसी अमेरिकी नागरिक की हत्या की ऐसी साजिश में अपनी संलिप्तता से इनकार किया है। अमेरिका के आरोपों के बाद नयी दिल्ली ने मामले की जांच के लिए एक जांच समिति गठित की थी। विदेश विभाग के उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने कहा, हम जांच के परिणामों के आधार पर जवाबदेही की उम्मीद करते हैं और निश्चित रूप से अमेरिका तब तक पूरी तरह से संतुष्ट नहीं होगा जब तक कि उस जांच के परिणामस्वरूप सार्थक जवाबदेही तय न हो जाए।

## भारत से बहुत कुछ सीखा जा सकता है : लिज केडल

**लंदन, एजेंसी**

- ब्रिटेन की कार्मिक एवं पेंशन मंत्री लिज केंडल ने की भारत की तारीफ

ब्रिटेन भारत से विशेष रूप से कृत्रिम मेधा (एआई) और अंतरिक्ष विज्ञान के मामले में बहुत कुछ सीख सकता है। प्रधानमंत्री कीअर स्टार्मर के नेतृत्व वाली सरकार के एक मंत्री ने यह बात कही। सोमवार शाम को यहां लेबर इंडियन डायस्पोरा समूह द्वारा आयोजित दिवाली समारोह को संबोधित करते हुए ब्रिटेन की कार्मिक एवं पेंशन मंत्री लिज केंडल ने जुलाई में होने वाले आम चुनाव के लिए पार्टी के घोषणापत्र का जिक्र किया, जिसमें भारत के साथ घनिष्ठ संबंध बनाने और मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए प्रतिबद्धता जताई गई है।

केंडल ने कहा, यह हमारे घोषणापत्र का एक बहुत ही स्पष्ट हिस्सा था कि हम भारत के साथ एक नया रणनीतिक संबंध बनाना चाहते हैं क्योंकि हम अपने दो महान देशों के बीच महत्वपूर्ण संबंधों को समझते हैं। उन्होंने कहा, दोनों देशों के बीच संबंध बहुत महत्वपूर्ण हैं और यही कारण है कि हमारे प्रधानमंत्री ने कहा है कि हम लोकतंत्र और आकांक्षाओं के हमारे साझा मूल्यों के आधार पर भारत के साथ एक नया रणनीतिक संबंध बनाना चाहते हैं।



## अमेरिका में मैकडोनाल्ड्स का बर्गर खाने से 49 लोग बीमार, एक की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिका में मशहूर खाद्य श्रृंखला मैकडोनाल्ड्स का बर्गर खाने से ई.कोली बैक्टीरिया का संक्रमण फैल गया है जिससे 10 राज्यों में कम से कम 49 लोग बीमार पड़ गए हैं और इनमें से एक व्यक्ति की मौत हो गयी है। संघीय स्वास्थ्य अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि 10 संक्रमित लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अमेरिका के रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र (सीडीसी) ने बताया कि इस संक्रमण से कोलोराडो में एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गयी है और एक बच्चे को गुर्दे की गंभीर समस्या के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोलोराडो, आयोवा, कंसास, मिसौरी, मोंटाना, नेब्रास्का, ओरेगोन, उटाह, व्योमिंग और विस्कॉन्सिन में 27 सितंबर और 11 अक्टूबर के बीच इस संक्रमण के मामले दर्ज किए गए।

## तीन हजार उत्तर कोरियाई सैनिक रूस के लिए यूक्रेन से लड़ेंगे युद्ध

**सियोल, एजेंसी**

- दक्षिण कोरिया के खुफिया प्रमुख ने सांसदों को दी जानकारी

दक्षिण कोरिया के खुफिया प्रमुख ने सांसदों को बताया कि लगभग तीन हजार उत्तर कोरियाई सैनिकों को रूस भेजा गया है जो यूक्रेन के खिलाफ युद्धक्षेत्रों में तैनात होने से पहले ड्रोन और अन्य उपकरणों के संचालन का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। संसदीय समिति की बैठक में राष्ट्रीय खुफिया सेवा (एनआईएस) के निदेशक चो ताए-योंग ने कहा कि 1,500 और उत्तर कोरियाई सैनिकों को रूस भेजा गया है जो वहां पहले से मौजूद अपने देश के 1,500 सैनिकों के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। बैठक में शामिल हुए सांसद पार्क सनवॉन ने यह जानकारी दी। पार्क ने चो के हवाले से कहा कि एनआईएस ने हाल में अनुमान जताया था कि 1500 सैनिक अक्टूबर की शुरुआत में ही रूस पहुंच गए थे। पार्क के अनुसार, चो ने सांसदों को यह भी बताया कि उनकी एजेंसी का आकलन है कि उत्तर कोरिया का लक्ष्य दिसंबर तक अपने 10 हजार सैनिकों को रूस में तैनात करना है।

### उ. कोरिया ने अपने सैनिक रूस भेजे हैं : ऑस्टिन

**सियोल।** अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने कहा है कि इस बात के सबूत हैं कि उत्तर कोरिया ने अपने सैनिक रूस भेजे हैं। यूक्रेन के युद्धक्षेत्रों में तैनात किए जाने से पहले ड्रोन और अन्य उपकरणों के संचालन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## वैश्विक नेता बोले- अमेरिकी चुनाव में नहीं जीत पाएंगे ट्रंप

**कॉनकॉर्ड।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने मंगलवार को कहा कि वैश्विक नेता इस बात को लेकर भयभीत हैं कि यदि पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप चुनाव जीत जाते हैं तो पूरी दुनिया में लोकतांत्रिक शासन का क्या होगा। बाइडन ने पिछले सप्ताह जर्मनी की अपनी यात्रा का विशेष रूप से जिक्र करते हुए कहा मैं जिन भी अंतरराष्ट्रीय बैठकों में भाग लेता हूं वे (नेता) एक के बाद एक मुझे एक तरफ ले जाते हैं और कहते हैं कि जो वह जीत नहीं सकता। मेरा लोकतंत्र दांव पर है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने सवालिया लहजे में कहाअगर अमेरिका जिम्मेदारी न लें तो दुनिया की अगुवाई कौन करेगा? कौन? किसी एक देश का नाम बताइए। बाइडन ने न्यू हैंपशायर में यह बात कही।

## ज्ञान-विज्ञान


### बड़ी घटना का शिकार होने से बच गई पृथ्वी , कई लोगों ने देखी यह खगोलीय घटना

# कनाडा के आसमान में जलकर खाक हो गया क्षुद्रग्रह

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचार :** एक रात पहले कनाडा के समीप एरी झील के ऊपर एक बड़ा आग का गोला धधक उठा। क्षेत्रीय लोगों ने आग के गोले को देखा है। गनीमत रही कि यह क्षुद्रग्रह आसमान में ही जलकर खाक हो गया। यदि जमीन तक पहुच जाता तो बड़ी अप्रिय घटना हो जाती।

अमेरिकन मेटियोर सोसायटी ने जलते आग के गोले की तस्वीर कैमरे में कैद कर जारी की हैं। यह खगोलीय घटना 21 अक्टूबर की रात में हुई। अमेरिका और कनाडा के कुछ हिस्सों में इस घटना को देखा गया। उत्तरी कैरोलिना से पश्चिम में केंटुकी, उत्तर में मिशिगन और पूर्व में न्यूयॉर्क तक इस घटना को देखा गया है। यह आग का गोला एक बड़े आकार का उल्कापिंड था, जो करीब 80 किमी की ऊंचाई पर दिखाई दिया। माना जा रहा है कि टॉरिड उल्कावृष्टि इन दिनो सक्रिय है। मगर यह उल्कापिंड इसके विपरीत दिशा से आया है, जो टॉरिड्स के विपरीत दिशा से आया है। इस पिंड का पृथ्वी के वातावरण में टकराने से कुछ देर पहले ही पता चल पाया था। आग के इन गोलों को फायरबाल भी कहा जाता है। इस तरह की घटना होते रहती हैं, लेकिन हाल के वर्षों में इसे बड़ी घटनाओं से जोड़ा गया है। अमेरिकन मेटियोर सोसाइटी ने आग के गोले की कई तस्वीरें और वीडियो प्राप्त हुई हैं। इस घटना को लेकर वैज्ञानिक विस्तृत जानकारी जुटाने का प्रयास कर रहे हैं।



### यही हैं धरती के बड़े खतरे

धरती के लिए सबसे बड़े खतरे अंतरिक्ष चट्टानें हैं, जो कई बार पृथ्वी को क्षति पहुचा चुके हैं। डायनासोरों का खात्मा भी इन्हींके जरिये हुआ। पृथ्वी पर मौजूद लुनार झील व कई गड्ढे इन्ही की देन हैं। ये खतरनाक हैं जो कि लाखों परमाणु बमों से अधिक शक्तिशाली हो सकते हैं। जिस कारण इन पर निगाह रखनी जरूरी होती है। पृथ्वी के चारों ओर अनगिनत मेटियोर और क्षुद्र ग्रह फैले हुए हैं।